3 | राजधानी
बीते 24 घंटे में लखनऊ में मिले मात्र 19 नए मरीज

6 | अभिमत
गरीब होता भारत अमीर होते निवेशक

11 | विदेश
चीन ने ताइवान की तरफ 28 लड़ाकू विमान भेजे

12 | विविध
कपड़े, रंग और पैटर्न से आगे है फैशन उद्योग

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 234
लखनऊ, बुधवार, 16 जून, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

भारत की सफलता में पुजारा का अहम योगदानः तेंदुलकर

स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

सोमवार से अनलॉक की ओर प्रदेश

लखनऊ में कोरोना संक्रमित 18 वर्ष से कम आयु के रोगियों हेतु निशुल्क दवाई वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- प्रतिबंधों के साथ खुलेंगे रेस्टोरेंट, मॉल और पार्क
- कोरोना कर्फ्यू में ढील रात नौ बजे तक रहेगी

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के बाद योगी सरकार ने कोरोना कर्फ्यू में और छूट देने का फैसला लिया है। अगले हफ्ते 21 जून से नाइट कर्फ्यू रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 7 बजे तक ही रहेगा। अभी यह शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक का है। साथ ही सरकार ने कोविड प्रोटोकॉल में रेस्टोरेंट को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोलने को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा मॉल, पार्क, स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की भी अनुमति दी गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समीक्षा बैठक के बाद टीम-9 के छूट देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। सीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण कमजोर पड़ा है और हर दिन मामले लगातार घट रहे है। ऐसे में सोमवार 21 जून से रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू में और छूट दी जाएगी। प्रदेश में अब रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू रात नौ बजे से अगले दिन सुबह सात बजे तक प्रभावी होगा। इसके साथ ही सरकार ने कुछ और छूट तय कर ली हैं। प्रदेश के हर जिले में कोविड प्रोटोकॉल के साथ रेस्टोरेंट को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन के साथ रेस्टोरेंट तथा मॉल को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। इसके साथ ही सभी पार्क तथा स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की अनुमति भी दी गई है। सरकार ने इस बात की सख्त हिदायत दी है कि इन सभी स्थान पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य होगी। मास्क के साथ प्रवेश अनिवार्य होगा जबकि रेस्टोरेंट में आने वाले सभी लोगों का सैनिटाइजर से हाथ साफ करना भी जरूरी है। दुकान या शोरूम में पहले की तरह मास्क और सैनेटाइजर की अनिवार्यता रहेगी। आने-जाने वालों का रजिस्ट्रर बनाना होगा। इसमें नाम, पता और बाकी डिटेल रहेगी। दुकानों के साथ सब्जी मंडियां भी रात 9 बजे तक खुल सकेंगी लेकिन घनी आबादी की सब्जी मंडियों को प्रशासन खुले स्थान पर खुलवाना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि नई व्यवस्था के संबंध में विस्तृत गाइडलाइंस शीघ्र ही जारी कर दी जाएं।

एक जुलाई से छात्रों के बिना खुलेंगे कक्षा एक से आठ तक के स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना की दूसरी लहर के थमने के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के स्कूलों को खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि अग्रिम आदेशों तक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर रोक प्रभावी रहेगी। केवल शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार उपस्थिति हेतु अनुमति दी गई है। साथ ही मान्यता प्राप्त अन्य विद्यालयों में शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु विद्यालय प्रबंध समिति यथा आवश्यक अधिकृत होगी। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि कक्षा एक से कक्षा 8 तक के संचालित विद्यालयों में पठन-पाठन की गतिविधियां ई पाठशाला के माध्यम से संचालित होंगी एवं विद्यालय कोविड19 संक्रमण के चलते 30 जून तक बंद रहेंगे। सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा 1 से कक्षा 8 के परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाना जरूरी है। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत धनराशि छात्र-छात्राओं के खातों में भेजना तथा प्राप्त खाद्यान्नों का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प की गतिविधियों का संचालन होगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा अन्य महत्वपूर्ण कार्य एवं दायित्वों का संचालन शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

राहुल के ट्वीट पर योगी का पलटवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- कहा, सत्ता के लालच में मानवता को शर्मशार करना बंद करें
- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी कांग्रेस नेता पर साधा निशाना

गाजियाबाद में समुदाय विशेष के एक बुजुर्ग व्यक्ति से मारपीट और जबरन धार्मिक नारे लगवाने के आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा पलटवार किया है। सीएम योगी ने राहुल गांधी को नसीहत हेते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता को अपमानित करना और बदनाम करना छोड़ दें। वह सत्ता के लालच में मानवता को शर्मसार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को नसीहत हेते हुए ट्विटर पर लिखा कि प्रभु श्री राम की पहली सीख है, सत्य बोलना जो आपने कभी जीवन में किया नहीं। शर्म आनी चाहिए कि पुलिस द्वारा सच्चाई बताने के बाद भी आप समाज में जहर फैलाने में लगे हैं। सत्ता के लालच में मानवता को शर्मसार कर रहे हैं। प्रदेश की जनता को अपमानित करना, उन्हें बदनाम करना छोड़ दें। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इस मामले में साम्प्रदायिक पहलू होने से साफ इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि अब्दुल समद की पिटाई करने वालों में हिन्दू और मुसलमान दोनों समुदायों के छह लोग शामिल थे और सभी उसके द्वारा बेचे गए ताबीज को लेकर नाखुश थे। एफआईआर में भी दोनों समुदाय के लोगों के नाम हैं। इसके बावजदू राहुल गांधी सहित विपक्ष के कुछ नेता इस मामूली मारपीट की घटना को साम्प्रदायिक रंग दे रहे हैं।

इससे पहले राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा था, मैं ये मानने को तैयार नहीं हूं कि श्रीराम के सच्चे भक्त ऐसा कर सकते हैं। ऐसी क्रूरता मानवता से कोसों दूर है और समाज व धर्म, दोनों के लिए शर्मनाक है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा, जिसकी पार्टी ने हलफनामे में भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया, जो स्वयं हिंदुओं को आतंकवादी कह चुका है वो आज भगवान राम के नाम को बदनाम करे, इस बात से कोई स्तब्ध नहीं। मगर जनाब

प्राथमिकी (शेष पेज 9)

बसपा से निलंबित विधायक अखिलेश यादव से मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- बसपा में शामिल होने के दिए संकेत
- 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में बसपा के अभी 18 विधायक हैं

बहुजन समाज पार्टी से हाल के महीनों में निलंबित कम से कम पांच विधायकों ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की और सपा में शामिल होने के संकेत दिए। जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर से विधायक सुषमा पटेल ने कहा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ 15-20 मिनट तक चली बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा हुई और मुलाकात अच्छी रही। उनके अगले कदम के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का मन बना लिया है।

वर्तमान में 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में बसपा के 18 विधायक हैं। उनसे जब पूछा गया कि बसपा के निलंबित विधायकों ने अखिलेश यादव से मिलने का फैसला क्यों किया तो पटेल ने कहा, हमें अक्टूबर 2020 में राज्यसभा चुनाव के दौरान निलंबित कर दिया गया था और हमें स्पष्ट रूप से बसपा के झंडे और बैनर का उपयोग नहीं करने और किसी भी कार्यक्रम, पार्टी की बैठक में शामिल नहीं होने के लिए कहा गया था। राज्यसभा चुनाव के समय, बसपा ने कोई व्हिप जारी नहीं किया था, न ही हम क्रॉस वोटिंग में शामिल थे। हमें बिना किसी आधार के निलंबित कर दिया गया था। हमें इसलिए निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि हम अखिलेश यादव से मिलने गए थे।

उन्होंने कहाकि अब, हमें विकल्प तलाशना है। इसलिए हम अखिलेश यादव से मिलने गए थे। अब हमारा बसपा से कोई लेना-देना नहीं है। पटेल के अलावा सपा प्रमुख से मिलने वाले अन्य विधायकों में में असलम राएनी, मुस्तफा सिद्दीकी, हाकिमलाल बिंद और हरगोविंद भार्गव शमिल हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर 2020 में, बसपा के सात विधायकों को पार्टी अध्यक्ष मायावती ने निलंबित कर दिया था। उन पर राज्यसभा चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार रामजी गौतम के नामांकन का विरोध करने का आरोप लगा था। निलंबित किए जाने वाले विधायकों में चौधरी असलम अलीर, हरगोविंद भार्गव, मोहम्मद मुस्तफा सिद्दीकी, हाकिमलाल बिंद, मोहम्मद असलम राएनी, सुषमा पटेल और वंदना सिंह शामिल थीं।

इस बीच समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने इस बात की पुष्टि की कि बसपा के कुछ निलंबित विधायकों ने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस महीने की शुरुआत में बसपा प्रमुख ने पार्टी के विधानसभा में नेता लालजी वर्मा और अकबरपुर के विधायक राम अचल राजभर को पार्टी से निकाल दिया था।

जिलापंचायत अध्यक्ष के लिए तीन जुलाई को होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 26 जून को नामांकन किया जाएगा जबकि मतदान 3 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना प्रारंभ की जाएगी। इस संबंध में अधिसूचना सोमवार को ही जारी की जा चुकी है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव मई में हुए थे, तभी से जिला पंचायत अध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के चुनाव का इंतजार हो रहा था। प्रदेश सरकार ने पहले जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराने का फैसला किया हैए वहीं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के चुनाव जुलाई में कराए जाने की संभावना है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव काफी अहम हैं। ज्यादातर जिलों में सत्ताधारी दल भाजपा व सपा के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। कई जिलों में बसपा भी अध्यक्ष पद की मुख्य दावेदार है। ज्यादातर जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में निर्दलीय सदस्यों की भूमिका अहम होगी इसी को लेकर जोड़-तोड़ की राजनीति तेज हो गई है।

लोक जनशक्ति पार्टी में और बढ़ी रार

- चिराग ने पांच सांसदों को निष्कासित किया, पारस गुट ने उन्हें अध्यक्ष पद से हटाया

भाषा। नई दिल्ली

लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस की अगुवाई वाले दो धड़ों ने मंगलवार को पार्टी पर नियंत्रण के लिए कोशिशें तेज कर दीं, जहां पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पांच असंतुष्ट सांसदों को निष्कासित करने का दावा किया गया, वहीं पारस नीत गुट ने चिराग को पार्टी अध्यक्ष पद से हटा दिया।

अपने चाचा पारस द्वारा पांच सांसदों की मदद से लोकसभा में पार्टी के नेता पद से हटाए जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया में चिराग पासवान ने पार्टी की तुलना एक मां से करते हुए कहा कि इसके साथ विश्वासघात नहीं किया जाना चाहिए। चिराग ने ट्विटर पर एक पत्र भी साझा किया जो उन्होंने 29 मार्च को अपने पिता रामविलास पासवान के सबसे छोटे भाई पारस को लिखा था और जिसमें उन्होंने अपने चाचा से दिवंगत लोजपा संस्थापक के विचारों के अनुसार पार्टी को चलाने की बात कही। चिराग के पिता और लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के महज आठ महीने बाद पार्टी में विभाजन के संकेतों के बीच दोनों धड़े पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं और दोनों ही खुद को पार्टी का कर्ताधर्ता दर्शाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

लोजपा के छह लोकसभा सदस्यों में से पांच के पारस खेमे में जाने के साथ ही चिराग की अगुवाई वाले समूह ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की डिजिटल बैठक आयोजित की जिसमें पार्टी के 76 में से 41 सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी पार्टी की बिहार इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष राजू तिवारी ने दी। तिवारी ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से पांचों सांसदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए लोजपा से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि बैठक आनन-फानन में बुलाई गई। तिवारी ने दावा किया कि कई अन्य सदस्यों ने भी इस फैसले को समर्थन जताया है और चिराग पासवान के नेतृत्व पर भरोसा व्यक्त किया है। दूसरी तरफ पारस नीत गुट ने भी दावा किया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक आपात बैठक में जमुई से सांसद चिराग पासवान को एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के अनुसार पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाने का फैसला हुआ है। हालांकि यह नहीं बताया गया कि बैठक में कितने सदस्यों ने

(शेष पेज 9)

2018 की नीति के अनुसार होंगे तबादले, मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए तबादला नीति जारी कर दी है। इस नीति के अनुसार 15 जुलाई तक तबादले किए जा सकेंगे। तबादले यथासंभव ऑनलाइन मेरिट बेस्ड किए जाएंगे। तबादले की प्रक्रिया वही होगी जो 2018 में जारी तबादला नीति में तय की गई थी। दरअसल कोविड महामारी को देखते हुए सरकार ने 2020-21 में तबादला सत्र को शून्य घोषित कर दिया था। उसके बाद से सरकारी कार्मिक तबादला नीति का इंतजार कर रहे थे। नियुक्ति विभाग ने वर्ष भर गुपचुप तबादले किए। यहां तक कि तबादला आदेश पब्लिक डोमेन में जारी करने बंद कर दिए गए। दूसरी ओर जो पारिवारिक समस्या, बीमारी या अन्य वाजिब कारण से तबादला चाहते थे, उनका तबादला नहीं हो पा रहा था। विभागों के स्तर पर समस्याओं का सामना कर रहे कार्मिकों के तबादलों की अर्जियां बढ़ती जा रही थी। मंगलवार को शासन ने तबादले पर रोक हटाते

(शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	52,773	221	
निफ्टी	15,869	57	
सोना	47,853	303	/10g
चांदी	70,261	134	/kg

क्विक न्यूज

सोने के लिए अनिवार्य रूप से हॉलमार्किंग की व्यवस्था आज से प्रभाव में

नई दिल्ली। केंद्र ने मंगलवार को कहा कि स्वर्ण आभूषणों और कलाकृतियों पर अनिवार्य रूप से हॉलमार्किंग की व्यवस्था 16 जून से प्रभाव आ जाएगी। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और शुरू में 256 जिलों में इसे क्रियान्वित किया जाएगा। हॉलमार्किंग मूल्यवान धातु की शुद्धता का प्रमाणपत्र है और फिलहाल यह व्यवस्था स्वैच्छिक रखी गई थी। उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में उद्योग जगत के साथ बैठक में इस आशय का निर्णय किया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2019 में स्वर्ण आभूषणों और कलाकृतियों पर 15 जनवरी, 2021 से हॉलमार्किंग अनिवार्य किए जाने की घोषणा की थी।

प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में दो दिनों के अंदर बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ में फिलहाल मौसम ऐसा ही बना रहेगा, कभी धूप निकलेगी तो कभी बादल छाए रहेंगे। हालांकि प्रदेश के कई इलाकों में मंगलवार को भी बादल जमकर बरसे जिसमें हरदोई के साथ ही बाराबंकी में 7.6, बलिया में 6.2, बहराइच में 104.3, प्रयागराज में 29.4, सुल्तानपुर में 50.8, अयोध्या में 48.6, लखनऊ में 9, गोरखपुर में 73.1 और बनारस में 27.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस बारिश से किसानों को लाभ होगा। अगले 48 घंटे के अंदर 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई जा रही है। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

दो मछुआरों की हत्या के आरोपी इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ आपराधिक मामला बंद

भाषा। नई दिल्ली

- परिजनों के बीच दस करोड़ के मुआवजे के आवंटन पर निगरानी रखेगा केरल हाईकोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने केरल के दो मछुआरों को केरल तट के निकट फरवरी 2012 में मार डालने के मामले में आरोपी दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ भारत में चल रहे आपराधिक मामले को बंद करने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायालय ने केरल उच्च न्यायालय से पीड़ितों के वारिसों के बीच दस करोड़ रुपए के मुआवजे के आवंटन पर निगरानी रखने को कहा है।

न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अवकाशकालीन पीठ ने इस मामले में दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और कार्यवाही रद्द कर दी है। पीठ ने कहा कि भारत द्वारा स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता समझौता (इंटरनेशनल आर्बिटल अवॉर्ड) के अनुरूप, केरल के दो मछुआरों की हत्या के मामले में नौसैनिकों मासिमिलानो लातोरे और सल्वातोरे गिरोने के खिलाफ आगे की जांच इटली गणराज्य में की जाएगी। न्यायालय ने कहा कि इटली गणराज्य की ओर से दस करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति दी गई है जो उचित और पर्याप्त है।

न्यायालय ने कहा कि इस राशि में से, केरल के दोनों मछुआरों के वारिसों के नाम पर चार-चार करोड़ रुपए जमा कराए जाएं तथा बाकी के दो करोड़ रुपए नौका मालिक को दिए जाएं। न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में जमा कराई गई दस करोड़ रूपए की राशि केरल उच्च न्यायालय स्थानांतरित की जाए जो दोनों मछुआरों

(शेष पेज 9)

ट्विटर ने भारत के लिए अंतरिम मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ट्विटर ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत के लिए अंतरिम मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त कर लिया है और जल्द ही अधिकारी का ब्यौरा सीधे सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा। सरकार ने ट्विटर को कुछ दिन पूर्व दिए एक नोटिस में कहा था कि उसे सूचना प्रौद्योगिकी कानून संबंधी नए नियमों के अनुपालन का आखिरी मौका दिया जाता है। उसे तत्काल नियमों का अनुपालन करना है। यदि वह इसमें विफल रहती है, तो उसे आईटी कानून के तहत मध्यस्थ मंच के नाते दायित्व से जो छूट मिली है, वह वापस ले ली जाएगी। इसके साथ ही उसे आईटी कानून और अन्य दंडात्मक प्रावधानों के तहत कार्वाई के लिए तैयार रहना होगा। नए दिशानिर्देश 26 मई से प्रभाव में आए हैं। इसके बाद ट्विटर ने पिछले

(शेष पेज 9)

हरे कटहल का आटा टाइप-2 मधुमेह नियंत्रण में सहायक

भाषा। कोच्चि

दैनिक आहार में हरे कटहल का आटा इस्तेमाल किए जाने से टाइप 2 मधुमेह के रोगियों में प्लाज्मा शर्करा के स्तर को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। यह बात एक नए अध्ययन में कही गई है और इससे संबंधित रिपोर्ट पत्रिका नेचर में प्रकाशित हुई है। अध्ययन ए गोपाल राव, के. सुनील नाइक, ए जी उन्नीकृष्णन और जेम्स जोसेफ द्वारा किया गया जिन्होंने हरे कटहल के आटे जैकफ्रूट 365 के प्रभाव का मूल्यांकन किया। यह पेटेंट प्राप्त एक उत्पाद है जो भारत के हरे कटहल से बना है। इसमें 40 लोगों को शामिल किया गया और हरे कटहल के आटे का इस्तेमाल करनेवाले समूह में एचबीए1सी के स्तर में काफी कमी देखी गई। अध्ययन में खाली पेट और

अध्ययन

भोजन के बाद, दोनों समय के शर्करा स्तर का मूल्यांकन किया गया और पता चला कि आहार में कटहल के आटे का इस्तेमाल किए जाने के सात दिन के भीतर औसत रक्त शर्करा स्तर में कमी आ गई। यह अध्ययन मई 2019 से फरवरी 2020 के बीच किया गया जिसमें 18 से 60 साल की उम्र तक के लोगों को शामिल किया गया। उन्नीकृष्णन ने कहा कि इस अध्ययन से मधुमेह के इलाज में चिकित्सीय आहार पद्धति के लिए हरे कटहल के लाभों का पता चलता है तथा ये परिणाम पारंपरिक भारतीय आहार पर आगे और अनुसंधान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वहीं, अध्ययन के सह लेखक एवं स्टार्टअप जैकफ्रूट 365 के मालिक जोसेफ ने कहा कि नवंबर 2014 में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से हुई एक मुलाकात से हरे कटहल के पेटेंट प्राप्त आटे के विकास की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी में स्टार्टअप भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरी दो मिनट की बातचीत के बाद उत्पाद भारत में लोकप्रिय हो गया।

गांव-गांव बच्चों को मुफ्त मिलेगी दवाई की किट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निशुल्क दवाई वितरण के वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना की जंग में हर जीवन अनमोल अभियान की मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरीझण्डी दिखाकर शुरूआत की। कोविड 19 लक्षणों से युक्त 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिये यह दवाई किट उनके घर पहुंचेगी। उन्होंने मेडिकल किट से भरे वाहनों को झंडी दिखाकर 75 जिलों की ओर रवाना किया। इन वाहनों में बच्चों को तीसरी लहर से बचाने के लिए अभी 17 लाख दवाओं की किट जिलों को भेजी गई हैं। शेष 33 लाख मेडिकल किट शीघ्र जिलों को भेजी जाएगी। सरकार की तरफसे इस माह कुल 50 लाख किट वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

निगरानी समितियों के सदस्यों के माध्यम से दवाई किट का वितरण गांव गांव में घर-घर तक किया जाना है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, राज्यमंत्री अतुल गर्ग समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रत्येक दिन अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। इस कड़ी में मंगलवार से 18 साल से कम उम्र के उन बच्चों के लिये जिनमें कोविड 19 के लक्षण पाए जा रहे हैं निशुल्क दवाईयां पहुंचाने की जिम्मेदारी निगरानी समितियों को सौंपी गई है। प्रदेश में 60 हजार से अधिक निगरानी समितियों के चार लाख से अधिक सदस्यों को इन दवाईयों के गांव गांव वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना वायरस से जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मार्च से मई तक देश ने कोरोना के प्रकोप को झेला है। हमें देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में कोविड की दूसरी लहर को भी रोकने में सफलता मिली है। अब हम तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। लखनऊ में आज केवल 19 केस आये हैं। 45 जिलों में सिंगल डिजिट में पॉजिटिव केस हैं। अगले दो से तीन दिन के अंदर कोरोना से कई जिले मुक्त हो जाएंगे, लेकिन हम सेकेंड स्ट्रेन को लेकर अभी भी काफी सजग हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि टीम वर्क से हर लड़ाई जीती जा सकती है। इसी कारण हमको भी बेहतरीन प्रबंधन से कामयाबी मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से ही हम अच्छा प्रदर्शन कर पाए। इसी कारण यूपी का मॉडल देश दुनिया के सामने है। योगी सरकार ने मानसून को देखते हुए भी मौसमी व मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने की पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। सरकार किसी भी कीमत पर जीवन और जीविका को उत्तर प्रदेश में प्रभावित नहीं होने देना चाहती है। इस कार्यक्रम से 50 लाख से अधिक बच्चों को नि:शुल्क दवाई किटें वितरित की जाएंगी। प्रथम चरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 17 लाख किटें 18 मण्डलों के 75 जनपदों के लिए अपने सरकारी आवास लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। शेष 33 लाख किटें इसी माह में समस्त जनपदों के वेयर हाउसों में आपूर्ति की जाएंगी। वेयरहाउसों से अग्रेत्तर जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं निगरानी समिति के माध्यम से लक्षण युक्त बच्चों में वितरित की जाएगी। यही नहीं, संभावित तृतीय लहर के दृष्टिगत कोविड.19 के लक्षण युक्त वयस्कों हेतु पुन: 100 किट प्रति निगरानी समिति हेतु कुल 71 लाख किटें तैयार कर जनपदों में भेजी जा रही हैं।

दिसंबर तक 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को वैक्सीन का लक्ष्यः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिसम्बर माह के अंत तक 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन दिये जाने का प्लान तैयार करें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये अगस्त के अन्त तक 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन की डोज देनी होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर पूरी प्लानिंग के साथ कोल्ड चेन, वैक्सीनेटर्स, वैक्सीनेशन सेण्टर की व्यवस्था की जाए। इसी के अनुरूप वैक्सीन की डिमाण्ड की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य बेहतर और प्रभावी ढंग से चल रहा है। राज्य में कोरोना वैक्सीनेशन के कार्य की गुणवत्ता को इसी प्रकार बनाए रखा जाए। कोरोना वैक्सीनेशन कोविड संक्रमण के विरुद्ध सुरक्षा कवच है। इसलिए कोरोना वैक्सीनेशन की कार्यवाही व्यवस्थित, सुचारु एवं निर्बाध ढंग से संचालित रहे। योगी ने कहा है कि प्रदेश में कोराना संक्रमण नियंत्रण में है और धीरे धीरे हालात सामान्य हो रहे है लेकिन हमें यह समझना होगा कि वायरस कमजोर हुआ है, खत्म नहीं हुआ। जरा सी लापरवाही संक्रमण को फिर बढ़ा सकती है। सभी लोग मास्क, सैनिटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड बचाव के व्यवहार को जीवनशैली में शामिल करें। बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। भीड़ से बचें। उन्होने ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति के अनुरूप कोविड.19 से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस द्वारा व्यापक पेट्रोलिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी भीड़ एकत्र न होने पाए। लोगों द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग तथा दो गज की दूरी का पालन किया जाए।

उपकेन्द्रों का कराएं टेक्निकल ऑडिट, ट्रिपिंग रोकें: श्रीकांत

● ऊर्जा मंत्री ने शक्तिभवन से की सभी विद्युत वितरण कंपनियों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने मंगलवार को शक्तिभवन से सभी विद्युत वितरण कंपनियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कई जनपदों में अभी भी आपूर्ति में व्यवधान की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि चेयरमैन यूपीपीसीएल यह सुनिश्चित करें कि सभी उपकेन्द्रों की टेक्निकल ऑडिट कराएं। जहां कमी है उसे दूर करा कर ट्रिपिंग को हर हाल में रोका जाए। उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे निर्बाध और गुणवत्ता वाली बिजली मिलती रहे। उपकेन्द्र की बेहतर निगरानी न होने से बिजली की उपलब्धता होने के बाद भी कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति में बाधा हो रही है। उन्होंने सभी डिस्कॉम एमडी को निर्देशित किया कि उपकेन्द्र और फीडरवार निगरानी सुनिश्चित करें। जहां भी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करनी है उसे तत्काल करवाएं, सभी उपकेन्द्रों और उनसे जुड़े फीडरों का भी ऑडिट हो जाए। लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। एमडी खुद भी इसकी निगरानी करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि उपभोक्ता की आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का तय समय पर सुनवाई और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

स्मार्ट सिटी योजना में काम कम होने पर नगर आयुक्तों से मांगें स्पष्टीकरण

● प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में मुख्य सचिव ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना, अमृत योजना, नमामि गंगे एवं मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जिन शहरों की प्रगति लक्ष्य से कम है, सम्बन्धित नगर आयुक्तों का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। परियोजनाओं के निर्माण में विलम्ब होने पर जन सामान्य को उसका लाभ मिलने में देरी होती है अत: आगामी महीनों में कार्यों में गति लाकर बैकलॉग पूरा करने के साथ ही निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर विकास विभाग के अधिकारियों को सतत् एवं सघन समीक्षा करने के निर्देश दिये। मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि कानपुर मेट्रो का निर्माण कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है। गीता नगर मेट्रो स्टेशन के लिए रेलवे की 174 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता है जिसकी डिमाण्ड भेज दी गयी है तथा उक्त का फॉलोअप किया जा रहा है। आगरा मेट्रो का निर्माण भी प्रगति पर है। वहीं मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में काशी विश्वनाथ मन्दिर के विस्तारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण परियोजना तथा वाराणसी, अयोध्या एवं मथुरा में सांस्कृतिक पर्यटन सुविधाओं आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यटन विकास की सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सारणी के अनुसार पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजनाओं का नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति एवं गुणवत्ता को परखा जाए।

अगस्त से शुरू होगा आयुष विवि का कार्य

लखनऊ। गोरखपुर में प्रस्तावित महायोगी गुरु गोरक्षनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण अगस्त से शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विश्वविद्यालय के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता हो गई है, ऐसे में अगले एक पखवारे में विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर अगस्त से निर्माण शुरू कर दिया जाए। इससे पहले जुलाई में विश्वविद्यालय की आधारशिला रखे जाने की भी तैयारी है। सीएम योगी ने मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर आयुष विश्वविद्यालय स्थापना के सम्बंध में हो रहीं तैयारियों की समीक्षा की। आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पहले चरण में, प्रशासनिक भवन तथा आयुर्वेद, योग और नेचुरोपैथी से जुड़े निर्माण कार्य होंगे। टेंडर आदि जारी करने की प्रक्रिया अगले माह तक पूरी हो जाएगी,जबकि सितंबर 2022 तक 90 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। सीएम ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे-वे पर खुलेंगे आठ पेट्रोल पंप

● गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए अब तक 4600 हेक्टेअर से अधिक भूमि अधिग्रहीत

यूपीडा की 66वीं बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में 66 वीं बोर्ड बैठक यूपीडा कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निदेशक मण्डल के सदस्य तथा यूपीडा के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में कई अहम बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

इस बोर्ड बैठक में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना पर आठ फ्यूल स्टेशन्स स्थापित किए जाने के लिए सरकारी एवं निजी ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों से कम्पनी ओन्ड कम्पनी आपरेटेड पद्धति पर फ्यूल स्टेशन्स स्थापित करने के लिए बैठक में निदेशक मण्डल से आयल मार्केटिंग कम्पनियों के चयन की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। इसके साथ ही बैठक में मेरठ से प्रयागराज तक प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के सिविल निर्माण कार्य के लिए वित्तीय व्यवस्था के लिए एसबीआई कैपिटल मार्केटस, लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट फाइनेंशियल एडवाइजरी रिपोर्ट के प्रस्ताव को निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में भूमि क्रय, अधिग्रहण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक कुल 7800 हेक्टेअर भूमि के सापेक्ष 4600 हेक्टेअर से अधिक की भूमि का क्रय, अधिग्रहण किया जा चुका है। इस बोर्ड बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना में सरेखण के अन्तर्गत भूमि उपलब्ध कराने के लिए भू-स्वामियों से आपसी सहमति एवं अधिग्रहण के माध्यम से कार्यवाही कराई गई है। इसी क्रम में परियोजना के पैकेज-2 के अन्तर्गत आजमगढ़ में आरओडब्लू के अतिरिक्त इन्टर सेक्शन के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने के लिए बोर्ड से स्वीकृति हेतु निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। गौरतलब है कि यूपीडा द्वारा निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना का कार्य अपने अन्तिम दौर में चल रहा है। इसी के अर्न्तगत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज-5 के अन्तर्गत अम्बेडकर नगर व आजमगढ़ में आरओडब्लू के अतिरिक्त रैम्प-इन्टरचेंज के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने के लिए बोर्ड से स्वीकृति प्रदान कर अनुमोदन दिया गया है।

घटना की अविलंब जांच कराकर दोषियों पर हो कार्रवाई: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रतापगढ़ में टीवी पत्रकार की मौत मामले में सियासत गर्म है। तमाम राजनीतिक दल इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग रहे हैं। वही इसी क्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी ट्वीट कर जांच की मांग की है। मायावती ने ट्वीट कर कहा है कि यूपी में शराब माफियाओं आदि का आतंक किसी से छिपा नहीं है। बसपा की मांग है कि घटना अविलंब जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त सजा सुनिश्चित की जाए। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी में शराब माफियाओं आदि का आतंक किसी से भी छिपा हुआ नहीं है, जिनके काले कारनामों को उजागर करने पर ताजा घटना में प्रतापगढ़ जिले के टीवी पत्रकार की नृशंस हत्या अति.दु:खद।

प्रदेश में साढ़े तीन लाख से ज्यादा उद्योगों को मिली एनओसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वैश्विक महामारी कोरोना की कठिन चुनौतियों के बावजूद प्रदेश निवेश के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रहा है। प्रदेश में पहली बार हुआ है कि उद्योगों को सवा तीन साल में अब तक 3,52,098 एनओसी दी गई है। इसमें विदेशी कंपनियों से लेकर घरेलू कंपनियां भी शामिल हैं। सरकार के निवेश फ्रेंडली सिस्टम के कारण 1,50,376 उद्यमियों ने संतुष्टि भी जाहिर की है।

निवेश मित्र पोर्टल पर श्रम विभाग में सबसे अधिक औसतन आवेदन के बाद एक दिन में 1,04,767 एनओसी दी गई है। ज्यादातर आवेदन में 21, 30 और 60 दिन में एनओसी की समय सीमा निर्धारित थी, लेकिन ज्यादातर आवेदन में एनओसी एक, दो और पांच दिन में दी गई। ऐसे ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 36,668 एनओसी औसतन 10 दिन में दी है। इसमें ज्यादातर आवेदन के लिए समय सीमा 10, 90 और 120 दिन निर्धारित थी। फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने औसतन छह दिन में 20,400 एनओसी दी है, जबकि सरकार की ओर से समय सीमा सात, 15 और 30 दिन निर्धारित थी। इस बारे में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने ट्वीट भी किया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निवेश मित्र पोर्टल के तहत जारी प्रमाण पत्र-एनओसी-स्वीकृति-सहमति की संख्या 3.5 लाख को पार कर गई है। सीएम योगी की तरफ से प्रदेश में पहली बार उद्योगों को आनलाइन एनओसी देने के लिए फरवरी 2018 में शुरूआत की गई थी और निवेश मित्र पोर्टल लांच किया गया था। इस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रकार की एनओसी पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय में दी जाती है।

प्रियंका ने पत्रकार की मौत की जांच को सीएम को लिखा पत्र

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने प्रतापगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में प्रियंका गांधी ने पत्रकार के परिवार को न्याय, आर्थिक मदद और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है, साथ ही उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ से लेकर प्रतापगढ़ तक जहरीली शराब से सैकड़ों जानें गई हैं। ऐसे में एक पत्रकार द्वारा जब शराब माफियाओं के खिलाफ खबर चलायी जाती है तो उसे जान के खतरे की आशंका होती है।वहीं प्रियंका गांधी के निर्देश पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रतापगढ़ पहुंचकर मृतक पत्रकार के परिजनों से मुलाकात कर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले कर रहे निष्ठा की बात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा है कि जिनकी राजनीति, काम-काज और कार्यशैली ही भ्रष्टाचार की रही है, जिन्होंने अपनी सरकारों में खुले तौर पर स्वयं को रामद्रोही साबित किया है वे भगवान राम व उनके नाम पर हो रहे काम पर ट्रस्ट कैसे कर सकते है? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज वह लोग आस्था व निष्ठा की बात कर रहे हैं जिन्होंने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई। जो तुष्टिकरण व वोटबैंक के डर से रामनगरी अयोध्या जाना तो दूर उसका नाम अपनी जुबान पर लाने से डरते थे। ऐसे लोग विश्व भर के करोड़ों रामभक्तों के आस्था के प्रतीक श्रीराम मंदिर के निर्माण में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास न करें ऐसा कैसे संभव है? हास्यास्पद यह भी है कि कांग्रेस के युवराज के आज बोल फूट रहे हैं जबकि केंद्र में जब उनकी सरकार थी तो उनके मंत्री सुप्रीम कोर्ट में हलफ नामा दे रहे थे कि मंदिर न बने, वे भगवान राम के अस्तित्व के सबूत मांगते थे लेकिन अखिलेश हों या राहुल उनको नहीं भूलना चाहिए कि केंद्र और प्रदेश दोनों ही जगह अब रामभक्तों की सरकार है और भगवान राम के काज में कोई बाधा नहीं आएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा मुखिया किस मुंह से परफार्मेंस की बात कर रहे हैं जबकि दो सालों में संसद में उनके मुंह से एक सवाल तक नहीं फूटे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में भूमि खरीद मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश के मतदाताओं को पंचायत चुनावों में समाजवादी पार्टी को बहुमत से जिताने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कोरोना संकट और प्रशासनिक दबाव के बावजूद बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाकर लोगों ने लोकतंत्र को बचाने का भी काम किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में भूमि खरीद के मामलों में भारी घोटाला होने की खबर है। करोड़ों की हेराफेरी का प्रभावित मामला बताया जा रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ट्रस्ट के सभी सदस्यों को इस्तीफा देना चाहिए। अयोध्या के धर्मपुर गांव में किसानों की भूमि एयरपोर्ट के लिए अधिगृहीत की जा रही है। किसानों को समुचित रेट पर मुआवजा मिलना चाहिए। चार साल में जनता को भाजपा से धोखा ही मिला है।

SITAPUR SHIKSHA SANSTHAN
RESORA-SITAPUR
Requires
B.Ed.:- Principal(1) | Asstt. Prof:- Phill.(1) | Psyh.(2) | Sanskrit (1) Ed. (2) | Eng. (2) | Sc.(4) | Math (4) | Fine Art(2) | Performing Art (2)
M.Ed.:- Proff.(2) | Asso. Prof. (2) | Asstt. Prof. (4)
B.P.Ed :- ASSO. Prof. (2) | Asstt. Prof.(3)
Qualification, Experience & pay scale as per NCTE/UGC/Lucknow University/State Govt. norms. Candidates may apply by 25.06.2021 with self attested certificates with 4 photographs, Sitapur Shiksha Sansthan, B.Ed. Department, Vill and post-Resora, Distt-Sitapur. , 261001 Email :- sitapurshikshasanstha78@gmail.com.
Secretary:- 9838075050, 9454656109

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरी B.Tech 4th year की मार्कशीट व डिग्री जिसका अनुक्रमांक –1014120028 इन्रोलमेंट नं0–101412013402 वास्तव में खो गयी है। प्रीती त्रिपाठी पुत्री हरी शंकर त्रिपाठी म0नं0 पी–17 महावीरपुरम, सूगामऊ, इन्दिरानगर, लखनऊ

सूचना

मैं रामावती पत्नी श्री शिवविलास त्रिवेदी नि० ग्राम करहिया, घाटमपुर कानपुर अपने पति एवं हमारी सभी विवाहित पुत्रियों एवं उनके परिवार सहित अपने पुत्र प्रकाश त्रिवेदी एवं पुत्रवधू लक्ष्मी त्रिवेदी के गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं उनके द्वारा किए गए कार्यों की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।

गेहूं खरीद में योगी सरकार ने रचा नया इतिहास

● आजादी के बाद पहली बार 53.80 लाख मीट्रिक टन की हुई खरीद

● सीएम ने 22 जून तक गेहूं खरीद का समय बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गेहूं खरीद में योगी सरकार ने अपना ही रिकार्ड तोड़ते हुये नया इतिहास रच दिया है। क्रय केन्द्रों से मंगलवार को 12 लाख से अधिक किसानों से 53.80 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। बताते चलें कि अभी तक यूपी के इतिहास में सर्वाधिक 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने किसानों को राहत देते हुए गेहूं खरीद की तिथि बढ़ा कर 22 जून कर दी है। अभी क्रय केंद्रों से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जानी थी। योगी सरकार गेहूं खरीद में नया कीर्तिमान बना दिया है। यूपी के इतिहास में अब तक 2018-19 में किसानों से सर्वाधिक 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंगलवार को 1216821 किसानों से 53.80 लाख मीट्रिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही किसानों को भुगतान करने में भी योगी सरकार पिछले सरकारों से काफी आगे है। यूपी में एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू की गई है। इसके लिए सरकार ने प्रदेश में 5612 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां पर 15 जून तक गेहूं क्रय किया जाना था। मुख्यमंत्री ने सोमवार को किसानों का राहत देते हुए विभाग को निर्देश दिए हैं कि क्रय केन्द्रों से पहले की तरह किसानों से 22 जून तक गेहूं की खरीद जारी रखी जाए।

ड्रोन कैमरों की निगरानी में रहेंगी सूबे की पांच हाई सिक्योरिटी जेलें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कारागार महकमे ने प्रदेश की 5 जेलों को उच्च सुरक्षा कारागार घोषित करते हुए उन्हें नवीनतम तकनीकी उपकरणों से लैस किया है। इसी के अनुक्रम में इन कारागारों को एक एक ड्रोन कैमरे भी दिए गए हैं। जिससे कि कारागारों की प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जा सके। बंदी उपद्रव, मारपीट लड़ाई झगड़ा, पलायन, भूख हड़ताल, आत्महत्या, हिंसा या अनियमितता के प्रयासों की समय रहते जानकारी मिले और उन पर नियंत्रण भी किया जा सके।

जिन जिलों में ड्रोन कैमरे एक्टिव किए गए हैं उनमें जिला कारागार लखनऊ, जिला कारागार आजमगढ़, जिला कारागार चित्रकूट, जिला कारागार बरेली और जिला कारागार गौतम बुद्धनगर हैं। डीजी जेल आनन्द कुमार ने कारागार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ड्रोन कैमरे की उड़ान हर दिन कराई जाए तथा कारागारों की संवेदनशीलता आदि का परीक्षण निरंतर किया जाए। इन कैमरों से सुरक्षा की दृष्टि से प्राप्त संवेदनशील फुटेज के आधार पर तत्काल करवाई सुनिश्चित करते हुए परीक्षण के लिए मुख्यालय को भी उपलब्ध कराएं। कैमरे को संचालित करने, इसे कंट्रोल करने और इसकी फीड को लाइव देखने के लिए आवश्यक उपकरण लैपटॉप की व्यवस्था की गई है।ड्रोन कैमरा पूरी कार्यकुशलता के साथ सक्रिय रहे, क्रियाशील रहे इसके लिए प्रत्येक कारागार के दो-दो जेल वार्डर को लखनऊ में तीन दिवसीय प्रशिक्षण देने के साथ-साथ संबंधित कारागारों में भी प्रशिक्षित किया गया है। ये जेल वार्डर अन्य जेल वार्डर को प्रशिक्षित करेंगे। डीजी जेल ने बताया कि आज इन सभी 5 जेलों में ड्रोन ने काम करना शुरू कर दिया है।

प्रपत्र सं. 5
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
600/1, यूनिवर्सिटी रोड, हनुमान सेतु मंदिर के निकट, लखनऊ
जवाब दाखिल करने तथा हाजिर होने के लिए प्रकाशन द्वारा सम्मन
ओ.ए. सं. 844/2020 दिनांक : 11–02–2021
कर्नाटक बैंक लिमिटेड
विरूद्ध
मैसर्स क्लैरियन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. एवं अन्य
1. मैसर्स क्लैरियन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि.
द्वारा सरकारी परिसमापक श्री सत्य पाल सिंह
पता : सरकारी परिसमापक का कार्यालय, दिल्ली उच्च न्यायालय
पता : 8वां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली–110003
2. श्री पीयूष रस्तोगी (निदेशक/गारंटर) पुत्र श्री लक्ष्मी चंद रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
3. श्री दीपक रस्तोगी (निदेशक/गारंटर) पुत्र श्री नरेन्द कुमार रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
4. श्री परेश रस्तोगी, पुत्र श्री लक्ष्मी चंद रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
5. श्रीमती नीति रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री महेन्द कुमार गुप्ता, पता : 803, रोहतास कोर्ट अपार्टमेंट, गोखले मार्किट, हजरतगंज, लखनऊ
6. श्रीमती सोनाली रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री रवीन्द कुमार शाह, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
7. श्रीमती सोनिया रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री मधुकर गुप्ता, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
8. मैसर्स रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (गारंटर) द्वारा इसके निदेश श्री पीयूष रस्तोगी
पंजी. कार्यालय पता : 27/18, राजा मोहन राय मार्ग, लखनऊ–226001
उपरोक्त आवेदन में आप से यह सम्मन प्रकाशित होने के बाद अपना जवाब पेपर बुक रूप में, दो सेट्स में, दस्तावेजों तथा शपथपत्रों (यदि कोई है) सहित, उसकी प्रति आवेदक को अथवा उसके कानूनी सलाहकार/विधिवत अधिकृत एजेन्ट को भेजने के बाद, व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेन्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से प्रस्तुत करने और उसके बाद इस न्यायाधिकरण में 27–07–2021 को पूर्वा. 10.30 बजे उपस्थित होने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
रजिस्ट्रार
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, लखनऊ

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

बीते 24 घंटे में लखनऊ में मिले मात्र 19 नए मरीज

● प्रदेश में कोरोना वायरस से 57 और मौतें, 340 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण से 57 और मरीजों की मौत हो गई तथा 340 नए मामले सामने आए। वहीं राजधानी लखनऊ में जहां मात्र 19 नए मामले मिले वहीं दस लोगों की मौत हुई। मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में 57 और मरीजों की मौत के बाद अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित 21,914 लोगों की मौत हो गई है जबकि 340 नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों का आंकड़ा 17,03,207 हो गया है। वायरस संक्रमण से स्वस्थ होने वालों की दर बढ़कर 98.3 फीसदी हो गई है और पिछले 24 घंटे में।,104 संक्रमित स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं जबकि अब तक 16,74,072 मरीज कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। इस समय राज्य में 7,221 संक्रमित पृथक- वास में हैं अथवा सरकारी और निजी अस्पतालों में अपना उपचार करा रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में राज्य में 2.57 लाख से अधिक नमूनों की जांच की गई है जबकि अब तक 5.38 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के एक बुलेटिन में कहा गया है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से होने वाली मौतों में लखनऊ से 10, बरेली से सात, झांसी और अयोध्या से चार-चार, मेरठ, वाराणसी, अमरोहा से तीन-तीन, गोरखपुर, पीलीभीत, गाजीपुर, मिर्जापुर, हाथरस से दो-दो मौतें हुई हैं। वहीं वाराणसी में 26, लखनऊ और मेरठ में 19-19, गाजियाबाद में 18, गौतमबुद्ध नगर में 15 और कानपुर नगर में 14 नए मामले सामने आए हैं।

रेमडेसिविर की कालाबाज़ारी पर लगा एनएसए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रेमडेसिविर की कालाबाज़ारी पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई। नकली रेमडेसीवीर बेचने एवं कालाबाज़ारी करने वाले पर जिलाधिकारी ने एनएसए लगाया। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं की कालाबाज़ारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने जीवन रक्षक दवाओं की कालाबाज़ारी एवं नकली दवाओं के विक्रय पर सख्ती बरतते हुए अभियुक्त राम सागर निवासी कुंजलपुर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा आयु 28 वर्ष के विरुद्ध एनएसए लगाने की कार्रवाई की। अभियुक्त रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल के निकट आवास से थाना नाका में रह कर नकली रेमडेसिविर का विक्रय करता था।

केजीएमयू में ब्लैक फंगस के 15 नए मरीज भर्ती, दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने के बाद ब्लैक फंगस के मरीजों में कमी आने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में 15 नए मरीज भर्ती हुए हैं। जबकि इलाज के दौरान दो मरीजों की मौत हुई है।केजीएमयू में अब तक 395 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं। प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह के मुताबिक 24 घंटे में 15 नए मरीज भर्ती किए गए हैं। दो मरीजों की जान बचाने के लिए ऑपरेशन किए गए। दो मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। इनमें एक 40 वर्षीय महिला लखीमपुर खीरी की हैं। वहीं दूसरे बस्ती निवासी पुरुष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीन मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। लोहिया संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डा. विक्रम सिंह ने बताया कि 24 घंटे में कोई नया मरीज तो भर्ती नहीं हुआ लेकिन करीब नौ मरीज डिस्चार्ज किए गए हैं। इस समय 31 मरीज भर्ती हैं।

केजीएमयू में 634 रोगी देखे गए: आज किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों में 634 रोगियों को देखा गया। इनमे स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में रोगियों की संख्या सर्वाधिक रही। यहाँ 85 रोगियों को चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में 74 रोगियों को देखा गया। इसके अतिरिक्त कई अन्य विभागों में रोगियों को विशेषज्ञों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराया गया। अधिकतर विभागों में रोगियों की संख्या 20 से 30 के बीच रही।

अंतराष्ट्रीय यात्रा करने वालों को कोविशील्ड की दूसरी डोज में मिलेगी प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वैश्विक महामारी के दौर में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशील्ड की दूसरी डोज के लिए भारत सरकार की तरफसे जारी एसओपी के आधार पर ऐसे नागरिकों को वैक्सीनेशन में प्राथमिकता दी जाएगी। दूसरी डोज के 28 दिन पूर्व पहली डोज लग चुकी हो, इसे सुनिश्चित किये जाने का निर्देश मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को आदेश जारी कर दिए हैं।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे लाभार्थी जिन्हें कोविशील्ड की पहली डोज लग चुकी है तथा दूसरी डोज (न्यूनतम 84 दिनों के पश्चात) से पूर्व ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर जाना है, को प्राथमिकता के आधार पर जिला अस्पताल में स्थापित कोविड टीकाकरण सत्र में आच्छादित किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि ऐसे लाभार्थी जिनके प्रथम खुराक प्राप्त करते समय पासपोर्ट आईईडी नंबर का उल्लेख नहीं किया गया है, उन्हें द्वितीय खुराक के समय फोटो आईईडी युक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा लाभार्थी के द्वितीय खुराक के आच्छादन के पश्चात पासपोर्ट नंबर उल्लिखित अन्य कोविड.19 सन सर्टिफिकेट जारी किए जा सकेंगे।

एकेटीयू से जुड़े 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों व प्राविधिक के 1266 संस्थानों में नहीं बढ़ेगा शुल्क

● प्रमुख सचिव ने जारी किए आदेश, लाखों छात्रों को मिलेगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना वायरस चलते उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार ने एकेटीयू से जुड़े 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों और प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध निजी क्षेत्र के 1247 डिप्लोमा स्तरीय व 19 अनुदानित संस्थानों द्वारा सत्र 2021-22 में शुल्क बढ़ाने पर रोक लगा दिया है। इस बावत व्यवसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के सचिव व अध्यक्ष प्रवेश और फीस नियमन समिति आलोक कुमार ने आदेश जारी कर दिया है।

इससे पूर्व बेसिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में शुल्क बढ़ाने पर रोक राज्य सरकार की तरफसे लगाई गई थी। सचिव प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग आलोक कुमार के स्तर से जारी आदेश के अनुसार संस्थान सत्र 2020-21 में निर्धारित शुल्क पर ही प्रवेश देंगे। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों छात्र लाभान्वित होंगे।

बता दें कि उत्तर प्रदेश निजी व्यवसायिक शैक्षणिक संस्था प्रवेश का विनियमन और फीस का नियंत्रण अधिनियम 2006 की धारा 14 के अधीन बी नियमावली 2015 में दी गई व्यवस्था के आधार पर प्राविधिक शिक्षा विभाग के अधीन निजी क्षेत्र के डिग्री व डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में प्रवेश एवं फीस निर्माण समिति द्वारा वर्ष 2017 में वर्ष 2020 तक तथा वर्ष 2018 में सत्र 2020-21 के लिए मानक शुल्क निर्धारित किए गए है।

सहमति के आधार पर निजी संपत्तियां 25 जून तक खरीद ली जाएं

● डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर के लिए ग्राम भटगांव की प्रस्तावित भूमि को क्रय करने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर विकसित किये जाने के लिए जिलाधिकारी ने बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि प्राइवेट भूमि आपसी सहमति के आधार पर 25 जून तक क्रय करने और ग्रामसभा की भूमि के पुनर्ग्रहण की कार्यवाही 19 जून तक पूरी कर ली जाए। डीएम ने उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर को 22 जून तक प्रस्तव तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। यही नहीं 21 जुलाई तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश में डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर विकसित किये जाने के लिए यूपीडा द्वारा ग्राम भटगांव की प्रस्तावित भूमि के क्रय करने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर विकसित किये जाने के लिए यूपीडा द्वारा ग्राम भटगांव की प्रस्तावित भूमि के प्रथम चरण में 67.291 हे. भूमि शामिल है। प्रस्तावित भूमि में 13.513 हे. भूमि ग्रामसभा आदि की और 53.778 हे. प्राइवेट भूमि है। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिया कि प्राईवेट भूमि आपसी सहमति के आधार पर 25 जून तक क्रय करने की कार्यवाही पूरी कर लिया जाए और ग्रामसभा की भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही 19 जून तक पूरी कर ली जाए। उत्तर प्रदेश में डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारिडोर विकसित किये जाने के लिए यूपीडा द्वारा ग्राम भटगांव की प्रस्तावित भूमि के द्वितीय चरण में 81 हे. भूमि शामिल है। प्रस्तावित भूमि में 23 हे. भूमि ग्रामसभाआदि की तथा 58 हे. प्रोइवेट भूमि है। द्वितीय चरण में शामिल प्राईवेट भूमि क्रय करने के लिए जिलाधिकारी ने टाइमलाइन दी गई। उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर को 22 जून तक प्रस्ताव तैयार कर देने का निर्देश दिए। तहसील सरोजनीनगर से प्राप्त प्रस्ताव अनुमोदन के लिए 24 जून तक यूपीडा को भेजने की कार्यवाही की जाए। प्रस्तावित भूमि का विवरण 3 जुलाई 2021 तक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराते हुए आपत्तियों को प्रस्तुत करने का अंतिम दिन 14 जुलाई निर्धारित किया जाए।

सिविल अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण काउंटर में उमड़ी लोगों की भीड़

तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान सेतु मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़

कमिश्नर ने प्रभारियों को रात्रि गश्त के लिए चेताया

● पुलिस कमिश्नर ने विभूतिखंड सर्किल के थानों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चिनहट और विभूतिखंड इलाके में ताबड़तोड़ चोरी की वारदात के कारण पुलिस कमिश्नर ने मंगलवार को चिनहट और विभूतिखंड थाने का निरीक्षण किया। साथ ही रात्रि गश्त के अलावा अपराध को लेकर सख्त नजर आए। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने प्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने की कड़ी चेतावनी दी है।

पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने मंगलवार को चिनहट और विभूतिखंड थानों का निरीक्षण करने पहुंचे तो अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पूर्व सूचना होने के कारण पुलिसकर्मी अलर्ट नजर आए। पुलिस कमिश्नर ने सर्किल के दोनों थानों चिनहट और विभूतिखंड के अर्दली रूम से लेकर कंप्यूटर जीडी हवालात और मेश के अलावा अन्य गतिविधियों की गुणवत्ता परखी। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने लंबित विवेचनाओं के अलावा एनबीडब्ल्यूए शिकायती पत्रों की जांच और माल मामलों के त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा ताबड़तोड़ चोरी की वारदात को लेकर भी कमिश्नर ने जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाने के अलावा प्रभारियों को नए सिरे से दोपहिया और चार पहिया पीआरवी वाहनों का रूट तय करने की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा एसीपी प्रवीण मलिक समेत अन्य अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

मड़ियांव में महिला से रेप, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। मड़ियांव इलाके में युवक ने एक महिला के पति को शराब में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश होने के बाद महिला के साथ रेप किया। विरोध करने पर पिटाई कर धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला के मुताबिक सोमवर रात करीब एक बजे उसके पति का कथित चाचा रचित द्विवेदी उसके घर आया। इस दौरान आरोपी ने उसके पति को शराब में नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गए। पति के बेहोश होने के बाद आरोपी पीड़िता के साथ रेप किया। विरोध करने पर पिटाई करने के साथ ही कपड़े फाड़ दिए। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रेप, मारपीट समेत एससीएसटी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को मंगलवार की शाम बेरी होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

दो साल बीतने के बावजूद अभी तक नहीं खरीदे जा सके टैबलेट

● बेसिक शिक्षा विभाग का हाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की हाजिरी सुनिश्चित कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से वितरित किये जाने वाले टेबलेट दो साल व्यतीत होने के बाद अभी तक वितरित नही हो सका है। जबकि इस रणनीति को विभाग गेम चेंजर बताता रहा है। विभाग का कहना था कि इससे स्कूल से शिक्षकों के गायब होने की प्रवृति पर रोक लगेगी।

टैबलेट देने के पीछे विभागीय अधिकारियों का कहना था कि इससे हाजिरी सुनिश्चित करने के साथ ही स्कूल में होने वाले सभी काम मसलन मिशन प्रेरणा के तहत भेजी जाने वाली रिपोर्ट भेजी जा सकेंगी। साथ ही मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों के आवेदन पत्रों का निस्तारण समय से होगा। दीक्षा एप समेत अन्य एप डाउनलोड कर बच्चों के शिक्षण में इस्तेमाल हो सकेगा। इसके लिए विभाग स्तर पर वर्ष 2019 में 1.59 लाख सरकारी प्राइमरी स्कूलों के लिए टैबलेट खरीदकर शिक्षकों को देने की योजना बनाई गई थी। पर दो साल व्यतीत होने के बाद अभी यह योजना मूर्त रूप नही ले सकी है। जबकि 1,59,043 हेडमास्टरों को टैबलेट देने के साथ ही 880 टैबलेट ब्लॉक रिसोर्स सेंटर 4400 टैबलेट एबीआरसी को देने की योजना है। सूत्रों का कहना है कि इस पर मुख्य सचिव ने नाराजगी जताई है कि दो वर्ष बीत गए और विभाग टेंडर पूरा नहीं कर पा रहा है। मुख्य सचिव की नाराजगी के बाद विभाग इसे जल्द से जल्द पूरा करने की तैयारी में है। अधिकारियों का कहना है कि कोरोना संक्रमण के चलते काम रुक गया था, अब इसे फिर से नए सिरे से देखा जा रहा है।

चार नए डीन की नियुक्ति के विरोध में उतरा लूटा

● दर्ज कराया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ विश्वविद्यालय में चार नए डीन की नियुक्तियों के विरोध में आ गया है। मंगलवार को शिक्षक संघ ने आमसभा की ऑनलाइन बैठक कर विरोध दर्ज कराया है कि विश्वविद्यालय के अधिनियम 1973 के प्रविधानों के विपरीत यह नियुक्तियां की गई हैं। बिना किसी वरिष्ठता और विशिष्टता के डीन की नियुक्ति असंवैधानिक है। इन्हें रद करने के लिए सक्षम अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

संगठन के अध्यक्ष डा विनीत वर्मा और महामंत्री डा राजेंद्र कुमार वर्मा के मुताबिक अधिष्ठाताओं के नाम से अन्य पद सृजित करना विश्वविद्यालय के अधिनियम का उल्लंघन है। कुलपति परिनियमावली के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार प्रशासन चलाने के लिए अलग नाम से पद सृजित कर अधिकारी तो नियुक्त कर सकते हैं, लेकिन अधिष्ठाता (डीन) के नाम से नहीं, क्योंकि अधिष्ठाता बनाने की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 का भाग है। ऐसा करना अधिनियम में वर्णित संकाय अधिष्ठाताओं के अधिकारों और उनकी शक्तियों को कम करना होगा, जिसकी अनुमति अधिनियम नहीं देता है। इसलिए चार नए डीन नियुक्त करने की प्रक्रिया को रोककर अधिनियम, परिनियम की सीमाओं के अंदर अन्य नामों से प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किए जा सकते हैं, जो किसी अन्य अधिकारी की शक्तियों का अतिक्रमण न करें। इसको लेकर संगठन उच्च स्तर पर पत्राचार करेगा। ताकि सही तरह से कार्यों को संपादित किया जाए। आम सभा में लंबे समय से लंबित शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने, विज्ञान संकाय और फाइन आर्ट्स संकाय में रिक्त नियमित डीन को नियुक्त करने की मांग की उठी।

सचिवालय में 87 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन खारिज करने की मांग

विधि संवाददाता। लखनऊ

सचिवालय में 87 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन खारिज करने की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 28 जून को होगी। जस्टिस सीडी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अंकुर सरोहा व एक अन्य की याचिका पर दिया है। सात दिसंबर 2020 को सचिवालय में 87 अलग अलग पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित कराया गया था।

याचिका में इस विज्ञापन को रद्द करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उक्त भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर घपला हुआ है।

दावा किया गया है कि याचिकाकर्ताओं ने उत्तर कुंजी के मुताबिक 190 अंक प्राप्त किए थे। इनके वकील की ओर से कुछ ओएमआर शीट्स पेश करते हुए कहा गया कि तमाम अभ्यर्थी ऐसे थेए जिन्होंने प्रारम्भिक परीक्षा में सौ में सिर्फसात उत्तर दिए थे और मुख्य परीक्षा में दो सौ में से मात्र दस प्रश्नों को हल किया थाए उन्हें भी सफल घोषित कर दिया गया। पीठ का कहना था कि पेश की गई ओएमआर शीट्स कूटरचित है। पीठ ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद याचिका पर विचार की आवश्यकता जताई।

हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत पर आदेश सुरक्षित किया

● रामसनेही घाट तहसील परिसर में मस्जिद वाले स्थान पर अजान व नमाज पढ़ने में दखल नहीं देने की मांग

विधि संवाददाता। लखनऊ

बाराबंकी के तहसील राम सनेही घाट के परिसर में स्थित रही मस्जिद वाले स्थान पर अजान व पांच वक्त नमाज पढ़ने में दखल नहीं देने के लिए मांगी गई अंतरिम राहत पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल इस याचिका में मस्जिद ढ़हाने के मामले में एसडीएम को दंडित करने का आदेश भी राज्य सरकार को देने की मांग की गई है। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने अंतरिम राहत की मांग पर अपना आदेश सुरक्षित करते हुए सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। याचिका में कहा गया है कि उक्त मस्जिद सौ साल पुरानी थी। वर्ष 1968 से ही यह बोर्ड के रिकार्ड में दर्ज थी। बीते 17 मई को रामसनेही घाट के एसडीएम ने मनमाने तरीके से कार्रवाई करते हुए मस्जिद को ध्वस्त करा दिया। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि मस्जिद कमेटी को बकायदा नोटिस जारी किया गया था। लेकिन कमेटी की ओर से जवाब नहीं दिया गया। इसके साथ ही सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा याचिका दाखिल करने के अधिकार पर भी सवाल उठाया गया।

सिंचाई विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता की जमानत अर्जी खारिज

● गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में निरुद्ध सिंचाई महकमे के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता रुप सिंह यादव की जमानत अर्जी सीबीआई की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने अपने आदेश में कहा है कि सीबीआई द्वारा इस मामले से संबंधित अन्य कार्यो में मुल्जिम की भूमिका का साक्ष्य संकलित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा साक्ष्य को प्रभावित करने से इंकार नहीं किया जा सकता। लिहाजा अपराध की प्रकृति व लगाए गए आरोपों में मुल्जिम की भूमिका व अन्य तथ्यों के मद्देनजर जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है। 30 नवंबर 2017 को सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। विवेचना के दौरान मुल्जिम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इस मामले में रुप सिंह यादव के साथ ही सिचाई विभाग के कनिष्ठ सहायक राज कुमार यादव तथा केके स्पन पाइप प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक हिमांशु गुप्ता व कविश गुप्ता तथा ब्रांड ईंगल लोंगिजन जेवी के वरिष्ठ सलाहकार बद्री श्रेष्ठा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल है। सीबीआई की ओर से जमानत अर्जी का जोरदार विरोध करते हुए कहा गया कि मुल्जिम ने आपराधिक षडयंत्र के तहत मेसर्स केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड को लाभ पहुंचाया। जबकि इस कम्पनी के पास वांछित कार्य का अनुभव व टर्न ओवर नहीं था। साथ ही मुल्जिम द्वारा निर्धारित कार्य का 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हेतु सक्षम प्राधिकारी से अप्रूवल भी नहीं लिया गया।

योग दिवस का हो व्यापक प्रचार-प्रसार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 जून को 7वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के दौरान कोविड प्रोटोकाल व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम घर पर रहकर ही, परिवार के साथ योग की संकल्पना के साथ सम्पन्न किए जाएं।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमौली
विकास खण्ड रावर्टसगंज जिला सोनभद्र

अल्पकालीन–निविदा

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां वित्त आयोग स्कूलकायाकल्प हेतु DMF मद/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण अन्त्येंष्टि स्थल का निर्माण पर योजनान्तर्गत/रिबोर कार्य, सोलर, लाइट, इत्यादि व अन्य मदों द्वारा ग्राम पंचायत मद में कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थलों पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 15.06.2021 से दिनांक 21.06.2021 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 22.06.2021 को अपरान्ह/पूर्वान्ह 02:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

सामाग्री का विवरण निम्नवत है।

01. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार 02. इण्टरलाकिंग 200x160x80MM प्रति हजार 03. बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू प्रति हजार 04. ईट गिट्टी 25 MM/40MM प्रतिघन मी. 05. सरिया/एस्बेस्टेस सीट/पैन सीट, दरवाजा, टाइल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग 06. स्टोन ब्लास्ट 22.4MM 53MM 8.22MM 6.0MM प्रति घन मी. 07. Hp3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000MM, प्रति नग 08. स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल प्रति नग 09. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व वाईट सीमेन्ट प्रति नग 10. चौकट 450x450x100MM प्रति नग 11. G.I पाईप बी क्लास साकेट प्रति नग मी0 12. P.V.C पाईप साकेट 110, 140, 150MM प्रति नग 13. पटिया 0.90x0.45MM प्रति नग 14. सुर्खी प्रतिघन मी. 15. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का– प्रति नग 16. चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट, डिस्टेम्पर प्रति किग्रा. 17. साईन बोर्ड. प्रति नग 18. नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर्य ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन, मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन.एम. सेन्टर की बाउन्ड्री बाल एवं मरम्मत 19. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामाग्री 20. सोलर वॉटर पम्प 21. खण्डा 22. स्टोन बोल्डर 23. स्टोन पटिया।

नोट– टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस मे 100/–रू० जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्त–

1. सामाग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी, अन्यथा नहीं। 3. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामाग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/–रू0 का स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना होगा। इसी के साथ–साथ 10000 रू0 की एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा, जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष मे बंधक होगी। तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। 5. सामाग्री की आपूर्ति होने के बाद एफ0डी0 होने के बाद निर्माण समिति के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा बिहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा 6. आपूर्तिकर्ता को सैलटेक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैनकार्ड धारक होना चाहिए। जी.एस.टी. प्रपत्र व पैनकार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा 7. आपूर्ति दर पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नही होना चाहिए। 8. बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अमौली
विकास खण्ड रावर्टसगंज सोनभद्र

वृद्धाश्रम में त्रिस्तरीय व्यवस्था पर विचार करे सरकार

- **अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राज्यपाल ने किया वृद्धा आश्रम का भ्रमण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के मौके पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वृद्धाश्रमों में त्रिस्तरीय व्यवस्था होना चाहिये अर्थात बाल संरक्षण गृह, संवासनी गृह तथा वृद्धा आश्रम एक स्थान पर होने से छोटे बच्चों को मां का प्यार एवं दादा दादी का स्नेह मिलेगा तथा एक परिवार का वातावरण भी मिलेगा, जिससे बच्चे संस्कारवान तथा शिक्षित बनेगें। उन्होंने कहा कि सरकार को इस त्रिस्तरीय व्यवस्था पर विचार करना चाहिये।

मंगलवार को राज्यपाल ने समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रायोजित सार्वजनिक शिक्षा शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम, हीरालाल नगर, सरोजनी नगर का भ्रमण किया। इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन की ओर से वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के उपयोगार्थ 2 वाशिंग मशीन, 80 बेड सीट, 40 गददा, 40 पिलों तथा 2 गैस चूल्हा आदि सप्रेम भेंट किये। राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है। अत: परिवार का मतलब एक दूसरे की सहायता करना तथा एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार बनना है। ऐसे संस्कार हमे अपने बच्चों को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी कारण आज हम यहां अपने राजभवन की 5 बेटियों को लाये है ताकि वे यहां की व्यवस्था तथा रह रहे वृद्धजनों से उनके अनुभव जान सकें। राज्यपाल ने कहा कि आज यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है तथा यहां पर वृद्धजनों के लिये जो व्यवस्था की गयी है, उससे मैं संतुष्ट हूं। यह प्रसन्नता की बात है कि सभी संवासी यहां भाई बहन बनकर एक दूसरे के सुख दुख के भागीदार बन रहे है। इसी क्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने शहीद मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित सेवार्थ वृद्धा आश्रम पारा राजाजीपुरम लखनऊ में रह रहे वृद्धजनों के उपयोग के लिए 5 कूलर, 25 फोल्ड़िग बेड तथा 1 वाशिंग मशीन तथा शहीद मेमोरियल सोसाइटी द्वारा ही संचालित सेवार्थ वृद्धा आश्रम राजाजीपुरम लखनऊ में रह रहे वृद्धजनों के उपयोगार्थ 1 फ्रिज, 25 फोल्ड़िग बेड तथा 5 कूलर राज्यपाल के विशेष सचिव बद्री नारायाण सिंह ने राजभवन की ओर से भेंट किये गये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश समाज कल्याण के निदेशक राकेश कुमार शुक्ला, लखनऊ जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सभी वित्तीय लेन-देन अनिवार्य रूप से कैश बुक में दर्ज करें

- **राज्यपाल ने की लविवि व भातखण्डे विश्वविद्यालय की ऑनलाइन समीक्षा**

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि सभी प्रकार के वित्तीय लेन-देन को कैश बुक में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाये तथा विश्वविद्यालय में कम से कम खातों का संचालन करें। एक ही प्रवृत्ति के खातों को आपस में समायोजित करते हुये खातों की संख्या कम करें, अत्यधिक खाते होने से वित्तीय अनियमितता की सम्भावना काफी अधिक होती है। मंगलवार को राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय तथा भातखण्डे विश्वविद्यालय की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान राज्यपाल ने कहा कि जो भी अग्रिम अपने कर्मचारियों को दिये गये हैं उनका समयबद्ध समायोजन तथा निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड19 के कारण तमाम बच्चे अनाथ हो गये हैं।

विश्वविद्यालय ऐसे बच्चों को गोद लेने का काम करें तथा उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था भी करें ताकि उन बच्चों को भी पारिवारिक माहौल मिल सके। किसी भी विद्यार्थी को अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिये विश्वविद्यालय के चक्कर न लगाना पड़े उनकी डिग्रियां समयबद्ध उनके पते पर तत्काल प्रेषित कर दी जायें। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के बाद समस्त डिग्री भेजी जानी चाहिए। ये कार्य सम्बद्ध महाविद्यालय भी समयबद्ध तरीके से करें।

कोरोना के दृष्टिगत निजी हित में ही स्थानांतरण किए जाएं: हरिकिशोर

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा आज कार्मिकों की स्थानांतरण नीति का शासनादेश जारी कर दिया गया। जो वर्ष 2018 में जारी की गई सामान्य स्थानांतरण नीति के तहत ही लागू रहेगी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने सरकार से अनुरोध है कि उन लोगों के स्थानांतरण किए जाएं जो विगत 2 वर्षों में अपने गृह जनपद से चार सौ–500 किलोमीटर दूर नौकरियां कर रहे हैं परंतु स्थानांतरण सत्र शून्य होने के कारण उनके स्थानांतरण नहीं हो पा रहे थे ताकि बह भी कोरोना महामारी के तहत अपने परिवार के साथ अथवा आस पास रहकर जीवन यापन कर सकें और सेवा दायित्व को भी पूरी तन्मयता से निभा सकें। उन्होंने कहा कि हां यह बात जरूर है कि सामान्य स्थानांतरण इस वर्ष कम से कम किया जाए क्योंकि अभी कोरोना काल में कर्मचारी समाज भी पूरी तरह से भयभीत है।

अनजुड़ी 4827 बसावटों को सम्पर्क मार्गों से जोड़ा जायेगा: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि 250 तक की आबादी की 4827 अनजुड़ी बसावटों के सम्पर्क मार्गों को शीघ्र स्वीकृत कराकर इसी वित्तीय वर्ष के पहल पहले पूरा कराया जाय, इसके लिये 2644 करोड़ का प्राविधान किया गया है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के कई कार्यों की प्रक्रिया लम्बी होने से काफी समय बर्बाद होता है, प्रक्रिया के सरलीकरण के लिये गम्भीर प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि जो सड़कें बनकर तैयार हैं उनकी तथा कार्य प्रारम्भ होने के पूर्व के फोटोग्राफ्स मंगवाये जाएं और फोटोग्राफ्स सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता मौके पर जाकर चेक करें कि वास्तव में फोटो सही भेजे गए हैं कि नहीं। श्री मौर्य मंगलवार को लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

श्री मौर्य ने कहा कि उनके ट्वीटर हैण्डल पर जो कमेन्ट आते हैं सभी क्षेत्रीय अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता व मुख्य अभियन्ता उन्हे देखें और उनपर जो भी कार्यवाही की जानी हो, उसे सुनिश्चित करते हुये ट्वीटर पर पोस्ट करें। श्री मौर्य ने निर्देश दिये कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रवार 5 किमी तक के नये सम्पर्क मार्गो की सूची बनाते हुये उसकी कार्य योजना तैयार करें। उन्होने निर्देश दिये कि जो विशिष्ट मार्ग बनाये गये हैं, अगर उनमें कोई मरम्मत की जरूरत है तो वह भी करा दिया जाय। बैठक में प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत लोक निर्माण विभाग को 9 लाख 60 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसका वर्गीकरण कर दिया गया है।

महापौर ने आदिल नगर के वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

लखनऊ। कल्याणपुर के वृद्धाश्रम का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। केयरटेकर ने महापौर से हवन कुंड के पास टाइलें लगवाने के अनुरोध किया, जिसपर महापौर ने अधिशासी अभियंता को वृद्धाश्रम में टाइलें लगाकर और आवासों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। महापौर ने गायत्री परिवार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में वैक्सीनेशन कराने के एम्बुलेंस का लोकार्पण भी किया। बडे मंगल पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने इस दौरान वृद्धाश्रम में पूजा घर ,लाइबेरी, रसोई, कैंटीन, आवास और डिस्पेंसरी का निरीक्षण भी किया। महापौर ने वहाँ रह रहे बुजुर्गों का की सँख्या और उनका हाल चाल जाना। महापौर ने वहां के केयरटेकर वीके खरे से वहाँ की व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं के विषय मे जानकारी प्राप्त की। वृद्धाश्रम के केयरटेकर ने महापौर से हवन कुंड के पास टाइलें लगवाने व आवासों के पुन: निरीक्षण किये जाने का अनुरोध किया।

टेक्सस यूनिवर्सिटी में स्कालिरशप के साथ सीएमएस छात्र का चयन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र आनन्द कृष्ण मिश्रा को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की टेक्सस क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी में एक लाख सत्तानबे हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप के साथ चयनित किया गया है। आनन्द को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस मेधावी छात्र ने अमेरिका एवं कैनडा के 24 विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर कीर्तिमान स्थापित किया है एवं लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कानपुर रोड कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र की अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

संदिग्ध हालात में लटका मिला युवती का शव

सरोजनीनगर। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जान गंवा दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा के सहिजनपुर निवासी देवीदीन के मुताबिक सोमवार को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ जानवर लेकर खेत चले गए थे। जबकि बेटी अनुपमा 20 घर पर अकेले थी। दोपहर बाद जब देवीदीन का बेटा भीमसेन वापस घर पहुंचा तो कक्षा नौ की छात्रा अनुपमा कमरे के अंदर छत में लगे कुंडे से दुपट्टे के सहारे मृत अवस्था में लटकी मिली। दरवाजे की कुंडी अन्दर से बंद होने के कारण जब उसने खिड़की से झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गए। आनन-फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रिवाल्वर चोरी, घर में काम कर रहे कारीगरों पर जताया शक

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के बृज बिहार निवासी जीतू पांडेय की रिवाल्वर चोरी हो गई, उन्होंने इसकी सूचना पीजीआई पुलिस को दी और घर में काम कर रहे कारीगरों पर चोरी का शक जताया पुलिस 2 नाबालिगों सहित 6 लोगों को हिरासत में लेकर हवालात में डाल दिया और जांच पड़ताल में जुटी है। जीतू पांडेय बृज बिहार कालोनीए पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं। उनका दो मंजिला मकान है इस समय इनके घर की निचली मंजिल में पत्थर और टाइल लगाने का काम चल रहा है और जीतू पांडेय घर की ऊपरी मंजिल में रह रहे हैं। इनका आरोप है कि इनका रिवाल्वर घर से चोरी हो गया पुलिस द्वारा हवालात में डाल देने के बाद मड़ियांव में रहने वाले कारीगरों के परिजन भी कोतवाली पीजीआई पहुंच गए और पुलिस से उनको छोड़ने की गुहार लगाई। आरोपी कारीगर सुनील ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले वह अपनी 6 लोगोंकी टीम के साथ जीतू पांडेय के घर में काम करने आए हैं, हम लोग काम करके यहीं रहते और बनाते खाते हैं, रिवाल्वर का हम क्या करेंगे। वहीं सूत्रों के मुताबिक सब कुछ ठीक चल रहा था, एक सप्ताह काम करने के बाद जब इन कारीगरों ने पैसे मांगे तो इन पर चोरी का आरोप लगा दिया गया।

महिला ने लगाई फांसी, मौत

लखनऊ। इटौंजा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मलूकपुर में महिला ने साड़ी के पल्लू से लटक कर जान दे दी। प्राप्त समाचारों के अनुसार ग्राम पंचायत मलूकपुर निवासी किरण उर्फरामदेवी 35 पत्नी स्वर्गीय राम लखन मौर्य ने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी है। ग्रामीणों की मानें तो अति गरीबी में जीवन जी रही महिला के पति का कई वर्ष पूर्व देहांत हो गया था। महिला के 4 बच्चे जिसमें दो लड़के तथा दो लड़कियां हैं सबसे बड़े बच्चे की उम्र 14 वर्ष है। फांसी की घटना से बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है किसी प्रकार से बच्चों के साथ मजदूरी करके पालन पोषण होता था। अब अनाथ हो चुके बच्चों की देखभाल कैसे होगी। फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

छह वाछित अपराधियों पर पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन के सुशान्त गोल्फसिटी थाना क्षेत्र से महिला अधिवक्ता के अपहरण की घटना के फरार दो अभियुक्तो की धर पकड़ के लिये पांच पांच हजार रूपये व मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में गिरोह बनाकर चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले चार वाछित अपराधियों की घरपकड़ के लिये भी पांच पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया है। एडीसीपी पुर्णेन्दु सिंह ने बताया सुशान्त गोल्फसिटी थाना क्षेत्र से महिला अधिवक्ता प्रीती शुक्ला के अपहरण की घटना के फरार दो अभियुक्तो विकास रावत निवासी डलौना थाना पीजीआई व गोविंद निवासी धर्मावतखेड़ा पर दोनो की धरपकड़ के लिये पांच.पांच हजार रूपये व मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में गिरोह बनाकर कई चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले चार शातिर अपराधियों अनिल गौतम निवासी सतबरी थाना विधनू, कानपुर नगर, नरेश सोनी निवासी चितोली थाना सचेती, कानपुर नगर, अनुराग उर्फदीपू, निवासी अमोली थाना चांदपुर थाना फतेहपुर, नौशाद लगड़ा निवासी नौबस्ता, कानपुर नगर की धरपकड़ के लिये पांच पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

18 जून को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन दिवस मनाएगा आईएमए

लखनऊ। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर लखनऊ शाखा ने देश भर में डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में 18 जून को विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान योद्धाओं की रक्षा करो नारे के साथ चिकित्सा पेशे से जुड़े डॉक्टरों एवं कर्मियों पर हमले रोकने की मांग करेगा। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेए जयालाल ने कहा कि आईएमए अपने उन सभी 724 योद्धाओं को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने महामारी की दूसरी लहर के दौरान अपनी शहादत दी है। हमारे डॉक्टर 724 योद्धाओं की जान गंवा देने के बावजूद समर्पण भाव से स्वास्थ्य सेवा देते आ रहे हैं और कई डॉक्टर संक्रमित भी हो चुके हैं।

बिजली विभाग को चपत लगाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी की नगराम पुलिस ने बिजली के तार व ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह के शातिर चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस ने आरोपी से पूछताछ में कुछ अन्य आरोपियों के नाम चिन्हित हुए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर नागराम मोहम्मद अशरफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर इलाके में मौजूद है जो बिजली के तार व ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर बेचता है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुँच कर उक्त अभियुक्त को दबोच लिया पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम कानपुर नगर निवासी अरविन्द उर्फ़ छोटू बताया पुलिस का कहना है कि शातिर ने चोरी किये जाने की घटनाएं स्वीकार की हैं।

युवती से दुराचार करने वाले भेजे गए जेल

लखनऊ। ग्रामीण इलाके इटौंजा की एक किशोरी को रास्ता बताने के बहाने एक आरोपी ने अपने ई रिक्शा में बैठाल लिया। इसके बाद उसे अपने साथ मड़ियांव इलाके के एक कमरे में ले गया। वहाँ मौजूद अपने साथियों संग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। बदहवास किशोरी इलाके से बरामद हुई तो आपबीती बताई। इटौंजा पुलिस ने मामला दर्ज किया और आधा दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

पहली जुलाई से प्रदेश में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

- **12 से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान, 12 जनपदों में एमडीए कार्यक्रम भी होगा संचालित**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के सभी जनपदों में पहली जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 12 से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दस्तक अभियान में इस बार 12 जनपदों में फाइलेरिया अंतर्गत एमडीए कार्यक्रम तथा क्षय रोगियों के चिन्हीकरण का कार्य भी होगा।

मंगलवार को माह जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालन के लिए आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए झाड़ियों के कटान कराये जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कृषि विभाग को भी मूषक प्रजाति के नियंत्रण पर विशेष कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में उन्होंने बताया कि मूषक प्रजाति के जीव जैसे चूहा, गिलहरी, छछूंदर आदि के शरीर पर पाया जाने वाला स्क्रब टाइफस विषाणु कई गम्भीर बीमारियों का कारक होता है। यह विषाणु इन जीवों के शरीर से झाड़ियों में चिपक जाता है और वहां खेलने वाले बच्चों को संक्रमित कर देता है। इसलिए इन पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है। अपर मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि इस बार दस्तक अभियान में ग्राम निगरानी समिति एवं मोहल्ला निगरानी समिति अपने क्षेत्र की आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सहयोग प्रदान करेंगी। निगरानी समिति के पास दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी।

विकास व पर्यावरण में समन्वय सरकार की प्राथमिकता: दारा सिंह चौहान

- **वन मंत्री ने किया वृक्षारोपण जन आंदोलन-2021 के लोगो का अनावरण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि विकास व पर्यावरण में समन्वय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। दारा सिंह चौहान ने कहा की विगत वर्षों की भांति विभाग पूर्ण निष्ठा से उच्च गुणवत्तायुक्त वृक्षारोपण कर उदाहरण प्रस्तुत करें। यह बात मंत्री दारा सिंह चौहान ने वन विभाग मुख्यालय के अरण्य भवन में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021 के लोगो के अनावरण के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि लोगो में दर्शाया गया सूत्र वाक्य प्रकृति: रक्षति रक्षता भारत सरकार के लोगो से लिया गया है जिसका अर्थ है कि प्रकृति की रक्षा करने वालों की रक्षा प्रकृति करती है। आगामी वर्षाकाल में 30 करोड़ पौधों के रोपण के महाअभियान हेतु व्यापक जन जागरूकता व जन सहभागिता की आवश्यकता के दृष्टिगत वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा स्वयं व जन सहयोग से वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जन आंदोलन में स्वयंसेवी संगठनो, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, सैनिकों व कृषकों सहित समाज के समस्त वर्गो को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह, हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विभागाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव पवन कुमार शर्मा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी मुकेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बघुआरी
विकास खण्ड रावर्टसगंज जिला सोनभद्र

अल्पकालीन–निविदा

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां वित्त आयोग स्कूलकायाकल्प हेतु DMF मद/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण अन्त्येंष्टि स्थल का निर्माण पर योजनान्तर्गत/रिबोर कार्य, सोलर लाइट, इत्यादि व अन्य मदों द्वारा ग्राम पंचायत मद में कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थलों पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 15.06.2021 से दिनांक 21.06.2021 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 22.06.2021 को अपरान्ह/पूर्वान्ह 02:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

सामाग्री का विवरण निम्नवत है।

01. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार 02. इण्टरलाकिंग 200x160x80MM प्रति हजार 03. बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू प्रति हजार 04. ईट गिट्टी 25 MM/40MM प्रतिघन मी. 05. सरिया/एस्बेस्टेस सीट/पैन सीट, दरवाजा, टाइल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग 06. स्टोन ब्लास्ट 22.4MM 53MM 8.22MM 6.0MM प्रति घन मी. 07. Hp3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000MM, प्रति नग 08. स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल प्रति नग 09. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व वाईट सीमेन्ट प्रति नग 10. चौकट 450x450x100MM प्रति नग 11. G.I पाईप बी क्लास साकेट प्रति नग मी0 12. P.V.C पाईप साकेट 110, 140, 150MM प्रति नग 13. पटिया 0.90x0.45MM प्रति नग 14. सुर्खी प्रतिघन मी. 15. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का– प्रति नग 16. चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट, डिस्टेम्पर प्रति किग्रा. 17. साईन बोर्ड. प्रति नग 18. नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर्य ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन, मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन.एम. सेन्टर की बाउन्ड्री बाल एवं मरम्मत 19. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामाग्री 20. सोलर वॉटर पम्प 21. खण्डा 22. स्टोन बोल्डर 23. स्टोन पटिया।

नोट– टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100/–रू० जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्त–

1. सामाग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी, अन्यथा नहीं। 3. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामाग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/–रू0 का स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना होगा। इसी के साथ–साथ 10000 रू0 की एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा, जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष मे बंधक होगी। तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। 5. सामाग्री की आपूर्ति होने के बाद एफ0डी0 होने के बाद निर्माण समिति के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा बिहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा 6. आपूर्तिकर्ता को सैलटेक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैनकार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैनकार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा 7. आपूर्ति दर पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नही होना चाहिए। 8. बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बघुआरी
विकास खण्ड रावर्टसगंज सोनभद्र

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति गंभीर: बीकेटी। बाइक से जा रहे दंपत्ति की सीतापुर रोड पर स्कर्पियो ने टक्कर मार दी जिससे डिंगरपुर निवासी रामप्रीत की पत्नी मीना की मौके पर मौत हो गयीं। गंभीर रूप से घायल रामप्रीत को सीएचसी बीकेटी ले जाया गया जहां से उन्हें ट्रामा रिफर कर दिया गया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–अष्टम मध्याँचल विद्युत निगम लिमिटेड प्रथम–तल, 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र घंटाघर, चौक, लेसा (सिस गोमती), लखनऊ ई–निविदा अवधि विस्तारण सूचना एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालिक ई–निविदा सं0 10,11,12,14 एवं 15/वि0न0वि0मं0 (अष्टम)/2021–22 के आन–लाईन अपलोड न हो पाने के कारण आन–लाईन अपलोड होने तथा खुलने की तिथि को दिनांक 29.06.2021 तक के लिये विस्तारित किया जाता है। निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी। अधीक्षण अभियन्ता (वितरण–अष्टम) लखनऊ पत्रांक 1690 दिनांक 14.06.2021 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

सहारा हॉस्पिटल में लगा रक्तदान शिविर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर मैनेजमेंट सहित समस्त ब्लड बैंक की टीम ने केक काटकर की। सहारा हॉस्पिटल ब्लड बैंक के हेड ने डॉ अरविन्द सिंह ने रक्दान से जुडी भ्रांतियों के बारे में बताया और कहा कि रक्तदान एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसमें एक स्वस्थ व्यक्ति से एक यूनिट ब्लड लिया जाता है। ब्लड लेने के पूर्व डोनर का पूरा मेडिकल परीक्षण किया जाता है और स्वस्थ होने पर ही उसका ब्लड लिया जा सकता है। एक स्वस्थ मनुष्य तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। डॉ अरविन्द सिंह ने बताया कि यह साल विशेष है क्योंकि पिछले एक साल से अधिक समय से

कोविड महामारी की वजह से स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन थम सा गया है। ऐसे में रक्तदान को बढ़ावा देने की जरूरत है। अगर एक प्रतिशत लोग भी साल में एक बार रक्तदान करें तो हमारी ब्लड की आवश्यकता पूरी हो जाएगी। सहारा हॉस्पिटल की लैब मेडिसिन हेड डॉ अजू शुक्ला, डॉक्टर सुरभि गुप्ता एवं अन्य स्टाफ ने बढ़ चढ़कर स्वयं रक्तदान करके अपना बहुमूल्य योगदान दिया और रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक भी किया।

बीते 15 दिन में 133168 लीटर अवैध शराब बरामद, 1396 गिरफ्तार

लखनऊ। प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए प्रवर्तन अभियान के तहत बीते 15 दिनों के भीतर 133168 लीटर अवैध शराब बरामद की गई और 1396 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। अभियान 29 मई से 12 जून तक चला। इसमें 3720 मुकदमे दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 133168 लीटर अवैध शराब बरामद व शराब बनाने में प्रयोग होने वाला 457311 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी के अनुसार लखनऊ में तीन सौ लीटर डिनेचर्ड स्प्रिट, दो सौ एमएल के पांच तथा पांच सौ एमएल की 40 शीशी सैनिटाइजर व भारी मात्रा में लेबल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। वहीं, चंदौली में चार पेटियों में अवैध देशी शराब, चार ड्रम में 750 लीटर अवैध स्प्रिट, 30 लीटर देशी शराब, भारी मात्रा में रैपर क्यूआर कोड व वाहनों के साथ छह व्यक्ति गिरफ्तार हुए। मेरठ में विदेशी ब्रांड की 50 अद्धा बरामद होने पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

एयरफोर्स कर्मी की गोली मारकर नृशंस हत्या

● रात भर मृतक को तलाशते रहे परिजन

● हाजीपुर बसधना मार्ग पर मिला शव

संवाददाता शुक्लागंज

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात बदमाशों ने एयरफेर्स कर्मी की देर रात गोली मारकर नृशंस हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया। घटना कोतवाली से करीब 20 किमी दूर हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना मार्ग पर हुई। एयरफेर्स कर्मी हाल ही में छुट्टी पर घर आया हुआ था। सुबह के वक्त शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आनन फानन चौकी पुलिस को दी। पुलिस की निष्क्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घंटों हो जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे शव खुले आसमान के नीचे घंटों पड़ा रहा। हाइप्रोफाइल हुए हत्याकांड से उन्नाव जनपद समेत कई जिलों में ये घटना आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर एसपीए फेरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने मौके पर पहुँचकर छानबीन की। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिवार के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है।

मृतक ऐयरफोर्स कर्मी प्रतीक सिंह का फाइल फोटो व दुखी परिजन

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी ओम नारायण सिंह का 27 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह इंडियन एयर फोर्स में एयरमैन के पद पर जम्मू में तैनात था। मृतक प्रतीक के भाई प्रभात सिंह ने बताया कि अभी हाल में ही वह 11 जून को तबियत खराब होने के चलते छुट्टी लेकर शुक्लागंज घर आया था। भाई के अनुसार सोमवार शाम 6:45 बजे घर से बाइक लेकर कुछ देर में वापस आने की बात कहकर निकला था। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन करना शुरू कर दिया। पूरी रात परिजन उसका पता लगाते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। जिससे परिजनों की घबराहट और बढ़ गई। मृतक के परिजन रात में कोतवाली गंगाघाट पहुँचे और सूचना पुलिस को दी। चूँकि मामला एयरफोर्स कर्मी का था तो पुलिस तुरंत हरकत में आ गयी। थोड़ी सी भी देर न करते हुए गंगाघाट और अचलगंज पुलिस ने हर जगह खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन कोई सफलता नहीं हाथ लगी। इसके बाद जैसे तैसे परिजनों को रात काटना मुश्किल हो गया। सुबह करीब पांच बजे गंगाघाट पुलिस को कोतवाली से करीब 20 किलोमीटर दूर हाजीपुर बसधना मार्ग पर एक खून से लथपथ शव पड़ा होने की सूचना मिली। सुबह तड़के से ही ग्रामीणों का मजमा लग गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना हाजीपुर पुलिस को दी। लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी हाजीपुर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके कुछ देर बाद गंगाघाट कोतवाल अरविंद सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। और लथपथ शव की पहचान के लिए मृतक के भाई प्रभात को मौके पर बुलवाया। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन शव देखकर दहाड़ मार मारकर रोने लगे। परिजनों ने उसकी शिनाख्त एयरफोर्स कर्मी प्रतीक सिंह के रूप में की। इसके बाद घटना की जानकारी होने पर सीओ मौके पर पहुंचे। बदमाशों ने प्रतीक को सुनसान हाजीपुर बसधना मार्ग बुलाकर देर रात दाहिनी आंख पर 315 बोर के तमंचे से सटाकर गोली मारकर नृशंस हत्या को अंजाम देते हुए शव को सड़क किनारे फेंक कर मौके से भाग निकले। बता दें कि घटनास्थल के पास से खोखे भी बरामद हुए हैं। घटना के पीछे अवैध संबंधों की बात कही जा रही है।

फोन पर बुलाने वाला कौन था ?

शुक्लागंज। परिजनों और पुलिस के अनुसार प्रतीक सोमवार को जब घर से निकला था तो उसके पास किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर पर नहीं रुका और तुरंत चला गया। परिजनों के अनुसार फोन पर बुलाने वाला कौन था जिसके कारण वह वापस लौटा नहीं, ये बड़ी बात है। किसी समय गंगाघाट पुलिस अपने मुखबिर तंत्र के लिए जनपद में जानी जाती थी। लेकिन वर्तमान की स्थिति बड़ी दयनीय है। रात भर परिजन पुलिस से जल्द ढूंढने की मन्नत करते रहे, वहीं पुलिस मृतक एयरफोर्स कर्मी का फोन ट्रेस करती रही, कभी कहीं तो कभी कहीं उसके मोबाइल की लोकेशन बताती रही। लेकिन ध्वस्त सूचना तंत्र के चलते वह फोन ट्रेस नहीं कर पाए नतीजन सुबह उसका शव मिला। परिजनों का कहना था यदि पुलिस सक्रियता से कॉल जल्द ट्रेस कर लेती तो शायद प्रतीक की जान बच सकती थी।

सीरो सर्वे अभियान में 742 लोगों के लिए गए रक्त के नमूने

● लोगों में एंटीबाडी का पता लगाने को चलाया गया अभियान

संवाददाता। सोनभद्र

कोविड- 19 संक्रमण के दौरान लोगों में एंटी बाडी का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में सीरो सर्वे अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने कुल 742 लोगों के रक्त के सैंपल लिए ।इसमें महिला, पुरुष तथा बच्चे शामिल हैं।सीरो सर्वे नोडल अफ्सर एवं पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर शैलेंद्र शील ने बताया कि जनपद के सभी 10 विकास खंडों रावर्टसगंज,घोरावल, चतरा, नगवा, म्योरपुर, बभनी ,दुद्धी, चोपन, करमा, कोन में 9 जून से 11 जून तक सीरो सर्वे अभियान चलाया गया। लोगों में कितनी एंटी बाडी बनी है इसकी जांच के लिए रक्त के नमूने स्वास्थ्य टीम द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 742 लोगों के खून के सैंपल लिए गए हैं जिसमें 244 बच्चे, 254 पुरुष एवं 244 महिलाएं शामिल है।नोडल अफ्सर के मुताबिक सर्वे में कोरोना से स्वस्थ हुए लोगों समेत अन्य लोगों के खून के नमूने लिए गए हैं । सीरो सर्वे अभियान का मुख्य उद्देश्य कोरोना महामारी के दौरान लोगों में एंटी बाडी का पता लगाना था ।उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें एक डॉक्टर ,एक लैब टेक्नीशियन ,एक एएनएम व एक आशा शामिल रही। इस तरह से 10 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 40 लोग शामिल रहे। जिनके द्वारा 31 क्षेत्रों में जाकर लोगों के रक्त संग्रहित किए गए। रक्त के नमूने को जांच के लिए लखनऊ भेज दिया गया है। महा जून के अंत तक इसकी रिपोर्ट भी आ जाएगी।

बडौरा बाजार में 40 किशोरियों को पौष्टिक आहार किया गया वितरित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

आशा ट्रस्ट और लोक समिति संस्था की तरफ से चलाए जा रहे कोरोना राहत.कार्य अभियान के तहत करधना और बड़ौरा बाजार में 40 ज़रूरतमंद किशोरियों को पौष्टिक आहार वितरित की गई। इस दौरान लड़कियों को पर्चा बांटकर कोरोना महामारी में बचाव और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। पौष्टिक आहारए सेनेटरी पैड व अन्य राहत सामग्री पाकर किशोरी लड़कियों के चेहरे खिल गएए सभी ने संस्था को सहयोग के लिये आभार जताया। किशोरी संगठन की संयोजिका सोनी ने कहा कि कोरोना महामारी में लड़कियों और महिलाओं को सेनेट्री पैडए मास्क और पोषाहार वितरण के साथ साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने बताया कि कोरोना महामारी को में आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लाक में दो माह से राहत कार्य जारी है। लड़कियों के राशन किट में सेनेट्री पैड, सेनेटाइजर, शैम्पू, टूथब्रश, मन्जन, महिला पैंटी, मास्क और मेडिकेटेड साबुन को शामिल किया गया है। साथ ही पोषण आहार में चना, सोयाबीन, मूंगफ्ली, गुड़ और बिस्किट और च्यवनप्राश, हॉर्लिक्स जैसी पौष्टिक सामग्री दिया जा है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सोनी, नन्दलाल मास्टर, अनीता, अंकिता राय, विवेक राय, मोहम्मद निसार ग्राम प्रधान करधना, सुचिता जायसवाल ग्राम प्रधान बड़ौरा, आशा, राजकुमारी, मन्जू, शिवकुमार आदि लोग शामिल रहे। संचालन किशोरी संयोजिका सोनी ने किया।

रहस्यों के भंवर में उलझ गई गोलू की मौत...

● विगत 06 मई को सदर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर मिला था प्रतीक का शव

संवाददाता। फतेहपुर

सदर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर निर्माणाधीन एक बिल्डिंग के नीचे से लावारिस शव पुलिस ने बरामद किया था। ज्ञातव्य रहे की यह वाक्या 06 मई 2021 का है, लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्त अरबपुर मोहल्ला वासियों ने प्रतीक यादव उर्फ गोलू पुत्र स्व0 बृजेश यादव के रूप में की थी। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने जानकारी एकत्र करने के बाद अपने मायके में करीब 03 वर्षो से रह रही प्रतीक की पत्नी विमलेश कुमारी को सूचना दी। जिस पर मृतक प्रतीक की पत्नी ने पहुंच कर अपने पति की शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद अपने साथ ले गयी और भृगुधाम भिटौरा में अंतिम संस्कार कराया। मृतक की पत्नी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पति की मौत का कारण स्पष्ट नहीं आया है। बताया कि पति के मरने के साथ ही उसके ससुराली मकान मोहल्ला अरबपुर में मोहल्ले के ही जयराम यादव व सूरज यादव ने कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसके मकान पर कब्जा करने वाले लोग दबंग किस्म के हैं और मना करने के बावजूद उसके मकान पर अवैध निर्माण भी शुरू कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि जब निर्माण कार्य कराने से उसने जयराम यादव व सूरज यादव को मना किया तो उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी एक 08 वर्ष की पुत्री भी है जिसकी जिम्मेदारी उसके ऊपर है।

जितिन के समर्थन में कांग्रेस में मची भगदड़

संवाददाता। सीतापुर

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के करीबी पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के भाजपा में शामिल होने के बाद अब सीतापुर में कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मच गयी है। जितिन के समर्थन में बरसो पुराने कांग्रेसी अब पंजे को बॉय-बॉय कर भगवामय होने को उतावले है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी सदस्य समेत सीतापुर जिले में दर्जनों कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा ज्वाइन कर जितिन का साथ देने को कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े है। आपको बता दें कि अभी हाल ही में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़ कर दिल्ली में भाजपा का दामन थमा लिया है। जबकि जितिन कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी के बेहद करीबी थे और उनकी युवा टीम में भी शामिल थे, लेकिन यूपी में प्रियंका के हाथों में पार्टी की बागडोर आने के बाद से वह खुद को अरजेंड नहीं कर पा रहे थे, हालांकि उन्हें पश्चिम बंगाल और का प्रभारी बनाया था। भाजपा में जितिन के शामिल होने के बाद अब सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का त्याग पत्र देने का सिलसिला शुरू हो गया।

कोविड प्रभावित बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा के लिए धर्म गुरु आये आगे

● महिला एवं बाल विकास विभाग व यूनिसेफके तत्वावधान में वर्चुअल धर्म गुरु सम्मेलन आयोजित

● कोरोना काल में बच्चों को विशेष देखभाल व स्नेह की आवश्यकता

● कोविड प्रभावित बच्चों के लिए सरकार ने शुरू की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना

संवाददाता। फतेहपुर

कोविड 19 से प्रभावित बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए विभिन्न धर्म गुरुओं ने जनता से अपील की है। महिला एवं बाल विकास विभाग उ0प्र0 एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित धर्म गुरु सम्मेलन में धर्म गुरुओं ने कहा कि कोविड प्रभावित बच्चों के बचपन को बचाने के लिए हर व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना होगा। धर्म गुरुओं ने बच्चों को बाल श्रम से बचाने पर भी जोर दिया।

यूनिसेफ उ0प्र0 की चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस रूथ लीयनो ने कहा, कोविड महामारी में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि सब कुछ प्रभावित हुआ है और जिन बच्चों ने महामारी के कारण अपने माता-पिता दोनों अथवा किसी एक को खोया है, उनके लिए यह समय और भी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे बच्चों को विशेष देखभाल एवं स्नेह की आवश्यकता है। उन्होंने धर्म गुरुओं से टीकाकरण को भी बढ़ावा देने का अनुरोध किया ताकि कोविड 19 से होने वाली मृत्यु कम हों और जल्द ही स्थितियाँ सामान्य हो सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग उ0प्र0 के निदेशक मनोज राय ने कहा कि कोविड प्रभावित बच्चों के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई है। हमारा उद्देश्य है कि योजना का लाभ प्रत्येक कोविड प्रभावित बच्चे तक पहुंचे। ऐसे किसी भी बच्चे की जानकारी 1098 अथवा 181 पर अवश्य साझा करें और बच्चों को गलत हाथों में पड़ने से रोकने में अपना सहयोग करें। बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 3000 कोविड प्रभावित बच्चों के विषय में पता चला है जिन्होंने माता-पिता में से किसी एक अथवा दोनों को खोया है।

तांबेश्वर मंदिर के पुजारी राघवेंद्र ने कहा कि महामारी के कारण भय का वातावरण हैं। बच्चों के साथ ही बड़े भी अपनों को खोने के बाद भयभीत हैं और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम मिल कर ऐसे लोगों की सहायता के लिए सामने आयें। हमें सुनिश्चित करना होगा कि माता पिता के देहांत के बाद कोई भी बच्चा गलत व्यक्ति अथवा संस्थान के पास न जाए और प्रत्येक प्रभावित बच्चा सरकार द्वारा चलाई जा रही सेवाओं से जुड़ कर लाभ ले सके। शहरकाजी कारी फरीदउददीन कादरी ने कहा कि हर मजहब हमें जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। आज जब तमाम मासूम बच्चे अपने माता पिता को खोने के बाद अकेले हो गए हैं तो हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इस समय ऐसे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही असली इबादत है। उन्होंने बालश्रम निवारण के लिए भी कदम उठाने पर जोर दिया। सम्मेलन में एक ओपेन सत्र का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन यूनिसेफ उ0प्र0 के प्रोग्राम मैनेजर अमित महरोत्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कोविड महामारी में भ्रांतियों को दूर करने एवं कोविड उपयुक्त व्यवहारों के लिए लोगों को प्रेरित करने में धर्म गुरुओं की भूमिका की सराहना की। सम्मेलन में प्रदेश के 75 जिलों से 800 धर्म गुरुओं ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया एवं अपने समुदाय में कोविड प्रभावित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए जनता से अपील की।

मामूली कहासुनी से नाराज बेटे ने नदी में लगाई छलांग

● पुल पर मिले कपड़े

संवाददाता। अटरिया सीतापुर

मामूली कहासुनी से नाराज एक युवक ने बालजती पुल से सरायन नदी में छलांग लगा दी। बेटे की तलाश में निकले परिजनों को पुल के समीप उसके कपड़े रखे मिले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी में उसकी तलाश कराई मगर उसका कहीं पता नहीं चल सका, हालांकि बुलाए गए गोताखोर नदी में उसे खोजने में जुटे है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला अटरिया थाना इलाके का है। अटरिया थाना इलाके के गढ़ी मजरा जजौर निवासी राम नरेष रावत ने सोमवार की शाम को अपने बीस वर्षीय पुत्र शक्ति रावत को किसी बात को लेकर डांट दिया था। इससे वह नाराज होकर घर से चला गया था। उसके घर से निकलते ही परिजन भी पीछे से उसकी तलाष में निकले। घर से दो किलोमीटर दूरी बालजती गांव के पास बह रही सरायन नदी के पुल पर उसके कपड़े रखे मिले। आसपास के लोगो ने बताया कि कुछ देर पहले एक युवक पुल से नदी में कूद गया है। इस पर परिजनों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरायन नदी में डूबे युवक शक्ति रावत की तलाश की मगर उसका कहीं पता नहीं चला।

पूरी तरह सुरक्षित है कोविड टीकाकरण: मोहसिन रजा

संवाददाता। अमेठी

राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश जनपद प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित विकास कार्यक्रमों तथा कोविड.19 टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक किया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने विकासखंड अमेठी तथा संग्रामपुर में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित विकास कार्यक्रमों एवं कोविड.19 टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा कियाए इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कोविड.19 संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया तथा कोविड.19 में लगे सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विकासखंड में 18 वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों के टीकाकरण हेतु कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का शुभारंभ कर जनपद अमेठी के 18 वर्ष से ऊपर समस्त नागरिकों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोविड टीका पूर्णतया सुरक्षित हैए इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। मा0 प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से जन सामान्य में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों से टीकाकरण कराने को लेकर जागरूक करने की अपील किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जनपद अमेठी में कोविड.19 संक्रमण पूर्णतया नियंत्रण में है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्त योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ जरूरतमंदों को दिया जाए।

हाईवे के किनारे खड़ी ट्रक से टकराई कार एक की मौत, चार युवक घायल

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या

हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों ने आज एक और जिंदगी छीन ली व चार युवक अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं जिसमे एक युवक की हालत अभी भी सीरियस बनी हुई है।मामला थाना इनायतनगर के कुचेरा बाजार का है कुचेरा बाजार निवासी पांच युवक सुबह जिम करने के लिए चमनगंज स्थित एक जिम सेंटर में गये हुए थे, जिम करके पांचों युवक सुबह लगभग 7 बजे अपनी निजी कार यूपी 42 ए आर 3020 से वापस घर आ रहे थे कार हैप्पी जायसवाल पुत्र रामअवतार जायसवाल चला रहा था। उसके बगल वाली सीट पर शोभित जायसवाल पुत्र शिव कुमार जायसवाल बैठा था। पीछे की सीट पर अमन पुत्र पवन जायसवाल, आकाश पुत्र उदितनारायण व गोलू पुत्र गुड्डू बैठे हुए थे। जैसे ही कार कुचेरा बाजार के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंची कार अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड़ी ट्रक यूपी 27 ए टी 8864 से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए आनन फानन में सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ शोभित व हैप्पी को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने लखनऊ रिफर कर दिया।लखनऊ में इलाज के दौरान शोभित की मौत हो गई व हैप्पी का इलाज चल रहा है।जबकि तीन लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।अब सवाल ये उठता है कि हाइवे के किनारे खड़े ये बड़े बड़े वाहन कब तक लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते रहेंगे। कब तक प्रशासन इन पर कार्यवाही करने से बचता रहेगा क्या ये बेतरतीब खड़े वाहन ऐसे ही लोगों के घरों का चिराग बुझाते रहेंगे।

अनिश्चितता में है जीवन का सौंदर्य: अनिल कुमार

● राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में योग प्रशिक्षण पखवाड़े का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स उप्र शासन अनिल कुमार विवि में योग प्रशिक्षण देते हुए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सातवें योग प्रशिक्षण महोत्सव के अंतर्गत चल रहे योग प्रशिक्षण पखवाड़े में मंगलवार को उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार ने योग से अभय विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि पूर्वाग्रह से रहित एवं भयमुक्त मन ही जीवन के सौंदर्य को निखारता है। 90 प्रतिशत डर भविष्य की अनिश्चितताओं के लिए होता है। हमें यह समझना चाहिए कि जो घटना हुई नहीं उसके लिए डर कैसा। डर भूतकाल और वर्तमान का नहीं होता। डर केवल अनिश्चितता का है। भविष्य की आशंका का है।

अपर प्रमुख सचिव श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में हम जो कर्म कर रहे हैं उससे डर का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में अनिश्चितता न हो तो यह जीवन मशीन हो जाएगा। आनंद इसी में है कि भविष्य में अनिश्चितता है। जीवन का सौंदर्य अनिश्चितता में है। योग से जीवन में अभय की स्थिति आती है और क्षमता प्रस्फुटित होती है। जीवन में स्वतंत्रता का आनंद अनुभव होता है। उन्होंने प्रतिभागियों को योग की कई विधाओं से अवगत कराया। श्री कुमार ने प्रतिभागियों के मन से डर को दूर भगाने के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण भी किया। अपर प्रमुख सचिव अनिल कुमार का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो गिरजा शंकर शुक्ल ने किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपना अमूल्य समय देकर न केवल विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है बल्कि विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी भी उनके प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रहे हैं। योग परामर्शदाता एवं प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रतिभागियों की तरफ से योग प्रशिक्षक अपर मुख्य सचिव कुमार का स्वागत किया।

राज्यपाल के निर्देश पर महिला अध्ययन केंद्र की हुई स्थापना

प्रयागराज। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई है। केंद्र बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य स्वाभिमान आर्थिक स्वावलंबन एवं तकनीकी संसाधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगा। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने बताया कि महिला अध्ययन केंद्र राज्य एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाएगा। केंद्र के जरिए समाज में महिलाओं के विरुद्ध व्याप्त परंपरागत कुरीतियों से उन्हें सजग किया जाएगा। केंद्र का प्रमुख ध्यान गांव की महिलाओं के अंदर से झिझक को दूर करना होगा। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि महिला अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर रुचि बाजपेई को समन्वयक डा मीरा पाल को सह समन्वयक तथा डा साधना श्रीवास्तव को सहायक समन्वयक बनाया गया है।

सावधानी आवश्यक

खुल रहा लॉकडाउन

तीसरी लहर की संभावना देखते हुए क्या यह ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा कि लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया थोड़ी धीमी की जाए? भारत धीरे-धीरे खुल रहा है। राज्यों ने लाकडाउन हटाने की अपनी गति और प्रक्रिया निर्धारित कर ली है। आमतौर से कोविड-19 की दूसरी लहर से राहत की भावना अनुभव की जा रही है। अधिकांश राज्य जून के तीसरे सप्ताह तक लाकडाउन पूरी तरह समाप्त कर देंगे। इसे एक संयोग कह सकते हैं, लेकिन ब्रिटिश सरकार ने भी पहले सामाजिक संबंधों पर सारी विधिक सीमाएं समाप्त करने का प्रस्ताव किया था। लेकिन अब उसने यह प्रक्रिया कुछ सप्ताह विलम्बित करने का निर्णय किया है क्योंकि अब कोरोनावायरस के डेल्टा प्रकार से संक्रमण बढ़ रहे हैं। पहले भारत में पहचाने गए चिन्ताजनक प्रकार बी1.617.2 का संक्रमण देश में फिर बढ़ रहा है। डब्लूएचओ द्वारा इस वीओसी पहचान का अर्थ है कि यह ज्यादा संक्रामक है या गंभीर बीमारी का कारण बनती है, चिकित्सा से जल्दी काबू में नहीं आती है तथा प्रतिरोधी क्षमता से प्रभावित नहीं होती है। ब्रिटिश स्वास्थ्य सचिव ने कहा था कि नए मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक इसी प्रकार के हैं जो 40 प्रतिशत ज्यादा संक्रमणीय हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुसार डेल्टा एक 'खतरनाक किस्म' का संक्रमण है जिसकी उनके देश में उपस्थिति से चिन्ता पैदा हो गई है। डेल्टा प्रकार के कारण ही भारत में दूसरी लहर पैदा हुई जो अप्रैल और मई में सबसे घातक स्वरूप में थी जब लाखों लोग संक्रमित हुए थे। भारत में मई में लगभग 4,00,000 लाख मामले आते थे तथा अनेक लोग दवाओं, आक्सीजन, बिस्तरों व यहां तक कि

श्मसानों की कमी से पीड़ित थे।

लेकिन यह लहर लगभग समाप्त होने के बाद भारत अब लाकडाउन से धीरे-धीरे मुक्त होने के रास्ते पर है। लेकिन ऐसे में सारे नियंत्रण उठाने के निर्णय पर सवाल उठते हैं जब हम चार संदिग्ध स्थितियों का सामना कर रहे हैं? इनमें से पहला, ब्रिटिश सरकार द्वारा उसी डेल्टा प्रकार द्वारा लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया पर पुन: विचार करना है। दूसरा, भारत में वैज्ञानिकों व डाक्टरों समेत सभी ने अनुमान लगाया है कि अब से तीन या चार महीने बाद दूसरी लहर आएगी। तीसरा, ब्रिटेन और अमेरिका जिस डेल्टा प्रकार की बात करते हैं उसका जन्म भारत में हुआ था और इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं कि यह समाप्त हो गया है। वास्तव में ब्रिटेन से आने वाली खबरों से संकेत मिलता है कि यह ज्यादा संक्रामक स्वरूप एवाई.1 या डेल्टा प्लस में बदल गया है। चौथा, जहां भारत ने टीकों की खूराकों के बीच ब्रिटेन द्वारा तीन महीने का अंतर करने के निर्णय का अनुसरण किया, पर वह लाकडाउन हटाने के बारे में उसके द्वारा प्रक्रिया धीमे करने का अनुसरण नहीं कर रहा है। भारत द्वारा दूसरी लहर के दौरान हुए खतरनाक अनुभवों को देखते हुए क्या यह ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा कि लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया थोड़ी धीमी की जाए? राज्यों के पास खुलने की प्रक्रिया धीमी करने तथा साथ ही यह सुनिश्चित करने का विकल्प है कि इस बीच टीकाकरण प्रक्रिया को गतिशील बनाया जाए। वैक्सीन की अनुपलब्धता समाप्त करने के साथ ही इसके प्रति हिचक का समाधान करना चाहिए। वायरसविज्ञानियों व राष्ट्रीय टास्क फोर्स को अनेक प्रमाण मिले हैं कि टीकाकरण लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की संख्या व मौतों में कमी कर सकता है। यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि सार्वजनिक स्थलों पर अचानक व अपरिहार्य रूप से कोविड-19 उपयुक्त व्यवहारों में ढील देने से संक्रमण की वर्तमान दर बढ़ने न पाए।

गरीब होता भारत, अमीर होते निवेशक

कल्पना कीजिए कि अगर आत्मानिर्भर पैकेज के तहत 2100,000 करोड़ रुपये अनौपचारिक क्षेत्र में 40 करोड़ श्रमिकों के बीच वितरित किए गए थे तो इससे मांग को बढ़ावा मिला होता।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

कोरोना महामारी ने भले ही भारत के आर्थिक विकास में तेज गिरावट ला दी हो - पिछले चार दशकों के दौरान सबसे तेज - लेकिन निवेशकों के लिए एक बोनस मिला है। शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति, जैसा कि भारतीय इक्विटी के बाजार पूंजीकरण (शेयरों का बाजार मूल्य उनकी संख्या से गुणा) द्वारा दर्शाया गया है, 31 मार्च, 2020 तक लगभग 113 ट्रिलियन (एक ट्रिलियन बराबर 100,000 करोड़) से लगभग दोगुना होकर 226 रुपये हो गया। 31 मार्च, 2021 तक ट्रिलियन। इसके विपरीत, मौजूदा कीमतों पर भारत की जीडीपी 2019-20 के दौरान 203 ट्रिलियन रुपये से घटकर 2020-21 के दौरान 197 ट्रिलियन रुपये हो गई। नतीजतन, जीडीपी अनुपात में बाजार पूंजीकरण 2019-20 के दौरान 56 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2020-21 के दौरान 115 प्रतिशत हो गया। किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट समय सीमा के दौरान उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है, जैसे कि एक चौथाई या एक वर्ष। दुनिया भर में उपयोग किया जाता है, यह किसी देश के आर्थिक स्वास्थ्य को दर्शाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है। और इसके विपरीत भारत जैसे विकासशील देशों के लिए, साल-दर-साल उच्च जीडीपी वृद्धि के परिणामस्वरूप अपने लोगों के लिए समृद्धि में वृद्धि होनी चाहिए।

2020-21 के दौरान, जब कोरोना महामारी ने बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को नष्ट कर दिया, लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नष्ट कर दिया, दसियों लाख लोगों की नौकरियां छीन लीं और दूसरों की कमाई को गंभीर रूप से प्रभावित किया, एक वर्ग जो बेकार चला गया था कॉर्पोरेट क्षेत्र विशेष रूप से, निवेशक जिन्होंने सभी श्रेणियों जैसे कि लार्ज-कैप, मिड-कैप, स्मॉल-कैप आदि में कॉर्पोरेट संस्थाओं में अपनी हिस्सेदारी से भारी लाभ कमाया है। तो, इस विषम स्थिति की क्या व्याख्या है?

वर्ष के दौरान, राजस्व में गिरावट के बावजूद अधिकांश सूचीबद्ध फर्मों की लाभप्रदता में वृद्धि हुई। यह एक ओर उनके उत्पादों की उच्च कीमतों और दूसरी ओर व्यय में कमी (जिसमें मजदूरी और वेतन, अन्य निश्चित लागत, ब्याज व्यय, आदि पर खर्च शामिल है) के कारण संभव हुआ। भविष्य के लिए उम्मीद के संबंध में, विदेशी निवेशकों सहित निवेशकों को फर्मों के मूल सिद्धांतों और मध्यम से लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न देने की उनकी क्षमता पर भरोसा है। यह 2020-21 के दौरान लगभग 37 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) द्वारा प्रमाणित है। यहां तक कि केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा कथित तौर पर विकास को पुनर्जीवित करने, कुल मांग को बढ़ावा देने और एमएसएमई को मजबूत करने पर जोर देने के साथ समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए घोषित उपायों ने कॉर्पोरेट क्षेत्र की किस्मत को जोड़ा।

1 अक्टूबर, 2019 के बाद स्थापित नए उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट कर की दर में 15 प्रतिशत की भारी कमी और मौजूदा संस्थाओं के लिए 22 प्रतिशत (मौजूदा छूट और मौजूदा छूट के तहत उपलब्ध कटौती के अधीन) का मतलब लगभग 150,000 रुपये अतिरिक्त है। एक पूरे साल में कॉरपोरेट के हाथ में करोड़। कॉरपोरेट संस्थाओं को भी 2019 के दौरान वितरित 1.35 प्रतिशत की कुल कटौती के अलावा 2020 के दौरान नीति दर (ब्याज दर जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है) में 1.15 प्रतिशत की कमी से लाभ हुआ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (मई, 2020) द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित 2100,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज में से, भोजन और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए मात्र 200,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। जैसे एलपीजी पर अधिक सब्सिडी, मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत मजदूरी में वृद्धि, पीएम-किसान के तहत किसानों को वित्तीय सहायता, जन धन (जेडी) खाताधारक को अनुग्रह राशि आदि। पीएम गरीब कल्याण योजना (पीएम-जीकेवाई)। बाकी 19 लाख करोड़ रुपये (1) आरबीआई द्वारा तरलता सहायता के रूप में दिए गए थे (गवर्नर द्वारा घोषित उपाय, शशिकांत दासन 27 मार्च और 17 अप्रैल, 2020 को 500,000 करोड़ रुपये के करीब इंजेक्ट किया गया और उसके बाद 22 मई को 300,000 करोड़ रुपये); (2) बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों (एफआई) के संसाधनों में वृद्धि करना ताकि उन्हें उधार देने में सक्षम बनाया जा सके; (3) केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्यरत एजेंसियों को लंबित बकाया जारी करना। इन फंडों का एक बड़ा हिस्सा या तो कॉरपोरेट संस्थाओं के पास पहुंच गया या अप्रयुक्त रह गया।

उदाहरण के लिए, आरबीआई द्वारा तीन साल की अवधि के लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ -1) की 100,000 करोड़ रुपये की नीलामी में से, 75,000 करोड़ रुपये बड़े कॉर्पोरेट के पास गए। शीर्ष बैंक ने इस विसंगति को सुधारने की कोशिश की जब टीएलटीआरओ 2.0 (17 अप्रैल, 2020) के तहत उसने छोटी और मध्यम आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों के लिए 50,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त तरलता इंजेक्शन का 50 प्रतिशत आरक्षित किया। आश्चर्य है कि क्या 25,000 करोड़ रुपये का यह आरक्षित कोटा वास्तव में छोटे खिलाड़ियों के पास गया। आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत एमएसएमई या पहचाने गए तनावग्रस्त क्षेत्रों के लिए 300,000 करोड़ रुपये पर विचार करें।

आठ मिलियन एमएसएमई लाभार्थियों के लक्ष्य के मुकाबले, केवल चार मिलियन को कुल मिलाकर 150,000 करोड़ रुपये का ऋण मिला। आज भी, योजना के तहत उपलब्ध धन का उपयोग नहीं किया गया है; इसने सरकार को 30 सितंबर तक योजना का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है और यहां तक कि 50 करोड़ रुपये (मौजूदा 25 करोड़ रुपये से अधिक) तक बकाया वाली फर्मों को सुविधा का लाभ उठाने की शर्तों में ढील दी है।

उर्वरक निर्माताओं को 65,000 करोड़ रुपये का भुगतान (2020-21 के बजट में आवंटित 71,000 करोड़ रुपये के अलावा) पिछले वर्षों से सब्सिडी बकाया राशि के लिए देखें। ये भुगतान उनके बॉटम-लाइन को मजबूत करने की दिशा में गए। इसी तरह, बिजली वितरण कंपनियों (पीडीसी) को दिए गए 90,000 करोड़ रुपये (राशि को 130,000 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया) अंतत: बिजली उत्पादन कंपनियों के साथ उतरा, जो बाद में बकाया राशि थी। खाद्य सब्सिडी के लिए, सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को 2020-21 के लिए 116,000 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के अलावा 350,000 करोड़ रुपये (आरई के अनुसार) का भुगतान किया। इसका एक अच्छा हिस्सा एफसीआई द्वारा अपने लेनदारों/कंपनियों को बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

इस प्रकार, एमएसएमई और अनौपचारिक क्षेत्र के लाखों श्रमिकों आदि को सहायता प्रदान करने के लिए आत्मानबीर पैकेज के घोषित इरादे के विपरीत, शून्य पर, पैसा ज्यादातर कर कटौती, ब्याज दर में कमी, ऋण, तरलता सहायता के माध्यम से दिया गया था। और उन देय राशियों की निकासी जिन्होंने उन (पढ़ें- कॉर्पोरेट) को समृद्ध करने में योगदान दिया जो पहले से ही संपन्न थे। बाद में विकसित देशों में सरकारों द्वारा लापरवाह खर्च से भी बहुत कुछ हासिल हुआ (एक विशाल यूएस . 9 ट्रिलियन पंप किया गया था) यहां तक कि उस पैसे का एक बहुत भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपना रास्ता मिल गया।

संक्षेप में, 2020-21 के दौरान अत्यधिक असमान परिणाम सरकार के मौद्रिक समर्थन पर बहुत अधिक निर्भर होने के कारण था, जिसका लाभ ज्यादातर कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा लिया गया था और बहुत कम राजकोषीय समर्थन (मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाली एलपीजी, पीएम-किसान आदि) जिसने मुश्किल से दसियों की मदद की थी। लाखों कम आय वाले लोग अपना सिर पानी से ऊपर रखते हैं। इसके विपरीत, कल्पना कीजिए कि क्या आत्मानबीर पैकेज के तहत सभी 2100,000 करोड़ रुपये अनौपचारिक क्षेत्र के 40 करोड़ श्रमिकों के बीच वितरित किए जाने थे। इससे सभी क्षेत्रों में मांग को बहुत जरूरी बढ़ावा मिलता और इसके परिणामस्वरूप समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता, लेकिन ऐसा होना नहीं था।

यहां तक कि जब महामारी चालू वर्ष के दौरान भी (हालांकि, कुछ हद तक) काटती रहती है, तो क्या सरकार इन सबसे कमजोर लोगों पर निर्देशित एक बड़ा वित्तीय दबाव देगी? वित्त मंत्री के अब तक के रुख को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है।

पुनः विफल हुआ रामद्रोहियों का षड्यंत्र

> यह राम मंदिर आंदोलन ही है जिसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी है। आज जितने भी राम विरोधी दल हैं, उनमें अधिकांश हाशिए पर हैं। इसलिए इनके नेता कालनेमि बन कर राम काज को बाधित करने का प्रयास करने में लगे हैं।

अनूप चतुर्वेदी
(लेखक हिन्दी पायनियर से संबद्ध हैं)

रामायण में एक प्रसंग है कि जब लक्ष्मण जी को शक्ति लगी और वे मूर्छित हो गए तो उनके उपचार के लिए सुषेण वैद्य ने हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने हिमालय के मंदार पर्वत भेजा था। जब रावण को पता चला तो उसने हनुमान जी को इस कार्य से रोकने के लिए अपने मामा और मायावी राक्षस कालनेमि को भेजा था। उसने हनुमान जी को भ्रमित करने के लिए उनके यात्रा मार्ग में एक साधु का रूप धारण किया और राम-राम जपने लगा। हनुमान जी को जब लगा कि यहां कोई रामभक्त है तो वे रुक गए लेकिन शीघ्र ही उन्हें मायावी राक्षस का कुटिल उद्देश्य ज्ञात हुआ तो उन्होंने उसका वध कर दिया और अपने लक्ष्य की पूर्ति में सफल हुए। यहां इस प्रसंग का उल्लेख करने का आशय यही कि इस युग में भी कालनेमि जैसे बनावटी रामभक्तों की कमी नहीं है जो राम काज में निरंतर बाधा डालने का प्रयास करते रहते हैं।

ताजा प्रकरण भी इसी प्रकार है जब रामद्रोहियों ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण में बाधा डालने का कुटिल प्रयास किया। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, जो राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण करा रहा है, को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा गया। इसके लिए ट्रस्ट द्वारा खरीदी गयी भूमि को आधार बना कर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाया गया। कहावत है कि झूठ के पैर नहीं होते। इस मामले में भी यही हुआ। 24 घंटे के अंदर ही इन षडयंत्रकारियों के चेहरे से नकाब उतर गया।

षड्यंत्र इतना गहरा था कि भूमि खरीद के अन्य सभी तथ्यों को छिपाते हुए समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी द्वारा जो पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी उसमें कहा गया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दो करोड़ की भूमि को 18 करोड़ में खरीदा है। इसके तत्काल बाद राजनीति में सक्रिय सभी कालनेमि चिल्लाने लगे कि मंदिर निर्माण में घोटाला हो रहा है। इनमें रामभक्तों के रक्त से अयोध्या को रंगने वाली समाजवादी पार्टी तो आगे थी ही, उच्चतम न्यायालय में बाकायदा हलफनामा देकर राम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के 'जनेऊधारी दत्तात्रेय गोत्र वाले 51 वर्षीय युवा' युवराज और उनकी दादी जैसी नाक वाली असाधारण योग्यताधारी बहन भी पीछे नहीं

थीं। हिन्दू हृदय सम्राट कहे जाने वाले और बाबरी मस्जिद गिराने का श्रेय स्वयं लेने वाले बाला साहब ठाकरे की सत्ता मोह में फंसी शिवसेना भी इनके सुर में सुर मिलाती दिखायी दी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूरे दस्ताबेजों के साथ स्थिति स्पष्ट कर दी तो ये बनावटी राम भक्त मुंह छिपाने की जगह ढूंढ रहे हैं। मामला केवल इतना था कि कई वर्ष पूर्व दो लोगों ने 1.20 हेक्टेयर भूमि को करीब दो करोड़ रुपए में खरीदने का अनुबंध किया था। उसके बाद रामजन्मभूमि मामले पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आ गया और सरकार ने अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर का नगर बनाने की घोषणा कर दी। इसके बाद यहां की जमीनों के भाव आसमान छूने लगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपनी आवश्यकतानुसार एक लाख 29 हजार 981 वर्गफुट की इस भूमि को 1,423 रुपए वर्ग फुट की दर से 18.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया। जबकि इस क्षेत्र में भूमि का बाजार मूल्य करीब तीन हजार रुपए प्रति वर्ग फुट बताया जा रहा है। विक्रेता का भी कहना है कि उन्होंने यह भूमि कम दर पर ट्रस्ट को इसलिए दी क्योंकि यह रामभक्तों के उपयोग में आएगी। यानी जो भूमि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बाजार भाव से कहीं कम मूल्य पर खरीदी उसे रामद्रोहियों ने घोटाला बता दिया।

दरअसल यह पहली बार नहीं है जब राममंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों को बदनाम करने का प्रयास किया गया हो। देखा जाए तो देश के तथाकथित सेकुलर दल जिनमें कांग्रेस और वाम दल अग्रणी हैं, हिन्दू विरोधी राजनीति को ही अपना एजेंडा बनाए हुए हैं। जवाहर लाल नेहरू तो 1949 में विवादित स्थल में प्रकट हुई मूर्तियों को बाहर फिकवा देना चाहते थे। वह तो तत्कालीन जिलाधिकारी केके नायर थे जिन्होंने हिन्दू भावनाओं के भड़ने की बात कह कर ऐसा करने से मना कर दिया था। इसके बाद नायर हिन्दुत्व के बड़े प्रतीक बन कर उभरे। नायर ने 1952 में स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। चौथी लोकसभा के लिए वो उत्तर प्रदेश की बहराइच सीट से जनसंघ के टिकट पर लोकसभा पहुंचे। इस क्षेत्र में नायर हिंदुत्व के इतने बड़े प्रतीक बन गए कि उनकी पत्नी शकुंतला नायर भी कैसरगंज से तीन बार जनसंघ के टिकट पर लोकसभा पहुंचीं। बाद में उनका ड्राइवर भी उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य बना।

वास्तव में यह राम मंदिर आंदोलन ही है जिसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी है। आज जितने भी राम विरोधी दल हैं, उनमें अधिकांश हाशिए पर हैं। उनके पनपने की भी निकट भविष्य में संभावना नहीं है। इसलिए इन दलों के नेता कालनेमि बन कर राम काज को बाधित करने का प्रयास करने में लगे हैं। लेकिन ऐसे लोगों को श्रीरामचरित मानस में मंदोदरी द्वारा रावण को दी गई वह सीख याद रखनी चाहिए-राम बिमुख अस हाल तुम्हारा, रहा न कोउ कुल रोवनिहारा। रावण को तो बुद्धि नहीं आयी थी। इसीलिए उसके कुल का विनाश हो गया था। राम से बिमुख राजनीतिज्ञों को यह समझ लेना चाहिए कि उन्हें अपना अस्तित्व बचाए रखना है तो कालिनेमि बनने से बचना होगा। राम का काम न तो त्रेता युग में रुका था और न ही इस कलियुग में रुकेगा। हां जो रोकने का प्रयास करेगा, वह कालनेमि की ही गति को प्राप्त होगा।

आप की बात

पश्चिम बंगाल में भूचाल

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इतना भयावह भूचाल और कोहराम मच रहा है कि राजनीति शब्द की अस्मिता ही खतरे में पड़ गई। विगत समय से नेताओँ की हत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम ही नही ले रहा। दलगत राजनीति के क्रूर चेहरे से देश दुनिया मे क्या संदेश जाता है। यह भी सोचने का व आत्म चिंतन मनन का विषय होना चाहिए। हिंसा की आग की लपटों के बीच विकास , कितना होगा कैसे होगा ,विचारणीय है। किसी भी राज्य की जनता अमन शांति व भाईचारे का वातावरण चाहती है। व साथ ही उनकी मुलभुत सुविधाओं को पसंद करती है। इनका क्या होगा? क्यों नही जनता जनार्दन की भावनाओं का ख्याल इन राजनीति के सफेदपोश नेताओं को नहीं है.. ? मन मुटाव , मतभेद ,मनभेद यह सभी राजनीति के हिस्से है। परन्तु इसका मतलब यह नही की नेताओं को असामयिक मौत की नींद में सोना पड़े। पश्चिम बंगाल में समय रहते शांति के लिए कारगर कदम उठाना चाहिए। नेताओ की मौत की रफ्तार को रोकने की जरूरत है। कोई सा भी दल हो कोई भी नेता हो ,गलती किसी की भी हो , सब जांच , अनुसधान व कानून के दायरे के पहलू है। पर जीवन सबके लिए अहम है।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

यूपी की सियासत

पिछले कई दिनों से सूबे के मुख्यमंत्री योगी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के बीच कुछ अनबन सी दिखाई दे रहीं थी। चाहे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर कोई ट्वीट न करना हो या फिर पूर्व आईएएस अधिकारी को उत्तर प्रदेश सरकार में सम्मिलित करना। वही दूसरी ओर यह भी कयास लगाए जा रहे कि उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल व अन्य राज्य में बांटा जाएगा। कई तरह की ऊहापोह का माहौल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में नित नए बातों और विचारो को जन्म दे रहीं। आगमी 2022, में उत्तर प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में योगी आदित्यनाथ को दिल्ली में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की। गौरतलब है कि अमित शाह इस बात से परिचित हो गए हैं कि यूपी में ब्राह्मण समेत छोटे दल, योगी से दुखी हैं। जिससे उम्मीद लगायी जा रहीं कि आगमी चुनाव में भाजपा को नुकसान हो सकता है। दिल्ली, बंगाल हारने के बाद बीजेपी, अब कोई दांव छोड़ना नहीं चाहती। यूपी में आने वाले दिन में एमएलसी को लेकर भी हवाएं तेज़ हैं। कांग्रेस के जतिन प्रसाद भी भाजपा में शामिल हो गए।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

पेट्रोल-डीजल 100 पार

देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आसमान छूती पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने शतक पार कर लिया है, डीजल की कीमतों ने भी राजस्थान में शतक का आंकड़ा पार कर लिया है। इससे अन्य चीजों के भी दाम बढ़ गए हैं। प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों से देश की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही विपक्ष की पार्टियों को विरोध करने के लिए एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्षी दलों यह का कहना है कि जिस मुद्दे पर वह वोट मांगकर सत्ता में आए थे वे आज उसी मुद्दे पर बात तक नहीं करना चाहते। कांग्रेस सरकार के समय भाजपा ही थी जिसने पेट्रोल-डीजल के महंगे दामों का विरोध करने के लिए सदन से वॉक-आउट किया था और देश के अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किया था। डीज़ल और घरेलू गैस के बढ़ते दाम आज बड़ा मुद्दा बन गये हैं, विश कोरोना महामारी के कारण देश के लाखों लोगों पर जहां रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे है वहीं इन सब की बढ़ती कीमतें देश के लोगों पर दोहरी मार है।

- **अजय धांगर**, दिल्ली विवि

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

आपने इस्राइल राज्य के प्रधानमंत्री के तौर पर सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा किया है, मैं आपके नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पीएमएल-एन ने कुलभूषण जाधव मामले पर ठीक तरह से काम नहीं किया। हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की सिफारिशों को क्रियान्वित कर रहे हैं।

- **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री

चिराग पासवान ने कई भारी गलतियां की हैं, जिनके परिणाम अब पार्टी में विभाजन के रूप में सामने आ रहे हैं।

- **आरसीपी सिंह**
जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

व्यवहार न सुधरा तो तीसरी लहर से बचना मुश्किल

- मास्क और सामाजिक दूरी का उल्लंघन कर मॉल, बाजार, शॉपिंग सेंटर में खरीदारी कर रहे लोग
- टीकाकरण तेज करने के साथ कोविड नियमों का सख्ती से पालन करना होगा

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद जिस तरह लोग सामाजिक दूरी की अनदेखी कर बड़ी संख्या में सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर जा रहे हैं और कोविड नियमों का उल्लंघन करते हुए मॉल, बाजार और शॉपिंग केंद्रों में खरीदारी कर रहे हैं, इससे स्वास्थ्य विशेषज्ञ और वायरोलॉजिस्ट महामारी के दोबारा हमला करने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि अभी यह भविष्यवाणी करना तो आसान नहीं है कि कोरोना की तीसरी लहर कब आएगी, लेकिन वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण को बढ़ाना होगा और जनता से कोविड नियमों का पालन कराना होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यदि टीकाकरण अभियान तेज नहीं किया गया और ऐसे नए वेरिएंट ने हमला कर दिया, जिसके खिलाफ प्रतिरक्षा विकसित नहीं हुई है, तो देश में देर-सबेर दोबारा कोविड केस बढ़ सकते हैं। सड़कों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ के हालात देख परेशान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को चेतावनी दी है कि इस समय देश में कोरोना के अत्यधिक संक्रामक वेरिएंट सक्रिय हैं, इसलिए लोग बचाव के लिए सामाजिक दूरी समेत अन्य कोविड नियमों का पालन करें। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार डेल्टा प्लस वेरिएंट पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले हफ्तों में देश में टीकाकरण अभियान और तेज होगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अनलॉक प्रक्रिया के तहत खुले बाजारों में लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करना चाहिए। अनलॉक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी और अनुशासन दोनों ही महत्वपूर्ण चीजें हैं। उन्होंने कहा कि इस समय वायरस का प्रसार बहुत कम हो रहा है। इसलिए क्लस्टर मामलों को रोकना होगा। देश 2020 की तुलना में इस साल अत्यधिक संक्रामक वेरिएंट का सामना कर रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चेतावनी

जम्मू में एक सब्जी मंडी में शारीरिक दूरी के नियमों की अनदेखी कर उमड़ी भीड़।

डेल्टा प्लस स्वरूप अभी तक चिंताजनक नहीं: सरकार

नई दिल्ली(पीएनएस)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस का डेल्टा प्लस स्वरूप अभी तक चिंताजनक नहीं है और देश में इसकी मौजूदगी का पता लगाना होगा और उस पर नजर रखनी होगी। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने संवाददाताओं से कहा कि डेल्टा प्लस नामक वायरस का नया स्वरूप सामने आया है और यह यूरोप में मार्च महीने से है। कुछ दिन पहले ही इसके बारे में जानकारी सार्वजनिक हुई। पॉल ने कहा, इसे अभी चिंताजनक प्रकार के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। चिंता वाला स्वरूप वह होता है जिसमें हमें पता चले कि इसके प्रसार में बढ़ोतरी से मानवता के लिए प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। डेल्टा प्लस स्वरूप के बारे में अब तक ऐसा कुछ ज्ञात नहीं है। लेकिन डेल्टा स्वरूप के प्रभाव और बदलाव के बारे में हमारे आईएनएसएसीओजी प्रणाली के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से नजर रखनी होगी। इसका पता लगाना होगा और देश में इसकी मौजूदगी देखनी होगी। आईएनएसएसीओजी भारत में सार्स-सीओवी-2 के जीनोम संबंधी विश्लेषण से जुड़ा संघ है जिसका गठन सरकार ने पिछले साल दिसंबर में किया था। पॉल ने कहा कि सार्वजनिक रूप से यह बात सामने आई है कि डेल्टा प्लस स्वरूप मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के इस्तेमाल को निष्प्रभावी कर सकता है।

नोवावैक्स टीके की प्रभावशीलता के आंकड़े आशाजनक, उत्साहवर्धक: सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 के खिलाफ नोवावैक्स टीके की प्रभावशीलता के आंकड़े आशाजनक और उत्साहवर्धक हैं तथा इसके नैदानिक परीक्षण भारत में पूर्ण होने के उन्नत चरण में हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़े यह संकेत भी देते हैं कि टीका सुरक्षित व बेहद प्रभावी है। टीका बेहद सुरक्षित व प्रभावी है लेकिन जो तथ्य आज के लिए इस टीके को प्रभावी बनाता है वह यह कि टीके का उत्पादन भारत में सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा किया जाएगा। सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा तैयारी का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है और वे व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त बनाने के लिए परीक्षण कर रहे हैं जो पूर्ण होने के उन्नत चरण में है। मैं यह भी उम्मीद करता हूं कि वह बच्चों पर भी परीक्षण शुरू करेंगे जिसमें हम सबकी विशेष तौर पर रुचि है।

नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह अपने आफिस में एनओएस और आफिशियल स्टाफ के साथ मीटिंग करते हुए।

20 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

बालाघाट (मप्र)। मध्यप्रदेश की बालाघाट पुलिस ने साइबर अपराध करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने कहा दावा किया है और लगभग 20 करोड रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल मध्य प्रदेश, झारखंड और आंध्र प्रदेश से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरोह के सदस्य लोगों से धोखाधड़ी कर ऑनलाइन शॉपिंग कर मोबाइल फोन खरीद लेते थे और लोगों के क्रेडिट व डेबिट कार्ड से रुपए निकाल लेते थे।

इस सिलसिले में बालाघाट (मप्र) के दो, झारखंड के चार और आंध्र प्रदेश के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 300 मोबाइल फोन और 10 लाख रुपए नकद जब्त किए गए हैं। आरोपियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी करके देश के 18 राज्यों के लोगों को ठगा था। एसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्यों के पास से 75 से अधिक डेबिट कार्ड, हार्ड डिस्क, लैपटॉप, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं। गिरोह के सदस्यों से जुड़े 30 से अधिक बैंक खातों की भी जानकारी हासिल हुई है। तिवारी ने बताया कि लगभग 700 लोगों के इस गिरोह से जुड़े होने का संदेह है। गिरफ्तार व्यक्ति ई-कॉमर्स धोखाधड़ी, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड से धोखाधड़ी, और चोरी के सामान की खरीद-बिक्री सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे।

एसपी ने कहा कि गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों द्वारा की गई धोखाधड़ी के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। तिवारी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य ई-कॉमर्स वेबसाइट के जरिए फर्जी पता देकर मोबाइल फोन खरीद लेते थे और बैंक अधिकारी बन कर लोगों से उनका खाता बंद करने की धमकी देकर ओटीपी हासिल कर लोगों के क्रेडिट या डेबिट कार्ड से इन ऑर्डर किए गए फोन का भुगतान कर देते थे। इसके बाद इन मोबाइल फोन को फर्जी बिल बनाकर बेच दिया जाता था।

इस गिरोह ने पिछले पांच-छह माह में लगभग 20 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बालाघाट जिले के दो जालसाजों भटेरा निवासी मनोज राणा और किरनापुर के निवासी हुकुम बिसेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इसके पास से सात लाख रुपए नकद और 74 मोबाइल फोन बरामद किए। एसपी ने बताया कि राणा और बिसेन से पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों में झारखंड के चार लोगों संजय महतो (देवघर), सुशांत अग्रवाल (रांची), प्रभात कुमार (रांची) और विकास कुमार (सरायकेला) तथा आंध्र प्रदेश के दो व्यक्तियों हरि और श्रवण कुमार (चित्तूर) को गिरफ्तार किया गया।

क्विक न्यूज

बाइक सवार अज्ञात हथियारबंद बदमाशों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

सीकर (राजस्थान)। सीकर जिले के नीमकाथाना और पाटन थाना क्षेत्रों में मंगलवार को बाइक सवार अज्ञात हथियारबंद बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पाटन थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश को लेकर की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं नीमकाथाना थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी में एक युवक बाल-बाल बच गया। पाटन के थानाधिकारी बृजेश सिंह तंवर ने बताया कि थाना क्षेत्र के रैया का बास गांव में मंगलवार शाम बाइक सवार तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने रंजिश के चलते सड़क किनारे नहर के पास बैठे बजरंग उर्फ भंजिया (25) पर दो गोलियां चलाई, जो उनके कनपटी और छाती में लगी। उन्होंने बताया कि घायल भंजिया को पाटन के राजकीय सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे कोटपूतली रेफर कर दिया गया। कोटपूतली ले जाते समय बजरंग उर्फ भंजिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर आरोपियों की तलाश के लिए रवाना कर दिया गया है। वहीं नीमकाथाना कोतवाली थानाधिकारी राजेश कुमार डूडी के अनुसार बाइक सवार दो अज्ञात हथियार बंद बदमाशों ने किशना दुकान से सामान लेने गए दीपचंद पर गोलियां चलाई। गोली दीपचंद के कान को छूकर निकल गई। पुलिस ने पीड़ित दीपचंद से पूछताछ कर नजदीकी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। करीब आठ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर युवक ने परिवार को बंधक बनाया

बोलंगिर (ओडिशा)। ओडिशा के बोलांगीर में एक परिवार के लोगों ने अपनी एक रिश्तेदार से शादी के लिए एक युवक का प्रस्ताव ठुकरा दिया जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने मंगलवार को बंदूक की नोक पर परिवार के लोगों को बंधक बना लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिक्रम पांडा बंदूक लेकर शांतिपाड़ा इलाके में दिव्यलोचन होता के घर में घुस गया और होता तथा उनकी पत्नी और बेटे को बंधक बना लिया। पुलिस द्वारा बचाए जाने के बाद होता ने कहा, उसने मेरे सिर पर बंदूक रखी और मेरी भतीजी को लाने को कहा। मैंने बार-बार कहा कि वह घर पर नहीं है लेकिन उस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। हम एक कमरे में घुस गए और भीतर से बंद कर लिया। युवक जब कमरे के बाहर खड़ा था तब पुलिस और अग्निशमन दल के कर्मियों ने परिवार को खिड़की के रास्ते बचा लिया। पांडा होता की भतीजी से प्यार करता था जो एक अस्पताल में काम करती है। लड़की के परिवार ने हाल ही में युवक का विवाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। पुलिस ने कहा कि परिवार को बचाए जाने के बाद पांडा ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और धमकी दी कि कोई पास आया तो वह उसे गोली मार देगा। बोलांगीर के पुलिस अधीक्षक नितिन कुशलकर ने कहा, युवक को पांच घंटे चले अभियान के बाद गिरफ्तार किया जा सका। उसने पुलिस के दल पर कई गोलियां चलाई और खुद को गोली मारने की धमकी दी। अधिकारी ने बताया कि अभियान में कोई हताहत नहीं हुआ। पांडा को पूछताछ के लिए टाउन पुलिस थाने ले जाया गया और पुलिस का एक दल लड़की से भी मिला।

उत्तराखंड में जमीन विवाद में गोलियां चलीं, दो भाइयों की मौत

रुद्रपुर (उत्तराखंड) उधमसिंह नगर के जिला मुख्यालय रुद्रपुर के मलसी गांव में खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े में चली गोली लगने से दो भाइयों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह कुंवर सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छह टीमों का गठन किया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रीतनगर के रहने वाले दो भाई गुरुपेज सिंह और गुरकीर्तन सिंह अपने खेत की जुताई करने गए थे और इसी दौरान पड़ोस के खेत मालिक राकेश उर्फ पप्पू मिश्रा, शिवम मिश्रा और शुभम मिश्रा से उनका मेड़ को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि राकेश मिश्रा ने कथित तौर पर लाइसेंसी बंदूक से पाँच गोलियां चलाईं। घटना में गुरुपेज़ सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गुरकीर्तन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

एडीजी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगे

आगरा। साइबर अपराधियों ने आगरा जोन के एडीजी के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से रुपए मांगे, लेकिन अधिकारियों को इस बारे में जानकारी ही मिलते ही आईडी को ब्लॉक करने और अपराधी का पता लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार फेसबुक पर एक आईडी पर आगरा जोन के एडीजी का फोटो लगाया गया और कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर मदद के नाम पर 10 से 12 हजार रुपए मांगे गए। एडीजी कार्यालय के प्रवक्ता सुलभ शरण ने बताया कि फर्जी आईडी को ब्लॉक कराया जा रहा है और जिन लोगों के पास पैसे के लिए मैसेज भेजे गए, उन्हें झांसे में नहीं आने के लिए सतर्क कर दिया गया है।

भोपाल में कोविड-19 लॉकडाउन खुलने के बाद एक महिला अपने बच्चों के साथ खेलती हुई।

अयोध्या जमीन मामले में कांग्रेस नेता ने अमानत में खयानत की शिकायत दर्ज कराई

इंदौर। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर बनवाने के लिए केंद्र सरकार के गठित ट्रस्ट से संबंधित विवादास्पद जमीन सौदे को लेकर मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यहां पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसके जरिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के आरोपों में प्राथमिकी पंजीबद्ध किए जाने की मांग की गई है। प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव और मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि उन्होंने शहर के छत्रीपुरा पुलिस थाने में सोमवार रात यह शिकायत दर्ज कराई। मिश्रा ने मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा राम मंदिर निर्माण परियोजना के लिए जमीन खरीदने में करीब 16 करोड़ रुपए की हेरा-फेरी की गई। इस कृत्य पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ भादंवि के तहत अमानत में खयानत और धोखाधड़ी के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह भी कहा, मुझे सनातनी हिन्दू होने पर गर्व है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए मैंने इसी साल 1,000 रुपए का चंदा दिया। छत्रीपुरा थाने के प्रभारी पवन सिंघल ने मिश्रा की शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा, वरिष्ठ पुलिस अफसरों से मार्गदर्शन लेने के बाद इस शिकायत पर उचित कानूनी कदम उठाया जाएगा।

आप के सांसद संजय सिंह और सपा के नेता पवन पांडे ने रविवार को आरोप लगाया था कि 18 मार्च को अयोध्या में एक भूखंड का दो करोड़ रुपए में बैनामा (विक्रय विलेख या सेल डीड) कराया गया और इसके कुछ मिनटों बाद ही श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह जमीन 18.5 करोड़ रुपए में खरीद ली। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय इस जमीन सौदे में घोटाले के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ए इल्जाम राजनीति से प्रेरित हैं और इनका मकसद दुष्प्रचार फैलाना है।

महाराष्ट्र का सत्तारूढ़ गठबंधन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में काम करेगा

भाषा। पुणे

- मराठा आरक्षण पर आंदोलन के बजाय मुख्यमंत्री से बात करने की सलाह दी थी भाजपा सांसद को: पवार

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ महा विकास अघाडी (एमवीए) गठबंधन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में काम करेगा और शीर्ष पद के लिए फिलहाल यह एकमात्र फॉर्मूला है। पत्रकारों ने उनसे यहां महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की उस हालिया कथित टिप्पणी के बारे में पूछा जिसमें उन्होंने पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने और पार्टी आलाकमान की सहमति से मुख्यमंत्री पद के लिए खुद चेहरा होने की इच्छा व्यक्त की थी।

पवार ने कहा, फिलहाल केवल एक ही तरह का फॉर्मूला है कि प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में काम करेगा। राकांपा नेता ने कहा कि विधानसभा में बहुमत तय करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। यदि नाना पटोले ने मुख्यमंत्री पद की इच्छा व्यक्त की है तो यह व्यक्त करने का उनका अधिकार है। उन्होंने यह इच्छा इसलिए व्यक्त की क्योंकि वह ऐसा महसूस करते हैं। पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के लिए लोकतंत्र में अंतत: राज्य विधानसभा में 145 सीट के जादुई आंकड़े (288 सदस्यीय विधानसभा में) को प्राप्त करना होता है। जो भी इसे प्राप्त करता है, मुख्यमंत्री पद का दावा कर सकता है।

दूसरी ओर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के राज्यसभा सदस्य संभाजीराजे छत्रपति को मराठा आरक्षण के विषय पर आंदोलन शुरू करने के बजाय इस विषय पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बातचीत करने की सलाह दी गई थी। संभाजी 16 जून को कोल्हापुर से मराठा समुदाय के आरक्षण की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। इस संदर्भ में पवार ने कहा कि राज्य सरकार के दो मंत्री और कोल्हापुर जिले के विधायक प्रदर्शनकारियों से मिलेंगे और उनके विचार जानने की कोशिश करेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने महाराष्ट्र के 2018 के कानून को रद्द कर दिया था जिसमें प्रवेश और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को आरक्षण देने का प्रावधान था। पवार ने संवाददाताओं से कहा, सभी विधायक, कोल्हापुर के संरक्षक मंत्री सतेज पाटिल और ग्रामीण विकास मंत्री हसन मुशरिफ उनके रुख को समझने की कोशिश करेंगे और अपनी राय भी व्यक्त करेंगे।

पिछले कुछ हफ्तों में तृणमूल कांग्रेस के हमलों में भाजपा के 30 से अधिक कार्यकर्ता मारे गए

कोलकाता। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा होने के बाद से तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले डेढ़ महीने में भाजपा के 30 से अधिक कार्यकर्ता मारे गए हैं। घोष ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चक्रवात प्रभावित पीड़ितों के लिए कई लाभों से भाजपा कार्यकर्ताओं को वंचित किया गया है। उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ महीने में हमारे कम से कम 30-32 कार्यकर्ता मारे गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर कभी कोई चर्चा नहीं की। प्रशासन को हिंसक हमलों की परवाह नहीं है। उत्तर बंगाल के लोगों के लिए अलग केंद्र शासित प्रदेश की मांग करने वाले भाजपा नेताओं की बनर्जी द्वारा आलोचना किए जाने के बारे में पूछे जाने पर घोष ने कहा कि वह अहम मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए झूठे बयान दे रही हैं। भाजपा नेता ने दावा किया, मुख्यमंत्री जनता को गुमराह करने और अपने गलत कार्यों से ध्यान हटाने के लिए झूठे और निराधार बयान दे रही हैं। शहर के पूर्व महापौर शोभन चटर्जी की तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्थ चटर्जी से उनके आवास पर मुलाकात के बाद उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच घोष ने कहा कि वह उन लोगों के बारे में चिंतित नहीं हैं, जो स्थिति के अनुकूल होने पर पार्टी में शामिल हुए और बाद में चले गए।

शिअद-बसपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने पानी की बौछारें छोड़ी

भाषा। मोहाली (पंजाब)

मोहाली में मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के आवास का घेराव करने जा रहे शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए मंगलवार को पुलिस ने पानी की बौछार का उपयोग किया। शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने फतेह किट की खरीद में अनियमितताओं और कोविड-19 के टीके कथित रूप से निजी अस्पतालों को देने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य की कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 के लिए गठबंधन करने के बाद यह शिअद, बसपा का पहला संयुक्त प्रदर्शन था। पंजाब बसपा के अध्यक्ष जसबीर सिंह गढी भी प्रदर्शन में मौजूद थे। शिअद के कई नेताओं... सुखबीर सिंह बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और जसबीर सिंह गढ़ी तथा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। इन सभी को कुराली थाने ले जाया गया, जहां से उन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाली सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे और कई स्तर पर अवरोधक लगाए गए थे। शिअद और बसपा ने मोहाली के सिस्वान स्थित मुख्यमंत्री के निजी आवास के घेराव की योजना बनाई थी। शुरुआत में बड़ी संख्या में शिअद और बसपा के प्रदर्शनकारी पहले स्तर के अवरोधक को जबरन पार कर गए। जब उन्होंने दूसरे स्तर के अवरोधक को पार करने का प्रयास किया तो पुलिस ने उनपर पानी की बौछार की। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों की पगड़ी पानी की बौछार से नीचे गिर गई।

मोहाली के पुलिस अधीक्षक सतीन्दर सिंह भी मौके पर मौजूद थे। इससे पहले, शिअद के प्रमुख बादल ने धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फतेह किट की खरीद में अनियमितता और कोविड-19 रोधी टीके की खुराकों को निजी अस्पतालों को देने सहित कई मुद्दों पर राज्य सरकार पर निशाना साधा था। फतेह किट में कोरोना वायरस के मरीजों के लिए एक पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, फेस मास्क, एक स्टीमर, सैनिटाइजर, विटामिन-सी तथा जिंक की गोलियां और कुछ अन्य दवाएं होती हैं।

बादल ने फतेह किट खरीद में कथित अनियमितताओं और कोविड का टीका निजी अस्पतालों को देने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू की गिरफ्तारी की मांग की। मुख्यमंत्री सिंह के संदर्भ में बादल ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल से राज्य से लापता अभिमानी राजा को उसकी कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए वे लोग यहां प्रदर्शन कर रहे हैं। बादल ने कहा कि अगर 2022 में शिअद-बसपा गठबंधन की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार की गतिविधियों में लिप्त कांग्रेस के सभी मंत्रियों को न्याय की जद में लाया जाएगा। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री पर उनकी सरकार के कथित भ्रष्ट मंत्रियों का बचाव करने का आरोप लगाया और पोस्ट-मैट्रिक (10वीं बाद) छात्रवृत्ति के करोड़ों रुपए के कथित घोटाले को लेकर मंत्री साधू सिंह धरमसोट पर भी निशाना साधा।

उत्तर बंगाल को केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने की मांग पर भड़कीं ममता बनर्जी

भाषा। कोलकाता,जलपाईगुड़ी

उत्तर बंगाल के जिलों को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने की भाजपा के दो सांसदों की मांग पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा कि वह बंगाल के किसी भी हिस्से को अपनी स्वतंत्रता नहीं खोने देंगी एवं उसे नई दिल्ली पर निर्भर नहीं होने देंगी। अलीपुरद्वार से भाजपा सांसद जॉन बार्ला के लखीपाड़ा टी गार्डन स्थित आवास पर रविवार को बंद कमरे में हुई एक बैठक में एक पृथक केंद्रशासित प्रदेश की मांग उठी और इसपर चर्चा हुई।

बार्ला ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा, मैंने मांग की। यहां

भाजपा सांसद बार्ला के यहां हुई थी बैठक

पृथक कामतापुरी, ग्रेटर कूच बिहार और गोरखालैंड की मांग को लेकर आंदोलन हुए हैं। मेरा मानना है कि उत्तर बंगाल को अलग किया जाना चाहिए और इसे एक पृथक केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। पूर्व में एक स्वायत्त आदिवासी क्षेत्र के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर चुके नेता ने कहा कि छोटे राज्य बेहतर काम करते हैं। उन्होंने कहा, उत्तर बंगाल की अनदेखी की गई है और इसके समक्ष सुरक्षा संबंधी मुद्दे भी हैं। हमारी अर्थव्यवस्था प्रभावित है, चाय बागान बंद हो रहे हैं। हम केंद्रशासित प्रदेश के रूप में बेहतर स्थिति में होंगे। बार्ला ने कहा

कि वह इस मुद्दे पर क्षेत्र के अन्य सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे तथा मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे। क्षेत्र से भाजपा के चार सांसद हैं और उनमें से कम से कम एक, जलपाईगुड़ी से सांसद जयंत रॉय ने कहा कि यद्यपि बार्ला ने टिप्पणियां निजी हैसियत से कीं, लेकिन वह उनका समर्थन करते हैं।

चुनाव बाद की हिंसा पर राज्यपाल के पत्र का सरकार ने दिया जवाब

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने चुनाव बाद की हिंसा को लेकर राज्यपाल जगदीप धनखड़ द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लगाए गए आरोप वास्तविक तथ्यों के अनुरूप नहीं है। राज्य के गृह विभाग ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए और राज्यपाल द्वारा पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के कदम की आलोचना की और इसे तय नियमों का उल्लंघन करार दिया। गृह विभाग ने ट्वीट कर कहा, सरकार ने निराशा के साथ यह पाया कि बंगाल के राज्यपाल ने उनके द्वारा राज्य की मुख्यमंत्री को लिखे पत्र को अचानक सार्वजनिक किया और पत्र की सामग्री वास्तविक तथ्यों के अनुरूप नहीं है।

आईएसएफ कार्यकर्ताओं के प्रति प्रधान के फरमान से बंगाल के जिले में विवाद

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में उस समय विवाद उत्पन्न हो गया जब एक पंचायत प्रधान ने फरमान जारी किया कि केवल तृणमूल कांग्रेस के प्रति निष्ठा रखने वालों को ही 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना में काम मिलेगा। इस पर आईएसएफ ने कहा कि राजनीतिक झुकाव ऐसे मामलों में कभी भी मापदंड नहीं होना चाहिए।

भांगर में भोगाली द्वितीय पंचायत के प्रधान मुदास्सेर हुसैन ने समर्थकों की बैठक में कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जिन लोगों ने आईएसएफ के पक्ष में काम किया , वे यदि इस योजना के तहत काम पाने को इच्छुक हैं तो उन्हें सत्तारूढ़ दल के प्रति सपर्मण करना चाहिए। वे जब तक हमारे सामने आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तबतक उनपर (इस योजना के लिए) विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यवाहक जीओसी फायर एंड फ्यूरी कोर मेजर जनरल आकाश कौशिक ने लेह युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने गलवान में अपने प्राणों की आहुति दी थी

राजस्थान सरकार वैदिक शिक्षा और संस्कार बोर्ड का गठन करेगी

भाषा। जयपुर

राजस्थान सरकार संस्कृत शास्त्रों और वेदों के ज्ञान को पुनर्जीवित करने के लिए जल्द एक वैदिक शिक्षा और संस्कार बोर्ड का गठन करेगी। राजस्थान के संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष गर्ग ने बताया कि आगामी चार- पांच महीनों में बोर्ड बनने की संभावना है। बोर्ड के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली को परिभाषित करते के लिए गठित एक समित ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। चाहे संस्कृत विश्वविद्यालय हो या स्कूल, वर्तमान सरकार ने पिछली भाजपा सरकार के मुकाबले जबर्दस्त काम किया है। कांग्रेस सरकार ने 2018 के राज्य विस चुनावों में अपने चुनावी घोषणा पत्र में वैदिक शिक्षा और संस्कार बोर्ड की स्थापना और संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उपायों का वादा किया था। सीएम गहलोत ने वेदों पर शोध करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड के गठन के काम में तेजी लाने को कहा था।

संसदीय समिति ने 18 को ट्विटर के अधिकारियों को तलब किया

शशि थरूर हैं अध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली

केंद्र द्वारा ट्विटर को नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली एक संसदीय समिति ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के शीर्ष अधिकारियों को शुक्रवार को बयान दर्ज कराने और सोशल मीडिया मंच के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए प्रतिवेदन देने को तलब किया है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी संबंधित संसद की स्थाई समिति ने सोशल मीडिया मंचों को दुरुपयोग और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए फेसबुक और ट्विटर समेत सोशल मीडिया की कई दिग्गज कंपनियों को तलब किया है। स्थाई समिति की 18 जून को होने वाली बैठक के संदर्भ में जारी एक नोटिस के मुताबिक इसका एजेंडा ट्विटर के प्रतिनिधियों के पक्ष को सुनना है जिसके बाद डिजिटल स्पेस में महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देने समेत नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा सोशलाऑनलाइन मीडिया मंचों के दुरुपयोग की रोकथाम पर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों के साक्ष्यों को देखना है। बैठक का नोटिस लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी किया गया है। इस महीने ही केंद्र सराकर ने ट्विटर को एक आखिरी नोटिस जारी करते हुए उससे नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का अनुपालन करने को कहा था। बीते कुछ महीनों में ट्विटर और केंद्र के बीच कई मुद्दों को लेकर टकराव देखने को मिला है।

कोवैक्सीन की 150 रुपए प्रति खुराक की दर से आपूर्ति लंबे समय तक उचित नहीं: बायोटेक

भाषा। हैदराबाद

भारत बायोटेक ने मंगलवार को कहा कि 150 रूपए प्रति खुराक की दर से केंद्र सरकार को कोविड-19 रोधी कोवैक्सीन टीके की आपूर्ति लंबे समय तक वहनीय नहीं है। उसने एक बयान में कहा कि इसलिए लागत की भरपाई के लिए निजी बाजार में इसके ऊंची कीमत जरूरी है। उसने कहा कि केंद्र के आपूर्ति मूल्य की वजह से भी निजी क्षेत्र के लिए कीमत में वृद्धि हो रही है। कंपनी ने भारत में निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध दूसरे कोविड-19 टीकों की तुलना में कोवैक्सीन की अधिक दर को उचित ठहराते कहा कि कम मात्रा में इसकी खरीद, वितरण में आने वाली अधिक लागत और खुदरा मुनाफे आदि बुनियादी कारोबारी कारणों से कोवैक्सीन महंगी हो जाती है। भारत बायोटेक फिलहाल केंद्र सरकार को 150 रूपए प्रति खुराक, राज्य सरकारों को 400 रूपए प्रति

खुराक और निजी अस्पतालों को 1200 रूपए प्रति खुराक की दर से कोवैक्सीन की आपूर्ति कर रही है। कंपनी ने कहा, भारत सरकार को 150 रूपए प्रति खुराक की दर से कोवैक्सीन टीके की आपूर्ति गैर-प्रतिस्पर्धी कीमत है और यह स्पष्ट रूप से लंबे समय तक वहनीय नहीं है। इसलिए निजी बाजार में उसकी ऊंची कीमत लागत की भरपाई के लिए जरूरी है। केंद्र के निर्देश के अनुसार कोवैक्सीन के कुल उत्पादन का 10 फीसद से भी कम हिस्सा निजी अस्पतालों को दिया जाता है जबकि उसका बाकी बहुत बड़ा हिस्सा राज्यों एवं केंद्र के पास जाता है। भारत बायोटेक ने कहा, ऐसे परिदृश्य में उसे सभी आपूर्ति से कोवैक्सीन पर औसत दाम प्रति खुराक 250 रूपए से भी कम मिलता है। थोड़ा आगे बढ़ा जाए तो , करीब 75 फीसद उत्पादन राज्य एवं केद्र सरकारों को मिलेगा और बस 25 फीसद निजी अस्पतालों के पास जा रहा है। भारत बायोटेक टीके के विकास, क्लिनिकल ट्रायल तथा कोवैक्सीन के लिए निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए अब तक 500 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश कर चुकी है। टीकों एवं अन्य दवाओं का मूल्य निर्धारण जींसों एवं कच्चे मालों की लागत, उत्पाद विफलता, आदि बातों पर निर्भर करता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सार्स कोव 2 वायरस की अभूपर्ति, पशुओं पर अध्ययन , वायरस विश्लेषण, परीक्षण किट और क्लीनिक परीक्षण स्थलों के लिए आंशिक वित्तपोषण में सहयोग किया और इसी के चलते बायोटेक उसे रॉयल्टी देगी।

त्विक न्यूज़

हज समिति ने 2021 के लिए मिले आवेदनों को निरस्त किया

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के मद्देनजर सऊदी अरब की ओर से सिर्फ स्थानीय लोगों को सीमित संख्या में हज की अनुमति दिए जाने के कारण भारतीय हज समिति ने मंगलवार को कहा कि इस साल उसके पास आए सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। हज समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मकसूद अहमद खान की ओर से जारी परिपत्र में सऊदी अरब सरकार के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि हज-2021 के लिए मिले आवेदनों को निरस्त किया जाता है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब के हज एवं उमरा मंत्रालय ने पिछले दिनों फैसला किया था कि दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को देखते इस साल सिर्फ सऊदी के नागरिकों और वहां रहने वाले अन्य लोगों को सीमित संख्या में हज करने की अनुमति दी जाएगी। पिछले साल भी कोरोना महामारी के कारण सऊदी सरकार ने दूसरे देशों से आग्रह किया था कि वे अपने हजयात्रियों को नहीं भेजें। भारतीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने भारत से हजयात्रियों को नहीं भेजने का फैसला किया था। भारतीय हज समिति और निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए हर साल करीब दो लाख लोग भारत से हज यात्रा पर जाते हैं।

केरल हाईकोर्ट ने आयशा की अग्रिम जमानत अर्जी पर पुलिस की राय पूछी

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को फिल्मकार आयशा सुल्ताना की अग्रिम जमानत अर्जी के मामले में लक्षद्वीप पुलिस की राय पूछी। लक्षद्वीप में पुलिस ने आयशा पर राजद्रोह के आरोप में मामला दर्ज किया है। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद लक्षद्वीप पुलिस को उसकी राय बताने का निर्देश दिया और मामले में आगे विचार बृहस्पतिवार को करना तय किया। आयशा ने अपनी अर्जी में दलील दी कि उन्हें पूछताछ के लिए 20 जून को कवरत्ती, लक्षद्वीप में पुलिस मुख्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके कवरत्ती पहुंचने पर गिरफ्तार किए जाने की आशंका है। भाजपा के एक नेता ने आयशा के खिलाफ एक टीवी बहस के दौरान लक्षद्वीप में कोविड-19 के बारे में झूठी खबरें प्रसारित करने की शिकायत की थी जिसके बाद उन पर 10 जून को राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। भाजपा की लक्षद्वीप इकाई के अध्यक्ष अब्दुल कादिर ने शिकायत कराई थी।

जमानत देने के बाद भी पुलिस ने कार्यकर्ता को हिरासत में लिया

गांदेरबल (जम्मू-कश्मीर)। जम्मू-कश्मीर के गांदेरबल जिले के एक राजनीतिक कार्यकर्ता को शांति के प्रति खतरा मानते हुए एहतियातन हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अदालत इस 50 वर्षीय कार्यकर्ता सज्जाद सोफी को जमानत दे चुकी है फिर भी उन्हें पुलिस ने हिरासत में रखा है। दरअसल इस कार्यकर्ता ने कथित तौर पर कहा था कि केंद्र शासित प्रदेश में पदस्थ अधिकारी जो यहां के नहीं हैं, बाहरी हैं ऐसे अधिकारियों से वह कोई उम्मीद नहीं रखते हैं। इस मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सोफी मध्य कश्मीर जिले के साफापोरा में वानी मोहल्ला के रहने वाले हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के सलाहकारों में से एक बशीर अहमद खान के साथ जन संवाद के दौरान अपने मन की बात कहने वाले सोफी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक बृहस्पतिवार को खान के जन दरबार में छह-सात लोगों के समूह को लेकर पहुंचे सोफी ने उनसे कहा था, मैं आपसे उम्मीद रख सकता हूं क्योंकि आप कश्मीरी हो और हमें समझ सकते हो। मैं आपकी कॉलर पकड़ कर आपसे जवाब मांग सकता हूं। लेकिन ऐसे अफसर जो बाहरी हैं, उनसे मैं क्या उम्मीद कर सकता हूं। सोफी का इशारा गांदेरबल की उपायुक्त कृतिका ज्योत्सना की ओर था जो उत्तर प्रदेश काडर से 2014 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उनकी टिप्पणियों से उपायुक्त कथित तौर पर नाराज हो गईं। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक ज्योत्सना अपनी सीट से उठीं और इस बात पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई।

जम्मू में श्रद्धालु कोविड-19 लॉकडाउन में ढील के दौरान बावे वाली माता मंदिर के बाहर पूजा-अर्चना करने के लिए इंतजार करते हुए

भाजपा विधायक सेल्वम का पुडुचेरी विस का अध्यक्ष चुना जाना तय

भाषा। पुडुचेरी

भाजपा विधायक एम्बालम आर सेल्वम का बुधवार को पुडुचेरी विधानसभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। विधानसभा सचिव आर मौनीसामी ने बताया कि विधानसभा में कल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव है और सेल्वम इस पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी हैं। उन्होंने बताया कि इस पद के नामांकन के लिए आज पूर्वाह्न 12 बजे तक की समय सीमा थी लेकिन किसी अन्य उम्मीदवार का नामांकन नहीं मिला। उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने कल विधानसभा की बैठक बुलाई है।

आतंकवाद से जुड़े मामले में तीन को 10 साल कारावास

भाषा। मुंबई

देश में अशांति फैलाने के लिए हिन्दू नेताओं और पत्रकारों की हत्या का षड्यंत्र रचने के मामले में महाराष्ट्र के नांदेड़ से 2012 में गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को यहां स्थित विशेष एनआईए अदालत ने मंगलवार को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश डी ई कोठलीकर ने दो अन्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने 2012 में नांदेड़ से पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। अदालत ने मंगलवार को मोहम्मद अकरम, मोहम्मद मुजम्मिल और मोहम्मद सादिक को गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) तथा शस्त्र कानून के तहत दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। मामले में मोहम्मद इरफान और मोहम्मद इलियास को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

शाह-नड्डा संग नेताओं ने की पंजाब विस चुनाव पर चर्चा

भाषा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जारी किसानों के प्रदर्शनों तथा हाल ही में अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच हुए गठबंधन के मद्देनजर भाजपा आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पंजाब के नेताओं के साथ मंगलवार को दिल्ली में लंबी बैठक कर अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, महासचिव व राज्य के प्रभारी दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग सहित कुछ अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में शर्मा ने बैठक को सामान्य मामला बताया और कहा कि इसमें विधानसभा चुनाव के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि लंबे समय तक भाजपा का सहयोगी रहा अकाली दल कृषि कानूनों के मुद्दे पर राजग से अलग हो गया था। अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा भी दे दिया था। कुछ दिनों पहले ही अकाली दल और बसपा के बीच चुनावी गठबंधन हुआ है। इस ताजा गठबंधन के मद्देनजर भाजपा नए समीकरण बनाने और कुछ अन्य छोटे दलों को साधने की संभावनाएं टटोल रही है। पिछले दिनों गौतम ने पंजाब का दौरा किया था और वहां राज्य के पदाधिकारियों और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों की नब्ज टटोली थी। कृषि कानूनों के खिलाफ सबसे अधिक असर पंजाब में हुआ है और दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जारी किसानों के प्रदर्शन में भी वहीं के किसान प्रमुखता से शामिल हैं।

पूर्व पुलिसकर्मी ने बेटों पर दागी गोलियां, एक मरा

ठाणे (महाराष्ट्र)। नवी मुंबई में एक सेवानिवृत पुलिसकर्मी द्वारा सोमवार को अपने दो बेटों पर की गई गोलीबारी की घटना में घायल एक बेटे की स्थानीय अस्पताल में मंगलवार को मौत हो गई। राबले थाने के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को शाम करीब साढ़े छह बजे ऐरोली में सेवानिवृत पुलिसकर्मी भगवान पाटिल (70) ने कार बीमा प्रीमियम के भुगतान को लेकर कथित रूप से हुई बहस के दौरान अपने बेटों-- विजय (35) और सुजाय (30) पर तीन राउंड गोलियां दागी।

ठाणे में तालाब से बचाए गए मगरमच्छ के बच्चे

ठाणे। महाराष्ट्र के वागले एस्टेट इलाके में एक तालाब से एक मगरमच्छ के बच्चे को बचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक फुट लंबे मगरमच्छ के बच्चे को सोमवार शाम एक स्थानीय संस्था ने बचाया और ठाणे रेंज वन कार्यालय को सौंप दिया। एक अधिकारी ने बताया कि वन्यजीव कल्याण के लिए काम कर रहे एक गैर सरकारी संगठन अब इसकी देखभाल कर रहा है।

पायलट खेमे के एक और विधायक ने स्वर बदला

मुख्यमंत्री गहलोत में जताई आस्था

भाषा। जयपुर

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा के बीच सरदारशहर से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में आस्था जताई और कहा कि राज्य में सियासत की दूसरी लहर धीरे- धीरे ठंडी पड़ जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गहलोत मुख्यमंत्री होने के नाते वरिष्ठ नेता हैं और पायलट सहित सभी को उनको नेता मानना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि लगभग एक साल पहले गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ बगावती रुख अपनाने वाले 19 विधायकों में शर्मा भी थे। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से

कहा, सचिन पायलट को नेता मानता हूं, अशोक गहलोत जी उनके ऊपर हैं। मुख्यमंत्री हैं तो उनको नेता मानना ही पड़ेगा। सचिन जी को भी उनको नेता मानना पड़ेगा। शर्मा का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार व राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सरगर्मी है। राज्य में सियासत की दूसरी लहर से नुकसान के बारे में उन्होंने कहा, यह दूसरी लहर धीरे- धीरे ठंडी पड़ जाएगी। कुछ विधायकों के मंत्री बनने की इच्छा पर उन्होंने कहा, इनकी तो मंत्री बनने की इच्छा है, मेरी तो मुख्यमंत्री बनने की इच्छा थी लेकिन कई बार इच्छाओं का दमन करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पायलट खेमे के विधायक इंद्राज गुर्जर औ पी आर मीणा भी विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गहलोत की प्रशंसा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री गहलोत की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, कोरोना के जो हालात हैं मुख्यमंत्री ने अच्छे से नियंत्रण किया।

बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने कहा : सरकार का साथ देने वालों को मिले इनाम

जयपुर। राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर जारी बयानबाजी के बीच बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने मंगलवार को पायलट खेमे पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी आलाकमान को किसी दबाव में न आकर उन लोगों को इनाम देना चाहिए जो संकट के समय सरकार के साथ खड़े रहे। कई दिनों से जयपुर में डेरा डाले इन विधायकों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन किया। इसमें तिजारा से विधायक संदीप यादव ने पायलट खेमे पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने बगावत की वे अब दबाव बना रहे हैं जबकि सरकार तो हमने बचाई थी। यादव ने कहा, जिन लोगों ने पार्टी के साथ गद्दारी की, जिन लोगों ने सरकार को अस्थिर किया वे लोग अब हाइकमान पर दबाव बना रहे हैं। उनके हिसाब से यह सरकार गिर गई होती, अगर हम 10 निर्दलीय और छह लोग नहीं होते। 19 लोगों के जाने के बाद तो सरकार का बहुमत खत्म हो गया था।

केरल से विस्फोटक बरामद, पीएफआई से संबंधित होने का संदेह

भाषा। नई दिल्ली

केरल के एक वन क्षेत्र से जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर समेत विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है, जहां पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कथित तौर पर एक प्रशिक्षण शिविर संचालित कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य के वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को कोल्लम जिले में छापेमारी की जिसमें जिलेटिन की दो छड़ें, चार डेटोनेटर, बैटरी, कुछ तार और चिपकाने वाले पदार्थ बरामद हुए। जिले के पठानपुरम में केरल वन विकास निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले काजू उत्पादन क्षेत्र में विभाग द्वारा तलाशी ली गई। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी मिली थी।

कोलकाता में लॉकडाउन के दौरान यात्री एक विशेष ट्रेन के माध्यम से कोलकाता के सियालदह स्टेशन पर अपने गंतव्य को जाते हुए

सेंसेक्स, निफ्टी नई ऊंचाई पर, बैंक शेयरों में तेजी

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी दोनों रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। निवेशकों ने महंगाई दर में वृद्धि के बजाए वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख को वरीयता दी। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 221.52 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,773.05 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 52,869.51 के अबतक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 57.40 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,869.25 के रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में एशियन पेंट्स का शेयर रहा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ

बजाज फिनसर्व, डा. रेड्डीज, टाइटन, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड समेत कुछ अन्य शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 लाभ में रहे। खंडवार सूचकांकों में बीएसई रियल्टी सर्वाधिक 1.55 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा उपभोक्ता सामान, बैंक और दैनिक उपयोग के सामान (एफएमसीजी) से जुड़े सूचकांकों में तेजी रही। छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा। बड़ी कंपनियों का सूचकांक 0.35 प्रतिशत मजबूत हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मुद्रास्फीति में तेजी को लेकर चिंता के बावजूद वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू शेयर बाजारों में तेजी बनी रही। वैश्विक बाजार को फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक के परिणाम का इंतजार है। निवेशक यह देखना चाहते हैं कि क्या केंद्रीय बैंक नीतिगत रुख में बदलाव को लेकर केई संकेत देगा।

उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं और ऊर्जा के दाम में तेजी से देश में खुदरा महंगाई दर मई में उछलकर 6.3 प्रतिशत पहुंच गई। यह रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से अधिक है। हालांकि अर्थव्यवस्था खुलने के साथ इसमें नरमी की उम्मीद है। एशिया के अन्य बाजारों में तोक्यो और सोल में तेजी रही जबकि शंघाई और हांगकांग गिर कर बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा।

मई में देश का निर्यात 69.35 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश का निर्यात मई में 69.35 प्रतिशत बढ़कर 32.27 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम उत्पाद तथा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से निर्यात का आंकड़ा बढ़ा है। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 6.28 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल मई में निर्यात 19 अरब डॉलर रहा था, जबकि मई, 2019 में निर्यात 29.85 अरब डॉलर पर था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई में आयात भी 73.64 प्रतिशत बढ़कर 38.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने में 22.2 अरब डॉलर रहा था। इस तरह व्यापार घाटा बढ़कर 6.28 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मई 2019 में आयात 46.68 अरब डॉलर रहा था। मई, 2020 में व्यापार घाटा 3.15 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले दो माह अप्रैल-मई में निर्यात दोगुना से अधिक होकर 62.89 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीनों में 29.41 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल-मई, 2021 के दौरान आयात 84.27 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 39.32 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष के पहले दो माह में व्यापार घाटा 21.38 अरब डॉलर रहा।

पीएफसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में उछलकर 3,906 करोड़ पहुंचा

भाषा। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में कई गुना बढ़कर 3,906.05 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पीएफसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में कंपनी को 693.71 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। पीएफसी की कुल आय 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18,155.14 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में 16,254.65 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2020-21 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 15,716.20 करोड़ रुपए रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 में 9,477.25 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आय आलोच्य वित्त वर्ष में बढ़कर 71,700.51 करोड़ रुपए रही जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 में 61,275.36 करोड़ रुपए थी। पीएफसी के निदेशक मंडल ने 2020-21 के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के शेयर पर दो रुपए प्रति इक्विटी का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी ने मार्च 2021 में 8 रुपए प्रति शेयर अंतरिम लाभांश देने की सिफारिश की थी। महामारी के बारे में कंपनी ने कहा कि दूसरी लहर का उसके कामकाज और वित्तीय स्थिति पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर डिस्कॉम (वितरण कंपनी) नकदी समर्थन के तहत पीएफसी और उसकी अनुषंगी आरईसी ने संयुक्त रूप से अबतक 1,34,782 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जबकि 78,855 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं।

मई में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात पांच प्रतिशत घटा

मुंबई। कोविड-19 की वजह से पैदा हुई अड़चनों से मई, 2021 में देश का रत्न एवं आभूषणों का निर्यात महामारी पूर्व के समान महीने की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 21,188 करोड़ रुपए या 2.89 अरब डॉलर रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी। मई 2019 में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 22,388 करोड़ रुपए या 3.20 अरब डॉलर था। जीजेईपीसी ने बयान में कहा कि देश के रत्न एवं आभूषण निर्यात में विनिर्माण गतिविधियां प्रभावित होने से गिरावट आई। मई में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर की वजह से विनिर्माण गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। हालांकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महनों अप्रैल- मई, 2021 में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 2019 के समान महीनों की तुलना में चार प्रतिशत बढ़कर 46,414.38 करोड़ रुपए या 6.31 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-मई, 2021 में भारत के निर्यात में वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) की वजह से हुई। डीटीए से निर्यात में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) से निर्यात में 31 प्रतिशत की गिरावट आई। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार खुलने, मांग में सुधार तथा विभिन्न मुद्दों पर सरकार के समर्थन की वजह से निर्यात की स्थिति में सुधार आया है।

दूसरी लहर के चलते खुदरा बिक्री 79 प्रतिशत घटी

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय खुदरा विक्रेता संघ (आरएआई) के एक सर्वेक्षण के मुताबिक कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते कई राज्यों में लॉकडाउन के कारण भारत में खुदरा बिक्री 2019 में कोविड से पहले के स्तर के मुकाबले 79 प्रतिशत घट गई। आरएआई ने एक बयान में कहा कि बिक्री में गिरावट पश्चिम और उत्तर भारत में सबसे अधिक थी, जहां मई 2019 के मुकाबले पिछले महीने बिक्री में 83 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी। समीक्षाधीन अवधि में पूर्वी क्षेत्र में 75 प्रतिशत और दक्षिण में 73 प्रतिशत गिरावट हुई। मई 2021 में गिरावट, अप्रैल 2021 के मुकाबले काफी तेज थी। अप्रैल 2021 में बिक्री एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 49 प्रतिशत घटी थी। आरएआई के मुताबिक बिक्री में सबसे तेज गिरावट सौदर्य उत्पादों में आई, जबकि खाद्य उत्पादों में सबसे कम असर पड़ा। आरएआई के सीईओ कुमार राजागोपालन ने कहा कि खुदरा कारोबारियों को जून में कुछ सुधार की उम्मीद है, हालांकि उद्योग को विभिन्न सरकारी निकायों के समर्थन की दरकार है।

बाइडन का यूरोपीय संघ के साथ व्यापार तनाव कम करने पर जोर

एपी। ब्रसेल्स

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूस के राष्ट्रपति के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित बैठक से पहले यूरोपीय सहयोगियों के साथ व्यापार तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटेन में दुनिया के सात प्रमुख देशों के समूह और ब्रसेल्स में नाटो के सहयोगियों के साथ शिखर सम्मेलन के बाद, बाइडन मंगलवार को यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन से मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन के साथ जिनेवा में बुधवार की अपनी बैठक से पहले व्यापक यूरोपीय समर्थन की मांग की है। हालांकि, अमेरिका-यूरोपीय संघ के संबंधों में भी कुछ तनाव हैं।

बाइडन यूरोपीय संघ के शीर्ष अधिकारियों से ऐसे समय मिलेंगे, जब वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने अभी तक अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप के 2018 के विदेशी स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर कर लगाने के फैसले पर कुछ नहीं किया है। इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच विमान कंपनियों बोइंग और एयरबस को दी जाने वाली सरकारी सब्सिडी को लेकर भी विवाद है।

भारत ने स्वाजीलैंड को 10.82 करोड़ डॉलर का सस्ता कर्ज उपलब्ध कराया

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने एस्वातिनी (स्वाजीलैंड) को 10.82 करोड़ डॉलर का सस्ता कर्ज उपलब्ध कराया है। एक्जिम बैंक ने मंगलवार को यह जानकारी देते कहा कि स्वाजीलैंड को यह ऋण नए संसद भवन के निर्माण के लिए दिया गया है। एक्जिम बैंक ने बयान में कहा कि इस ऋण सुविधा पर हस्ताक्षर के साथ अब तक एक्जिम बैंक अफ्रीका, एशिया, लातिनी अमेरिका और सीआईसी के 62 देशों के साथ 26.84 अरब डॉलर के 272 ऋण के करार कर चुका है।

इस ऋण करार पर एक्जिम बैंक महाप्रबंधक निर्मित वेद तथा एस्वातिनी के वित्त मंत्री नील एच रिजकेन्बर्ग ने हस्ताक्षर किए।

बीज की कमी से मध्य प्रदेश के सोयाबीन किसान परेशान

भाषा। इंदौर

देश के सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादक मध्यप्रदेश में खरीफ सत्र की बुआई की तैयारियों में जुटे हजारों किसान इस तिलहन फसल के अच्छे बीजों की कमी से परेशान हैं। जानकारों के मुताबिक इस संकट के समय रहते दूर न होने पर राज्य में पीले सोने के रूप में मशहूर इस नकदी फसल की पैदावार में बड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस बीच राज्य के कृषि मंत्री कमल पटेल ने सोयाबीन की खेती को घाटे का सौदा करार देते हुए किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए खरीफ सत्र में अन्य फसलें बोएं। कृषक संगठन

रकबा व उत्पादन घटने के आसार

किसान सेना के सचिव जगदीश रावलिया ने मंगलवार को बताया कि इस बार प्रदेश में सोयाबीन के मानक बीजों की बड़ी किल्लत है। निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों द्वारा मौके का फायदा उठाते हुए सोयाबीन का बीज 9,000 रुपए से 12,000 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर बेचा जा रहा है और यह मूल्य पिछले साल के मुकाबले दोगुना है। उन्होंने कहा कि राज्य की कई सहकारी समितियों में सोयाबीन का बीज उपलब्ध नहीं है जिससे किसान परेशान हो रहे हैं। राज्य के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि पिछले तीन खरीफ सत्रों के दौरान सोयाबीन की फसल को भारी बारिश और कीटों के प्रकोप से काफी नुकसान हुआ। इस कारण इसके बीज की कमी उत्पन्न हो गई है। राज्य सरकार हालांकि यह कमी दूर करने का प्रयास कर रही है। लेकिन वक्त की जरूरत है कि किसान खरीफ सत्र में बुआई के लिए अन्य फसलों को तरजीह दें। कृषि मंत्री ने कहा कि एक समय था, जब सोयाबीन उगाने से राज्य के किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरी थी। लेकिन अब उत्पादन लागत के मुकाबले उपज का सही मोल न मिल पाने के चलते सोयाबीन की खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रही है।

ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनी

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मोरिसन एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सहमत हो गए जिससे ब्रिटेन के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपनी कारें एवं स्कॉट व्हिस्की बेचना सस्ता हो जाएगा तथा व्यापार की अड़चनें हट जाएंगी। दोनों नेता सोमवार की रात को डाउनिंग स्ट्रीट में एक बैठक में समझौते के मुख्य तत्वों पर सहमत हो गए और आने वाले दिनों में सैद्धांतिक तौर पर समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को तेजी से बढ़ते भारतीय-प्रशांत क्षेत्र में प्रवेश द्वार की भी संज्ञा दी जा रही है। इस क्षेत्र में भारत भी आता है। प्रधानमंत्री जॉनसन ने कहा आज ऑस्ट्रेलिया के साथ ब्रिटेन के संबंधों की एक नई सुबह की शुरुआत हुई है जो हमारे साझा इतिहास और आम मूल्यों पर आधारित है। ब्रिटेन 2020 में ऑस्ट्रेलिया में तीसरा सबसे बड़ा प्रत्यक्ष निवेशक और ऑस्ट्रेलिया से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश था।

इस साल ब्याज दर में वृद्धि की संभावना नहीं

भाषा। नई दिल्ली

मई माह में खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा छह प्रतिशत से फिर निकल जाने के बाद रिजर्व बैंक को आर्थिक वृद्धि के समक्ष आने वाले जोखिमों को लेकर अपना ध्यान फिर से केन्द्रित करना पड़ सकता है।

वैश्विक फर्म आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने मंगलवार को यह कहा। हालांकि इसके साथ ही उसने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि की इस साल अभी संभावना नहीं लगती है। वैश्विक अनुमान जताने वाली कंपनी का कहना है कि मई में मुद्रास्फीति के जो आंकड़े आए हैं वह सतर्क करने वाले

आर्थिक स्थिति में अभी सुधार की गुंजाइश नहीं: आक्सफोर्ड

हैं, वहीं आर्थिक स्थिति में सुधार अभी अनिश्चितता के धरातल पर है जबकि राजकोषीय समर्थन की भी ज्यादा उम्मीद नहीं है ऐसे में रिजर्व बैंक उदार मौद्रिक नीति के रुख को जल्द वापस लेने को तैयार नहीं होगा। आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रासफीति मई में उंची रही है। यह रिजर्व बैंक को आर्थिक वृद्धि के समक्ष आने वाले जोखिमों पर गौर करने के लिए बाध्य कर सकता है। इसके बावजूद हमें लगता है कि इस साल ब्याज दर में वृद्धि की संभावना नहीं है। फर्म के मुताबिक पिछले साल भी कुछ ऐसे ही मामले सामने आए थे जब आपूर्ति पक्ष में व्यवधान से मुद्रास्फीति अचानक बढ़ गई थी, इसी प्रकार के घटनाक्रम का मई में मुद्रास्फीति बढ़ने के पीछे आंशिक योगदान हो सकता है।

हालांकि जैसा कि हमने यह कहा है कि 2021 का लॉकडाउन पहले जैसा सख्त नहीं था, इसमें लोगों की आवाजाही, सामानों और वाहनों की आवाजाही पहले से कहीं अधिक थी। इससे यह पता चलता है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) का कुछ असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर पड़ा इसके साथ ही मांग का भी दबाव इस दौरान बना रहा। खाद्य तेलों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के बढ़ते दाम ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े को मई में छह माह के उच्चस्तर 6.3 प्रतिशत पर पहुंचा दिया। यह रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के तय दायरे से ऊपर है। इससे आने वाले समय में ब्याज दरों में कमी करना मुश्किल काम होगा। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने का काम दिया है।

महामारी के बावजूद वित्तीय संपत्ति 3400 अरब डॉलर हुई: बीजीजी की रिपोर्ट

मुंबई। वैश्विक सलाहकार फर्म बीजीजी के मुताबिक भारत में कोविड महामारी के बावजूद 2020 में वित्तीय संपत्ति 11 फीसदी बढ़कर 3400 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय संपत्ति में 11 फीसदी की वृद्धि 2020 तक पिछले पांच साल के दौरान चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के बराबर है। वित्तीय संपत्ति से आशय व्यस्क व्यक्तियों के पास रियल एस्टेट और देनदारियों को छोड़कर कुल संपत्ति से है। महामारी के शुरुआती दिनों में तेज गिरावट के बाद पिछले साल अप्रैल से शेयर बाजार में लगातार बढी है।

लोगों को काम पर रखने की मांग में एक प्रतिशत का सुधार

मुंबई। महामारी की दूसरी लहर और लॉकडाउन के बावजूद खुदरा, घरेलू इस्तेमाल वाले उपकरणों और दूरसंचार उद्योगों सहित कई क्षेत्रों में अवसरों के बढ़ने के चलते अप्रैल 2021 की तुलना में मई में नौकरियों के लिए नियुक्ति मांग में एक प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मॉनस्टर इंप्लॉयमेंट इंडेक्स के मुताबिक कोविड-19 की दूसरी लहर शुरू होने

रिपोर्ट का दावा

के साथ जहां अप्रैल 2021 में नौकरियों के विज्ञापन में कमी देखी गई थी, मई में स्थिति सुधरती नजर आई। अप्रैल 2021 की तुलना में मई में एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि मई 2021 में मई 2020 की तुलना में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। मॉनस्टर इंप्लॉयमेंट इंडेक्स, मॉनस्टर इंडिया कंपनी द्वारा मासिक आधार पर ऑनलाइन नौकरियों के विज्ञापन डाले जाने का एक व्यापक विश्लेषण है। मॉनस्टर डॉट कॉम के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के असर के बावजूद नियुक्ति में सुधार होते देखना आशाजनक है। उन्होंने कहा उद्योग और कामकाज ने अब मौजूदा स्थिति के हिसाब से ढलना सीख लिया है और इसलिए नियुक्ति की योजनाओं में कम बाधा आ रही है।

पेज 1 का शेष

राहुल के...

की कॉपी में लिखे नामों को पढ़ लेते तो वोट बैंक के मोह में आकर यह ट्वीट करने की हिम्मत नहीं करते। इससे पहले सोमवार को गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के निवासी अब्दुल समद ने अपनी शिकायत में इस तरह के आरोप नहीं लगाए हैं जैसे कि वीडियो में लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस परवेज नाम के एक व्यक्ति को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जिसने झाड़-फूंक का काम करनेवाले समद से ताबीज लिया था। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने समद को जांच में शामिल होने के लिए बार-बार बुलाया, लेकिन वह कभी पुलिस के पास वापस नहीं आया। उन्होंने कहा कि उसे सोमवार को भी बुलाया गया था, लेकिन वह अभी तक नहीं आया है।

लोक जनशक्ति...

भाग लिया। पारस खेमे ने कहा कि नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए पांच दिन में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाई जाएगी। चिराग पासवान बुधवार को संवाददाताओं को संबोधित कर सकते हैं और पार्टी पर नियंत्रण की यह लड़ाई जल्द निर्वाचन आयोग तक पहुंच सकती है। लोकसभा सचिवालय ने सदन में पार्टी के नेता के रूप में पारस को मान्यता दी है। चिराग ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने अपने पिता और परिवार द्वारा स्थापित पार्टी को एकजुट रखने के प्रयास किए लेकिन वह विफल रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। चिराग ने पार्टी में भरोसा जताने वालों का आभार भी जताया। पारस को लिखे पत्र में चिराग ने अनेक मुद्दों पर अपने चाचा की नाखुशी को उजागर किया है जिसमें उनका पार्टी अध्यक्ष होना भी शामिल है। चिराग के करीबी सूत्रों ने कहा कि उन्हें लगता है कि इस विभाजन के पीछे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिमाग हो सकता है क्योंकि वह 2020 के विधानसभा चुनावों में जदयू के खिलाफ लोजपा के तीखे प्रचार के बाद वह लोजपा अध्यक्ष को राजनीतिक रूप से कमजोर कर देना चाहते हैं। चिराग ने चाचा को लिखे पत्र को साझा करके यह दर्शाना चाहा है कि पारस के व्यवहार ने उनके पिता को उस समय आहत किया था जब वह अस्वस्थ थे। उन्होंने लिखा कि जब चचेरे भाई प्रिंस राज को कथित तौर पर एक महिला ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया तो पारस ने तो इसकी अनदेखी की थी लेकिन उन्होंने ही राज को पुलिस के पास जाने की सलाह दी थी। हालांकि प्रिंस ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वह भी लोजपा के सांसद हैं और पारस खेमे में हैं। भाजपा ने पूरे घटनाक्रम पर चुप्पी साध रखी है जिसके नेतृत्व में राजग में लोजपा और जदयू दोनों शामिल हैं।

2018 की...

हुए नीति के अनुसार स्थानान्तरण का आदेश जारी कर दिया है। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने शासन के समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों व सचिवों को इस संबंध में दिशानिर्देश जारी कर दिया है। नीति के अनुसार समूह क व ख के जो अधिकारी अपने सेवाकाल में कुल तीन वर्ष पूरा कर चुके हैं। उन्हें संबंधित जिलों से ट्रांसफर होंगे। समूह क व ख के जिन अधिकारियों ने मंडल में सात वर्ष पूरा कर लिया है को उन मंडलों के बाहर स्थानान्तरित होंगे। समूह क के अधिकारियों को उनके गृह मंडल तथा समूह ख के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनात नहीं किया जाएगा। हालांकि यह प्रतिबंध केवल जिला स्तरीय विभागों व कार्यालयों में ही लागू होगा।

दो मछुआरों...

के वारिसों के नाम पर चार-चार करोड़ रूपए की सावधि जमा बनाएगा। पीठ ने कहा कि मछुआरों के वारिस मुआवजे की राशि के सावधि जमा की अवधि के दौरान ब्याज की रकम निकाल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2012 में भारत ने आरोप लगाया था कि इटली के ध्वज वाले तेल टैंकर एमवी एनरिका लैक्सी पर सवार दो नौसैनिकों ने भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ रहे दो भारतीय मछुआरों की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

ट्विटर ने...

हफ्ते सरकार को पत्र लिखकर आश्वासन दिया था कि वह नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के अनुरूप मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति करने के अंतिम चरण में है और सरकार को एक हफ्ते के भीतर अतिरिक्त ब्यौरा दे दिया जाएगा। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। मंगलवार को ट्विटर के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी नए दिशानिर्देशों का पालन करने की हर कोशिश कर रही है और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को प्रक्रिया के हर कदम पर प्रगति की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक अंतरिम मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है और इससे जुड़ा ब्यौरा जल्द ही मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा। पिछले कुछ महीनों में ट्विटर और भारत सरकार के बीच कई बार टकराव हुए जिनमें किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ टकराव शामिल है। दोनों के बीच तब भी टकराव की स्थिति बनी जब अमेरिकी कंपनी ने सत्तारूढ़ दल भाजपा के कई नेताओं के राजनीतिक पोस्ट को 'मैनिपुलेटेड मीडिया' के तौर पर टैग कर दिया जिसपर केंद्र ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। अंतिम टकराव आईटी नियमों के पालन करने को लेकर हुआ जिसमें ट्विटर देरी कर रही थी। ऐसे में ट्विटर का यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि माइक्रोब्लॉगिंग साइट को आईटी नियमों का पालन करने में देरी के चलते सरकार के कड़े रुख का सामना करना पड़ रहा था। नए नियमों के तहत बड़े डिजिटल मंचों को अपने मंच पर चलने वाली सामग्री को लेकर अधिक जवाबदेह बनना होगा। नए नियमों के तहत ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे बड़े सोशल मीडिया मंचों को अतिरिक्त उपाय करने की जरूरत होगी। इसमें भारत में मुख्य अनुपालन अधिकारी, नोडल अधिकारी और शिकायत अधिकारी की नियुक्ति आदि शामिल हैं।

रोहित और शुभमन करेंगे ओपनिंग

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम घोषित

●उमेश की वापसी मयंक और वाशिंगटन को नहीं मिली जगह

भाषा। साउथम्पटन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट में भारतीय जीत के नायकों में से एक शारदुल ठाकुर की जगह अनुभवी उमेश यादव को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उमेश, मोहम्मद शमी और हनुमा विहारी चोटिल हो गए थे। आईसीसी के टीम प्रोटोकॉल के अनुसार विराट कोहली की अगुवाई में घोषित टीम में इन तीनों ने वापसी की है। यह मैच 18 जून से यहां खेला जाएगा।

शारदुल के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अंतिम 11 में शामिल रहे मयंक अग्रवाल और वाशिंगटन सुंदर को भी 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के नायक अक्षर पटेल भी इसमें जगह बनाने से चूक गए। अंतिम टीम में जगह बनाने से चूकने वाले अन्य बड़े खिलाड़ी अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल हैं।

राहुल अभ्यास मैच के दौरान विराट कोहली की विरोधी टीम के कप्तान थे। राहुल उस मैच में अच्छी लय में दिखे थे लेकिन उनकी नजरअंदाजगी से यह पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के शुरूआत के समय जो पहली पसंद के खिलाड़ी थे वे फिर से टीम में आ गए है।

कोहली के पदभार संभालने के बाद से भारतीय टीम प्रबंधन की यह नीति रही है कि रिजर्व खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के बाद भी टीम में पहली पसंद के खिलाड़ियों को मौका मिले। दूसरे खिलाड़ियों को मौका तभी मिलता है जब कोई वरिष्ठ खिलाड़ी चोटिल हो जाता है।

इस वजह से ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट में अर्धशतक लगाने और सात विकेट चटकाने के बाद भी शारदुल की जगह उमेश को तरजीह दी गई। रविचंद्रन अश्विन टीम में इकलौते विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा की वापसी का मतलब है कि अक्षर पटेल के लिए कोई जगह नहीं थी। राहुल और मयंक को तभी मौका मिलेगा जब टीम प्रबंधन रोहित और गिल को पर्याप्त मौके दे देगा।

रिद्धिमान साहा को आईसीसी के स्थानापन्न खिलाड़ी के नियम के कारण टीम में जगह मिली है क्योंकि विकेटकीपर के चोटिल होने पर उसकी जगह दूसरा विकेटकीपर ही उतर सकता है।

टीम: विराट कोहली (कप्तान) शुभमन गिल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), उमेश यादव, हनुमा विहारी।

श्रीलंका दौरे की भारतीय टीम के सदस्य मुंबई पहुंचे

मुंबई। शिखर धवन की अगुआई वाली भारत की सीमित ओवरों की टीम के सदस्य यहां पहुंचे और सीधे दो हफ्ते के पृथकवास पर चले गए। टीम के सदस्य 28 जून तक पृथकवास पर रहेंगे और इस दौरान हर दूसरे दिन उनका आरटी-पीसीआर परीक्षण होगा तथा छह परीक्षण पूरे होने के बाद टीम श्रीलंका के खिलाफ 13 जुलाई से शुरू हो रही छह मैचों की श्रृंखला के लिए कोलंबो रवाना होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने धवन सहित कुछ खिलाड़ियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया कि टीम इंडिया की श्रीलंका दौरे की सीमित ओवरों की टीम मुंबई में एकत्रित हो चुकी है। टीम में कुछ नए और खुशनुमा चेहरे देखकर अच्छा लग रहा है।

श्रीलंका जाने वाली टीम उसी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करेगी जिसका पालन विश्व टेस्ट चैंपियन और पांच टेस्ट के दौरे पर ब्रिटेन गई टेस्ट टीम ने किया था।

फाइनल के लिए न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम घोषित

●भारत के खिलाफ खेलेंगे केन: स्टीड

भाषा। साउथम्पटन

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने भारत के खिलाफ 18 जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की और चोट से उबरे केन विलियमसन टीम की कप्तानी करेंगे। विलियमसन कोहनी की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे।

टॉम लाथम ने उनकी जगह कप्तानी की थी और न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट आठ विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम की। कमर की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहे बीजे वाटलिंग भी टीम में हैं।

स्टीड ने 18 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए टीम के यहां पहुंचने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केन और बीजे को एक सप्ताह के आराम से फायदा मिला है और हमें उम्मीद है कि फाइनल के लिए वे फिट और उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप फाइनल खेलना खास मौका है और मुझे पता है कि ए खेलने को बेताब होंगे। स्टीड ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत के बावजूद भारत का सामना करना कठिन चुनौती होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम विश्व स्तरीय है और उसके पास कई मैच विनर है। हम किसी मुगालते में नहीं है क्योंकि उनके हराना काफी कठिन होगा। न्यूजीलैंड ने 32 वर्ष के ऐजाज पटेल के रूप में एक स्पिनर को टीम में जगह दी है जिनके साथ हरफनमौला कोलिन डि ग्रांडहोमे होंगे। न्यूजीलैंड ने 20 सदस्ईय टीम में से पांच सदस्यों डग ब्रेसवेल, जैकब डफी, डेरिल मिशेल, रचिन रविंद्र और मिशेल सेंटनेर को बाहर रखा है।

टीम: केन विलियमसन (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कोंवे, कोलिन डि ग्रांडहोमे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लाथम, हेनरी निकोल्स, ऐजात पटेल, टिम साउदी, रोस टेलर, नील वेगनेर, बीजे वाटलिंग, विल यंग।

भारत और इंग्लैंड के बीच महिला टेस्ट आज से

●सात साल बाद दोनों टीमें टेस्ट खेलेंगी

भाषा। ब्रिस्टल

तैयारी के लिए अधिक समय नहीं मिल पाने के बावजूद इंग्लैंड में अच्छे रिकार्ड और सकारात्मक मानसिकता के साथ भारतीय महिला टीम बुधवार से मेजबान के खिलाफ टेस्ट खेलने उतरेगी जो पारंपरिक प्रारूप में सात साल बाद उसकी वापसी होगी। भारत और ब्रिटेन में पृथकवास के बाद मिताली राज की कप्तानी वाली टीम को अभ्यास के लिए बमुश्किल एक सप्ताह मिला जबकि टीम नवंबर 2014 के बाद पहला टेस्ट खेल रही है। मिताली उन सात मौजूदा खिलाड़ियों में से है जिसने मैसुरू में दक्षिण अफ्रीका को उस मैच में हराया था। मिताली, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और झूलन गोस्वामी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने भी हाल ही में टेस्ट मैच नहीं खेला है लिहाजा युवा खिलाड़ियों के लिए तो चुनौती और कठिन होगी जिन्हें घरेलू क्रिकेट में प्रथम श्रेणी मैच खेलने का मौका नहीं मिलता। पुरुष टीम ने साउथम्पटन पहुंचने के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की तैयारी के लिए आपस में ही अभ्यास मैच खेले लेकिन महिला टीम नेट्स पर ही अभ्यास कर सकी जिससे चार दिवसीय मैच के लिए उनकी तैयारी पुख्ता नहीं कही जाएगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि खिलाड़ी फॉर्म में हैं और फिट हैं लेकिन मैच अभ्यास का कोई विकल्प नहीं है। एक दिवसीय मैच हो या चार दिवसीय, नेट्स पर अभ्यास समान ही होता है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह चार दिवसीय मैच है तो समय ही बताएगा कि वे लंबे समय तक मैदान पर रहने या लंबे स्पैल फेंकने में सक्षम हैं या नहीं। अभ्यास मैच खेलते हैं तो दबाव रहता है लेकिन नेट्स पर वह दबाव नहीं रहते।

हरमनप्रीत पहले ही कह चुकी है कि अभ्यास के लिए समय नहीं मिल सका लेकिन उन्होंने कहा कि टीम मानसिक रूप से तैयार है। भारतीय खिलाड़ियों को पुरुष टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे से उपयोगी सलाह भी मिली है।

राहत की बात यह है कि इंग्लैंड ने ड्यूक की बजाय कूकाबूरा गेंद चुनी है। **टीमें:** भारत- मिताली राज (कप्तान), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, पूनम राउत, प्रिया पूनिया, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रौद्रिगेज, शेफाली वर्मा, स्नेह राणा, तानिया भाटिया, इंद्राणी रॉय, झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे, पूजा वस्त्रकार, अरूंधति रेड्डी, पूनम यादव, एकता बिष्ट, राधा यादव। इंग्लैंड- हीथर नाइट (कप्तान), एमिली अर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, कैथरीन ब्रंट, केट क्रॉस, फ्रेया डेविस, सोफिया डंकली, सोफी एक्सेलेटन, जॉर्जिया एल्विस, टैश फरांट, सारा ग्लेन, एमी जोंस, नेट स्किवेर, आन्या श्रुबसोले, मैडी विलियर्स, फ्रान विल्सन, लौरेन विनफील्ड हिल।

पुजारा की उपलब्धियों को कम आंकने वालों को तेंदुलकर ने लताड़ा

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व कप्तान और क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में से एक सचिन तेंदुलकर का मानना है कि चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी शैली भारतीय टीम की सफलता का अभिन्न अंग है और ऐसे लोग उनकी आलोचना करते है जिन्होंने उनके समान देश के लिए उपलब्धियां अर्जित नहीं की हैं। ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रयास के बावजूद पुजारा को अक्सर इस आलोचना का सामना करना पड़ता है कि वह स्कोर बोर्ड को चलायमान रखने के लिए वह जज्बा नहीं दिखाते है। तेंदुलकर ने कहा कि पुजारा को लेकर यह दृष्टिकोण गलत है। उन्होने इसके साथ ही साउथम्पटन में 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले कई मुददों पर बात की। तेंदुलकर ने कहा कि मुझे लगता है कि चेतश्वर पुजारा ने भारत के लिए जो हासिल किया है, उसकी हमें सराहना करनी चाहिए। यह हमेशा स्ट्राइक-रेट के बारे में नहीं होता है।

टेस्ट क्रिकेट में आपको अपनी टीम में फिट होने के लिए अलग तरह की योजना और विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि यह आपके हाथों में पांच ऊंगलियों की तरह है। प्रत्येक ऊंगली की एक अलग भूमिका होती है और पुजारा हमारी टीम का अभिन्न अंग हैं। पुजारा ने भारत के लिए जो किया वह मुझे बहुत पसंद है। उसकी हर पारी को परखने की जगह, उसने भारत के लिए जो किया है हमें उसकी सराहना करनी चाहिए।

राष्टमंडल महिला टी-20 29 जुलाई से होगी

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की महिला टी-20 प्रतियोगिता का आयोजन एजबस्टन स्टेडियम में 29 जुलाई से सात अगस्त तक किया जाएगा जिसकी घोषणा आयोजकों ने मंगलवार को की। महिला टी-20 प्रतियोगिता राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार खेली जाएगी। आठ टीमों की प्रतियोगिता के ग्रुप चरण के मुकाबले चार अगस्त तक होंगे जबकि सेमीफाइनल छह अगस्त को खेले जाएंगे। कांस्य पदक का मुकाबला सात अगस्त को होगा जबकि इसी दिन खिताबी मुकाबला भी खेला जाएगा। तैराकी और गोताखोरी के 11 दिन, क्रिकेट के आठ दिन, जिम्नास्टिक के आठ दिन और मैराथन सहित एथलेटिक्स के सात दिन, 2022 की गर्मियों में शानदार खेल होंगे। यह सिर्फ दूसरा मौका होगा जब क्रिकेट को इन खेलों में जगह दी जाएगी। इससे पहले 1998 में कुआलालंपुर में हुए खेलों में पुरुषों के 50 ओवर के टूर्नामेंट को जगह दी गई थी। एक अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रैंकिंग की शीर्ष छह टीमों के अलावा मेजबान इंग्लैंड को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिलेगा।

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 19 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेंगे

भाषा। नई दिल्ली

शरत कमल और मनिका बत्रा सहित ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारत के टेबल टेनिस खिलाड़ी गुरुवार से सोनीपत में 19 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेंगे। शरत, मनिका और सुतीर्था मुखर्जी को अंतत: एक साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिलेगा जबकि सी साथियान चेन्नई में अपने कोच एस रमन के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग करते रहेंगे। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने विज्ञप्ति में कहा कि डीपीएस (सोनीपत) में 17 जून को शिविर शुरू होगी और पांच जुलाई को खत्म होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से स्वीकृत शिविर टीटीएफआई और खिलाड़ियों के अंतिम प्रयास का नतीजा है। मार्च में दोहा में हुए क्वालीफाइंग के जरिए ओलंपिक में जगह बनाने के बाद से भारतीय खिलाड़ी अपने घरों में हैं क्योंकि देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण उन्हें ट्रेनिंग का मौका नहीं मिला।

शरत और साथियान चेन्नई में थे जबकि मनिका पुणे और सुतीर्था कोलकाता में सीमित अभ्यास कर रही थी। शरत ने कहा कि सबसे पहले तो इससे हमारा मूड बदलेगा। हम सभी महामारी के कारण व्यक्तिगत रूप से ट्रेनिंग कर रहे थे। अब हम अपने काम पर ध्यान लगा सकते हैं। शरत ने कहा कि उन्हें और मनिका को तोक्यो खेलों से पहले घंटों अभ्यास करने की जरूरत है।

इंग्लैंड में लार के बिना भी स्विंग करेगी गेंद: ईशांत

भाषा। साउथम्पटन

भारत के सीनियर तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में गेंद लार के बिना भी स्विंग लेगी और टीम में से किसी को इसे मैच के आखिर तक बरकरार रखना होगा। भारत के लिए 101 टेस्ट खेल चुके ईशांत 18 जून से शुरू हो रहे मैच में भारतीय गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लार के बिना भी गेंद स्विंग लेगी और किसी को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि आखिर तक स्विंग बनी रहे। उन्होंने कहा कि इन हालात में गेंद की हालत अच्छी बनी रही तो गेंदबाजों के लिए विकेट लेना आसान हो जाएगा। कोरोना महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। अब तक 303 टेस्ट विकेट ले चुके ईशांत ने कहा कि आपको अलग तरीके से अभ्यास करके बदलाव के अनुरूप ढलना होता है। भारत में कुछ समय बाद रिवर्स स्विंग मिलती है लेकिन इंग्लैंड में स्विंग के कारण लैंग्थ फुल होती है।

उन्होंने कहा कि आपको लैंग्थ के अनुसार बदलाव करने होते हैं। यह इतना आसान नहीं, क्योंकि यहां के ठंडे मौसम के अनुरूप ढलने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि पृथकवास से और मुश्किल हो जाता है। जिम पर अभ्यास करने और मैदान पर अभ्यास करने में बहुत फर्क है। आपको उसके अनुसार सामंजस्य बिठाना होता है और इसमें समय लगता है।

मैंने कोई प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया: सुमित मलिक

नई दिल्ली। निलंबित भारतीय पहलवान सुमित मलिक ने मंगलवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि प्रतिबंधित शक्तिवर्धक पदार्थ उनके शरीर में कैसे पहुंचा लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि हाल के ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान उन्होंने दर्द निवारक दवाएं ली थीं और मुकाबले के बाद उन्होंने वाडा के फार्म में इसके बारे में सूचना दे दी थी। राष्ट्रमंडल खेलों (2018) के स्वर्ण पदक विजेता मलिक को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ के पाए जाने के बाद अंतरिम तौर पर निलंबित कर दिया है। मलिक ने पिछले महीने बुल्गारिया के सोफिया में आयोजित ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान टोक्यो ओलंपिक के लिए 125 किग्रा वर्ग का कोटा हासिल किया था। उसी टूर्नामेंट के दौरान हालांकि अपने डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

पुर्तगाल ने हंगरी को 3-0 गोल से मात दी

●यूरोपीय फुटबाल कप

●रोनाल्डो ने दो और राफेल ने एक गोल किए

एपी। बुडापेस्ट

मंगलवार को ग्रुप एफ के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन पुर्तगाल ने हंगरी को 3-0 गोल से हरा दिया। यह मैच बुडापेस्ट के पुस्कस अरेना स्टेडियम में खेला गया। पुर्तगाली कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो का यह पांचवां यूरो कप टूर्नामेंट है। वे ऐसा करने वाले पहले फुटबॉलर बन गए हैं। इसके साथ ही वे यूरो कप मेन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने फ्रांस के पूर्व फुटबॉलर माइकल प्लातिनी का रिकॉर्ड तोड़ा। पुर्तगाल ने दूसरे हाफ में आट मिनट के अंदर तीन गोल दागे। इसमें रोनाल्डो ने दो और राफेल गुरेरो का एक गोल शामिल है। पहले

84वें मिनट में राफा सिल्वा के क्रॉस पर गुरेरो ने गोल दागा। इसके बाद 87वें मिनट में हंगरी के ऑर्बन ने राफा सिल्वा पर बॉक्स के अंदर फाउल किया। रेफरी ने ऑर्बन को यलो कार्ड दिया। साथ ही पुर्तगाल को पेनल्टी शूट का मौका दिया। रोनाल्डो ने इस पर कोई गलती नहीं की और गोल दागा। इसके पांच मिनट बाद रोनाल्डो ने राफ सिल्वा के असिस्ट पर इस मैच का तीसरा और अपना दूसरा गोल दागा। पुर्तगाल की टीम यूरो कप के पिछले छह संस्करण में नॉकआउट स्टेज में पहुंचने वाली इकलौती टीम है। 1996 से ये सिलसिला चला आ रहा है। वहीं हंगरी के खिलाफ अब तक पुर्तगाल टीम ने अपना नहीं हारने वाला रिकॉर्ड बनाए रखा। दोनों टीमें अब तक 14 मैच खेल चुकी हैं। इसमें से पुर्तगाल ने 10 मैच जीते और चार मैच ड्रॉ रहे। हंगरी की टीम कभी उन्हें हरा नहीं सकी है।

स्पेन और स्वीडन का मुकाबला ड्रा रहा

सेविले। स्पेन और स्वीडन दोनों मैच में गोल करने के कई मौके मिले लेकिन कोई उन्हें भुना नहीं सका और मैच गोलरहित ड्रा पर छूटा। स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारकर दबाव बनाए रखा लेकिन स्वीडन ने उसे गोल करने का मौका नहीं दिया। स्वीडन ने भी कुछ मौके बनाए लेकिन गोल में नहीं बदल सके। स्पेन ने गेंद पर 75 प्रतिशत कब्जा रखा और 17 प्रयास किए जिनमें से पांच गोल पर थे लेकिन फिनिशिंग तक नहीं जा सके। स्वीडन ने चार प्रयास किए और सभी नाकाम रहे। स्पेन यूरो चैम्पियनशिप के आखिरी 14 ग्रुप मैच में से एक ही में गोल करने में नाकाम रहा है।वहीं स्वीडन ने पिछले 17 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी ड्रा नहीं खेला था। ग्रुप के अन्य मैचों में स्लोवाकिया ने पोलैंड को 2-1 गोल से हराया।

मेसी ने चिली को बराबरी पर रोका

रियो दि जिनेरियो। लियोनेल मेसी के फ्री किक पर शानदार गोल के बावजूद चिली ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में अर्जेंटीना को 1-1 गोल से ड्रा पर रोका। निल्टन सांतोस स्टेडियम पर खेले गए इस मैच से पहले अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई जिनका 60 वर्ष की उम्र में नवंबर में निधन हो गया था। इस महीने के आखिर में 34 वर्ष के हो रहे मेसी के पास शायद कोपा अमेरिका के रूप में अर्जेंटीना के लिए खिताब जीतने का आखिरी मौका है। उन्होंने पहले मैच से पूर्व कहा था कि राष्ट्रीय टीम के लिए खिताब जीतना उनका सबसे बड़ा सपना है। बार्सीलोना के लिए वह कई क्लब खिताब जीत चुके हैं। मेसी ने 33वें मिनट में फ्री किक पर चिली के डिफेंस को छकाते हुए शानदार गोल किया। अर्जेंटीना ने चोटिल स्ट्राइकर एलेक्सिस सांचेज के बिना भी चिली पर दबाव बनाए रखा। दूसरे हाफ में हालांकि चिली की टीम ने शानदार वापसी की और वीडियो रिव्यू पर एक पेनल्टी हासिल की। आर्टुरो विडाल का शॉट गोलकीपर ने रोक लिया लेकिन एडुआर्डो वर्गास के रिवर्स शॉट पर चिली ने 57वें मिनट में बराबरी का गोल किया। मेसी आखिर तक गोल करने के मौके बनाते रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला।

भारत एशियाई कप क्वालीफायर्स फुटबाल के तीसरे दौर में

●अफगानिस्तान को 1-1 गोल से बराबरी पर रोका

भाषा। दोहा

अफगानिस्तान के गोलकीपर ओवेस अजीजी के आत्मघाती गोल से मिली बढ़त को भारतीय टीम यहां फीफा विश्व कप 2022 और एशियाई कप 2023 क्वालीफायर्स में बरकरार रखने में विफल रही लेकिन एक-एक के ड्रा नतीजे के साथ टीम एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। दोनों टीमें विश्व कप 2022 की दौड़ से पहले ही बाहर हो गई थी। एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए भारत को ड्रा जबकि अफगानिस्तान को जीत की जरूरत थी। मैच के 75वें मिनट में भारतीय समर्थकों में उस वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब गेंद अजीजी के हाथ से छटक कर उनके गोल में चली गई। भारतीय टीम हालांकि बढ़त ज्यादा समय तक कायम नहीं रही और अफगानिस्तान ने होसैन जमानी के गोल से 82वें मिनट में स्कोर।-। कर दिया। दोनों टीमों के बीच 2019 में दुशांबे में खेला गया पहले चरण का मैच भी 1-1 से ड्रा रहा था। यह मुकाबला भी बराबरी का रहा, जहां भारतीय टीम ने 10 बार गोल पोस्ट की ओर कीक लगाई तो वहीं अफगानिस्तान की टीम सात बार ऐसा कर सकी। भारतीय टीम ने नौ बार फाउल किए जबकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने 16 बार फाउल किए और उनके तीन खिलाड़ियों को पीला कार्ड दिखाया गया।

अफगानिस्तान के खिलाड़ी कई बार भारतीय खिलाड़ियों से शारीरिक तौर पर भिड़े लेकिन मैच रेफरी अली रीदा ने ज्यादातर बार इसे नजरअंदाज कर दिया। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय टीम इस ड्रा मुकाबले के बाद ग्रुप ई में तीसरे स्थान पर रही। भारत के नाम आठ मैचों में एक जीत, चार ड्रा और तीन हार से सात अंक रहे जबकि अफगानिस्तान इतने ही मैचों में छह अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

जयशंकर ने कतर से द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

● वहां के विदेश व रक्षा मंत्रियों से मुलाकात कर वैश्विक क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का किया आदान-प्रदान

भाषा। दोहा

दोहा में कतर के अपने समकक्ष मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान से भेंट करते भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कतर के विदेश व रक्षा मंत्रियों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और वैश्विक क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। यह एक हफ्ते के अंदर विदेश मंत्री का खाड़ी देश का दूसरा दौरा है। जयशंकर ने केन्या के शीर्ष नेतृत्व के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति समेत वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के एक दिन बाद दोहा में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी के साथ मुलाकात की, जो कतर के उप प्रधानमंत्री भी हैं।

उन्होंने एक ट्वीट में कहा, दोहा में आज कतर के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी के साथ अच्छी मुलाकात हुई। कोविड की दूसरी लहर के दौरान कतर द्वारा प्रदर्शित एकजुटता की सराहना की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने मत साझा किए। बाद में उन्होंने एक और उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा राज्य मंत्री खालिद बिन मोहम्मद अल अतिया से मुलाकात की और वैश्विक व क्षेत्रीय विषयों पर उनसे चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, कतर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा राज्य मंत्री खालिद बिन मोहम्मद अल अतिया से अच्छी मुलाकात हुई। वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर हमारी चर्चा को महत्व दिया। अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने को लेकर हम संकल्पित हैं। दिलचस्प बात यह है कि जयशंकर का दोहा दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब अमेरिकी सेना 11 सितंबर से पहले युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान से निकलने की तैयारी कर रही है। अमेरिका और तालिबान ने युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान में शांति और अमेरिकी सैनिकों की वापसी का रास्ता साफ करने के लिए कई दौर की बातचीत के बाद 29 फरवरी 2020 में दोहा में एक ऐतिहासिक समझौते पर दस्तखत किए थे। भारत अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता का अहम हितधारक है और राष्ट्रीय शांति व सुलह प्रक्रिया का समर्थन करता है, जो अफगान नेतृत्व वाली, अफगानों के स्वामित्व वाली और अफगान नियंत्रित हो। कुवैत के रास्ते में जयशंकर कुछ वक्त के लिए नौ जून को दोहा में रुके थे। जयशंकर ने बुधवार नौ जून को कतर के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोहम्मद बिन अहमद अल मसनद से मुलाकात की और कोविड-19 महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई में खाड़ी देश के सहयोग देने तथा एकजुटता जताने के लिए उनका आभार जताया। इस मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया था, कतर के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोहम्मद बिन अहमद अल मसनद से मिलकर प्रसन्नता हुई। क्षेत्र में तथा उसके आगे विकास पर उनके विचारों की सराहना करता हूं। कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई में सहयोग देने तथा एकजुटता जताने के लिए उनका आभार। कतर में कई लाख भारतीय रहते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच 2019-20 में 10.95 अरब डॉलर का कारोबार था। जयशंकर पूर्वी अफ्रीकी देश के साथ भारत के रिश्तों को और मजबूती देने के लिए शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर केन्या पहुंचे थे। उन्होंने केन्या के राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पत्र सौंपा। केन्या के दौरे से पहले जयशंकर अपने पहले द्विपक्षीय दौरे पर बृहस्पतिवार को कुवैत पहुंचे थे। उन्होंने अपने कुवैती समकक्ष शेख अहमद नासिर अल-मोहम्मद अल-सबा से बृहस्पतिवार को उपयोगी चर्चा की और इस दौरान दोनों पक्षों ने स्वास्थ्य, खाद्य, शिक्षा, ऊर्जा, डिजिटल और कारोबारी सहयोग समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

क्विक न्यूज

सऊदी अरब ने शिया युवक को मृत्युदंड दिया

दुबई। सऊदी अरब ने मंगलवार को 26 वर्षीय एक व्यक्ति को मृत्युदंड दे दिया। इस व्यक्ति पर सरकार के खिलाफ अल्पसंख्यक शिया मुसलमानों के विद्रोह में शामिल होने का आरोप था। अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसकी निन्दा करते हुए कहा कि मुस्तफा बिन हाशिम बिन इसा अल दारविश से संबंधित मुकदमे में गंभीर खामियां थी। इसने कहा कि यह स्पष्ट नही है कि क्या इस व्यक्ति को नाबालिग के रूप में किए गए अपराध के लिए सजा दी गई। मानवाधिकार समूह ने कहा कि इस व्यक्ति को 2015 में गिरफ्तार किया गया था। उसपर 2011 से 2012 के बीच दंगों में शामिल होने का आरोप था। आरोपपत्र में उसके द्वारा किए गए अपराध की तारीख का उल्लेख नही है जिसका मतलब यह है कि घटना के समय वह 17 साल का रहा हो या 18 साल की शुरुआती उम्र में रहा हो। पिछले साल सल्तनत ने उन लोगों को मृत्युदंड देने पर रोक लगा दी थी जिन्होंने अपराध नाबालिग उम्र में किया हो। अरब क्रांति के दौरान समूचे क्षेत्र को इसका सामना करना पड़ा था और सऊदी सल्तनत को भी इसका तब सामना करना पड़ा था जब पूर्वी प्रांत में शिया लोग सड़कों पर प्रदर्शन के लिए निकल पड़े थे। सुरक्षाबलों ने इन प्रदर्शनों को कुचल दिया था।

पाकिस्तान में कोविड-19 टीका न लगवाने वालों के सिम कार्ड ब्लॉक करेगी सिंध सरकार

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने पंजाब प्रांत की सरकार से प्रेरणा लेते हुए मंगलवार को घोषणा की कि वह कोविड-19 टीका लगवाने से इनकार करने वालों के मोबाइल सिम कार्ड बंद करेगी। जियो टीवी की खबर के अनुसार सिंध के सूचना मंत्री सैयद नासिर हुसैन शाह ने यहां राजधानी में एक टीकाकरण केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद इस निर्णय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि टीका न लगवाने वालों के मोबाइल सिम कार्ड ब्लॉक किए जाएंगे। पंजाब सरकार द्वारा ऐसा ही कदम उठाए जाने के कुछ दिन बाद यह फैसला लिया गया है। इस बीच, पाकिस्तान में मंगलवार को 15 फरवरी के बाद पहली बार एक दिन में 1,000 से कम मामले सामने आए। इस दौरान कुल 838 लोग संक्रमित पाए गए, जिसके बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या 943,027 हो गई। देश में संक्रमण की दर 2.39 प्रतिशत है। एक दिन में 59 रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 21,782 हो गई है। खबर के अनुसार बीते 24 घंटे में कुल 1,576 लोगों के संक्रमण से उबरने के बाद ठीक हो चुके लोगों की कुल संख्या 880,316 हो गई है। उपचाराधीन रोगियों की संख्या 40,929 है।

सोमालिया में सैन्य स्थल पर आत्मघाती हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत

मोगादिशू। सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर मंगलवार को आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य जख्मी हुए है। पुलिस प्रवक्ता सादिक अली आदेन ने पत्रकारों को बताया कि आत्मघाती विस्फोटक से भरी जैकेट पहना हुआ था और वह शहर के मदीना जिले में स्थित केंद्र में घुसा और विस्फोट कर दिया। अल कायदा से जुड़े अल-शबाब चरमपंथी समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस प्रशिक्षण केंद्र का इस्तेमाल सोमालिया राष्ट्रीय सेना भर्ती किए गए नए कर्मियों के लिए करती है। विस्फोट की चपेट में आकर हताहत हुए लोगों को मदीना अस्पताल ले जाया गया जहां स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 14 लोग गंभीर रूप से जख्मी है। पीड़ितों में अपने प्रिय जनों का पता लगाने के लिए सैकड़ों लोग अस्पताल में जमा हो गए।

शिकागो में एक घर में विवाद के बाद गोलीबारी, चार लोगों की मौत, चार घायल

शिकागो। अमेरिका में शिकागो के साउथ साइड इलाके के एक घर में बहस के बाद हुई गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की यह घटना मंगलवार तड़के करीब 5:42 बजे हुई। इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है। पुलिस को पीड़ितों के बारे में थोड़ी जानकारी मिली है। माना जा रहा है कि इनमें से कोई भी नाबालिग नही था। घटना में मारे गए लोगों की पहचान तत्काल उजागर नही की गई है। पुलिस के मुताबिक, चार घायलों में से 25 वर्षीय युवक और एक अन्य व्यक्ति के सिर में पीछे से गोली मारी गई। इनकी हालत के बारे में जानकारी सामने नही आई है, जबकि 23 वर्षीय युवती और एक अन्य महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के दंपति की करंट लगने से मौत

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के एक युवा दंपती की करंट लगने से मौत हो गई। दो सप्ताह पहले ही इनकी शादी हुई थी। जहीर सारंग और नबीलाह खान का शव रविवार दोपहर उनके बाथरूम में बरामद हुआ। सोमवार को उन्हे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। ऐसा माना जा रहा है कि नल छूने पर पहले पत्नी को करंट लगा और फिर जब पति ने उसे बचाने की कोशिश की तो उसकी भी करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के प्रवक्ता कप्तान मवेला मसोंदो ने दोनों की मौत की पुष्टि की है लेकिन कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का उचित कारण पता चल पाएगा।जोहान्सबर्ग, सिटी पावर में बिजली प्राधिकरण ने भी मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में दैनिक बिजली की कटौती और बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सिटी पावर की कथित अक्षमता को दोषी ठहराया है। सिटी पावर के प्रवक्ता इस्साक मैगेना ने कहा, सोमवार की सुबह से दल जांच में जुटा है और कुछ भी ठोस पता चलने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। एक पड़ोसी ने बताया कि इलाके में कई लोगों ने नल छूने पर करंट लगने की शिकायत की है, लेकिन इससे किसी की मौत का यह पहला मामला है।

चीन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र में रिसाव की खबरें

बीजिंग (भाषा)। चीन में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र में रिसाव की खबर आ रही हैं। हालांकि इन समाचारों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि आसपास के क्षेत्रों में कोई असामान्य पर्यावरणीय रेडियोधर्मी स्तर नही है और जनता की सुरक्षा की गारंटी है। सीएनएन की सोमवार की खबर के मुताबिक, फ्रांसीसी कंपनी फ्रामेटोम ने अमेरिका के ऊर्जा विभाग को पत्र लिखकर विकिरण संबंधी आसन्न खतरे के प्रति आगाह किया था और चीन के अधिकारियों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने संयंत्र के बाहर विकिरण की स्वीकार्य सीमाओं को बढ़ाने का आरोप लगाया था ताकि संयंत्र को बंद नही करना पड़े। सीएनएन की इस खबर के बाद चीन की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें सक्षम अधिकारियों से अब तक मिली जानकारी के आधार पर, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि ताइशान परमाणु ऊर्जा संयंत्र तकनीकी विशिष्टताओं की आवश्यकताओं को पूरा करता है और बिजली संयंत्र के आसपास के क्षेत्रों में कोई असामान्य पर्यावरणीय रेडियोधर्मी स्तर नही है, इसलिए सुरक्षा की गारंटी है। झाओ ने कहा कि चीन परमाणु सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देता है। उन्होंने कहा, हम अपनी परमाणु सुरक्षा नियामक प्रणाली को अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रखते है।

अंतरिक्ष में होने वाले हमलों के खिलाफ भी मिलकर लड़ेंगे नाटो राष्ट्र

एपी। ब्रसेल्स

नाटो के सदस्य राष्ट्रों ने सोमवार को अपने सामूहिक रक्षा प्रावधान सबके लिए एक, एक के लिए सब को और व्यापक करते हुए इसमें अंतरिक्ष में होने वाले हमलों के खिलाफ भी मिलकर लड़ने का आह्वान किया। इस सैन्य संगठन के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के समझौते के अनुच्छेद पांच के मुताबिक, गठबंधन के 30 में से किसी भी सहयोगी पर हमले को सभी पर हमला माना जाएगा। अब तक यह केवल परंपरागत सैन्य हमलों जैसे जल, थल व वायु से संबंधित था लेकिन हाल ही में इसमें साइबर हमलों को भी जोड़ा गया था। नाटो के नेताओं ने एक वक्तव्य में कहा कि वे मानते हैं कि अंतरिक्ष में, अंतरिक्ष से और अंतरिक्ष पर हमला नाटो के लिए चुनौती हो सकता है जो राष्ट्रीय, यूरो एटलांटिक समृद्धि, सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा हो और यह आधुनिक समाजों के लिए परंपरागत हमले की तरह ही नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने कहा, ऐसा हमला होने पर अनुच्छेद पांच प्रभावी हो जाएगा। हालांकि ऐसे हमले होने पर अनुच्छेद पांच के प्रभावी होने के बारे में फैसला मामले दर मामले के आधार पर नाटो द्वारा लिया जाएगा।

पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले करीब 2000 में से आधे उपग्रहों का संचालन नाटो देशों के पास है, जो मोबाइल फोन, बैंकिंग सेवाओं से लेकर मौसम पूर्वानुमान आदि से जुड़े हैं। इनमें से कई उपग्रह ऐसे हैं जिनका इस्तेमाल सैन्य कमांडर नौवहन, संचार, खुफिया जानकारियां साझा करने तथा मिसाइल लांच का पता लगाने के लिए करते हैं। दिसंबर 2019 में नाटो के नेताओं ने भूमि, समुद्र, वायु और साइबरस्पेस के बाद अंतरिक्ष को अपने अभियानों के लिहाज से पांचवा क्षेत्र घोषित किया था। कई सदस्य देश अंतरिक्ष में चीन और रूस के आक्रामक होते बर्ताव को लेकर चिंतित हैं। करीब 80 देशों के उपग्रह हैं तथा कई निजी कंपनियां भी इस क्षेत्र में उतर रही हैं। 1980 के दशक में नाटो के संचार का एक छोटा सा हिस्सा ही उपग्रहों के जरिए होता था आज यह कम से कम 40 फीसदी है। नाटो के सामूहिक रक्षा प्रावधान को अब तक केवल एक बार, अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए हमले के चलते प्रभावी किया गया था। तब सभी सदस्य देश अमेरिका के समर्थन में एकजुट हो गए थे। बाइडन ने सोमवार को कहा था कि अनुच्छेद पांच नाटो सहयोगियों के बीच एक पवित्र दायित्व है। उन्होंने कहा था, मैं पूरे यूरोप को यह बताना चाहता हूं कि अमेरिका आपके लिए खड़ा है, अमेरिका आपके लिए है।

ब्रिटेन में होने वाले इंडिया ग्लोबल फोरम में मुख्य वक्ता होंगे जयशंकर और सीतारमण

भाषा। लंदन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ब्रिटेन में आयोजित होने वाले इंडिया ग्लोबल फोरम के मुख्य वक्ता होंगे। मंगलवार को इसकी पुष्टि हुई।

फोरम में कोविड महामारी के बाद विकास को लेकर भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा होगी। लंदन में 29 जून से एक जुलाई तक आयोजित होने वाले इंडिया ग्लोबल फोरम में दुनियाभर से विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम गेब्रेएसस, न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर माइकल ब्लूमबर्ग और सीआईए के पूर्व महानिदेशक डेविड एच. पैट्रियस शामिल होंगे। इसमें टीका और दवा उत्पादन में भारत की भूमिका और जलवायु परिवर्तन तथा वैश्विक आर्थिक स्थिति में समान सुधार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा होगी। भारत से वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी जैसे अन्य वरिष्ठ मंत्री भी फोरम को संबोधित करेंगे। फोरम के आयोजकों इंडिया इंक ग्रुप के सीईओ मनोज लडवा ने कहा, इस साल इंडिया ग्लोबल फोरम में महामारी के बाद दुनिया को सही आकार देने के लिए क्या और कैसे कदम उठाए जाएं, इस बारे में अत्यावश्यकता और अधीरता की भावना लेकर आया है। उन्होंने कहा, यह वह जगह है जहां जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सुधार और अवसर, डिजिटल परिवर्तन, और नए युग के साम्राज्यवादी और कट्टरपंथी खतरों से निपटने के बड़े वैश्विक मुद्दों पर बहस होती है।

चीन ने ताइवान की तरफ 28 लड़ाकू विमान भेजे

ताइपे (एपी)। चीन ने मंगलवार को स्वशासित द्वीप ताइवान की तरफ 28 लड़ाकू विमान भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह दावा किया। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल से बीजिंग के लड़ाकू विमान लगभग रोजाना ताइवान की तरफ उड़ान भर रहे हैं और मंगलवार को अब तक सबसे अधिक संख्या में एक ही दिन में ऐसे विमानों ने द्वीप की तरफ उड़ान भरी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान की वायु सेना ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए अपने लड़ाकू वायु दस्ते को तैनात किया और अपनी वायु रक्षा प्रणाली के जरिए द्वीप के दक्षिण-पश्चिम भाग में निगरानी बढ़ाई। उन्होंने कहा कि ताइवान की तरफ आए विमानों में 14 जे-16 और छह जे-11 लड़ाकू विमान शामिल रहे। जी-7 समूह देशों के नेताओं ने रविवार को बयान जारी कर ताइवान जलडमरूमध्य मुद्दे को शांतिपूर्व सुलझाने का आह्वान किया था, जिसके बाद चीन ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है।

इजराइल में अब घरों के अंदर मास्क लगाने की आवश्यकता नहीं

यरुशलम (एपी)। इजराइल ने बेहद सफल टीकाकरण अभियान के बाद अब घरों में मास्क लगाने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह पाबंदी मंगलवार को हटाई गई, हालांकि लोगों को अब भी विमानों में और पृथकवास केंद्र जाने के दौरान मास्क लगाना होगा। जिन लोगों को अब तक कोविड रोधी टीका नहीं लगा है उन्हें नर्सिंग होम और अन्य दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुविधाओं में मास्क का इस्तेमाल करना होगा। इजराइल ने अपनी लगभग 85 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण कर दिया है जिसके बाद वहां स्कूलों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को पूरी तरह खोल दिया गया है। इजराइल की 90 लाख से ज्यादा की आबादी में कोरोना वायरस के महज कुछ दर्जन उपचाराधीन मरीज ही हैं। अधिकारी कोरोना वायरस के नए स्वरूप को लेकर बढ़ी चिंताओं के कारण हालांकि विदेशी लोगों का स्वागत करने को लेकर थोड़ी सतर्कता बरत रहे हैं।

बेल्जियम के पुर्स में फाइजर फार्मास्युटिकल कंपनी की कामकाजी यात्रा के दौरान एक बैनर पर हस्ताक्षर करते कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो (बाएं) और बेल्जियम के प्रधान मंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू

अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीम पर हमला, पांच सदस्यों की मौत

एपी। काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान में मंगलवार को बंदूकधारियों ने पोलियो टीकाकरण अभियान को निशाना बनाया, जिसमें दो टीकाकरण टीमों के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नांगरहार प्रांत के गर्वनर के प्रवक्ता अताउल्ला खोगयानी के मुताबिक जलालाबाद शहर और पास के जिलों खोयानी तथा सुरखुर्द में हुए इन हमलों की फिलहाल किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। जलालाबाद इस प्रांत की राजधानी है। देश के पूर्वी हिस्से में पोलियो रोधी अभियान का समन्वय कर रहे डॉ जान मोहम्मद ने बताया कि हमले में पोलियो टीकाकरण टीमों के पांच सदस्य मारे गए, जबकि कम से कम चार सदस्य घायल हो गए। खोगयानी ने इन हमलों को कायराना करार दिया है। उन्होंने बताया कि दो घायलों की हालत नाजुक है। दुनिया में अफगानिस्तान और पाकिस्तान में ही पोलियो का अब तक उन्मूलन नहीं हो पाया है। पिछले साल नाइजीरिया पोलियो मुक्त हो गया।

मार्च में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने कहा था कि उसने अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद में पोलियो टीकाकरण टीम से जुड़ी तीन महिलाओं की हत्या की है। अफगानिस्तान सरकार यूनिसेफ की मदद से 96 लाख बच्चों को पोलियो के टीके देना चाहती है। वर्ष 2020 में अफगानिस्तान में पोलिया के 54 नए मामले आए थे। आतंकियों के खतरे के मद्देनजर पोलियो टीकाकरण टीम को सुरक्षा भी मुहैया कराई जाती है। इसके बावजूद अफगानिस्तान और पड़ोस के पाकिस्तान में आए दिन पोलियो टीम को निशाना बनाया जाता है। पिछले सप्ताह उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण टीम को सुरक्षा प्रदान करने वाले दो पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई थी।

चीन की साइबर जासूसी में अमेरिका के अहम प्रतिष्ठान बने निशाना

एपी। रिचमॉन्ड (अमेरिका)

संदिग्ध रूप से चीन के इशारे पर काम करने वाले हैकरों ने आंतरिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए बनाए गए उपकरण को हैक करके अहम अमेरिकी प्रतिष्ठानों के कम्प्यूटरों तक पहुंच बना ली। पल्स कनेक्ट सिक्योर नेटवर्किंग उपकरणों को हैक किए जाने का पता अप्रैल में लगा था, लेकिन इससे कितना नुकसान हुआ है, यह अब स्पष्ट होना शुरू हुआ है। एसोसिएटेड प्रेस को पता चला कि हैकरों ने दूरसंचार कंपनी वेरिजोन और देश की सबसे बड़ी जल एजेंसी को निशाना बनाया। इस माह की शुरुआत में खबर मिली थी कि देश की सबसे बड़ी न्यूयॉर्क सिटी सबवे प्रणाली पर भी हमला हुआ।

सुरक्षा अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि पल्स सिक्योर पर हमले के तहत कई अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया, जिनके नाम अभी तक नहीं बताए गए हैं। कई कंपनियां और सरकार अपने नेटवर्कों की सुरक्षा के लिए पल्स सिक्योर का इस्तेमाल करती हैं। अभी यह अस्पष्ट है कि क्या कोई संवेदनशील जानकारी लीक हुई है या नहीं। हैक हुए कुछ प्रतिष्ठानों का कहना है कि उन्हें आंकड़े लीक होने के बारे में कोई सबूत नहीं मिला है। यह अनिश्चितता साइबर जासूसी में आम बात है और जानकारी चोरी होने के बारे में पता लगने में महीनों लग जाते हैं। पल्स कनेक्ट सिक्योर ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही संवेदनशील जानकारी लीक नहीं हुई हो, तब भी यह चिंता की बात है कि हैकर अहम संगठनों के नेटवर्क तक पहुंच बनाने में सफल हुए। मैंडिएंट साइबर सुरक्षा कंपनी के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी चार्ल्स कार्मकल ने कहा कि हैकर कुछ बहुत हाई-प्रोफाइल संगठनों तक पहुंच बनाने में सफल रहे, जिनमें से कई बहुत सुरक्षित थे।

शेरपा ने वैश्विक महामारी के दौरान अपने समुदाय की मदद के लिए बचत का किया इस्तेमाल

काठमांडू। नेपाल के खूबसूरत हिमालई पर्वत हमेशा से विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का बड़ा केंद्र रहे हैं लेकिन ए कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण एक साल से अधिक समय से सुनसान पड़े हैं, जिसके कारण लाखों शेरपा गाइड की आजीविका प्रभावित हुई है। इस मुश्किल घड़ी में मानवता की मिसाल पेश करते हुए आंग पूर्बा शेरपा अपने साथियों की मदद करने के लिए आगे आए हैं और अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे हैं। वह अपनी बचत से खरीदा गया चावल, दाल, खाना पकाने का तेल और अन्य आवश्यक सामग्री काठमांडू में दर्जनों परिवारों को मुहैया करा रहे हैं। शेरपा ने कहा, मैं हर प्रकार की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता कि हमें हमारे समुदाय के लिए कुछ करना चाहिए। नेपाल में बसंत और पतझड़ ऋतु में हर साल बड़ी संख्या में पर्वतारोही आते हैं।

एलएसी पर बफर जोन बनाया जाए

भाषा। बीजिंग

● सेवानिवृत्त चीनी सैन्य अधिकारी ने टकराव रोकने के लिए दिया सुझाव

चीन के एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने प्रस्ताव दिया है कि उनके देश और भारत को मौजूदा विश्वास बहाली उपायों का क्रियान्वयन करना चाहिए। साथ ही, सीमा विवाद को टकराव का रूप लेने से रोकने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगे सर्वाधिक खतरनाक क्षेत्रों में बफर जोन बनाने के सर्वाधिक साहसिक कदम के साथ इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहिए। भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी सीमा झड़प के एक साल पूरे होने के मौके पर हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट समाचार पत्र में मंगलवार को चीन और भारत को सीमा गतिरोध पर आगे बढ़ने के लिए अतीत पर विचार करना चाहिए शीर्षक वाले आलेख में पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के वरिष्ठ कर्नल (सेवानिवृत्त) झाउ बो ने कहा, यह जानलेवा घटना खौफनाक थी जो बल प्रयोग नहीं करने के लिए दोनों देशों के बीच बनी दशकों पुरानी सहमति को तोड़ने के करीब थी।

गौरतलब है कि करीब पांच दशकों में सीमावर्ती इलाके में चीनी सैनिकों के साथ हुई प्रथम घातक झड़प में गलवान घाटी में पिछले साल 15 जून को 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। इसके चलते दोनों देशों की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख के टकराव वाले स्थानों पर भारी संख्या में सैनिक और हथियार तैनात किए थे। फरवरी में, चीन आधिकारिक रूप से स्वीकार किया था कि भारतीय सैनिकों के साथ झड़प में उसके भी पांच सैन्य अधिकारी मारे गए थे। हालांकि, यह व्यापक रूप से माना जाता है कि इसमें मारे गए चीनी सैनिकों की संख्या कहीं अधिक थी। यहां सिंगुआ

विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर इंटरनेशनल सिक्युरिटी ऐंड स्ट्रेटजी में सीनियर फेलो बो ने तनाव घटाने के लिए अपने प्रस्तावों वाले आलेख को चीन की आधिकारिक मीडिया के बजाय हांगकांग मीडिया में प्रकाशित करने का विकल्प चुना। उन्होंने इसमें कहा है, घातक सीमा झड़प के सदमे के साल भर बाद, अब भी काफी तनाव बना हुआ है क्योंकि असत्यापित एलएसी को लेकर मुद्दों का समाधान करने के तरीकों पर सहमति नहीं बन पाई है। बो ने कहा कि इसके प्रभाव आज भी महसूस किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुए भारत की मदद के लिए चीन ने जब मदद का हाथ बढ़ाया, तब उसे गैर दोस्ताना रवैए के रूप में प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार यह बयां करता है कि रिश्ते किस कदर ठंडे पड़ गए हैं।

उन्होंने सुझाव दिया, टकराव से बचने के लिए दोनों पक्षों को विश्वास बहाली पर पूर्व में बनी सहमति पर फिर से आगे बढ़ना चाहिए और कम विवादास्पद उपायों का क्रियान्वयन करना चाहिए। अपने लंबे आलेख में बो ने विवाद को टकराव का रूप लेने से रोकने के सवाल पर पूर्वी लद्दाख में शेष इलाकों से सैनिकों की वापसी की भारत की मांग का भी जिक्र किया। बो ने जिक्र किया, पीछे मुड़कर देखने की जरूरत है। 1993 और 2013 के बीच चीन और भारत के बीच विश्वास बहाली उपायों पर सरकारी एवं सैन्य स्तरों पर चार समझौते हुए थे। चीन द्वारा किसी अन्य देश के साथ हस्ताक्षर किए गए द्विपक्षीय समझौतों से यह कहीं अधिक है। उन्होंने कहा, इन समझौतों में दोनों देशों ने एक बार फिर से यह दोहराया कि वे एलएसी पर अपने-अपने सैन्य बलों को घटाएंगे या सीमित कर न्यूनतम संख्या पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा, असल में, दोनों पक्ष क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत कर रहे हैं। संकट के मद्देनजर इसमें आश्चर्य करने की कोई बात नहीं है। लेकिन जब माहौल ठंडा हो गया है तब दोनों देशों को इस बारे में सोचना चाहिए कि वे किस तरह से सीमावर्ती इलाकों को शांतिपूर्ण और स्थिर बना सकते हैं। बो ने कहा, शायद सर्वाधिक साहसिक कदम एलएसी से लगे इलाके में सर्वाधिक खतरनाक क्षेत्रों में बफर जोन बनाना हो सकता है...टकराव को रोकने के लिए यह सर्वाधिक प्रभावी तरीका है। उन्होंने इस बात का जिक्र किया, दोनों पक्ष इस पर सहमत हुए हैं कि एलएसी के जिन इलाकों में साझा सहमति नहीं है उन इलाकों में वे गश्त नहीं करेंगे। बफर जोन बनाना इसी दिशा में आगे बढ़ने का एक कदम है और यह संभव भी है।

कपड़े, रंग और पैटर्न से आगे है फैशन उद्योग

रोजी गुलाटी बता रही हैं कि कैसे प्रौद्योगिकी में नवाचार और नए व्यवसाय मॉडल भारत में फैशन उद्योग को बढ़ावा दे सकते हैं

21वीं सदी का भारतीय फैशन उद्योग कपड़े, रंग और पैटर्न से बहुत आगे है। यह अब कई अन्य लगातार विकसित होने वाले कारकों जैसे कि प्रौद्योगिकी में बदलाव, जीवन शैली, कृत्रिम मेधा का महत्व, अनुकूलन और ग्राहक आधार का विस्तार करने के लिए मूल्य वर्धित सेवाओं के करीब पहुंच रहा है। प्रौद्योगिकी ने उद्योग को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। डिजिटल विकास का महत्व, वास्तव में, फैशन उद्योग में पर्याप्त गति से बढ़ रहा है और इसके विकास को पहले की तरह बढ़ा रहा है।

अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन करने व ढालने के लिए रचनात्मकता व प्रौद्योगिकी दोनों में निवेश क्यों करना चाहिए?

इसे उद्योग में प्रतिस्पर्धा करने व टिके रहने तथा फैशन उद्योग में अनेक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने के लिए ग्राहकों को मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करने के तरीके के रूप में देखा जाता है। मूलत:, इस उद्योग में नवाचार उन विचारों का लाभदायक कार्यान्वयन है जो ग्राहकों को गुणवत्ता व मूल्य प्रदान करते हैं। नवाचार, आराम, अनुकूलन, लचीली रणनीतिां और स्थिरता के कई अन्य प्रमुख मंत्रों में सर्वाधिक मायने रखता है। ये कारक बाजार में ब्रांडों के बारे में बहुत कुछ बताते हैं और व्यवसाय को आकर्षित करने में भी मदद करते हैं।

निर्विवादित तथ्य यह है कि रचनात्मक उद्योग - विशेष रूप से फैशन - ग्राहक आधार को आकर्षित करने वाले विचारों को उत्पन्न करने की क्षमता पर चलते हैं, प्रतिस्पर्धा करते हैं, जीवित रहते हैं और छलांग लगाते हैं। फैशन उद्योग में डिजाइन क्षमताएं उत्तरोत्तर ज्यादा महत्वपूर्ण बनकर उभरी हैं। डिजाइन-केंद्रित उत्पाद व सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध शैलियाँ प्रमुख कारक हैं जिन्हें व्यवसाय, रुझान और बाजार अनदेखा नहीं कर सकते। भारतीय फैशन ब्रांड अब वर्तमान फैशन परिदृश्य से निपटने के डिजाइन-केंद्रित तरीके पर अधिक ध्यानकेंद्रित कर रहे हैं। अनोखापन, प्रभावी विपणन, आरामदायक रुझान व ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार सेवा प्रदाता ब्रांड, अंतरराष्ट्रीय रनवे रुझानों को व्यवहारिक वाणिज्यिक अवधारणा में बदलने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं जो उस ब्रांड की एक प्रमुख ताकत है जो लंबे समय तक जीवित रहना चाहता है और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय ब्रांडों ने उत्पाद विकास की अत्यधिक जटिल व द्विपक्षीय प्रक्रिया की दिशा में काम करने हेतु पेशेवर डिजाइन टीमों में निवेश करने का महत्व महसूस किया है। फैशन ब्रांड समूची उत्पादन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। भारतीय फैशन ब्रांड सेंसरयुक्त स्मार्ट कपड़ों के मंच-निर्माण की दिशा में काम करके उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं जो उन्हें स्वास्थ्य फिटनेस, तंदुरूस्ती आद के क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने हेतु स्पर्श, हावभाव, मुद्रा पहचान, नेविगेशन जैसी सुविधाओं के साथ पुनरावृति करने में मदद कर सकते हैं।

- उपभोक्ता व्यवहार में परिवर्तन व अनुकूलन का उदय : नवाचार की भूमिका

अनुकूलित परिधान की अच्छी मांग है और ग्राहक अब अपने परिधान को अपनी पसंद के अनुसार अनुकूलित करने के लिए तत्पर हैं। आज, उत्पाद अनुकूलन सॉफ्टवेयर में कम पैसे खर्च होते हैं और यह आसानी से उपलब्ध है। डिजिटल उपकरणों व प्रौद्योगिकियों में प्रगति से प्रेरित अनेक फैशन रुझान फैशन उद्योग के परिदृश्य को बदल रहे हैं। ग्राहक विभाजन, संचार, मूल्य प्रस्ताव और वितरण चैनल जैसे प्रमुख व नए फैशन मॉडल उन कुछ ऐसे मॉडलों में से हैं, जिनके आसपास फैशन उद्योग घूमता है। इसके अलावा, रुझानों में तेज फैशन का लगातार बढ़ता प्रभाव, छूट की पेशकश, सामाजिक प्रभावक, बढ़ते ई-कॉमर्स, वैश्विक विस्तार, उपभोक्ता दृष्टिकोण और बहुत कुछ शामिल हैं। उपभोक्ता की बदलती जरूरतों को पूरा करना, खरीदार की जरूरतों के अनुसार खुद को अपग्रेड करना भारत में फैशन उद्योग की जरूरत है।

-कृत्रिम मेधा की मांग लाभ एवं उपयोग

बदलते समय के साथ, फैशन उद्योग ने परिधान उद्योग में एआई की भारी मांग, उपयोग और लाभों को देखा है। डिजाइनर खरीदारी के अनुभव को अत्यंत वैयक्तिक करने और अपडेट रहने के लिए एआई एनालिटिक्स का उपयोग कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी ग्राहकों की मांगों के विभिन्न खंडों को पूरा करती है, जैसे सिलाई पैटर्न, फिटिंग, पैटर्न, जिससे ग्राहकों के लिए तुलना करना और चुनना आसान हो जाता है, ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुसार कीमतों व शैली को रेखांकित करती है।

पिछली शैलियों व रुझानों का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिदम का उपयोग करना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने के प्रमुख लाभों में से एक है और ब्रांडों को भविष्य के निर्णय लेने में मदद कर रहा है। वे अब एआई का उपयोग ग्राहकों की जरूरतें पहचानने और खरीदारी के अपने इतिहास, पसंदीदा रंग, कपड़े आदि के आधार पर अपने खरीदारी अनुभव को बढ़ाने के लिए करते हैं।

अंत में

नवाचार, प्रौद्योगिकी वनए व्यापार मॉडल भारतीय फैशन उद्योग को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली कारक हैं। प्रौद्योगिकी व नवाचार वास्तव में देश में फैशन उद्योग के अधिकांश पहलुओं को बदल रहे हैं। आज की शैली व प्रचलन की दुनिया में, कंपनियां और खुदरा विक्रेता दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करने के लिए व्यापार मॉडल, नवाचार और नेटवर्किंग जैसे अमूर्त नवाचारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और बाजार में उत्तरोत्तर विकास की दिशा में अग्रसर दिखते है, इसके लिए पूरा श्रेय अत्याधुनिक तकनीकी समाधान को अपनाने को जाता है।

(लेखक एक फैशन ब्रांड-ड्रेसबायो के संस्थापक हैं)

समझदारी वाली सुबह की दिनचर्या

देविना कौर कहती हैं, इन तेज गतिमान दौर में, हमें यह नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि हम कैसा महसूस करते हैं या उन चीजों के बारे में सोचते हैं जो हमारी भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

महामारी के दौरान जीवन जीने ने हमें सिखाया है कि हम अपने आप से भाग ही नहीं सकते। हमारा जीवन बहुत बदल गया है, हम अपनी अगली छुट्टी पर नहीं जा सकते, हम अपनी चिंताओं को सलाखों में नहीं डाल सकते या उच्च वेतन वाली नौकरियों में अपना सिर नहीं डुबो सकते। चीजें बदल गई हैं लेकिन हम अपने साथ एक प्रेमपूर्ण और पोषणकारी संबंध रखने का फैसला कर सकते हैं। हम यह याद करके शुरूआत कर सकते हैं कि हम कौन हैं और कुछ सरल अभ्यासों से खुद को सम्मानित कर सकते हैं।

एक चीज जो अक्सर लोगों को समझदारी के संबंध में आश्चर्यचकित करती है, वो यह है कि इसे अपने दिन की दिनचर्या में लाना कितना आसान है। समझदारी से प्रेरित सुबह की दिनचर्या से जुड़कर, हम हर पल, हर पल में मौजूद रहना सीख सकते हैं। हमारे जीवन का प्रत्येक क्षण नए सिरे से शुरुआत करने व खुद का बेहतर संस्करण बनने का अवसर होता है। पक्षियों के सामंजस्यपूर्ण चहक और शुरुआती घंटों में फूलों की ताजा गंध के बारे में कुछ ऐसा है जो हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के साथ एकाकार हैं।

सुबह के घंटे हमें अतीत की चिंताओं को भूलकर दिन हेतु अपनी क्षमता की कल्पना करने का अवसर प्रदान करते हैं। समझदारीपूर्ण सुबह आपके अंतर्मन पर चिंतन करने का एक शानदार तरीका है और आगे बढ़ने वाले अन्य व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार या प्रतिक्रिया करने की योजना बना रहे हैं। यहां तीन सशक्त युक्तियां बताई गयी हैं जिन्हें आप अपनी सुबह को पोषण देने हेतु अपना सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप अपने दिन का सबसे अच्छा लाभ उठाएंगे :

सोने के समय से शुरू करें

समझदारीपूर्ण सुबह की शुरुआत बीती रात से होती है। एक नए दिन की सहज तैयारी के लिए, आराम करना और रात की अच्छी नींद लेना आवश्यक है। सोने से पहले टीवी देखने वाले टाइम से खुद को डिटॉक्स करने के लिए कुछ घंटे निकालें। पढ़ना, चाय की चुस्की लेना और रात के समय योग करना, ये सभी कुछ बेहतरीन उपकरण हैं जो आपको अच्छी नींद लेने में मदद करेंगे।

शांति, मौन और सुकून

क्या अराजकता आपकी सुबह पर भारी पड़ती है? क्या आप बच्चों को स्कूल लाने की जल्दी में हैं? क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिन भर में सब कुछ सुचारू रूप से चलता है, क्या आप अनेक कार्यों से घिरे हुए हैं? क्या यह अपना अपना सा लगता है? जैसे ही हम जागते हैं, हमारी सबसे पहली आदत अपने फोन को चैक करने की होती है। और यह समझ में आता है, हम में से अधिकांश व्यस्त जीवन जीते हैं। हालांकि, हमें यह समझना होगा कि यह इंतजार कर सकता है, आभारी होने के लिए और भी अनेक महत्वपूर्ण चीजें हैं। इसके स्थान पर, हमें बैठने की कोशिश करनी चाहिए और अपनी इंद्रियों के प्रति सचेत होना चाहिए क्योंकि हमारा दिमाग धीरे-धीरे एक नए दिन के साथ जुड़ जाता है और ध्यान देता है कि यह उसे कैसा लगता है। कुछ समय के लिए धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें, अपने शरीर में अपनी सांसों की अनुभूति पर ध्यान दें। हम जीवन की भागदौड़ के इतने आदी हैं कि हम में से अधिकांश लोग चुप्पी साध लेते हैं। सुबह मौन के साथ अपने शरीर का अभिवादन करें और अपने आस-पास तकनीक के प्रलोभन से बचें। स्वस्थ सीमाओं का अभ्यास करें जैसे कि अपने गैजेट्स को लंबी अवधि के लिए बंद करना और उन्हें अपनी पहुंच से बाहर रखना।



खुद को ध्यान में लीन करें

ध्यान आपकी सुबह की दिनचर्या को शुरू करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि यह आपको अपने दिन की शुरुआत करने, आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित करेगा, और इसका अभ्यास कहीं भी किया जा सकता है। चाहे आपका आराम क्षेत्र बिस्तर, कालीन या घास पर हो, मन की सच्ची शांति स्वयं के लिए एक उपहार है। आम धारणा के विपरीत, लगभग हर कार्य ध्यानपूर्ण जागरूकता में निहित हो सकता है। उदाहरण के लिए, जब आप अपने दांतों को ब्रश करते हैं तो स्वाद, गंध, आवाज और बनावट को देखकर सुबह में अपने दिमाग को व्यवस्थित करने का एक शानदार तरीका है।

(लेखक, प्रेरक वक्ता, रेडियो होस्ट और निर्माता हैं।)

समलैंगिकों को वैधानिकता : कहां तक लागू हो सकेंगे बदलाव

अदालत द्वारा धारा 377 का निर्वचन, वर्ष 2018 में सहमति से वयस्क समान-सेक्स संबंधों को वैध बनाने का निर्णय, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 का निर्धारण और 2020 में अर्धसैनिक बलों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शामिल करना, निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण मील के पत्थर रहे हैं। एलजीबीटीक्यू (पुरुष एवं महिला समलैंगिक, ट्रांसजेंडर, द्विलैंगिक) समुदाय के लिए समान और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का होना आवश्यक है। इन कानूनों और पहलों ने आधार स्थापित कर दिया है, लेकिन इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए पर्याप्त रास्ते बनाने के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र में संगठनों के साथ एक बड़ा हिस्सा है। आज, जब एलजीबीटीक्यू के व्यक्तियों की बात आती है, तो हम निगमों के बीच समावेशी होने के लिए एक वास्तविक रुचि देखते हैं। यह कई संगठनों के लिए प्राथमिकता बन गया है। उन्होंने एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं, लेकिन कई संगठन अभी भी अपनी यात्रा के शुरुआती चरण में हैं।

अपने कार्यस्थलों को सही मायने में समावेशी बनने में मदद करने के लिए संगठनों को क्या करना चाहिए?

सांस्कृतिक प्रतीकों से परे समावेशन सुनिश्चित करना

एलजीबीटीक्यू व्यक्तियों के लिए एक स्थायी और समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रतीकात्मक प्रयासों से परे जाकर यथार्थ रूप देने की आवश्यकता है। यहां हम हर जगह इंद्रधनुषी रंग देखते हैं, संगठन एलजीबीटीक्यू समुदाय को अपने विपणन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समर्थन का संकेत देते हैं। सोशल मीडिया और विज्ञापन में समाज में दृष्टिकोण और राय को प्रभावित करने की क्षमता है। प्रतीक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे विषय के बारे में जागरूकता पैदा करने वाली समावेशन यात्रा के लिए दृश्यमान प्रतिबद्धता दिखाते हैं, लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि क्या इस तरह की ब्रांडिंग और विज्ञापनों के साथ कुछ यथार्थपरक कदम भी उठाए जाएं।

जागरूकता लाएं

सही संस्कृति के निर्माण की दिशा में पहला कदम कार्यबल को शिक्षित करके उनमें जागरूकता पैदा करना है। समावेशिता बढ़ाने की अधिकांश पहलें कुटिलता के कारण नहीं बल्कि जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाती हैं। कर्मचारियों को एलजीबीटीक्यू समुदाय की जमीनी हकीकत, वे कौन हैं, उनकी चुनौतियों और उनकी आकांक्षाओं के बारे में जानने की जरूरत है। यह अचेतन पूर्वाग्रह को फ़िल्टर करने और उनके एलजीबीटीक्यू सहयोगियों के बारे में मिथकों को दूर करने में मदद करेगा ताकि संगठन की समावेशी प्रतिबद्धता में सहायता मिल सके। इसके अलावा, समावेशी भाषा का उपयोग करने और अनुचित व्यवहार का आह्वान करने पर प्रशिक्षित होने से न केवल उनके ज्ञान में सुधार होगा बल्कि कर्मचारियों को एलजीबीटीक्यू समुदाय के सहयोगियों के साथ खुलकर बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उन्हें संगठन में अधिक शामिल होने का एहसास होगा।

अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करें

इस विषय पर जागरूकता पैदा करने के बाद, अपनी नीतियों की एक समावेशी दृष्टि से समीक्षा करके उन्हें मजबूत बनाने की कुंजी है। एलजीबीटीक्यू कर्मचारियों के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन चक्र में टचप्वाइंट को प्रभावित करने वाली नीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। नीतियों को न केवल समान लाभ प्रदान करना चाहिए बल्कि साथ ही उन्हें सीखने और बढ़ने के समान अवसरों के साथ सशक्त बनाना चाहिए। आज हम कई संगठनों में कुछ बदलाव देख रहे हैं- एक समावेशी भर्ती नीति, घरेलू भागीदारों के लिए स्वास्थ्य बीमा लाभ प्रदान करना, लिंग-तटस्थ यौन उत्पीड़न नीति, हार्मोन थेरेपी को कवर करने वाले स्वास्थ्य बीमा लाभ और संक्रमण की मांग करने वाले कर्मचारियों के लिए लिंग पुष्टिकरण सर्जरी, माता-पिता की नीतियां, मानव संसाधन सिस्टम और दस्तावेज जिसमें लिंग और व्यक्तिगत सर्वनाम शामिल हैं, लिंग-तटस्थ शौचालय हैं और ड्रेस कोड को संशोधित करना है ताकि यह लिंग-समावेशी और अन्य हो।

मेल-जोल बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करें

यह समझते हुए कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में एलजीबीटीक्यू समुदाय का समावेश अभी प्रारंभिक चरण में है, इस समुदाय के व्यक्ति अभी भी संगठन में स्वीकृति की तलाश में हैं। इसलिए, यह आवश्यक हो जाता है कि समुदाय के कर्मचारियों को समान विचारधारा वाले लोगों के साथ जोड़ने के लिए गौरव कार्यक्रम शुरू करें, ईआरजी (कर्मचारी संसाधन समूह) बनाकर, गैर-पारंपरिक परिवारों को स्पष्ट रूप से शामिल करने के लिए समावेशी गतिविधियां एवं कार्य-पारिवारिक पहल करें। इन पहलों से कर्मचारियों के अनुभव को बढ़ाने और संगठन के भीतर सहयोगी बनाने में मदद मिलेगी।

चुनौतियां

एलजीबीटीक्यू समावेशन से संबंधित चिंताओं का समाधान करते समय, भेदभाव-विरोधी नीतियों और कर्मचारी संसाधन समूहों को अधिक समावेशी वातावरण स्थापित करने के पहले कदम के रूप में देखा जाता है। ये जितने महत्वपूर्ण हैं, कभी-कभी इनका अपेक्षित प्रभाव नहीं हो सकता है। यहां एक कारण कार्यस्थल में अपनी पहचान के साथ बाहर आने की चुनौती है। यह उनके लिए कार्यस्थल में सहकर्मियों के साथ संबंध बनाने का पहला कदम हो सकता है, जिससे उन्हें स्वतंत्रता और उत्पादक रूप से काम करने में आसानी हो।

हालांकि, एलजीबीटीक्यू समुदाय के कर्मचारी अपने सहकर्मियों के साथ दिन-प्रतिदिन आकस्मिक बातचीत के माध्यम से अपनी पहचान प्रकट करने में असहज महसूस कर सकते हैं। लगातार सामाजिक दबाव है जो उन्हें खुलने से रोकता है। विभिन्न दबावों को दूर करना एलजीबीटीक्यू के कर्मचारियों को उनकी पहचान छिपाना डराने वाला लग सकता है, लेकिन रोजमर्रा की बातचीत, आकस्मिक बातचीत, अपने अनुभवों से लगातार सुनना और सीखना केवल नीतियों और प्रक्रियाओं से अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है। यह ऐसे छोटे-छोटे इशारे, दैनिक वार्तालाप हैं जो वास्तव में फर्क कर सकते हैं।

एक और चुनौती कॉर्पोरेट जगत में उनका कम प्रतिनिधित्व है। केवल एक या कुछ में से एक होने के कारण बहुत अधिक चिंता और अलगाव होता है। इसका समाधान केवल समुदाय से अधिक लोगों को काम पर रखने और उन्हें विकसित होने और खुलने का वातावरण देने के माध्यम से है। यह सही उदाहरण स्थापित करेगा और भविष्य के कर्मचारियों को संगठन के भीतर देखने के लिए रोल मॉडल प्रदान करेगा।

इन चुनौतियों और सामाजिक बाधाओं को पार करना आसान नहीं होगा। लेकिन संगठनों में बढ़ती जागरूकता और इस दिशा में कानूनी सुधारों द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से आदर्श इंद्रधनुष कार्यक्षेत्र बनाने में काफी मदद मिलेगी जो एलजीबीटीक्यू समुदाय को सम्मान और प्यार से गले लगाता है।

2 | न्यूज-व्यूज
गांव-गांव बच्चों को मुफ्त मिलेगी दवाई किट

6 | अभिमत
गरीब होता भारत अमीर होते निवेशक

12 | विविध
कपड़े, रंग और पैटर्न से आगे है फैशन उद्योग

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 234
लखनऊ, बुधवार, 16 जून, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

भारत की सफलता में पुजारा का अहम योगदानः तेंदुलकर

स्पोर्ट्स-11

सोमवार से अनलॉक की ओर प्रदेश

लखनऊ में कोरोना संक्रमित 18 वर्ष से कम आयु के रोगियों हेतु निशुल्क दवाई वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के बाद योगी सरकार ने कोरोना कर्फ्यू में और छूट देने का फैसला लिया है। अगले हफ्ते 21 जून से नाइट कर्फ्यू रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 7 बजे तक ही रहेगा। अभी यह शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक का है। साथ ही सरकार ने कोविड प्रोटोकॉल में रेस्टोरेंट को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोलने को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा मॉल, पार्क, स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की भी अनुमति दी गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समीक्षा बैठक के बाद टीम-9 के छूट देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। सीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण कमजोर पड़ा है और हर दिन मामले लगातार घट रहे है। ऐसे में सोमवार 21 जून से रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू में और छूट दी जाएगी। प्रदेश में अब रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू रात नौ बजे से अगले दिन सुबह सात बजे तक प्रभावी होगा। इसके साथ ही सरकार ने कुछ और छूट तय कर ली हैं। प्रदेश के हर जिले में कोविड प्रोटोकॉल के साथ रेस्टोरेंट को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन के साथ रेस्टोरेंट तथा मॉल को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। इसके साथ ही सभी पार्क तथा स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की अनुमति भी दी गई है। सरकार ने इस बात की सख्त हिदायत दी है कि इन सभी स्थान पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य होगी। मास्क के साथ प्रवेश अनिवार्य होगा जबकि रेस्टोरेंट में आने वाले सभी लोगों का सैनिटाइजर से हाथ साफ करना भी जरूरी है। दुकान या शोरूम में पहले की तरह मास्क और सैनेटाइजर की अनिवार्यता रहेगी। आने-जाने वालों का रजिस्ट्रर बनाना होगा। इसमें नाम, पता और बाकी डिटेल रहेगी। दुकानों के साथ सब्जी मंडियां भी रात 9 बजे तक खुल सकेंगी लेकिन घनी आबादी की सब्जी मंडियों को प्रशासन खुले स्थान पर खुलवाना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि नई व्यवस्था के संबंध में विस्तृत गाइडलाइंस शीघ्र ही जारी कर दी जाएं।

- प्रतिबंधों के साथ खुलेंगे रेस्टोरेंट, मॉल और पार्क
- कोरोना कर्फ्यू में ढील रात नौ बजे तक रहेगी

एक जुलाई से छात्रों के बिना खुलेंगे कक्षा एक से आठ तक के स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना की दूसरी लहर के थमने के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के स्कूलों को खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि अग्रिम आदेशों तक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर रोक प्रभावी रहेगी। केवल शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार उपस्थिति हेतु अनुमति दी गई है। साथ ही मान्यता प्राप्त अन्य विद्यालयों में शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु विद्यालय प्रबंध समिति यथा आवश्यक अधिकृत होगी। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि कक्षा एक से कक्षा 8 तक के संचालित विद्यालयों में पठन-पाठन की गतिविधियां ई पाठशाला के माध्यम से संचालित होंगी एवं विद्यालय कोविड19 संक्रमण के चलते 30 जून तक बंद रहेंगे। सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा 1 से कक्षा 8 के परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाना जरूरी है। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत धनराशि छात्र-छात्राओं के खातों में भेजना तथा प्राप्त खाद्यान्नों का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प की गतिविधियों का संचालन होगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा अन्य महत्वपूर्ण कार्य एवं दायित्वों का संचालन शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

देश में ढाई माह बाद कोराना संक्रमण के सबसे कम मामले

- यूपी में 57 और मौतें 340 नए मामले मिले

भाषा। नई दिल्ली

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 60,471 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,95,70,881 हो गई। देश में 75 दिन बाद संक्रमण के इतने कम नए मामले सामने आए हैं और दैनिक संक्रमण दर भी घटकर 3.45 प्रतिशत हो गई है। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण से 57 और मरीजों की मौत हो गई तथा 340 नए मामले सामने आए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकडों के अनुसार, देश में 2,726 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 3,77,031 हो गई। उपचाराधीन मामले भी कम होकर 9,13,378 हो गए हैं, जो संक्रमण के कुल मामलों का 3.09 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मामलों में कुल 59,780 की कमी आई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर अब 95.64 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 38,13,75,984 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 17,51,358 नमूनों की जांच सोमवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 3.45 प्रतिशत है। पिछले आठ दिन से यह दर पांच प्रतिशत से कम बनी हुई है।

टीकाकरण से मौत का जोखिम न के बराबरः सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को उन खबरों को अधूरी और सीमित समझ वाली बताया जिनमें दावा किया गया है कि 16 जनवरी से सात जून के बीच टीकाकरण के बाद मृत्यु के 488 मामले कोविड के बाद की जटिलताओं से जुड़े थे। मंत्रालय ने कहा कि देश में उक्त अवधि में 23.5 करोड़ लोगों को कोविड टीका लग चुका है और कोविड-19 टीकाकरण से देश में मृत्यु के मामलों की संख्या टीका लगवा चुके लोगों की संख्या का महज 0.0002 प्रतिशत है और यह किसी आबादी में अपेक्षित दर है।

बसपा से निलंबित विधायक अखिलेश यादव से मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी से हाल के महीनों में निलंबित कम से कम पांच विधायकों ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की और सपा में शामिल होने के संकेत दिए। जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर से विधायक सुषमा पटेल ने कहा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ 15-20 मिनट तक चली बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा हुई और मुलाकात अच्छी रही। उनके अगले कदम के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का मन बना लिया है।

वर्तमान में 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में बसपा के 18 विधायक हैं। उनसे जब पूछा गया कि बसपा के निलंबित विधायकों ने अखिलेश यादव से मिलने का फैसला क्यों किया तो पटेल ने कहा, हमें अक्टूबर 2020 में राज्यसभा चुनाव के दौरान निलंबित कर दिया गया था और हमें स्पष्ट रूप से बसपा के झंडे और बैनर का उपयोग नहीं करने और किसी भी कार्यक्रम, पार्टी की बैठक में शामिल नहीं होने के लिए कहा गया था। राज्यसभा चुनाव के समय, बसपा ने कोई व्हिप जारी नहीं किया था, न ही हम क्रॉस वोटिंग में शामिल थे। हमें बिना किसी आधार के निलंबित कर दिया गया था। हमें इसलिए निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि हम अखिलेश यादव से मिलने गए थे।

उन्होंने कहाकि अब, हमें विकल्प तलाशना है। इसलिए हम अखिलेश यादव से मिलने गए थे। अब हमारा बसपा से कोई लेना-देना नहीं है। पटेल के अलावा सपा प्रमुख से मिलने वाले अन्य विधायकों में में असलम राएनी, मुस्तफा सिद्दीकी, हाकिमलाल बिंद और हरगोविंद भार्गव शमिल हैं। गौरतलब है कि अक्टूबर 2020 में, बसपा के सात विधायकों को पार्टी अध्यक्ष मायावती ने निलंबित कर दिया था। उन पर राज्यसभा चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार रामजी गौतम के नामांकन का विरोध करने का आरोप लगा था। निलंबित किए जाने वाले विधायकों में चौधरी असलम अलीर, हरगोविंद भार्गव, मोहम्मद मुस्तफा सिद्दीकी, हाकिमलाल बिंद, मोहम्मद असलम राएनी, सुषमा पटेल और वंदना सिंह शामिल थीं।

इस बीच समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने इस बात की पुष्टि की कि बसपा के कुछ निलंबित विधायकों ने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस महीने की शुरुआत में बसपा प्रमुख ने पार्टी के विधानसभा में नेता लालजी वर्मा और अकबरपुर के विधायक राम अचल राजभर को पार्टी से निकाल दिया था।

- बसपा में शामिल होने के दिए संकेत
- 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में बसपा के अभी 18 विधायक हैं

उतरते समय विमान का पहिया फटा, सभी यात्री सुरक्षित

भाषा। हुबली (कर्नाटक)

हुबली में हवाई अड्डे पर उतरते समय इंडिगो के विमान का एक टायर फट गया। बहरहाल, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में बताया। इंडिगो एयरलाइन ने एक बयान में बताया, इंडिगो एटीआर के कन्नूर से हुबली जाने वाले एक विमान का सोमवार को हुबली पहुंचने पर टायर फट गया। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हुबली में विमान के रख-रखान का काम किया जा रहा है। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के मुताबिक विमान ने सोमवार रात आठ बजकर तीन मिनट पर उतरने का प्रयास किया लेकिन विपरीत दिशा की तेज हवा के कारण यह हवाई अड्डा पर नहीं उतरा। इसके बाद आठ बजकर 35 मिनट पर यह विमान हवाई अड्डे पर उतरा। अधिकारी ने कहा, शायद मुश्किल लैंडिंग और विपरीत दिशा की तेज हवा के कारण विमान का टायर फट गया। सभी यात्री खुद ही विमान से उतरे और रात दो बजे रनवे को उड़ान के लिए तैयार कर लिया गया।

लोक जनशक्ति पार्टी में और बढ़ी रार

- चिराग ने पांच सांसदों को निष्कासित किया, पारस गुट ने उन्हें अध्यक्ष पद से हटाया

भाषा। नई दिल्ली

लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस की अगुवाई वाले दो धड़ों ने मंगलवार को पार्टी पर नियंत्रण के लिए कोशिशें तेज कर दीं, जहां पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पांच असंतुष्ट सांसदों को निष्कासित करने का दावा किया गया, वहीं पारस नीत गुट ने चिराग को पार्टी अध्यक्ष पद से हटा दिया।

अपने चाचा पारस द्वारा पांच सांसदों की मदद से लोकसभा में पार्टी के नेता पद से हटाए जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया में चिराग पासवान ने पार्टी की तुलना एक मां से करते हुए कहा कि इसके साथ विश्वासघात नहीं किया जाना चाहिए। चिराग ने ट्विटर पर एक पत्र भी साझा किया जो उन्होंने 29 मार्च को अपने पिता रामविलास पासवान के सबसे छोटे भाई पारस को लिखा था और जिसमें उन्होंने अपने चाचा से दिवंगत लोजपा संस्थापक के विचारों के अनुसार पार्टी को चलाने की बात कही। चिराग के पिता और लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के महज आठ महीने बाद पार्टी में विभाजन के संकेतों के बीच दोनों धड़े पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं और दोनों ही खुद को पार्टी का कर्ताधर्ता दर्शाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

लोजपा के छह लोकसभा सदस्यों में से पांच के पारस खेमे में जाने के साथ ही चिराग की अगुवाई वाले समूह ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की डिजिटल बैठक आयोजित की जिसमें पार्टी के 76 में से 41 सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी पार्टी की बिहार इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष राजू तिवारी ने दी। तिवारी ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से पांचों सांसदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए लोजपा से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि बैठक आनन-फानन में बुलाई गई। तिवारी ने दावा किया कि कई अन्य सदस्यों ने भी इस फैसले को समर्थन जताया है और चिराग पासवान के नेतृत्व पर भरोसा व्यक्त किया है। दूसरी तरफ पारस नीत गुट ने भी दावा किया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक आपात बैठक में जमुई से सांसद चिराग पासवान को एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के अनुसार पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाने का फैसला हुआ है। हालांकि यह नहीं बताया गया कि बैठक में कितने सदस्यों ने भाग लिया।

उन्नाव में एयरफोर्स कर्मी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। शुक्लागंज

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात बदमाशों ने एयरफोर्स कर्मी की देर रात गोली मारकर नृशंस हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया। घटना कोतवाली से करीब 20 किमी दूर हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना मार्ग पर हुई। एयरफोर्स कर्मी हाल ही में छुट्टी पर घर आया हुआ था। सुबह के वक्त शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आनन फानन चौकी पुलिस को दी। घटना के काफी समय बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जिससे शव खुले आसमान के नीचे घंटों पड़ा रहा। घटनास्थल पर एसपीए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने मौके पर पहुँचकर छानबीन की। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिवार के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी ओम नारायण सिंह का 27 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह इंडियन एयर फोर्स में एयरमैन के पद पर जम्मू में तैनात था। (विस्तृत पेज 4)

बाजार

सेंसेक्स	52,773	221	
निफ्टी	15,869	57	
सोना	47,853	303	/10g
चांदी	70,261	134	/kg

क्विक न्यूज

फिलहाल शुरू नहीं होगी चारधाम यात्रा

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को कहा कि तैयारियां पूरी नही होने के कारण फिलहाल चारधाम यात्रा स्थानीय लोगो के लिए नही खोली जा रही है। इससे पहले, सोमवार को स्थानीय लोगो के लिए चारधाम यात्रा खोलने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध मे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और शासकीय प्रवक्ता सुबोध उनियाल ने कहा कि चारधाम देवस्थानम बोर्ड ने बताया है कि अभी यात्रा शुरू करने के लिए तैयारियां पूरी नही है और इसके लिए बोर्ड ने 15 दिन का समय मांगा है। उनियाल ने कहा, जैसे ही हमारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी, हम चारधाम यात्रा आंशिकया पूरी तरह से खोलने का निर्णय ले सक्ते है। हालाकियह उस समय की परिस्थितियो पर ही निर्भर करेगा। सोमवार को लिए गए निर्णय मे जिन जिलो मे चार धाम स्थित हैं।

प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में दो दिनों के अंदर बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ में फिलहाल मौसम ऐसा ही बना रहेगा, कभी धूप निकलेगी तो कभी बादल छाए रहेंगे। हालांकि प्रदेश के कई इलाकों में मंगलवार को भी बादल जमकर बरसे जिसमें हरदोई के साथ ही बाराबंकी में 7.6, बलिया में 6.2, बहराइच में 104.3, प्रयागराज में 29.4, सुल्तानपुर में 50.8, अयोध्या में 48.6, लखनऊ में 9, गोरखपुर में 73.1 और बनारस में 27.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस बारिश से किसानों को लाभ होगा। अगले 48 घंटे के अंदर 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई जा रही है। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

दो मछुआरों की हत्या के आरोपी इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ आपराधिक मामला बंद

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केरल के दो मछुआरों को केरल तट के निकट फरवरी 2012 में मार डालने के मामले में आरोपी दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ भारत में चल रहे आपराधिक मामले को बंद करने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायालय ने केरल उच्च न्यायालय से पीड़ितों के वारिसों के बीच दस करोड़ रुपए के मुआवजे के आवंटन पर निगरानी रखने को कहा है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अवकाशकालीन पीठ ने इस मामले में दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और कार्यवाही रद्द कर दी है। पीठ ने कहा कि भारत द्वारा स्वीकृत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता समझौता (इंटरनेशनल आर्बिटल अवॉर्ड) के अनुरूप, केरल के दो मछुआरों की हत्या के मामले में नौसैनिकों मासिमिलानो लातोरे और सल्वातोरे गिरोने के खिलाफ आगे की जांच इटली गणराज्य में की जाएगी। न्यायालय ने कहा कि इटली गणराज्य की ओर से दस करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति दी गई है जो उचित और पर्याप्त है। न्यायालय ने कहा कि इस राशि में से, केरल के दोनों मछुआरों के वारिसों के नाम पर चार-चार करोड़ रुपए जमा कराए जाएं तथा बाकी के दो करोड़ रुपए नौका मालिक को दिए जाएं। न्यायालय ने कहा कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में जमा कराई गई दस करोड़ रूपए की राशि केरल उच्च न्यायालय स्थानांतरित की जाए जो दोनों मछुआरों के वारिसों के नाम पर चार-चार करोड़ रूपए की सावधि जमा बनाएगा।

- परिजनों के बीच दस करोड़ के मुआवजे के आवंटन पर निगरानी रखेगा केरल हाईकोर्ट

आगरा में हत्यारोपी की 25 करोड़ की संपत्तियां जब्त

भाषा। आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विष्णु प्रकाश रावत की 25 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आगरा के सदर थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर हरेश पचौरी की हत्या मामले में मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी रावत की शहीद नगर स्थित 25 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों को जब्त किया है। गौरतलब है कि गत 19 दिसम्बर को पचौरी की राजपुर चुंगी बाजार में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी में बाइक सवार युवक पचौरी को गोली मारते हुए दिखाई दिए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी विष्णु प्रकाश रावत समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार ए सभी आरोपी जेल में हैं तथा आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इस हत्याकांड के पीछे जमीन का विवाद था।

हरे कटहल का आटा टाइप-2 मधुमेह नियंत्रण में सहायक

भाषा। कोच्चि

दैनिक आहार में हरे कटहल का आटा इस्तेमाल किए जाने से टाइप 2 मधुमेह के रोगियों में प्लाज्मा शर्करा के स्तर को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। यह बात एक नए अध्ययन में कही गई है और इससे संबंधित रिपोर्ट पत्रिका नेचर में प्रकाशित हुई है। अध्ययन ए गोपाल राव, के. सुनील नाइक, ए जी उन्नीकृष्णन और जेम्स जोसेफ द्वारा किया गया जिन्होंने हरे कटहल के आटे जैकफ्रूट 365 के प्रभाव का मूल्यांकन किया। यह पेटेंट प्राप्त एक उत्पाद है जो भारत के हरे कटहल से बना है। इसमें 40 लोगों को शामिल किया गया और हरे कटहल के आटे का इस्तेमाल करनेवाले समूह में एचबीए1सी के स्तर में काफी कमी देखी गई। अध्ययन में खाली पेट और

अध्ययन

भोजन के बाद, दोनों समय के शर्करा स्तर का मूल्यांकन किया गया और पता चला कि आहार में कटहल के आटे का इस्तेमाल किए जाने के सात दिन के भीतर औसत रक्त शर्करा स्तर में कमी आ गई। यह अध्ययन मई 2019 से फरवरी 2020 के बीच किया गया जिसमें 18 से 60 साल की उम्र तक के लोगों को शामिल किया गया। उन्नीकृष्णन ने कहा कि इस अध्ययन से मधुमेह के इलाज में चिकित्सीय आहार पद्धति के लिए हरे कटहल के लाभों का पता चलता है तथा ये परिणाम पारंपरिक भारतीय आहार पर आगे और अनुसंधान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वहीं, अध्ययन के सह लेखक एवं स्टार्टअप जैकफ्रूट 365 के मालिक जोसेफ ने कहा कि नवंबर 2014 में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से हुई एक मुलाकात से हरे कटहल के पेटेंट प्राप्त आटे के विकास की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी में स्टार्टअप भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरी दो मिनट की बातचीत के बाद उत्पाद भारत में लोकप्रिय हो गया।

गांव-गांव में बच्चों को मिलेगी मुफ्त दवाई किट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निशुल्क दवाई वितरण के वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना की जंग में हर जीवन अनमोल अभियान की मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरीझण्डी दिखाकर शुरूआत की। कोविड 19 लक्षणों से युक्त 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिये यह दवाई किट उनके घर पहुंचेगी। उन्होंने मेडिकल किट से भरे वाहनों को झंडी दिखाकर 75 जिलों की ओर रवाना किया। इन वाहनों में बच्चों को तीसरी लहर से बचाने के लिए अभी 17 लाख दवाओं की किट जिलों को भेजी गई हैं। शेष 33 लाख मेडिकल किट शीघ्र जिलों को भेजी जाएगी। सरकार की तरफसे इस माह कुल 50 लाख किट वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

निगरानी समितियों के सदस्यों के माध्यम से दवाई किट का वितरण गांव गांव में घर-घर तक किया जाना है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, राज्यमंत्री अतुल गर्ग समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रत्येक दिन अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। इस कड़ी में मंगलवार से 18 साल से कम उम्र के उन बच्चों के लिये जिनमें कोविड 19 के लक्षण पाए जा रहे हैं निशुल्क दवाईयां पहुंचाने की जिम्मेदारी निगरानी समितियों को सौंपी गई है। प्रदेश में 60 हजार से अधिक निगरानी समितियों के चार लाख से अधिक सदस्यों को इन दवाईयों के गांव गांव वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना वायरस से जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मार्च से मई तक देश ने कोरोना के प्रकोप को झेला है। हमें देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में कोविड की दूसरी लहर को भी रोकने में सफलता मिली है। अब हम तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। लखनऊ में आज केवल 19 केस आये हैं। 45 जिलों में सिंगल डिजिट में पॉजिटिव केस हैं। अगले दो से तीन दिन के अंदर कोरोना से कई जिले मुक्त हो जाएंगे, लेकिन हम सेकेंड स्ट्रेन को लेकर अभी भी काफी सजग हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि टीम वर्क से हर लड़ाई जीती जा सकती है। इसी कारण हमको भी बेहतरीन प्रबंधन से कामयाबी मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से ही हम अच्छा प्रदर्शन कर पाए। इसी कारण यूपी का मॉडल देश दुनिया के सामने है। योगी सरकार ने मानसून को देखते हुए भी मौसमी व मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने की पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। सरकार किसी भी कीमत पर जीवन और जीविका को उत्तर प्रदेश में प्रभावित नहीं होने देना चाहती है। इस कार्यक्रम से 50 लाख से अधिक बच्चों को नि:शुल्क दवाई किटें वितरित की जाएंगी। प्रथम चरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 17 लाख किटें 18 मण्डलों के 75 जनपदों के लिए अपने सरकारी आवास लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। शेष 33 लाख किटें इसी माह में समस्त जनपदों के वेयर हाउसों में आपूर्ति की जाएंगी। वेयरहाउसों से अग्रेत्तर जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं निगरानी समिति के माध्यम से लक्षण युक्त बच्चों में वितरित की जाएगी। यही नहीं, संभावित तृतीय लहर के दृष्टिगत कोविड.19 के लक्षण युक्त वयस्कों हेतु पुन: 100 किट प्रति निगरानी समिति हेतु कुल 71 लाख किटें तैयार कर जनपदों में भेजी जा रही हैं।

दिसम्बर तक 18 साल से ज्यादा के सभी लोगों को वैक्सीन का लक्ष्य: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिसम्बर माह के अंत तक 18 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन दिये जाने का प्लान तैयार करें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये अगस्त के अन्त तक 10 करोड़ लोगों को वैक्सीन की डोज देनी होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर पूरी प्लानिंग के साथ कोल्ड चेन, वैक्सीनेटर्स, वैक्सीनेशन सेण्टर की व्यवस्था की जाए। इसी के अनुरूप वैक्सीन की डिमाण्ड की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य बेहतर और प्रभावी ढंग से चल रहा है। राज्य में कोरोना वैक्सीनेशन के कार्य की गुणवत्ता को इसी प्रकार बनाए रखा जाए। कोरोना वैक्सीनेशन कोविड संक्रमण के विरुद्ध सुरक्षा कवच है। इसलिए कोरोना वैक्सीनेशन की कार्यवाही व्यवस्थित, सुचारु एवं निर्बाध ढंग से संचालित रहे। योगी ने कहा है कि प्रदेश में कोराना संक्रमण नियंत्रण में है और धीरे धीरे हालात सामान्य हो रहे है लेकिन हमें यह समझना होगा कि वायरस कमजोर हुआ है, खत्म नहीं हुआ। जरा सी लापरवाही संक्रमण को फिर बढ़ा सकती है। सभी लोग मास्क, सैनिटाइजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड बचाव के व्यवहार को जीवनशैली में शामिल करें। बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। भीड़ से बचें। उन्होने ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति के अनुरूप कोविड.19 से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस द्वारा व्यापक पेट्रोलिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी भीड़ एकत्र न होने पाए। लोगों द्वारा अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग तथा दो गज की दूरी का पालन किया जाए।

उन्होने कहा कि ब्लैक फंगस के मरीजों के उपचार की व्यवस्था को निरन्तर सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाकर रखा जाए। इन मरीजों के उपचार के लिए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दवाओं को अविलम्ब मरीजों को उपलब्ध कराया जाए। साथ हीए विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार वैकल्पिक दवाएं भी उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि सामुदायिकए प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर के सुदृढ़ीकरण कार्य युद्ध स्तर पर संचालित कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के लिए स्वदेशी पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता नहीं है। एमएसएमई इकाइयों को इसे बनाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेल्थ एटीएम के माध्यम से टेस्ट और दवाओं के वितरण का कार्य बेहतर एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न किया जा सकता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कोविड.19 की उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। कोविड बेड की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। विगत दिवस प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में 520 कोविड बेड की वृद्धि हुई है। इसमें लगभग आधे बेड आइसोलेशन के एवं आधे आईसीयू बेड शामिल हैं। आवश्यकतानुसार मानव संसाधन में भी वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में ऑक्सीजन की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता है। प्रदेश में ऑक्सीजन की डिमाण्ड निरन्तर कम हो रही है। विगत 24 घण्टों में राज्य में 295 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई है। अस्पतालोंए मेडिकल कॉलेजों तथा रीफिलर्स के पास पर्याप्त बैकअप के साथ ऑक्सीजन उपलब्ध है। राज्य में ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना की कार्यवाही की नियमित समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थापित किए जा रहे ऑक्सीजन संयंत्रों के मेण्टेनेन्स एवं रख रखाव के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए।

उपकेन्द्रों का कराएं टेक्निकल ऑडिट, ट्रिपिंग रोकें: श्रीकांत

● ऊर्जा मंत्री ने शक्तिभवन से की सभी विद्युत वितरण कंपनियों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने मंगलवार को शक्तिभवन से सभी विद्युत वितरण कंपनियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कई जनपदों में अभी भी आपूर्ति में व्यवधान की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि चेयरमैन यूपीपीसीएल यह सुनिश्चित करें कि सभी उपकेन्द्रों की टेक्निकल ऑडिट कराएं। जहां कमी है उसे दूर करा कर ट्रिपिंग को हर हाल में रोका जाए। उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे निर्बाध और गुणवत्ता वाली बिजली मिलती रहे। उपकेन्द्र की बेहतर निगरानी न होने से बिजली की उपलब्धता होने के बाद भी कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति में बाधा हो रही है। उन्होंने सभी डिस्कॉम एमडी को निर्देशित किया कि उपकेन्द्र और फीडरवार निगरानी सुनिश्चित करें। जहां भी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करनी है उसे तत्काल करवाएं, सभी उपकेन्द्रों और उनसे जुड़े फीडरों का भी ऑडिट हो जाए। लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। एमडी खुद भी इसकी निगरानी करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि उपभोक्ता की आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का तय समय पर सुनवाई और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

विकास व पर्यावरण में समन्वय सरकार की प्राथमिकता: दारा सिंह चौहान

● वन मंत्री ने किया वृक्षारोपण जन आंदोलन-2021 के लोगो का अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि विकास व पर्यावरण में समन्वय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। दारा सिंह चौहान ने कहा की विगत वर्षों की भांति विभाग पूर्ण निष्ठा से उच्च गुणवत्तायुक्त वृक्षारोपण कर उदाहरण प्रस्तुत करें। यह बात मंत्री दारा सिंह चौहान ने वन विभाग मुख्यालय के अरण्य भवन में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021 के लोगो के अनावरण के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि लोगो में दर्शाया गया सूत्र वाक्य प्रकृति: रक्षति रक्षता भारत सरकार के लोगो से लिया गया है जिसका अर्थ है कि प्रकृति की रक्षा करने वालों की रक्षा प्रकृति करती है। आगामी वर्षाकाल में 30 करोड़ पौधों के रोपण के महाअभियान हेतु व्यापक जन जागरूकता व जन सहभागिता की आवश्यकता के दृष्टिगत वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा स्वयं व जन सहयोग से वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जन आंदोलन में स्वयंसेवी संगठनो, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, सैनिकों व कृषकों सहित समाज के समस्त वर्गो को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह, हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स-प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विभागाध्यक्ष सुनील पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव पवन कुमार शर्मा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी मुकेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पहली जुलाई से प्रदेश में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

● 12 से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान, 12 जनपदों में एमडीए कार्यक्रम भी होगा संचालित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के सभी जनपदों में पहली जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 12 से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दस्तक अभियान में इस बार 12 जनपदों में फाइलेरिया अंतर्गत एमडीए कार्यक्रम तथा क्षय रोगियों के चिन्हीकरण का कार्य भी होगा।

मंगलवार को माह जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालन के लिए आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए झाड़ियों के कटान कराये जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कृषि विभाग को भी मूषक प्रजाति के नियंत्रण पर विशेष कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में उन्होंने बताया कि मूषक प्रजाति के जीव जैसे चूहा, गिलहरी, छछूंदर आदि के शरीर पर पाया जाने वाला स्क्रब टाइफस विषाणु कई गम्भीर बीमारियों का कारक होता है। यह विषाणु इन जीवों के शरीर से झाड़ियों में चिपक जाता है और वहां खेलने वाले बच्चों को संक्रमित कर देता है। इसलिए इन पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है। अपर मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि इस बार दस्तक अभियान में ग्राम निगरानी समिति एवं मोहल्ला निगरानी समिति अपने क्षेत्र की आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सहयोग प्रदान करेगी। निगरानी समिति के पास दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी।

घटना की अविलंब जांच कराकर दोषियों पर हो कार्रवाई: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रतापगढ़ में टीवी पत्रकार की मौत मामले में सियासत गर्म है। तमाम राजनीतिक दल इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग रहे हैं। वही इसी क्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी ट्वीट कर जांच की मांग की है। मायावती ने ट्वीट कर कहा है कि यूपी में शराब माफियाओं आदि का आतंक किसी से छिपा नहीं है। बसपा की मांग है कि घटना अविलंब जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त सजा सुनिश्चित की जाए। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी में शराब माफियाओं आदि का आतंक किसी से भी छिपा हुआ नहीं है, जिनके काले कारनामों को उजागर करने पर ताजा घटना में प्रतापगढ़ जिले के टीवी पत्रकार की नृशंस हत्या अति.दु:खद। सरकार घटना की अविलम्ब निष्पक्ष व विश्वसनीय जाँच कराकर दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित करेए बीएसपी की माँग।

साढ़े तीन लाख से ज्यादा उद्योगों को मिली एनओसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वैश्विक महामारी कोरोना की कठिन चुनौतियों के बावजूद प्रदेश निवेश के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रहा है। प्रदेश में पहली बार हुआ है कि उद्योगों को सवा तीन साल में अब तक 3,52,098 एनओसी दी गई है। इसमें विदेशी कंपनियों से लेकर घरेलू कंपनियां भी शामिल हैं। सरकार के निवेश फ्रेंडली सिस्टम के कारण 1,50,376 उद्यमियों ने संतुष्टि भी जाहिर की है।

निवेश मित्र पोर्टल पर श्रम विभाग में सबसे अधिक औसतन आवेदन के बाद एक दिन में 1,04,767 एनओसी दी गई है। ज्यादातर आवेदन में 21, 30 और 60 दिन में एनओसी की समय सीमा निर्धारित थी, लेकिन ज्यादातर आवेदन में एनओसी एक, दो और पांच दिन में दी गई। ऐसे ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 36,668 एनओसी औसतन 10 दिन में दी है। इसमें ज्यादातर आवेदन के लिए समय सीमा 10, 90 और 120 दिन निर्धारित थी। फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने औसतन छह दिन में 20,400 एनओसी दी हैए जबकि सरकार की ओर से समय सीमा सातए 15 और 30 दिन निर्धारित थी। इस बारे में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने ट्विट भी किया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निवेश मित्र पोर्टल के तहत जारी प्रमाण पत्र-एनओसी-स्वीकृति-सहमति की संख्या 3.5 लाख को पार कर गई है। सीएम योगी की तरफ से प्रदेश में पहली बार उद्योगों को आनलाइन एनओसी देने के लिए फरवरी 2018 में शुरूआत की गई थी और निवेश मित्र पोर्टल लांच किया गया था। इस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रकार की एनओसी पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय में दी जाती है। आईआईए के राष्ट्रीय चेयरमैन पंकज कुमार कहते हैं कि यूपी सरकार ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए जो प्रयास किए हैं, यह उसी का परिणाम है। निवेश मित्र पोर्टल से उद्यमियों की काफी समस्याओं का समाधान समय रहते हो रहा है। इसी वजह से प्रदेश में नए निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। वह कहते हैं कि सरकारी क्षेत्र में तकनीकी के इस्तेमाल से उद्यमियों को बेवजह की पेचीदगियों से मुक्ति मिली है। उद्यमियों के लिए सरकार ने सभी स्वीकृतियां, अनुमोदन और अनुमति आनलाइन की है। कई तरह के लाइसेंसों, एनओसी, स्वीकृतियों और अनुमोदन का डिजिटाइजेशन किया गया है।

औद्योगिक इकाइयों की ओर से विभिन्न अधिनियमों के तहत दाखिल करने वाले रिटर्न या सूचनाओं को तर्कसंगत और एकीकृत करते हुए कम किया गया है। पहले उद्योगों को एनओसी मिलने में कई बार कई साल लग जाते थेए लेकिन अब 72 घंटे में एनओसी दी जा रही है। लंबित भुगतान के लिए 18 मंडलों में फैसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है, जबकि प्रदेश में पहले यह सिर्फ कानपुर में था।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में भूमि खरीद मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश के मतदाताओं को पंचायत चुनावों में समाजवादी पार्टी को बहुमत से जिताने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कोरोना संकट और प्रशासनिक दबाव के बावजूद बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाकर लोगों ने लोकतंत्र को बचाने का भी काम किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में भूमि खरीद के मामलों में भारी घोटाला होने की खबर है। करोड़ों की हेराफेरी का प्रभावित मामला बताया जा रहा है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ट्रस्ट के सभी सदस्यों को इस्तीफा देना चाहिए। अयोध्या के धर्मपुर गांव में किसानों की भूमि एयरपोर्ट के लिए अधिगृहीत की जा रही है। किसानों को समुचित रेट पर मुआवजा मिलना चाहिए। चार साल में जनता को भाजपा से धोखा ही मिला है। समाजवादी सरकार ने विकास के जो काम किएए भाजपा ने द्वेषवश उन्हें बर्बाद किया। भाजपा सरकार की गलत नीतियों और सत्ता के दुरुपयोग से समाज का हर वर्ग परेशान है। कोरोना संकटकाल में भाजपा सरकार की भूमिका शर्मनाक रही है। संक्रमित लोगों को अस्पतालों में न बेड मिले न सही इलाज, ऑक्सीजन और इंजेक्शन की काला बाजारी खुले आम होने से मरीज तड़प तड़प कर मर गए।

अलीगढ़ से प्रतापगढ़ तक शराब माफियाओं का राज: प्रियंका गांधी

● कांग्रेस महासचिव ने सीएम को पत्र लिखकर पत्रकार की मौत के मामले में की सीबीआई जांच की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने प्रतापगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में प्रियंका गांधी ने पत्रकार के परिवार को न्याय, आर्थिक मदद और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की हैए साथ ही उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ से लेकर प्रतापगढ़ तक जहरीली शराब से सैकड़ों जानें गई हैं। ऐसे में एक पत्रकार द्वारा जब शराब माफियाओं के खिलाफ खबर चलायी जाती है तो उसे जान के खतरे की आशंका होती है। जिसको लेकर पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव ने एडीजी प्रयागराज से 12 जून को सुरक्षा की गुहार लगाई थी लेकिन उन्हें सुरक्षा नहीं दी गई और उसके ठीक एक दिन बाद शहर से कुछ ही दूरी पर पत्रकार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलता है। पत्रकार के सिर में गंभीर चोटों की बात भी सामने आई है।

SITAPUR SHIKSHA SANSTHAN
RESORA-SITAPUR
Requires
B.Ed.:- Principal(1) | Asstt. Prof:- Phill.(1) | Psyh.(2) | Sanskrit (1) Ed. (2) | Eng. (2) | Sc.(4) | Math (4) | Fine Art(2) | Performing Art (2)
M.Ed.:- Proff.(2) | Asso. Prof. (2) | Asstt. Prof. (4)
B.P.Ed :- ASSO. Prof. (2) | Asstt. Prof.(3)
Qualification, Experience & pay scale as per NCTE/UGC/Lucknow University/State Govt. norms. Candidates may apply by 25.06.2021 with self attested certificates with 4 photographs, Sitapur Shiksha Sansthan, B.Ed. Department, Vill and post-Resora, Distt-Sitapur. , 261001 Email :- sitapurshikshasanstha78@gmail.com.
Secretary:- 9838075050, 9454656109

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरी B.Tech 4th year की मार्कशीट व डिग्री जिसका अनुक्रमांक –1014120028 इन्रोलमेंट नं0–101412013402 वास्तव में खो गयी है। प्रीती त्रिपाठी पुत्री हरी शंकर त्रिपाठी म0नं0 पी–17 महावीरपुरम, सूगामऊ, इन्दिरानगर, लखनऊ

सूचना

मैं रामावती पत्नी श्री शिवविलास त्रिवेदी नि० ग्राम करहिया, घाटमपुर कानपुर अपने पति एवं हमारी सभी विवाहित पुत्रियों एवं उनके परिवार सहित अपने पुत्र प्रकाश त्रिवेदी एवं पुत्रवधू लक्ष्मी त्रिवेदी के गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं उनके द्वारा किए गए कार्यों की जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी।

गेहूं खरीद में योगी सरकार ने रचा नया इतिहास

● आजादी के बाद पहली बार 53.80 लाख मीट्रिक टन की हुई खरीद

● सीएम ने 22 जून तक गेहूं खरीद का समय बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गेहूं खरीद में योगी सरकार ने अपना ही रिकार्ड तोड़ते हुये नया इतिहास रच दिया है। क्रय केन्द्रों से मंगलवार को 12 लाख से अधिक किसानों से 53.80 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। बताते चलें कि अभी तक यूपी के इतिहास में सर्वाधिक 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने किसानों को राहत देते हुए गेहूं खरीद की तिथि बढ़ा कर 22 जून कर दी है। अभी क्रय केंद्रों से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जानी थी। योगी सरकार गेहूं खरीद में नया कीर्तिमान बना दिया है। यूपी के इतिहास में अब तक 2018-19 में किसानों से सर्वाधिक 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंगलवार को 1216821 किसानों से 53.80 लाख मीट्रिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही किसानों को भुगतान करने में भी योगी सरकार पिछले सरकारों से काफी आगे है। यूपी में एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू की गई है। गेहूं खरीद के लिए सरकार ने प्रदेश में 5612 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां पर 15 जून तक गेहूं क्रय किया जाना था । मुख्यमंत्री ने सोमवार को किसानों का राहत देते हुए विभाग को निर्देश दिए हैं कि क्रय केन्द्रों से पहले की तरह किसानों से 22 जून तक गेहूं की खरीद जारी रखी जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बरसात में भंडारण गोदाम एवं क्रय केंद्रों में गेहूं की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए जाने को कहा है।

ड्रोन कैमरों की निगरानी में रहेंगी सूबे की पांच हाई सिक्योरिटी जेलें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कारागार महकमे ने प्रदेश की 5 जेलों को उच्च सुरक्षा कारागार घोषित करते हुए उन्हें नवीनतम तकनीकी उपकरणों से लैस किया है। इसी के अनुक्रम में इन कारागारों को एक एक ड्रोन कैमरे भी दिए गए हैं। जिससे कि कारागारों की प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जा सके। बंदी उपद्रव, मारपीट लड़ाई झगड़ा, पलायन, भूख हड़ताल, आत्महत्या, हिंसा या अनियमितता के प्रयासों की समय रहते जानकारी मिले और उन पर नियंत्रण भी किया जा सके।

जिन जिलों में ड्रोन कैमरे एक्टिव किए गए हैं उनमें जिला कारागार लखनऊ, जिला कारागार आजमगढ़, जिला कारागार चित्रकूट, जिला कारागार बरेली और जिला कारागार गौतम बुद्धनगर हैं। डीजी जेल आनन्द कुमार ने कारागार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ड्रोन कैमरे की उड़ान हर दिन कराई जाए तथा कारागारों की संवेदनशीलता आदि का परीक्षण निरंतर किया जाए। इन कैमरों से सुरक्षा की दृष्टि से प्राप्त संवेदनशील फुटेज के आधार पर तत्काल करवाई सुनिश्चित करते हुए परीक्षण के लिए मुख्यालय को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि ये ड्रोन कैमरे सर्वोत्तम मेक आइडिया फोर्ज के हैं। कैमरे को संचालित करन, इसे कंट्रोल करने और इसकी फीड को लाइव देखने के लिए आवश्यक उपकरण लैपटॉप की व्यवस्था की गई है।ड्रोन कैमरा पूरी कार्यकुशलता के साथ सक्रिय रहेए क्रियाशील रहे इसके लिए प्रत्येक कारागार के दो-दो जेल वार्डर को लखनऊ में तीन दिवसीय प्रशिक्षण देने के साथ-साथ संबंधित कारागारों में भी प्रशिक्षित किया गया है। ये जेल वार्डर अन्य जेल वार्डर को प्रशिक्षित करेंगे। डीजी जेल ने बताया कि आज इन सभी 5 जेलों में ड्रोन ने काम करना शुरू कर दिया है।

प्रपत्र सं. 5
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
600/1, यूनिवर्सिटी रोड, हनुमान सेतु मंदिर के निकट, लखनऊ
जवाब दाखिल करने तथा हाजिर होने के लिए प्रकाशन द्वारा सम्मन
ओ.ए. सं. 844/2020 दिनांक : 11–02–2021
कर्नाटक बैंक लिमिटेड
विरूद्ध
मैसर्स क्लैरियन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. एवं अन्य
1. मैसर्स क्लैरियन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि.
द्वारा सरकारी परिसमापक श्री सत्य पाल सिंह
पता : सरकारी परिसमापक का कार्यालय, दिल्ली उच्च न्यायालय
पता : 8वां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली–110003
2. श्री पीयूष रस्तोगी (निदेशक/गारंटर) पुत्र श्री लक्ष्मी चंद रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
3. श्री दीपक रस्तोगी (निदेशक/गारंटर) पुत्र श्री नरेन्द कुमार रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
4. श्री परेश रस्तोगी, पुत्र श्री लक्ष्मी चंद रस्तोगी, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
5. श्रीमती नीति रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, पता : 803, रोहतास कोर्ट अपार्टमेंट, गोखले मार्किट, हजरतगंज, लखनऊ
6. श्रीमती सोनाली रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री रवीन्द कुमार शाह, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
7. श्रीमती सोनिया रस्तोगी (गारंटर) पुत्री श्री मधुकर गुप्ता, पता : मकान नंबर 14/1, जोपलिंग रोड, लखनऊ – 226001
8. मैसर्स रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (गारंटर)
द्वारा इसके निदेश श्री पीयूष रस्तोगी
पंजी. कार्यालय पता : 27/18, राजा मोहन राय मार्ग, लखनऊ–226001
उपरोक्त आवेदन में आप से यह सम्मन प्रकाशित होने के बाद अपना जवाब पेपर बुक रूप में, दो सेट्स में, दस्तावेजों तथा शपथपत्रों (यदि कोई है) सहित, उसकी प्रति आवेदक को अथवा उसके कानूनी सलाहकार/विधिवत अधिकृत एजेन्ट को भेजने के बाद, व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेन्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से प्रस्तुत करने और उसके बाद इस न्यायाधिकरण में 27–07–2021 को पूर्वा. 10.30 बजे उपस्थित होने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
रजिस्ट्रार
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, लखनऊ

बड़ागांव के चार गांवों के चार घरों से चोरों ने कई लाख के गहने किए पार

● चंदीपट्टी, सिंहापुर, देवनाथपुर आदि गांवों में चोरों ने मकान में घुसकर किया हाथ साफ

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत चंदीपट्टी, सिंहापुर, देवनाथपुर आदि गांव में चार घरों को चोरों ने सोमवार की मध्यरात्री में निशाना बनाया। दो घरों से चोर चोरी करने में सफल हो गये जबकी दो घरों के लोग जाग गये जिससे चोर, चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाये। दोनों घरों से गहनों सहित 32 हजार नगदी चोरी हुई है। पीड़ितों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी।

जानकारी अनुसार चंदीपट्टी निवासी लालमनी प्रसाद एयरपोर्ट के घर सोमवार को मध्य रात्री में चाहरदीवारी फांद कर चोर प्रवेश किये और बरामदे में रखे कपड़ों के पाकेट सहित तीन कमरों में रखे बाक्सए शूटकेस और लेडीज पर्स को खंगाले और एक सोने की अंगूठीए दो पायल और 22 हजार नगद चुरा लिये। चौथे घर के कमरे में जब चोर प्रवेश किया तो दरवाजा खुलने की आवाज सुनकर परिवार वाले जाग गये और शोर मचायेए जिससे चोर वहां से भाग निकला। इसी तरह देवनाथपुर गांव निवासी किसान अजय सिंह के मकान में चोर पड़ोस के एक घर से छत पर चढ़कर घर में प्रवेश कर गये और अजय के पुत्र के कमरे का दरवाजा बंद करके गोदरेज की आलमारी तोड़कर सोने की एक चेनए सोन का एक मंगलसूत्रए चार जोड़ी पायल व 12 हजार नगदी चुरा लिये। इस दौरान एक वृद्ध महिला जाग गयी जिसे चोर ने मारपीट भी किया।

वहीं चंदीपट्टी निवासी बाबूलाल पटेल के घर जब चोर पहुंचे और बल्ब का तार नोंचे उसी समय परिवार के लोग जाग गये जिससे चोर चाहरदीवारी से कुदकर भाग निकले। इसी तरह सिंहापुर निवासी पंकज सिंह के भी घर पहुंचे चोर ने बल्ब निकाल दिया और खिड़कि तोड़कर अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहा थाए उसी समय घरवालों की नींद खुल गयी और लोग शोर मचाये जिससे चोर भाग निकला। डेढ किलोमीटर के दायरे में हुई इन चोरी की घटनाओं में सभी लोगों का यही कहना था कि चोर केवल अंडरवियर पहने हुए था। वहीं एक ही दिन में चार घरों में चोरी की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में भी डर बना हुआ है।

बीएचयू के कार्यकारी वीसी ने प्रमुख संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

कुलपति प्रो. वीके शुक्ला की अध्यक्षता में आज विभिन्न संस्थानों के निदेशकों एवं संकाय प्रमुखों की बैठक हुईए जिसमें विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रमए मूल्यांकन एवं पठन पाठन समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में संस्थानों के निदेशकों एवं संकाय प्रमुखों ने ऑनलाइन पठन.पाठन की प्रगति के बारे में अवगत कराया। सदस्यों ने बताया कि पठन सामग्री को विभिन्न माध्यमों पर अपलोड किया जा रहा है ताकि छात्र जहां कहीं भी होंए वहीं से बिना किसी परेशानी के पढ़ाई कर सकें।

इस दौरान सदस्यों ने विश्वविद्यालय में आंतरिक परीक्षाओं के संचालन पर भी अपने विचार रखे। बैठक में कुलसचिव डॉ नीरज त्रिपाठी, छात्र अधिष्ठाता, प्रो. एमके सिंह, मुख्य आरक्षाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

क्विक न्यूज

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की

वाराणसी। प्राइवेट सेक्टर में भारत की प्रमुख गैर.जीवन बीमा प्रदाता कंपनीए एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। यह योजना खरीफसीजन 2021 के लिए भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र और वाराणसी में कर्जदार और गैर.कर्जदार किसानों के लिए लागू की जाएगी।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) स्कीम विभिन्न प्रकार के बाहरी खतरोंए जैसे कि बाढ़ए सूखाए सुखाड़ए भूस्खलनए चक्रवातए तूफान ओलावृष्टिए फसलों पर कीट या रोग लगने से फसलों को होने वाले किसी भी तरह के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों का बीमा करती है।

जीवन की अनिश्चितताओं से आपकी सुरक्षा करने के लिए

वाराणसी। वैश्विक महामारी में अपने जीवन को दीजिए एक नया आयाम और सुरक्षित जीवन कवर ऑफबड़ोदा एवं यूनियन बैंक ऑफइंडिया प्रमोटेड इंडियाफर्स्ट लाईफइंश्योरेंस माईक्रो बचत योजना प्रस्तुत की है। इंश्योरेंस पॉलिसी जीवन की अनिश्चितताओं से रक्षा करने के लिए सुरक्षा एवं अनुशासित बचत के दोहरे फायदे प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। डिप्टी सीईओए रुषभ गांधी ने कहा दूरदराज के इलाकों मेंए जहां पर आय त्रुटिपूर्ण एवं चक्रीय रूप से प्राप्त होती हैए वहां ग्राहकों को माईक्रो इंश्योरेंस समाधान प्रस्तुत करने के उद्देश्य से इंडियाफर्स्ट लाईफमाईक्रो बचत प्लान को अपने नए रूप में प्रस्तुत करने की हमें खुशी है।

पिछड़ा वैश्य एकता परिषद के पूर्वांचल उपाध्यक्ष बने अरुण कुमार

चकिया/चन्दौली। कस्बा शहाबगंज के युवा क्षेत्र पंचायत सदस्य और काशी हिन्दू विश्विद्यालय वाराणसी के पूर्व छात्र नेता अरुण कुमार गुप्ता कोए पिछड़ा वैश्य एकता परिषद के पूर्वांचल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा पूर्वांचल उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया हैए जिससे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।इस दौरान संतोष गुप्ता ने कहा किए अरुण गुप्ता को यह पदए उनके राजनैतिक कार्यशैलीए ईमानदारी को देखते हुए दिया गया है। हर्ष व्याप्त करने में लक्ष्मण गुप्ताए सुनील गुप्ताए अजय गुप्ताए संतोष गुप्ताए विवेक जैसवालए संजय जायसवालए प्रवीण जैसवालए रामवतार मोदनवालए अमन मोदनवालए संतोष चौरसियाए राजेन्द्र कानूए शिवम सोनीए दिनेशए दशरथ गुप्ताएप्रिंस सेठ आदि लोग शामिल रहे।

आभूषण की दुकान का शटर तोड़ हजारों की चोरी

मुग़लसराय/चन्दौली। अलीनगर क्षेत्र के कैली चौराहा भूपौली रोड स्थित आयुष ज्वेलर्स नामक दुकान में बीती देर रात हौसला बुलंद चोरों ने लगभग 80 हजार रु के आभूषणों पर किया हाथ साफइस बाबत दुकान संचालक राहुल सेठ मुगलसराय निवासी ने बताया कि हमें सुबह आसपास के लोगों ने बताया था कि आपकी दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ है जिसकी सूचना पर भुक्तभोगी तत्काल मौके पर पहुंचा तो देखा कि अंदर रखी अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था वही उसने बताया कि अलमारी में 60 हजार रु का सोने के किल व 20 हजार रु की चांदी के आभूषण चोर अपने साथ ले गए।वही बताया कि इसकी सूचना हमने पुलिस को दे दी हैएमौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक भुक्तभोगी द्वारा तहरीर देने की तैयारी की जा रही थी।

अपर जिलाधिकारी ने नटवा, भरूहना तक की नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन मे अपर जिलाधिकारी यू0पी0 सिंह ने संकट मोचन से लेकर नटवा भरूहना तक नाला सफाई कार्य भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान ई0ओ0 नगर पालिका के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहें। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि और कर्मियो को लगाकर सफाई कार्य मे तेजी लायी जाये तथा नालो से निकाले गये मलवा को अन्यत्र कही दूर फेका जाये ताकि वे बारिश के पानी से बहकर पुनः नाले मे न आ सकें। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर ने बताया कि कुल 125 नालो मे से 121 की सफाई हो चुकी है शेष 24 नालो की सफाई का कार्य प्रगति पर हैं।

कृषकों को बाजारों से जोड़ना आवश्यकः मण्डलायुक्त

मीरजापुर। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने आज आयुक्त सभागार मे जनपद के प्रगतिशील औद्यानिक कृषको से उत्पादन, विपणन एवं प्रसंस्करण पर आयोजित गोष्ठी मे जनपद के प्रगतिशील औद्यानिक कृषको से वार्ता की तथा कृषको के द्वारा लाये गये अपने उत्पाद को भी देखा। परिचर्चा मे मण्डलायुक्त ने कृषको सम्मानित कर सम्बोधित करते हुये कहा कि अधिक उत्पादन लेने के लिये नये टेक्नॉलाजी के माध्यम से खेती की जाये तभी कृषक बन्धु कम लागत मे अधिक उत्पादन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होने कहा कि खेती किसानी मे सबसे बड़ी समस्या सिचाई के लिये कृषको द्वारा बतायी गयी जिस पर उन्होने कहा कि ड्रिप सिचाई का प्रयोग करने से जहॉ कम पानी लगेगा वही फसल उत्पादन मे भी लाभ प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि प्रशासनिक तौर पर औद्यानिक कृषको को यथा केला, ड्रैगन फ्रूट, करौंदा, जरबेरा, सतावर, टमाटर, आंवला सहित अनके उत्पादो के लिये कृषको को बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रियो से जोड़कर बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिये जल्द ही मण्डल स्तर पर एक संगोष्ठी आयोजित की जायेगी जिसमे विभिन्न विश्वविद्यालयो के कृषि वैज्ञानिको के साथ ही इंडस्ट्रीज के लोगो को भी आमंत्रित कर किसानो से जोड़ा जायेगा। उन्होने कहा कि महिला समूहो के जरिये भी जेम, चिप्स, पापड़ आदि बनाकर बाजारो मे बेचा जा सकता हैं।

वैक्सीनेशन की धीमी प्रगति पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे कोविड-19 टीकाकरण के प्रगति तथा सांसद/विधायक निधि के कार्यो की जानकारी लेने के लिये जिला टास्क फोर्स के अधिकारियो के साथ बैठक की। उन्होने सांसद/विधायक निधि के पुराने कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कार्य मे तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का सम्बन्धित अधिकारियो व कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया। तदुपरान्त बैठक मे कोविड टीकाकरण कार्य योजना की समीक्षा तथा अब तक के धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी सम्बन्धित स्वास्थ विभाग के अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्ययोजना बनाकर कार्य मे तेजी लाये उन्होने सभी एम0ओ0आई0सी0 से नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि वे अपने मन के अन्दर से नकारात्मकता के विचार को निकालकर अच्छे मन से कार्य करें तथा लोगो को कोविड टीकाकरण के फायदे के बारे मे जानकारी देते हुये अधिक से अधिक लोगो को टीका लगाने हेतु जागरूक करें। उन्होने कहा कि प्रत्येक टीकाकरण के सेंटरो पर प्रातः 09:00 बजे वैक्सीन लगाने का कार्य अनिवार्य रूप से प्रारम्भ हो जाये तथा जितने भी व्यक्ति आये सभी का टीका लगवाया जाये। उन्होने यह भी कहा कि प्रातः 09:00 बजे सेंटर पर कार्य प्रारम्भ होते ही वहॉ का फोटोग्राफप्रतिदिन व्हाटसएप ग्रुप पर डाला जायें।

ठुमरी की विधा से रूबरू हुए देश-विदेश के संगीत प्रेमी

● तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के समापन में जुड़े उस्ताद अकरम खान

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

श्रीमती प्रमिला मिश्रा एकेडमी ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक के तत्वावधान में चल रहे त्रि दिवसीय ऑनलाइन ठुमरी.दादरा संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन सोमवार को हुआ। कार्यशाला में देश.विदेश के दो दर्जन से अधिक संगीत रसिको ने बनारस घराने की पारंपरिक ठुमरी और दादरा का गुर सीखा। प्रख्यात शास्त्रीय गायक पण्डित धर्मनाथ मिश्र ने तीसरे दिन प्रतिभागियों को राग भैरवी में बंदिश की ठुमरीए बोलबाट की ठुमरी और बोलबनाव कि ठुमरी जैसी पारंपरिक विधाओं से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने तीन ताल एवं दीपचन्दी ताल में निबद्ध बंदिश श्कैसी बजा गयी श्याम बसुरिया आदि से स्वर अभ्यास कराया। उनके साथ तबले पर प्रशांत मिश्र ने संगत किया।

कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि दिल्ली घराने के विश्वविख्यात तबला वादक उस्ताद अकरम खान ने सभी प्रशिक्षुओं को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा की भारतीय शास्त्रीय संगीत अपार प्रतिभाओं और शैलियों से भरा हैए बस आवश्यकता है उन्हें निखारने कीए इस कड़ी में एकेडमी के प्रयास सराहनीय है। इस एकेडमी के जरिये शास्त्रीय विधाओं की शिक्षा जन.जन तक पहुँच सकती है। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक एवं प्रसिद्ध सितारवादक पंडित शिवनाथ मिश्र ने पंडित धर्मनाथ मिश्र एवं प्रशांत मिश्र का उत्तरीय प्रदान कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एकेडमी आगे भी अलग अलग विधाओं की कार्यशाला संगीत में रुचि रखने वालों के लिए आयोजित करती रहेगी। संचालन कार्यशाला संयोजक पण्डित देवब्रत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जर्मनी, अमेरिका, इंग्लैण्ड, दुबई, श्रीलंका, जापान के साथ साथ मुम्बई, दिल्ली, पटना, जबलपुर से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बडौरा बाजार में 40 किशोरियों को पौष्टिक आहार किया गया वितरित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

आशा ट्रस्ट और लोक समिति संस्था की तरफ से चलाए जा रहे कोरोना राहत.कार्य अभियान के तहत करधना और बड़ौरा बाजार में 40 ज़रूरतमंद किशोरियों को पौष्टिक आहार वितरित की गई। इस दौरान लड़कियों को पर्चा बांटकर कोरोना महामारी में बचाव और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। पौष्टिक आहारए सेनेटरी पैड व अन्य राहत सामग्री पाकर किशोरी लड़कियों के चेहरे खिल गएए सभी ने संस्था को सहयोग के लिये आभार जताया। किशोरी संगठन की संयोजिका सोनी ने कहा कि कोरोना महामारी में लड़कियों और महिलाओं को सेनेट्री पैडए मास्क और पोषाहार वितरण के साथ साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने बताया कि कोरोना महामारी को में आराजी लाइन और सेवापुरी ब्लाक में दो माह से राहत कार्य जारी है। लड़कियों के राशन किट में सेनेट्री पैड, सेनेटाइजर, शैम्पू, टूथब्रश, मन्जन, महिला पैंटी, मास्क और मेडिकेटेड साबुन को शामिल किया गया है। साथ ही पोषण आहार में चना, सोयाबीन, मूंगफली, गुड़ और बिस्किट और च्यवनप्राश, हॉर्लिक्स जैसी पौष्टिक सामग्री दिया जा है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सोनी, नन्दलाल मास्टर, अनीता, अंकिता राय, विवेक राय, मोहम्मद निसार ग्राम प्रधान करधना, सुचिता जायसवाल ग्राम प्रधान बड़ौरा, आशा, राजकुमारी, मन्जू, शिवकुमार आदि लोग शामिल रहे। संचालन किशोरी संयोजिका सोनी ने किया।

अपना दल एस की समस्त विधानसभा की मासिक बैठक हुई संपन्न

संवाददाता। मीरजापुर

जनपद में मंगलवार को अपना दल एस की जिला के समस्त विधानसभा की मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक प्रारंभ करने से पूर्व महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 श्री राम लौटन बिन्द ने किया। पार्टी की बैठक नगर विधानसभा क्षेत्र के पथरहिया स्थित पार्टी कार्यालय ;विकास भवन रेलवे दक्षिणी गेट के सामनेद्ध पथरहिया रोड मिर्जापुर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान चंद कनौजिया जी उपस्थित रहे।

बैठक में पार्टी के मुख्य एजेंडा में सदस्यता अभियानएपर जोरए शत.प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहन करनाए जोनए सेक्टर एवं बुथ की समीक्षा की गई। इसी क्रम में श्री बिंद जी ने कहा कि पार्टी की नीतियों पर चर्चा.परिचर्चा एवं समीक्षा करते रहें। और सभी कार्यकर्ताओं से कहा गया कि अपने.अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क कर घर.घर जाकर पार्टी की विशेषता को बताएं? एवं सदस्यता अभियान में तेजी लाते हुए पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय श्री सोनेलाल पटेल जी एवं माननीय सांसद अनुप्रिया पटेल जी के हाथों को मजबूत करनेध्कराने हेतु सदस्यों की संख्या बढ़ाने का आवाहन किया। आज की बैठक में मिर्जापुर जनपद के टेंपो यूनियन के अध्यक्ष श्री कमलेश सिंह चौहान ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में आगे सदस्यता ग्रहण करते हुए कमलेश सिंह चौहान ने कहा कि हम आज पार्टी की नीतियों एवं माननीय सांसद महोदया के द्वारा पूर्व में जनपद के लिए किए गए कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ गए हैं और आने वाले समय में पार्टी एवं माननीय सांसद महोदया के हाथों को मजबूत करने.कराने के लिए तन.मन.धन से पूरी तन्मयता के साथ समाज के लिए संघर्ष करने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। बैठक के दौरान श्री शंकर सिंह चौहान जिला मीडिया प्रभारी व मोहम्मद मुस्तफा मंसूरी, शोएब अंसारी, ओवैश खान, चमन मंसूरी, सैफ कुरैशी, टीपू खान, अफ्रोज मंसूरी, संतोष कुमार पटेल, अनिता सिंह चौहान सहित अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

डीएम ने रेलवे ओवरब्रिज नटवा में भरे पानी से लगे जाम का किया निरीक्षण

मीरजापुर। मीरजापुर से जौनपुर मार्ग नटवा तिराहे से आगे रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बारिश के कारण पानी भर जाने से आवागमन बाधित होने तथा लम्बी जाम लग जाने की शिकायत विधायक नगर रत्नाकर मिश्र के द्वारा जिलाधिकारी से की गयी। जिस पर डीएम तत्काल अधि.अभि. लो.नि.वि., जल निगम तथा ईओ नगर पालिका के साथ मौके पर पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा पुल के नीचे भरे पानी को नगर पालिका के कर्मचारियो के द्वारा कुछ हटवाकर आवागमन चालू कराया। उन्होने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि ओवरब्रिज से बसही की तरफ जाने वाले जाम नाले को तत्काल जे0सी0बी0 अथवा सफाई कर्मियो जो भी उपयुक्त हो लगाकर प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जाये ताकि पुल के नीचे पानी भरने के कारण जाम से निजात मिल सकें।

पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोपी पति का पुलिस ने किया चालान

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय पुलिस ने पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में ग्राम सभा लीलाडेवा निवासी विनोद कुमार जायसवाल पुत्र कैलाश नाथ जायसवाल को गिरफ्तार करके मंगलवार को सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान की कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने चालान किए गए आरोपी को अग्रीम कार्रवाई हेतु सम्बंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के ऊपर यह कार्रवाई उसकी पत्नी अनामिका जायसवाल द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर विवेचना उपरांत किया गया है।

सीरो सर्वे अभियान में 742 लोगों के लिए गए रक्त के नमूने

● लोगों में एंटीबाडी का पता लगाने को चलाया गया अभियान

संवाददाता। सोनभद्र

कोविड- 19 संक्रमण के दौरान लोगों में एंटी बाडी का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में सीरो सर्वे अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने कुल 742 लोगों के रक्त के सैंपल लिए ।इसमें महिला, पुरुष तथा बच्चे शामिल हैं।सीरो सर्वे नोडल अफसर एवं पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर शैलेंद्र शील ने बताया कि जनपद के सभी 10 विकास खंडों रावर्टसगंज,घोरावल, चतरा, नगवा, म्योरपुर, बभनी ,दुद्धी, चोपन, करमा, कोन में 9 जून से 11 जून तक सीरो सर्वे अभियान चलाया गया। लोगों में कितनी एंटी बाडी बनी है इसकी जांच के लिए रक्त के नमूने स्वास्थ्य टीम द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 742 लोगों के खून के सैंपल लिए गए हैं जिसमें 244 बच्चे, 254 पुरुष एवं 244 महिलाएं शामिल है।नोडल अफसर के मुताबिक सर्वे में कोरोना से स्वस्थ हुए लोगों समेत अन्य लोगों के खून के नमूने लिए गए हैं । सीरो सर्वे अभियान का मुख्य उद्देश्य कोरोना महामारी के दौरान लोगों में एंटी बाडी का पता लगाना था ।उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें एक डॉक्टर ,एक लैब टेक्नीशियन ,एक एएनएम व एक आशा शामिल रही। इस तरह से 10 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 40 लोग शामिल रहे। जिनके द्वारा 31 क्षेत्रों में जाकर लोगों के रक्त संग्रहित किए गए। रक्त के नमूने को जांच के लिए लखनऊ भेज दिया गया है। महा जून के अंत तक इसकी रिपोर्ट भी आ जाएगी।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक

● कोरोना महामारी में अनाथ हुए बच्चों को लाभान्वित कराने को दिए गए निर्देश

सोनभद्र। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने कहां की कोविड-19 संक्रमण के दौरान जिन बच्चों के माता-पिता में से एक या दोनों की मौत हो गई है ऐसे अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित कराएं ।इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कोविड 19 से प्रभावित 49 बच्चों का आवेदन व पत्रावली समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसमे कुल 08 पूर्ण आवेदन को टास्क फोर्स कमेटी से अनुमोदन प्राप्त किया गया। बाकि 41 आवेदनों के लिए जिलाधिकारी ने जिला प्रोवेशन अधिकार को निर्देशित किया की तत्काल संबंधित परिवारों से समन्वय स्थापित करते हुए बाकी बचे हुए प्रपत्र के साथ फॉर्म भरवा कर उक्त परिवार को इस योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें ।साथ ही जिन बच्चों के मां-बाप दोनों की कोविड-19 से मृत्यु हुई हैं उनको संस्था में आवासित कराएं ।अन्यथा यदि उनके कोई जैविक अभिभावक है तो उनके संरक्षण में रखते हुए उन बच्चों को इस योजना से लाभान्वित करें। इस मौके पर प्रभारी मुख्य विकासअधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष महताब आलम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी सीमा द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र प्रोत्सायन ,संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, ओआरडब्ल्यू शेषमणि दुबे, विपिन कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जल्द कानून बनाए सरकार: दीपक सिंह

● मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे पत्रकार

संवाददाता। चंदौली

प्रदेश में पत्रकारों की हत्याओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। अपराधियोंए भू एवं शराब माफ्रियाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर हर हफ्ते किसी न किसी पत्रकार को जान गवांनी पड़ जा रही है। ऐसे हालात में लोकतंत्र का चौथे स्तंभ की सुरक्षा खतरे में है। इसलिए अब सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जल्द कानून बनाये और उसे लागू करे। उक्त विचार यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शराब माफ्रियाओं के विरुद्ध खबर छापने पर प्रतापगढ़ जिले में पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की हत्या कर दी गई। और घटना को दुर्घटना का रूप देने की साजिश शुरू हो गई। दुर्भाग्य इन बात का है कि पुलिस के अधिकारी भी उन्हीं माफ्रियाओं के बुने जाल में उलझ कर घटना को सामान्य दुर्घटना साबित करने में जुटे रहे। लेकिन अब इसे और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सरकार ने यदि अब भी इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पत्रकार भी करो या मरो का अभियान आरंभ करने को बाध्य होंगे। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया कि वे प्रदेश में कानून का शासन बहाल करें। और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए अलग से कानून बनाये तथा उसे जल्द लागू करें। ताकि अब और किसी निर्दोष एवं बेबाक पत्रकार को न्याय की जंग में अपनी जान न गंवानी पड़े। अन्यथा अब इसे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरदार महेंद्र सिंह, जिला महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, संगठन मंत्री न्याज अहमद खां, राजेश जायसवाल, हरिओम आनंद, अरविंद पटवा, आशाराम यादव, चन्द्रजीत पटेल, आरिफ हाशमी, अजय राजपूत, आशुतोष मिश्रा, सुभाष मौर्य, महताब आलम, बृजेश केशरी आदि अन्य पत्रकारो ने भी मांगो को लेकर अपनी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

पायनियर

लखनऊ, बुधवार, 16 जून 2021

एएनएम ने लगाये सर्वाधिक टीके

गुरसहायगंज (कन्नौज)। स्थानीय पालिका परिसर में आयोजित कोरोना टीकाकरण कैम्प में आठ सैकडा से अधिक लोगों नें पहुंचकर टीकाकरण करवाकर अपना जीवन सुरक्षित किया। इस दौरान पालिका कर्मी सहित नागरिक एएनएम द्वारा अकेले ही 560 टीके लगाये गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमौली
विकास खण्ड रावर्टसगंज जिला सोनभद्र

अल्पकालीन–निविदा

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां वित्त आयोग स्कूलकायाकल्प हेतु DMF मद/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण अन्त्येंष्टि स्थल का निर्माण पर योजनान्तर्गत/रिबोर कार्य, सोलर, लाइट, इत्यादि व अन्य मदों द्वारा ग्राम पंचायत मद में कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थलों पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 15.06.2021 से दिनांक 21.06.2021 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 22.06.2021 को अपरान्ह/पूर्वान्ह 02:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

सामाग्री का विवरण निम्नवत है।

01. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार 02. इण्टरलाकिंग 200x160x80MM प्रति हजार 03. बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू प्रति हजार 04. ईट गिट्टी 25 MM/40MM प्रतिघन मी. 05. सरिया/एस्बेस्टेस सीट/पैन सीट, दरवाजा, टाइल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग 06. स्टोन ब्लास्ट 22.4MM 53MM 8.22MM 6.0MM प्रति घन मी. 07. Hp3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000MM, प्रति नग 08. स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल प्रति नग 09. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व वाईट सीमेन्ट प्रति नग 10. चौकट 450x450x100MM प्रति नग 11. G.I पाईप बी क्लास साकेट प्रति नग मी0 12. P.V.C पाईप साकेट 110, 140, 150MM प्रति नग 13. पटिया 0.90x0.45MM प्रति नग 14. सुर्खी प्रतिघन मी. 15. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का– प्रति नग 16. चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट, डिस्टेम्पर प्रति किग्रा. 17. साईन बोर्ड. प्रति नग 18. नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर्य ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन, मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन.एम. सेन्टर की बाउन्ड्री बाल एवं मरम्मत 19. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामाग्री 20. सोलर वॉटर पम्प 21. खण्डा 22. स्टोन बोल्डर 23. स्टोन पटिया।

नोट– टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस मे 100/–रू० जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्त–

1. सामाग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी, अन्यथा नहीं। 3. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामाग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/–रू0 का स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना होगा। इसी के साथ–साथ 10000 रू0 की एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा, जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष मे बंधक होगी। तभी आपूर्ति आद. श निर्गत किया जायेगा। 5. सामाग्री की आपूर्ति होने के बाद एफ0डी0 होने के बाद निर्माण समिति के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा बिहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा 6. आपूर्तिकर्ता को सैलटेक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैनकार्ड धारक होना चाहिए। जी.एस.टी. प्रपत्र व पैनकार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा 7. आपूर्ति दर पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नही होना चाहिए। 8. बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अमौली
विकास खण्ड रावर्टसगंज सोनभद्र

कार्यालय ग्राम पंचायत बघुआरी
विकास खण्ड रावर्टसगंज जिला सोनभद्र

अल्पकालीन–निविदा

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त आयोग/14वां/15वां वित्त आयोग स्कूलकायाकल्प हेतु DMF मद/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण अन्त्येंष्टि स्थल का निर्माण पर योजनान्तर्गत/रिबोर कार्य, सोलर, लाइट, इत्यादि व अन्य मदों द्वारा ग्राम पंचायत मद में कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थलों पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 15.06.2021 से दिनांक 21.06.2021 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 22.06.2021 को अपरान्ह/पूर्वान्ह 02:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

सामाग्री का विवरण निम्नवत है।

01. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार 02. इण्टरलाकिंग 200x160x80MM प्रति हजार 03. बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू प्रति हजार 04. ईट गिट्टी 25 MM/40MM प्रतिघन मी. 05. सरिया/एस्बेस्टेस सीट/पैन सीट, दरवाजा, टाइल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग 06. स्टोन ब्लास्ट 22.4MM 53MM 8.22MM 6.0MM प्रति घन मी. 07. Hp3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000MM, प्रति नग 08. स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल प्रति नग 09. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व वाईट सीमेन्ट प्रति नग 10. चौकट 450x450x100MM प्रति नग 11. G.I पाईप बी क्लास साकेट प्रति नग मी0 12. P.V.C पाईप साकेट 110, 140, 150MM प्रति नग 13. पटिया 0.90x0.45MM प्रति नग 14. सुर्खी प्रतिघन मी. 15. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का– प्रति नग 16. चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट, डिस्टेम्पर प्रति किग्रा. 17. साईन बोर्ड. प्रति नग 18. नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर्य ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन, मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन.एम. सेन्टर की बाउन्ड्री बाल एवं मरम्मत 19. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामाग्री 20. सोलर वॉटर पम्प 21. खण्डा 22. स्टोन बोल्डर 23. स्टोन पटिया।

नोट– टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100/–रू० जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्त–

1. सामाग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी, अन्यथा नहीं। 3. सामाग्री आपूर्ति की आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामाग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/–रू0 का स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना होगा। इसी के साथ–साथ 10000 रू0 की एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा, जो कि 1 वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष मे बंधक होगी। तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। 5. सामाग्री की आपूर्ति होने के बाद एफ0डी0 होने के बाद निर्माण समिति के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा बिहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा 6. आपूर्तिकर्ता को सैलटेक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैनकार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैनकार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा 7. आपूर्ति दर पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नही होना चाहिए। 8. बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बघुआरी
विकास खण्ड रावर्टसगंज सोनभद्र

एयरफोर्स कर्मी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता शुक्लागंज

मृतक ऐयरफोर्स कर्मी प्रतीक सिंह का फाइल फोटो व दुखी परिजन

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात बदमाशों ने एयरफोर्स कर्मी की देर रात गोली मारकर नृशंस हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया। घटना कोतवाली से करीब 20 किमी दूर हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना मार्ग पर हुई। एयरफोर्स कर्मी हाल ही में छुट्टी पर घर आया हुआ था। सुबह के वक्त शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आनन फानन चौकी पुलिस को दी। पुलिस की निष्क्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घंटों हो जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे शव खुले आसमान के नीचे घंटों पड़ा रहा। हाइप्रोफाइल हुए हत्याकांड से उन्नाव जनपद समेत कई जिलों में ये घटना आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर एसपीए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने मौके पर पहुँचकर छानबीन की। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिवार के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी ओम नारायण सिंह का 27 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह इंडियन एयर फोर्स में एयरमैन के पद पर जम्मू में तैनात था। मृतक प्रतीक के भाई प्रभात सिंह ने बताया कि अभी हाल में ही वह 11 जून को तबियत खराब होने के चलते छुट्टी लेकर शुक्लागंज घर आया था। भाई के अनुसार सोमवार शाम 6:45 बजे घर से बाइक लेकर कुछ देर में वापस आने की बात कहकर निकला था। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन करना शुरू कर दिया। पूरी रात परिजन उसका पता लगाते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। जिससे परिजनों की घबराहट और बढ़ गई। मृतक के परिजन रात में कोतवाली गंगाघाट पहुँचे और सूचना पुलिस को दी। चूँकि मामला एयरफोर्स कर्मी का था तो पुलिस तुरंत हरकत में आ गयी। थोड़ी सी भी देर न करते हुए गंगाघाट और अचलगंज पुलिस ने हर जगह खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन कोई सफलता नहीं हाथ लगी। इसके बाद जैसे तैसे परिजनों को रात काटना मुश्किल हो गया। सुबह करीब पांच बजे गंगाघाट पुलिस को कोतवाली से करीब 20 किलोमीटर दूर हाजीपुर बसधना मार्ग पर एक खून से लथपथ शव पड़ा होने की सूचना मिली। सुबह तड़के से ही ग्रामीणों का मजमा लग गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना हाजीपुर पुलिस को दी। लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी हाजीपुर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके कुछ देर बाद गंगाघाट कोतवाल अरविंद सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

अवैध शराब सहित तीन को दबोचा

गुरसहायगंज (कन्नौज)। बीती शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली उपनिरीक्षक बृजेश यादव ने मुखबिर की सूचना पर विमला देवी इंटर कॉलेज के निकट दो युवकों को 10 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया। जब वह अवैध कच्ची शराब को कहीं बिक्री के लिए ले जा रहे थे। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम मनोज गिहार पुत्र रामस्वरूप व अशोक पुत्र बंसीलाल निवासी गिहार बस्ती सराय प्रयाग बताया है। उधर बीती शाम जसोदा की चौकी के उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुर्रा बगिया के अंदर एक युवक को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में ले लिया। आरोपी युवक ने अपना नाम सूर्यप्रकाश पुत्र रामपाल निवासी गढ़िया बलीदासपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

ज्यादा से ज्यादा बढ़ाएं वैक्सीनेशन का दायर

संवाददाता। कानपुर देहात

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने प्रशासनिक अधिकारियों व डॉक्टरों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में कियाए इसमें बताया गया कि जनपद में 4295 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। उन्होंने झींझकए डेरापुर के टीम प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने यहां वैक्सीनेशन को बढ़ायेंए साथ ही उन्होंने इस बात पर असंतोष व्यक्त किया कि न्याय पंचायतों में गठित टीम 10 की प्रगति वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में अच्छी नही रहीए इस पर और भी कार्य करने की जरूरत हैए राहत का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने पाया कि अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में 19390 श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका हैए 52 नाविकों का पंजीकरण हो चुका हैए 1538 प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका हैए उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक प्रमाण पत्र इस बात का उपलब्ध कराये कि उनके यहां सभी श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका हैए तीसरी लहर के मद्देनजर उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण तैयारियों को दुरस्त कर लिया जायेए मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आईटीपीसीआर और डायलेसिस और एक्सरे की मशीनें शीघ्र ही यहा स्थापित हो जायेगीए जबकि ऑक्सीजन प्लान्ट के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को करना पड़ेगा जो इस प्रकार है.1. लोसेंसर 25केवीए काए 65 केवीए का जनरेटरए सेड और प्लेटफार्मए केबिल और पैनलए इसके अलावा डा0 यतेन्द्र द्वारा बताया कि जनपद में कुल 13 एक्टिव केस बचे हैए जिनमें पांच होमआइसोलेशन में है।

स्वरोजगार के लिए करें आवेदन

कानपुर देहात। उद्योग निदेशालय द्वारा संचालित अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों को स्वरोजगार युक्त बनाने के लिये चार माह की अवधि का 90 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, रनियां कानपुर देहात द्वारा ब्यूटी पार्लर/मोबाईल रिपयेरिंग प्रशिक्षण टेऊ्ड में चलाया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत पात्र आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष होनी आवश्यक है इच्छुक आवेदक दिनांक 30 जून 2021 तक आनलाईन आवेदन कर सकते है। अन्तिम तिथि के बाद कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, कानपुर देहात में मोहन लाल, 9454147244 से कार्यालय दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

दिल्ली के लिए रवाना हुए किसान

गुरसहायगंज (कन्नौज)। भाकियू जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दिल्ली बॉर्डर पर 6 महीने से चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा केंद्र सरकार की हठधर्मिता के चलते अभी तक तीनों काले कानूनों को वापस नहीं लिया गया है। केंद्र सरकार को काले कानून वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

मंगलवार को रवाना होते समय भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की अगुवाई में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है। किसानों के हितों की बात करने वाली झूठी सरकार को किसानों की बात माननी ही पड़ेगी। महिला जिला अध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा जब तक बिल वापसी नहीं तब तक घर वापसी नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों के विरुद्ध सरकार द्वारा लागू किए गए काले कानून वापस नहीं होते तब तक किसान बॉर्डर पर ही डटा रहेगा। इस मौके पर महेंद्र सिंह, जीतू यादव, सुरेश यादव, मारूफ खान, नगर अध्यक्ष मुईन अहमद, इरशाद अली आदि मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–अष्टम मध्यॉंचल विद्युत निगम लिमिटेड प्रथम–तल, 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र घंटाघर, चौक, लेसा (सिस गोमती), लखनऊ ई–निविदा अवधि विस्तारण सूचना एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालिक ई–निविदा सं0 10,11,12,14 एवं 15/वि0न0वि0मं0 (अष्टम)/2021–22 के आन–लाईन अपलोड न हो पाने के कारण आन–लाईन अपलोड होने तथा खुलने की तिथि को दिनांक 29.06.2021 तक के लिये विस्तारित किया जाता है। निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी। अधीक्षण अभियन्ता (वितरण–अष्टम) लखनऊ पत्रांक 1690 दिनांक 14.06.2021 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लग सका रेप कांड के आरोपी

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

सात वर्षीय बच्ची को ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनें बाला आरोपी पर पॉच दिन बीतने के उपरांत भी कोतवाली पुलिस के हाथ नहीं पहुंच सके। जबकि दूसरी ओर रेप पीडित बच्ची का कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी राजनीति चमकाने के लिए पुलिस प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी थी। लेकिन 24 घंटे की बात करने वाले नेताओं का धरना प्रदर्शन भी अभी तक कहीं नजर नहीं आ रहा है।

ज्ञात हो कि कि नगर के एक मोहल्ला निवासी सात वर्षीय बच्ची को टाफी दिलाने के बहाने राम कृष्ण नगर मोहल्ले का युवक पवन चिक 10 जून की शाम अपने साथ ले गया था और फिर देर शाम तक जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी रात भर बच्ची नहीं मिली। अगली सुबह जब स्थानीय लोग सुभाषनगर मोहल्ले के किनारे स्थित खेतों की ओर गए तो वहां बच्ची को बेहोशी की हालत पडा देखा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। होश में आने पर बच्ची ने बताया कि उसे पवन चाचा अपने साथ ले गए थे और फिर चार लोगों ने उसके साथ दरिंदगी की थी। हालांकि पुलिस ने एक ही आरोपी पवन चिक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है और वह आरोपी भी पिछले पॉच दिनों से पुलिस के हाथ नहीं लग सका। इस घटना से एक ओर जहां कस्बा वासियों में रोष व्याप्त है तो वहीं पुलिस की उदासीनता को लेकर भी नाराजगी पनप रही है। मामले के संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना है कि लगातार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बच्ची से रेप की घटना के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी, छिबरामऊ के सपा के पूर्व विद्यायक अरविंद सिंह और पूर्व सदर ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव अपनी–अपनी टीमों के साथ अलग–अलग समय पर पीडिता के घर पहुंचे नेताओं ने सरकार पर भरपूर आरोप लगाए।

बच्ची की हालत नाजुक

गुरसहायगंज (कन्नौज)। बीते दिनों हुई दुष्कर्म की घटना की पीड़ित बच्ची का इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा है। पीडिता के पिता ने बताया कि ब्लड बंद न होने के कारण डाक्टरों ने कल ही उसका आपरेशन किया है।

अनाथ हुये बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का मिलेगा लाभ

संवाददाता। कानपुर देहात

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात के अध्यक्ष/माननीय जनपद न्यायाधीश, अनिल कुमार झा ने कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने के लिए निर्देश दिए गए। उक्त के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात की सचिव साक्षी गर्ग ने बताया कि कोविड–19 में जो बच्चे अपने माता– पिता को खो चुके हैं उनके जीवन में को सवारने में उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ किया गया है। इस तत्परता का मूल उद्देश्य परेशान बच्चों को तत्काल मदद पहुंचाना है और उसको गलत हाथों में जाने से बचाना है इस योजना के तहत अनाथ हुए बच्चों के भरण पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्थाओं को पूरा ख्याल शासन के द्वारा रखा जाएगा। यह भी अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जिन बच्चों को लाभान्वित किया जाना है उनका श्रेणी तय कर दी गई है योजना में शून्य(0) से 18 वर्ष के बच्चे शामिल किए जाएंगे जिनके माता–पिता दोनों की मृत्यु कोविड–19 से हो गई है या माता–पिता में से एक की मृत्यु मार्च 2020 से पहले हो गई थी और दूसरे की मृत्यु कोविड– काल में हो गई अथवा दोनों की मृत्यु 1 मार्च 2020 से पहले हो गई थी और वेद संरक्षण की मृत्यु कोविड–19 में हो गई इसके अलावा शून्य(0) से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड कॉल में हो गई और वह परिवार का मुख्य कर्ता–धर्ता हो और वर्तमान में जीवित में माता– पिता सहित परिवार की आय 2,00,000 रुपये से अधिक न हो।

बेहतर टीकाकरण कराने वाले प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद। मंगलवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें सर्वाधिक कोविड टीकाकरण कराने वाले प्रधानों को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया सम्मानित।कोविड टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत डीएम नें रवि ग्राम प्रधान कुम्हौली, उदयभान ग्राम प्रधान हिसामपुर, नीता ग्राम चौसेपुर ब्लाक कमालगंज, पीयूष ग्राम प्रधान सैथरा ब्लाक नवाबगंज, रविराज सिंह ग्राम बनकटी एवं सरोजनी देवी ग्राम प्रधान बिहार ब्लाक मोहम्मदाबाद द्वारा लक्ष्य से 02 से 03 गुना अधिक टीकाकरण करानें पर सम्मानित किया। समस्त प्रधानों को सर्वाधिक वैक्सीनेशन कराने पर डीएम ने प्रशस्ति पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि आप द्वारा वैक्सीनेशन में अच्छा कार्य किया गया है। अब लक्ष्य ग्राम में 100 प्रतिशत टीकाकरण कराना है।

क्विक न्यूज

अधेड़ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

बांगरमऊ उन्नाव। महिला ने गांव के ही एक अधेड़ पर बुरी नियत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।महिला द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार बीते सोमवार की दोपहर वह जानवरों के लिए घास काटने गांव से थोड़ी ही दूरी पर स्थित एक बाग में गई थी। जहां ग्राम सुरसेनी निवासी तकदीर पुत्र चुन्ना आ धमका। शोहदा अचानक उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के गुहार मचाने पर पड़ोस के खेत में काम कर रहा उसका पति दौड़ा। तब मनचला उसे छोड़कर भाग खड़ा हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच करने में जुटी हुई है।

डम्पर के नीचे आने से किशोरी की मौत

सफीपुर उन्नाव। ननिहाल से घर वापस जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर डम्फर की चपेट में आ गया। जिससे बाइक पर बैठी युवती डम्फर के नीचे आ गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। डम्फर चालक गाडी छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डम्फर को हिरासत में लेकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया। कोतवाली क्षेत्र के सकहन मुसलमानान गांव निवासी मुबस्तीर पुत्र सहीद अपनी ननिहाल फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के झारतेरा गांव से अपनी बहन साहिदा उम्र 18 वर्ष को बाइक से लेकर वापस घर आ रहा था रास्ते में हुलासी कुआ समीप तेज रफ्तार से आ रहे डम्फर की चपेट में बाइक आ जाने से पीछे बैठी युवती डम्फर के नीचे आ गयी। जिससे युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी वही बाइक चालक को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। राहगीरों की भीड़ देख डम्फर चालक मौके पर गाडी छोड़ भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। कोतवाल हरिकेश राय ने बताया की शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

पुलिस और लेखपाल पर आरोप

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम परशुरामपुर के पूर्व प्रधान द्वारा बीते वर्ष अवैधानिक ढंग से अपात्रों को खेतिहर भूमि के पट्टे कर दिए गए थे। आज गांव के मजरा बांधा व मातादीन खेड़ा के किसानों ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हल्का लेखपाल व चौकी राजेपुर की पुलिस पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करवाने का आरोप लगाया है। ग्राम परशुरामपुर के मजरा बांधा व मातादीन खेड़ा निवासी रघुवीर ए वीरेंद्र ए यदुनंदन ए विजय कुमार ए अजय कुमार ए सियाराम व रामू कनौजिया आदि किसानों ने उप जिला अधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि गत वर्ष पूर्व प्रधान धीरेंद्र उर्फ बबलू ने अपने सगे भाई व कोटेदार सहित करीब आधा दर्जन ऐसे अपात्रों को कृषि योग्य भूमि का पट्टा कर दिया थाएजो चार बीघे से लेकर 12 बीघे तक खेतिहर भूमि के मालिक हैं। ग्रामीणों को उस समय पूर्व प्रधान और हल्का लेखपाल द्वारा किए गए अवैध पट्टों की भनक नहीं लग सकी थी। आज हल्का लेखपाल और पुलिस गांव आ धमकी और अपात्र पट्टा धारकों के इशारे पर गलत ढंग से पैमाइश कर उन लोगों की बुजुर्गी खेतिहर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करवाने लगी। शिकायती पत्र में किसानों ने हल्का लेखपाल और चौकी राजेपुर की पुलिस के विरुद्ध कार्यवाही की मांग उठाई है।

अज्ञात चोरों ने नकदी के साथ कीमती जेवर किये पार

रूरा, कानपुर देहात। थाना क्षेत्र के भिखनापुर गॉव में अज्ञात चोरों ने घर के अन्दर सो रहे गृहस्वामी को चकमा देते हुये अलमारी का लॉकर तोडकर हजारों रूपये के कीमती जेवर के साथ नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने मामले की जॉच शुरू कर दी है।पीडित गृहस्वामी शकील अहमद ने बताया कि वह बीती रात अपने घर के अन्दर सो रहा था रात्रि में करीब 1 बजे नींद खुली तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। दरवाजा खुले होने पर उसने कमरे में झॉक कर देखा तो अलमारी खुली हुयी थी अलमारी में रक्खे जेवरात तथा नकदी गायब थी। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जॉच की जा रही है।

सब ट्रायबल प्रशिक्षण योजना में करे आवेदनः जीएम डीआईसी

कानपुर देहात। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि स्वरोजगार हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सब ट्रायबल प्रशिक्षण योजना एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना संचालित है जिसमें पात्र नवयुवक/नवयुवतियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये गये है, साथ ही ग्राम परौंख में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनकल्याणकारी कैम्प का भी आयोजन किया गया है जिसमें विभाग की रोजगार परक योजनाओं की जानकारी दी गयी है, साथ ही ग्राम परौंख के समस्त मजरों में विभाग द्वारा संचालित समस्त रोजगार परक योजनाओं में पात्र आवेदकों के प्रार्थना पत्रों को स्वीकार किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि सभी योजनाओं से सामान्यजन को लाभ पहुंचे।

वैक्सीन सेण्टर का एसडीएम ने लिया जायजा

रसूलाबाद कानपुर देहात रसूलाबाद विकासखंड की असालतगंज ग्रामसभा में कोरोना वैक्सीन के लिए पंचायत भवन में टीकाकरण अभियान चलाया गया। यहां 30 वर्ष के ऊपर वाले व्यक्तियों को टीके लगाए गए।उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा ने टीकाकरण बूथ का जायजा लिया। वंही उन्होंने ग्रामीणों को टीकाकरण से होने वाले फायदे बताए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही इस महामारी से बचाव का बड़ा हथियार है। ग्रामसभा में लगभग 50 लोगों को टीका लगाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल रावेंद्र कुमार समेत आशा बहु व आगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

मौरम माफियाओं के खिलाफपुलिस ने चलाया अभियान

रसूलाबाद कानपुर देहात आये दिन मौरंग के अवैध रूप से लोडिंग व कस्बे में सड़को पर अवैध रूप से फैले मौरम माफियों पर सामत आ गई लगातार आ रही शिकायतों के बाद जागी पुलिस अब दिन प्रतिदिन ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। गौरतलब हो कि कुछ दिवस पहले एक ट्विटर हैंडल से किये गए ट्वीट के बाद कार्यवाहियों का दौर तेज है। रसूलाबाद पुलिस लगातार अवैध रूप से ओवरलोड ट्रको के चालान कर रही है। तो वंही मंगलवार दोपहर रसूलाबाद कोतवाल शशि भूषण मिश्रा ने रसूलाबाद कस्बे स्थित मौरम दुकानदारो पर अवैध रूप से सड़क किनारे फैले अवैध अतिक्रमण के तहत कानूनी कार्यवाही करते हुए 10 दुकानदारों का धारा 290 के तहत चालान भरा गया

रेलवे ट्रेक के किनारे मिला अधेड़ का लहुलुहान शव

फर्रुखाबाद। रेलवे ट्रेक पर अधेड़ का शव पड़ा मिला। जिससे सनसनी फैल गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली कायमगंज क्षेत्र गांव फजलेगंज के निकट एक लगभग 50 वर्षीय अधेड़ का शव रेलवे ट्रेक के निकट पड़ा देखा गया। जिसके बाद रेलवे कर्मी नें पुलिस और विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ व स्थानीय पुलिस मौके पर पंहुची। पुलिस नें जाँच पड़ताल कीद्य चर्चा थी कि अधेड़ किसी ट्रेन से गिरा हैद्य उसके पास में ही एक झोला कच्चे आम से भरा हुआ था। लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक की मौत

फर्रुखाबाद। ईंटों के चट्टे से बाइक सवार के टकरा जाने से युवक की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।राहुल मेरापुर थाने के गांव छछोनापुर निवासी संतोष कुमार राजपूत का पुत्र था। राहुल जनपद एटा कस्बा सराय अगहत से बाजार करके बाइक द्वारा बीती शाम वापस घर जा रहा था। जब राहुल रोड के किनारे लगे इंटरलॉक ईंटों के चट्टे से बाइक टकरा गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

अनिश्चितता में है जीवन का सौंदर्यः अनिल कुमार

● राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में योग प्रशिक्षण पखवाड़े का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स उप्र शासन अनिल कुमार विवि में योग प्रशिक्षण देते हुए

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में सातवें योग प्रशिक्षण महोत्सव के अंतर्गत चल रहे योग प्रशिक्षण पखवाड़े में मंगलवार को उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार ने योग से अभय विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि पूर्वाग्रह से रहित एवं भयमुक्त मन ही जीवन के सौंदर्य को निखारता है। 90 प्रतिशत डर भविष्य की अनिश्चितताओं के लिए होता है। हमें यह समझना चाहिए कि जो घटना हुई नहीं उसके लिए डर कैसा। डर भूतकाल और वर्तमान का नहीं होता। डर केवल अनिश्चितता का है। भविष्य की आशंका का है।

अपर प्रमुख सचिव श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में हम जो कर्म कर रहे हैं उससे डर का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में अनिश्चितता न हो तो यह जीवन मशीन हो जाएगा। आनंद इसी में है कि भविष्य में अनिश्चितता है। जीवन का सौंदर्य अनिश्चितता में है। योग से जीवन में अभय की स्थिति आती है और क्षमता प्रस्फुटित होती है। जीवन में स्वतंत्रता का आनंद अनुभव होता है। उन्होंने प्रतिभागियों को योग की कई विधाओं से अवगत कराया। श्री कुमार ने प्रतिभागियों के मन से डर को दूर भगाने के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण भी किया। अपर प्रमुख सचिव अनिल कुमार का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो गिरजा शंकर शुक्ल ने किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपना अमूल्य समय देकर न केवल विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है बल्कि विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी भी उनके प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रहे हैं। योग परामर्शदाता एवं प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रतिभागियों की तरफ से योग प्रशिक्षक अपर मुख्य सचिव कुमार का स्वागत किया।

राज्यपाल के निर्देश पर महिला अध्ययन केंद्र की हुई स्थापना

प्रयागराज। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई है। केंद्र बालिकाओं और महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य स्वाभिमान आर्थिक स्वावलंबन एवं तकनीकी संसाधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगा। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने बताया कि महिला अध्ययन केंद्र राज्य एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाएगा। केंद्र के जरिए समाज में महिलाओं के विरुद्ध व्याप्त परंपरागत कुरीतियों से उन्हें सजग किया जाएगा। केंद्र का प्रमुख ध्यान गांव की महिलाओं के अंदर से झिझक को दूर करना होगा। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि महिला अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर रुचि बाजपेई को समन्वयक डा मीरा पाल को सह समन्वयक तथा डा साधना श्रीवास्तव को सहायक समन्वयक बनाया गया है।

प्रयागराज मंडल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में कार्मिक विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य पेंशनरों की परिवादों का नियमानुसार सकारात्मक समाधान करना होता है। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मचारी हितकारी समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के अध्यक्ष राजबली शर्मा तथा ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन एनसीआर प्रयागराज के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं उपस्थित सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों का स्वागत किया। मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहा कि आप सब रेल परिवार के सदस्य हैं। भारतीय रेलवे के निर्माण में आप सभी की अहम भूमिका रही है। यह हमारा दायित्व है कि रिटायरमेंट के बाद पेंशन संबंधी परिवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिससे आपका सेवानिवृत्त जीवन परिवार के साथ सुखद एवं खुशहाल रहे।

मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामना देते हुए यह विश्वास दिलाया कि प्रयागराज मंडल उनके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है।कार्मिक विभाग को सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन संबंधी 56 आवेदन प्राप्त हुए थे। कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग के संयुक्त प्रयासों से सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के सभी 56 मामलों का सकारात्मक निस्तारण नियमानुसार किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में मंडल के कल्याण निरीक्षकों के द्वारा सभी 56 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से टेलीफोनिक संपर्क किया गया।

उनके परिवादों के निस्तारण के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही तकनीकी माध्यम से उनके आवश्यक प्रपत्र भी प्रेषित किए गए। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया कि कार्मिक विभाग सदैव आपके साथ है और रहेगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य अजीत कुमार सिंह मंडल कार्मिक अधिकारी के एल जायसवाल सहायक कार्मिक अधिकारी सामान्य आशीष कुमार शुक्ला सहायक कार्मिक अधिकारी आईआर लवकुश उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का चयन

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद के अर्न्तगत 136.05 किमी लम्बी 15 सड़को का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चयन किया है। इसमें अमानीगंज में पांच, हरिग्टनगंज में चार, रुदौली में तीनए मसौधाए सोहावल व मिल्कीपुर में एक एक सड़क का निर्माण होना है। इसकी स्वीकृति शीघ्र मिल जायेगी। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि सड़के किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होता है। बेहतर आवागमन सुविधा होने से क्षेत्र में रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को सम्बल मिलता है। मुख्यमार्ग से गांवों तक बेहतर आवागमन की सुविधा देने के लिए हम कटिबद्ध है। मसौधा में टी02 से फिरोजपुर 6.5 किमी की, अमानीगंज में टी01 से पूरे लुटी 7 किमी, टी08 से झाऊ का पुरवा 12.15 किमी, टी01 गद्दोपुर से कीन्हूपुर वाया पूरे पासिन भिटारा चौराहा 12 किमी, टी06 से मठिया 9 किमी, टी09 से इटौजा वाया पूरे भदरी 6 किमी, हरिग्टनगंज में सिधौरा से धमरगंज वाया देवगिरी 6 किमी, शाहगंज से इसौली मार्ग वाया जगन का पुरवा 5 किमी, चिखड़ी से घाटमपुर होते हुए फैजाबाद रायबरेली रोड़ तक 7.5 किमी, फैजाबाद इलाहाबाद रोड 20 किमी से इनायतनगर 14 किमी, सोहावल में सोहावल नहरपुल से पूरे लोध अमटू ड्योढ़ी 13 किमी, मिल्कीपुर में टी01 से आस्तीकन वाया मवई कला चौराहा 6 किमीए रुदौली में एनएच 28 से भिटौरा 5 किमीए टी05 से कैथी 5.4 किमी, मवई में दुल्लापुर उमापुर रोड़ से पूरे बदरई 11.5 किमी का सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। इस सड़कों के निर्माण की मांग लगातार स्थानीय लोगो के द्वारा की जा रही थी। गांवो व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को प्राथमिकता मानकर कार्य किया जा रहा है। किसानों को समृद्धशाली बनाने के लिए हर गांव तक बेहरतर परिवाहन सुविधा होना अति आवश्यक है।

विचारों का प्रबन्धन विषय पर वेबिनार आयोजित

प्रयागराज। इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से सोमवार को विचारों का प्रबन्धन विषय पर वेबिनार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा हुआ। मुख्य वक्ता संजीव सरन ने वेबिनार के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वास हमारे विचारों को प्रभावित करते हैं। एक घंटे में हज़ारों विचार हमारे मन में आते हैं। यह विचार बोझ न बन जाएं। इसलिए इनका प्रबन्धन बेहद ज़रूरी है। हमारे विश्वास और हमारी मान्यताएं विचारों का प्रबन्धन करते हैं। विचार कभी मरते नहीं हैं। विचार ऊर्जा हैं। हम जैसा सोचते हैं वैसी धारणा अपने मन में बना लेते हैं। हमारी मान्यताएं प्रमुख हैं। विचार हमारे व्यक्तित्व को भी दर्शाते हैं। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष रवि प्रकाश ने किया। आयोजन जनसंपर्क अधिकारी डा शान्ति चौधरी और सचिव ओ पी गोयल के सहयोग से सम्पन्न हुआ। डा के के भूटानी वाई के गुप्ता यू डी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष विभव बाजपेई समेत 62 लोग वेबिनार से जुड़े रहे।

हाईवे के किनारे खड़ी ट्रक से टकराई कार पांच युवक गंभीर रूप से घायल

● इलाज के दौरान एक युवक की मौत

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या

हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों ने आज एक और जिंदगी छीन ली व चार युवक अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं जिसमे एक युवक की हालत अभी भी सीरियस बनी हुई है।मामला थाना इनायतनगर के कुचेरा बाजार का है कुचेरा बाजार निवासी पांच युवक सुबह जिम करने के लिए चमनगंज स्थित एक जिम सेंटर में गये हुए थेएजिम करके पांचों युवक सुबह लगभग 7 बजे अपनी निजी कार यूपी 42 ए आर 3020 से वापस घर आ रहे थे कार हैप्पी जायसवाल पुत्र रामअवतार जायसवाल चला रहा था। उसके बगल वाली सीट पर शोभित जायसवाल पुत्र शिव कुमार जायसवाल बैठा था। पीछे की सीट पर अमन पुत्र पवन जायसवाल, आकाश पुत्र उदितनारायण व गोलू पुत्र गुड्डू बैठे हुए थे। जैसे ही कार कुचेरा बाजार के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंची कार अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड़ी ट्रक यूपी 27 ए टी 8864 से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए आनन फानन में सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ शोभित व हैप्पी को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने लखनऊ रिफर कर दिया।लखनऊ में इलाज के दौरान शोभित की मौत हो गई व हैप्पी का इलाज चल रहा है।जबकि तीन लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।अब सवाल ये उठता है कि हाइवे के किनारे खड़े ये बड़े बड़े वाहन कब तक लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते रहेंगे।कब तक प्रशासन इन पर कार्यवाही करने से बचता रहेगा क्या ये बेतरतीब खड़े वाहन ऐसे ही लोगों के घरों का चिराग बुझाते रहेंगे।

क्विक न्यूज़

विश्वविद्यालय में योग सप्ताह कार्यशाला का शुभारम्भ

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने 21 जून को होने वाले अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शारीरिक शिक्षाए खेल एवं योग विज्ञान संस्थान तथा योग विज्ञान विभाग के संयुक्त संयोजन में आज 15 जून, 2021 को प्रातः 6 बजे योग सप्ताह कार्यशाला का वर्चुअल शुभारम्भ किया। कार्यशाला के शुभारम्भ पर संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि वर्तमान में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए योग एक सरल व प्रभावशाली अभ्यास है। इसके नियमित अभ्यास से एक नई ऊर्जा को विकसित कर सकते हैं। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित कर सकते है। कार्यशाला के योग प्रशिक्षक आलोक तिवारी ने योगए आसन एवं प्राणायाम के व्यवहारिक सूत्रों के साथ योगाभ्यास कराया। इसमें विवि के शिक्षकए कर्मचारी एवं छात्र.छात्राएं शामिल रहे। संस्थान के निदेशक प्रो. मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर 21 जून 2021 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस में देश.विदेश के योग विशेषज्ञों का जमावड़ा होगा।

निर्दोष साबित करने के लिए तलाश रहे सबूत

प्रयागराज। मौजूद समय में और इस बीच मेहरा परिवार अभि को निर्दोष साबित करने के लिए सबूत जुटाने के लिए संघर्ष कर रहा है। ताकि तनु के साथ उसकी शादी को रोका जा सके। हालांकि तकदीर के एक मोड़ में प्रज्ञा का एक भयानक हादसा हो जाता है और वो लीप से ठीक पहले वाले एपिसोड के दौरान लापता हो जाती हैं। इसके बाद कहानी दो साल आगे बढ़ जाएगी। लीप के बाद नए अध्याय में दर्शक देखेंगे कि अभि अब पहले जैसा महत्वाकांक्षी रॉकस्टार नहीं रहा। अभि जिंदगी की इस हार को दिल से लगा बैठते हैं। वो अपने पूरे पैसे गंवा देते हैं और निराशा एवं नशे में डूब जाते हैं। वो सिर्फअपने नशे का खर्च उठाने के लिए कभी कभार गाने गाते हैं। अधिक जानने के लिए कुमकुम भाग्य में दो साल का लीप। अट्ठारह जून को कुमकुम भाग्य हर सोमवार से शनिवार रात नौ बजे जी टीवी पर देखिए। टॉप रेटेड वीकडे प्राइमटाइम ड्रामा कुमकुम भाग्य अपनी कहानी रोमांचक मोड़ और अभि शबीर अहलुवालिया प्रज्ञा सृति झा रिया पूजा बनर्जी रणबीर कृष्णा कौल एवं प्राची मुग्धा चाफेकर जैसे अपने से लगने वाले किरदारों के साथ बीते सात वर्षों से अधिक समय से भारतीय परिवारों का पसंदीदा बना हुआ है।

मारपीट के मामले में दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

टाण्डा, अम्बेडकरनगर। दलित ठेले वाले को मारने पीटने के मामले में दलित उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर हंसवर पुलिस ने विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा को सौंपी है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा का है। घटना क्रम के अनुसार बीते सोमवार को नौ बजे राम सुभग पुत्र दयाराम जो सामान ठेले पर लाद कर ले जा रहा था कि ग्राम में रास्ते मे विपक्षी के घर के लड़के खेल रहे थे। तो वादी ने हटने को कहा तो लड़के गाली देने लगे मना करने पर लड़कों के घर के ओमप्रकाश पुत्र शंकर व संदीप पुत्र ओम प्रकाश ने आकर लाठी डंडों से मारा पीटा और जाति सूचक शब्दों में गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में हंसवर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा संतोष कुमार को भेज दी है।

बरसात में नरक की जिन्दगी जीने को मजबूर

टाण्डा, अम्बेडकरनगर। ठेकेदार की लापरवाही के कारण मोहल्ला अलीगंज उत्तरी के लोग इस बरसात में नरक की जिंदगी जीने को मजबूर है। नाला व खड़ंजा की बीते मार्च माह में खोदाई के अब तक निर्माण शुरू नही हुआ। बताते चलें कि उपरोक्त मोहल्ले के सालारगढ़ कब्रिस्तान के पीछे की आबादी में नगर पालिका के ठेकेदार ने बीते मार्च माह में गली व नाले के निर्माण हेतु खुदाई कर दी लेकिन निर्माण कार्य शुरू नही कराया इधर जब भारी वर्षा शुरू हुई तो इलाके में पानी भर गया और लोगों का आना जाना दूभर है साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है। इस मामले उपजिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक जो नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी का भी कार्यभार देख रहे है।उन्होंने समुचित कार्यवाही करने की बात कही है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

टाण्डा अम्बेडकरनगर। गैंगेस्टर एक्ट में काफी दिनों से फरार चल रहे एक आरोपी को अलीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। अलीगंज थानाध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के काजीपुरा मुहल्ला निवासी महबूब आलम पुत्र निसार अहमद के विरुद्ध बीते दिनों गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी।जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। बीती रात सटीक सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मारकर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

पत्रकार की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन

● उच्च स्तरीय जांच एक करोड़ की सहायता, सरकारी नौकरी, पत्रकार सुरक्षा कानून की किया मांग

संवाददाता। अयोध्या

अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए

पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की नृशंस हत्या से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। सभी पत्रकार आक्रोशित हैं। शीघ्र घटना के अभियुक्तों की गिरफ्तारी न की गई तो निरंतर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।उक्त विचार प्रतापगढ़ के न्यूज़ चैनल पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में शोक व्यक्त करते हुए उपजा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने व्यक्त किया। पत्रकार सुलभ की कच्ची गृहस्ती है। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं जिनका रो रो कर बुरा हाल है। पत्रकार सुलभ निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता की पहचान थे। अपनी जान का खतरा होने की सूचना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से भी किया था। गत 13 जून की घटना जिन परिस्थितियों में हुई है उसमे गहरी साजिश की आशंका है ।

शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित के निर्देशन में उपजा अयोध्या इकाई द्वारा चार बिंदुओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सुलभ की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच कराने ए परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करने और पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी देने एवं पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किए जाने की मांग की गई है । ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय उपजा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश वैद संगठन मंत्री रवि मौर्य मो तुफैल महानगर महामंत्री योगेश प्रताप सिंह राकेश तिवारी कमलेश पांडेय प्रमोद पांडेय साजिद प्रदीप श्रीवास्तव डी के तिवारी एन एन पांडेय मीसम खान आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

डीएम ने दिव्यांगजनों को किया कृत्रिम अंग वितरण

अयोध्या। डीएम अनुज कुमार झा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना, शल्य चिकित्सा, यूडीआईडी कार्ड योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण का चयन किया जाना है। सीएमओ डा. घनश्याम द्वारा गठित विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजनान्तर्गत ट्राईसाइकिल, वैशाखी, व्हील चेयर, कान की मशीन, नेत्रहीन छड़ी, लेप्रोसी किट, ब्रेल किट, एमआर किट, वांकिंग स्टिक, वाकर आदि एवं शल्य चिकित्सा हेतु पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जाना है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम अंगए सहायक उपकरण हेतु दिव्यांगजन अपने साथ एक फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (तहसीलदार, मा. सांसद, मा. विधायक, ग्राम प्रधान) द्वारा निर्गत हो अपने साथ लेकर आना अनिवार्य है। शल्य चिकित्सा एवं यूडीआईडी कार्ड बनवाने हेतु दिव्यांग अपना दिव्यांगता का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो लेकर शिविर में आयेंगे। शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक तिथिवार किया जायेगा। दिनांक 22 जून 2021 को विकासखण्ड मवई परिसर, 24 जून विकासखण्ड रूदौली परिसर, 26 जून विकासखण्ड सोहावल परिसर, 29 जून विकासखण्ड अमानीगंज परिसर, 1 जुलाई विकासखण्ड मिल्कीपुर परिसर, 3 जुलाई विकासखण्ड हरिग्टनगंज परिसर, 7 जुलाई विकासखण्ड बीकापुर परिसर, 9 जुलाई विकासखण्ड तारून परिसर, 13 जुलाई विकासखण्ड मया बाजार परिसर, 15 जुलाई विकासखण्ड पूराबाजार परिसर, 16 जुलाई विकासखण्ड मसौधा परिसर व 17 जुलाई तहसील सदर परिसर अयोध्या में आयोजित किया गया है।

संगठन को चुस्त दुरुस्त करने में जुटी भाजपा

अम्बेडकरनगर। भाजपा ने जिला संगठन को चुनाव के लिए चुस्त दुरुस्त करने की दिशा में आगे बढ़ कर विगत जिला पंचायत चुनाव में पार्टी पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने के कारण खाली हुए पदों पर नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करना शुरु कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के संस्तुति पर क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र ने सन्तोष सिंह कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री दिलीप पटेल देव को प्रोन्नत कर जिला महामंत्री, जिला मंत्री पद पर संजय सिंह,विनय पाण्डेय एडवोकेट, पंकज वर्मा को मनोनीत किया है। जिला संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, राम प्रकाश वर्मा, शिव नायक वर्मा,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,विधायक संजू देवी, अनीता कमल,पूर्व सांसद हरिओम पांडेय,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, चेयरमैन सरिता गुप्ता ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को बधाई दी है।

मनरेगा के कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे आजीविका मिशन की महिलाएंः डिप्टी कमिश्नर आजीविका मिशन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा मनरेगा के कन्वर्जेंस से सरकार मनरेगा के कार्यों का पर्यवेक्षण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से कराएगी। सीडीओ घनश्याम मीणा तथा मनरेगा के अपर आयुक्त और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक योगेश कुमार के आदेशानुसार मनरेगा कन्वर्जेंस से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार देने की मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है, जिसकी शुरुआत मंगलवार को विकासखंड जलालपुर में 115 ग्राम पंचायत में 115 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मेट का अधिकार पत्र देकर उपायुक्त तथा रोजगार आर. बी. यादव तथा खंड विकास अधिकारी जलालपुर अरुण कूमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

विकासखंड जलालपुर में विगत वर्ष भी व्यक्तिगत हितार्थ के कार्य में महिलाओं को वरीयता देकर खंड विकास अधिकारी द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। डिप्टीकमिश्नर आजीविका मिशन द्वारा बताया गया कि जनपद की सभी 902 ग्राम पंचायतों में इस माह के अंत तक महिला मेट की तैनाती कर दी जाएगी। महिला मेट को अपने कार्य के लिए अकुशल श्रमिकों के को देय 320 प्रतिदिन पारिश्रमिक का भुगतान खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम पंचायतों में किया जाएगा, जिससे के लिए मनरेगा के प्राक्कलन में इसका प्रावधान किया जाएगा। व्यक्तिगत हितार्थ के कार्यों में जनपद में 36 फार्म पॉन्ड ,4 पारंपरिक कुएं, 250 कंपोस्ट पिट, 310 पशु शेड का कन्वर्जन के माध्यम से समूह की महिलाओं को लाभ दिलाया जाएगा। फार्म मशीनरी बैंक, मृदा परीक्षण, पशुपालन, ऐनिमल हेल्थ कैंप, बैकयार्ड पोल्ट्री आदि का लाभ समूह को मिलेगा। खंड विकास अधिकारी जलालपुर एडीओ पंचायत जलालपुर तथा ब्लॉक के अन्य क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ ही साथ ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई के सभी चारों ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पर्यटन व संस्कृति धर्मार्थ कार्य मंत्री ने किया अयोध्या भ्रमण

अयोध्या। जनपद के प्रभारी/पर्यटन, संस्कृति, धमार्थ कार्य मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने अपने अयोध्या भ्रमण के दौरान बताया कि अयोध्या भगवान श्रीराम की पावन भूमि है। यहां पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। यह पवित्र भूमि करोड़ों लोगों के श्रद्वा का केन्द्र है। मा. उच्चतम न्यायालय के निर्णय के पश्चात अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में अयोध्या का चैमुखी विकास के साथ साथ विश्व के सर्वोच्च पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में सर्वांगीण विकास करना है। मंदिर निर्माण के पश्चात पूरे विश्व से प्रतिदिन लाखों श्रद्वालु एवं भक्तगण अयोध्या आकर भगवान श्रीराम के दर्शन पूजन कर पुण्य के भागी बनना चाहेंगे। आने वाले पर्यटकों, श्रद्वालुओं, भक्तजनों के सुविधाओं हेतु तथा उन्हें कोई परेशानी न होए के दृष्टिगत प्रदेश सरकार अयोध्या के द्वारा आसपास के क्षेत्रों में विकास की अनेकों विकास की योजनायें संचालित की जा रही है। सड़कों के चैड़ीकरण के साथ.साथ जनसुविधाएं बढ़ायी जा रही है। इसी क्रम में मा. मंत्री जी द्वारा नगर आयुक्त एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण अयोध्या क्षेत्र सहित उसके आसपास क्षेत्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण करते हुये चल रही योजनाओं की जानकारी लेने के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ और बेहतर नियोजन के सुझाव दिये। उन्होंने अयोध्या के प्रमुख मंदिरों, मठों तक आने जाने वाले रास्ते को और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराये जाये उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। अयोध्या निरीक्षण के पश्चात मा. प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे जनपद सहित अयोध्या के आसपास के क्षेत्रों के विकासए योजनाओं की अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की।

नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को कुमारगंज पुलिस ने भेजा जेल

मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कुमारगंज में बीते वर्ष 2019 में विभिन्न पदों के लिए विज्ञप्ति जारी हुई थी विज्ञप्ति जारी होने के बाद लैब असिस्टेंट क्लर्क एवं एफएस की नियुक्ति कराने के नाम पर रिटायर्ड फौजी समेत आधा दर्जन लोगों से 6.6 लाख रुपए ठगी हुई थी। ठगी के मामले में रिटायर्ड फौजी ने ठगी में शामिल सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में थाना कुमारगंज में मुकदमा पंजीकृत कराया था। धोखाधड़ी के शिकार हुए रिटायर फौजी रामप्रवेश पांडे पुत्र घनश्याम पांडे निवासी रामपुर बैहारी थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या ने बीते 4 मार्च को थाना कुमारगंज पहुंचकर ठगी कराने वाले आरोपी भूपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र शिव शंकर सिंह निवासी ग्राम भटौली बुजुर्ग थाना महाराजगंज रघुवीर प्रताप सिंह पुत्र राजेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम हाजीपुर बरसेण्डी थाना रौनाही

अयोध्या, आलोक मिश्रा, गिरीश सिंह, आलोक कुमार, विकास आर्य, सतीश सिंह के खिलाफ धारा 406, 420, 467, 468, 471, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित की थी। पुलिस को सूचना दिया कि कृषि विवि कुमारगंज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का एक आरोपी थाना क्षेत्र के बड़ी नहर रमेश नगर में मौजूद है। कुमारगंज थाने की उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा, कांस्टेबल मनदीप चौधरी मौके पर पहुंचकर ठगी करने वाले आरोपी रघुवीर प्रताप सिंह उर्फ बब्बन पुत्र राजेंद्र प्रताप निवासी हाजीपुर बरसेण्डी थाना रौनाही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने यह जानकारी देते हुए कहा कि ठगी करने वाले अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाऐगा।

सावधानी आवश्यक

खुल रहा लॉकडाउन

तीसरी लहर की संभावना देखते हुए क्या यह ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा कि लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया थोड़ी धीमी की जाए? भारत धीरे-धीरे खुल रहा है। राज्यों ने लाकडाउन हटाने की अपनी गति और प्रक्रिया निर्धारित कर ली है। आमतौर से कोविड-19 की दूसरी लहर से राहत की भावना अनुभव की जा रही है। अधिकांश राज्य जून के तीसरे सप्ताह तक लाकडाउन पूरी तरह समाप्त कर देंगे। इसे एक संयोग कह सकते हैं, लेकिन ब्रिटिश सरकार ने भी पहले सामाजिक संबंधों पर सारी विधिक सीमाएं समाप्त करने का प्रस्ताव किया था। लेकिन अब उसने यह प्रक्रिया कुछ सप्ताह विलम्बित करने का निर्णय किया है क्योंकि अब कोरोनावायरस के डेल्टा प्रकार से संक्रमण बढ़ रहे हैं। पहले भारत में पहचाने गए चिन्ताजनक प्रकार बी1.617.2 का संक्रमण देश में फिर बढ़ रहा है। डब्लूएचओ द्वारा इस वीओसी पहचान का अर्थ है कि यह ज्यादा संक्रामक है या गंभीर बीमारी का कारण बनती है, चिकित्सा से जल्दी काबू में नहीं आती है तथा प्रतिरोधी क्षमता से प्रभावित नहीं होती है। ब्रिटिश स्वास्थ्य सचिव ने कहा था कि नए मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक इसी प्रकार के हैं जो 40 प्रतिशत ज्यादा संक्रमणीय हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुसार डेल्टा एक 'खतरनाक किस्म' का संक्रमण है जिसकी उनके देश में उपस्थिति से चिन्ता पैदा हो गई है। डेल्टा प्रकार के कारण ही भारत में दूसरी लहर पैदा हुई जो अप्रैल और मई में सबसे घातक स्वरूप में थी जब लाखों लोग संक्रमित हुए थे। भारत में मई में लगभग 4,00,000 लाख मामले आते थे तथा अनेक लोग दवाओं, आक्सीजन, बिस्तरों व यहां तक कि

श्मसानों की कमी से पीड़ित थे।

लेकिन यह लहर लगभग समाप्त होने के बाद भारत अब लाकडाउन से धीरे-धीरे मुक्त होने के रास्ते पर है। लेकिन ऐसे में सारे नियंत्रण उठाने के निर्णय पर सवाल उठते हैं जब हम चार संदिग्ध स्थितियों का सामना कर रहे हैं? इनमें से पहला, ब्रिटिश सरकार द्वारा उसी डेल्टा प्रकार द्वारा लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया पर पुन: विचार करना है। दूसरा, भारत में वैज्ञानिकों व डाक्टरों समेत सभी ने अनुमान लगाया है कि अब से तीन या चार महीने बाद दूसरी लहर आएगी। तीसरा, ब्रिटेन और अमेरिका जिस डेल्टा प्रकार की बात करते हैं उसका जन्म भारत में हुआ था और इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं कि यह समाप्त हो गया है। वास्तव में ब्रिटेन से आने वाली खबरों से संकेत मिलता है कि यह ज्यादा संक्रामक स्वरूप एवाई.1 या डेल्टा प्लस में बदल गया है। चौथा, जहां भारत ने टीकों की खूराकों के बीच ब्रिटेन द्वारा तीन महीने का अंतर करने के निर्णय का अनुसरण किया, पर वह लाकडाउन हटाने के बारे में उसके द्वारा प्रक्रिया धीमे करने का अनुसरण नहीं कर रहा है। भारत द्वारा दूसरी लहर के दौरान हुए खतरनाक अनुभवों को देखते हुए क्या यह ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा कि लाकडाउन हटाने की प्रक्रिया थोड़ी धीमी की जाए? राज्यों के पास खुलने की प्रक्रिया धीमी करने तथा साथ ही यह सुनिश्चित करने का विकल्प है कि इस बीच टीकाकरण प्रक्रिया को गतिशील बनाया जाए। वैक्सीन की अनुपलब्धता समाप्त करने के साथ ही इसके प्रति हिचक का समाधान करना चाहिए। वायरसविज्ञानियों व राष्ट्रीय टास्क फोर्स को अनेक प्रमाण मिले हैं कि टीकाकरण लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की संख्या व मौतों में कमी कर सकता है। यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि सार्वजनिक स्थलों पर अचानक व अपरिहार्य रूप से कोविड-19 उपयुक्त व्यवहारों में ढील देने से संक्रमण की वर्तमान दर बढ़ने न पाए।

गरीब होता भारत, अमीर होते निवेशक

कल्पना कीजिए कि अगर आत्मानिर्भर पैकेज के तहत 2100,000 करोड़ रुपये अनौपचारिक क्षेत्र में 40 करोड़ श्रमिकों के बीच वितरित किए गए थे तो इससे मांग को बढ़ावा मिला होता।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

कोरोना महामारी ने भले ही भारत के आर्थिक विकास में तेज गिरावट ला दी हो - पिछले चार दशकों के दौरान सबसे तेज - लेकिन निवेशकों के लिए एक बोनस मिला है। शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति, जैसा कि भारतीय इक्विटी के बाजार पूंजीकरण (शेयरों का बाजार मूल्य उनकी संख्या से गुणा) द्वारा दर्शाया गया है, 31 मार्च, 2020 तक लगभग 113 ट्रिलियन (एक ट्रिलियन बराबर 100,000 करोड़) से लगभग दोगुना होकर 226 रुपये हो गया। 31 मार्च, 2021 तक ट्रिलियन। इसके विपरीत, मौजूदा कीमतों पर भारत की जीडीपी 2019-20 के दौरान 203 ट्रिलियन रुपये से घटकर 2020-21 के दौरान 197 ट्रिलियन रुपये हो गई। नतीजतन, जीडीपी अनुपात में बाजार पूंजीकरण 2019-20 के दौरान 56 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 2020-21 के दौरान 115 प्रतिशत हो गया। किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट समय सीमा के दौरान उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य है, जैसे कि एक चौथाई या एक वर्ष। दुनिया भर में उपयोग किया जाता है, यह किसी देश के आर्थिक स्वास्थ्य को दर्शाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है। और इसके विपरीत भारत जैसे विकासशील देशों के लिए, साल-दर-साल उच्च जीडीपी वृद्धि के परिणामस्वरूप अपने लोगों के लिए समृद्धि में वृद्धि होनी चाहिए।

2020-21 के दौरान, जब कोरोना महामारी ने बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को नष्ट कर दिया, लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नष्ट कर दिया, दसियों लाख लोगों की नौकरियां छीन लीं और दूसरों की कमाई को गंभीर रूप से प्रभावित किया, एक वर्ग जो बेकार चला गया था कॉर्पोरेट क्षेत्र विशेष रूप से, निवेशक जिन्होंने सभी श्रेणियों जैसे कि लार्ज-कैप, मिड-कैप, स्मॉल-कैप आदि में कॉर्पोरेट संस्थाओं में अपनी हिस्सेदारी से भारी लाभ कमाया है। तो, इस विषम स्थिति की क्या व्याख्या है?

वर्ष के दौरान, राजस्व में गिरावट के बावजूद अधिकांश सूचीबद्ध फर्मों की लाभप्रदता में वृद्धि हुई। यह एक ओर उनके उत्पादों की उच्च कीमतों और दूसरी ओर व्यय में कमी (जिसमें मजदूरी और वेतन, अन्य निश्चित लागत, ब्याज व्यय, आदि पर खर्च शामिल है) के कारण संभव हुआ। भविष्य के लिए उम्मीद के संबंध में, विदेशी निवेशकों सहित निवेशकों को फर्मों के मूल सिद्धांतों और मध्यम से लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न देने की उनकी क्षमता पर भरोसा है। यह 2020-21 के दौरान लगभग 37 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) द्वारा प्रमाणित है। यहां तक कि केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा कथित तौर पर विकास को पुनर्जीवित करने, कुल मांग को बढ़ावा देने और एमएसएमई को मजबूत करने पर जोर देने के साथ समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए घोषित उपायों ने कॉर्पोरेट क्षेत्र की किस्मत को जोड़ा।

1 अक्टूबर, 2019 के बाद स्थापित नए उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट कर की दर में 15 प्रतिशत की भारी कमी और मौजूदा संस्थाओं के लिए 22 प्रतिशत (मौजूदा छूट और मौजूदा छूट के तहत उपलब्ध कटौती के अधीन) का मतलब लगभग 150,000 रुपये अतिरिक्त है। एक पूरे साल में कॉरपोरेट के हाथ में करोड़। कॉरपोरेट संस्थाओं को भी 2019 के दौरान वितरित 1.35 प्रतिशत की कुल कटौती के अलावा 2020 के दौरान नीति दर (ब्याज दर जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है) में 1.15 प्रतिशत की कमी से लाभ हुआ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (मई, 2020) द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित 2100,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज में से, भोजन और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए मात्र 200,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। जैसे एलपीजी पर अधिक सब्सिडी, मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत मजदूरी में वृद्धि, पीएम-किसान के तहत किसानों को वित्तीय सहायता, जन धन (जेडी) खाताधारक को अनुग्रह राशि आदि। पीएम गरीब कल्याण योजना (पीएम-जीकेवाई)। बाकी 19 लाख करोड़ रुपये (1) आरबीआई द्वारा तरलता सहायता के रूप में दिए गए थे (गवर्नर द्वारा घोषित उपाय, शशिकांत दासन 27 मार्च और 17 अप्रैल, 2020 को 500,000 करोड़ रुपये के करीब इंजेक्ट किया गया और उसके बाद 22 मई को 300,000 करोड़ रुपये); (2) बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों (एफआई) के संसाधनों में वृद्धि करना ताकि उन्हें उधार देने में सक्षम बनाया जा सके; (3) केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्यरत एजेंसियों को लंबित बकाया जारी करना। इन फंडों का एक बड़ा हिस्सा या तो कॉरपोरेट संस्थाओं के पास पहुंच गया या अप्रयुक्त रह गया।

उदाहरण के लिए, आरबीआई द्वारा तीन साल की अवधि के लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ -1) की 100,000 करोड़ रुपये की नीलामी में से, 75,000 करोड़ रुपये बड़े कॉर्पोरेट के पास गए। शीर्ष बैंक ने इस विसंगति को सुधारने की कोशिश की जब टीएलटीआरओ 2.0 (17 अप्रैल, 2020) के तहत उसने छोटी और मध्यम आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों के लिए 50,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त तरलता इंजेक्शन का 50 प्रतिशत आरक्षित किया। आश्चर्य है कि क्या 25,000 करोड़ रुपये का यह आरक्षित कोटा वास्तव में छोटे खिलाड़ियों के पास गया। आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत एमएसएमई या पहचाने गए तनावग्रस्त क्षेत्रों के लिए 300,000 करोड़ रुपये पर विचार करें।

आठ मिलियन एमएसएमई लाभार्थियों के लक्ष्य के मुकाबले, केवल चार मिलियन को कुल मिलाकर 150,000 करोड़ रुपये का ऋण मिला। आज भी, योजना के तहत उपलब्ध धन का उपयोग नहीं किया गया है; इसने सरकार को 30 सितंबर तक योजना का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है और यहां तक कि 50 करोड़ रुपये (मौजूदा 25 करोड़ रुपये से अधिक) तक बकाया वाली फर्मों को सुविधा का लाभ उठाने की शर्तों में ढील दी है।

उर्वरक निर्माताओं को 65,000 करोड़ रुपये का भुगतान (2020-21 के बजट में आवंटित 71,000 करोड़ रुपये के अलावा) पिछले वर्षों से सब्सिडी बकाया राशि के लिए देखें। ये भुगतान उनके बॉटम-लाइन को मजबूत करने की दिशा में गए। इसी तरह, बिजली वितरण कंपनियों (पीडीसी) को दिए गए 90,000 करोड़ रुपये (राशि को 130,000 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया) अंतत: बिजली उत्पादन कंपनियों के साथ उतरा, जो बाद में बकाया राशि थी। खाद्य सब्सिडी के लिए, सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को 2020-21 के लिए 116,000 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के अलावा 350,000 करोड़ रुपये (आरई के अनुसार) का भुगतान किया। इसका एक अच्छा हिस्सा एफसीआई द्वारा अपने लेनदारों/कंपनियों को बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

इस प्रकार, एमएसएमई और अनौपचारिक क्षेत्र के लाखों श्रमिकों आदि को सहायता प्रदान करने के लिए आत्मानबीर पैकेज के घोषित इरादे के विपरीत, शून्य पर, पैसा ज्यादातर कर कटौती, ब्याज दर में कमी, ऋण, तरलता सहायता के माध्यम से दिया गया था। और उन देय राशियों की निकासी जिन्होंने उन (पढ़ें- कॉर्पोरेट) को समृद्ध करने में योगदान दिया जो पहले से ही संपन्न थे। बाद में विकसित देशों में सरकारों द्वारा लापरवाह खर्च से भी बहुत कुछ हासिल हुआ (एक विशाल यूएस . 9 ट्रिलियन पंप किया गया था) यहां तक कि उस पैसे का एक बहुत भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अपना रास्ता मिल गया।

संक्षेप में, 2020-21 के दौरान अत्यधिक असमान परिणाम सरकार के मौद्रिक समर्थन पर बहुत अधिक निर्भर होने के कारण था, जिसका लाभ ज्यादातर कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा लिया गया था और बहुत कम राजकोषीय समर्थन (मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाली एलपीजी, पीएम-किसान आदि) जिसने मुश्किल से दसियों की मदद की थी। लाखों कम आय वाले लोग अपना सिर पानी से ऊपर रखते हैं। इसके विपरीत, कल्पना कीजिए कि क्या आत्मानबीर पैकेज के तहत सभी 2100,000 करोड़ रुपये अनौपचारिक क्षेत्र के 40 करोड़ श्रमिकों के बीच वितरित किए जाने थे। इससे सभी क्षेत्रों में मांग को बहुत जरूरी बढ़ावा मिलता और इसके परिणामस्वरूप समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता, लेकिन ऐसा होना नहीं था।

यहां तक कि जब महामारी चालू वर्ष के दौरान भी (हालांकि, कुछ हद तक) काटती रहती है, तो क्या सरकार इन सबसे कमजोर लोगों पर निर्देशित एक बड़ा वित्तीय दबाव देगी? वित्त मंत्री के अब तक के रुख को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है।

पुनः विफल हुआ रामद्रोहियों का षड्यंत्र

> यह राम मंदिर आंदोलन ही है जिसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी है। आज जितने भी राम विरोधी दल हैं, उनमें अधिकांश हाशिए पर हैं। इसलिए इनके नेता कालनेमि बन कर राम काज को बाधित करने का प्रयास करने में लगे हैं।

अनूप चतुर्वेदी
(लेखक हिन्दी पायनियर से संबद्ध हैं)

रामायण में एक प्रसंग है कि जब लक्ष्मण जी को शक्ति लगी और वे मूर्छित हो गए तो उनके उपचार के लिए सुषेण वैद्य ने हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने हिमालय के मंदार पर्वत भेजा था। जब रावण को पता चला तो उसने हनुमान जी को इस कार्य से रोकने के लिए अपने मामा और मायावी राक्षस कालनेमि को भेजा था। उसने हनुमान जी को भ्रमित करने के लिए उनके यात्रा मार्ग में एक साधु का रूप धारण किया और राम-राम जपने लगा। हनुमान जी को जब लगा कि यहां कोई रामभक्त है तो वे रुक गए लेकिन शीघ्र ही उन्हें मायावी राक्षस का कुटिल उद्देश्य ज्ञात हुआ तो उन्होंने उसका वध कर दिया और अपने लक्ष्य की पूर्ति में सफल हुए। यहां इस प्रसंग का उल्लेख करने का आशय यही कि इस युग में भी कालनेमि जैसे बनावटी रामभक्तों की कमी नहीं है जो राम काज में निरंतर बाधा डालने का प्रयास करते रहते हैं।

ताजा प्रकरण भी इसी प्रकार है जब रामद्रोहियों ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण में बाधा डालने का कुटिल प्रयास किया। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, जो राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण करा रहा है, को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा गया। इसके लिए ट्रस्ट द्वारा खरीदी गयी भूमि को आधार बना कर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाया गया। कहावत है कि झूठ के पैर नहीं होते। इस मामले में भी यही हुआ। 24 घंटे के अंदर ही इन षडयंत्रकारियों के चेहरे से नकाब उतर गया।

षड्यंत्र इतना गहरा था कि भूमि खरीद के अन्य सभी तथ्यों को छिपाते हुए समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी द्वारा जो पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी उसमें कहा गया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दो करोड़ की भूमि को 18 करोड़ में खरीदा है। इसके तत्काल बाद राजनीति में सक्रिय सभी कालनेमि चिल्लाने लगे कि मंदिर निर्माण में घोटाला हो रहा है। इनमें रामभक्तों के रक्त से अयोध्या को रंगने वाली समाजवादी पार्टी तो आगे थी ही, उच्चतम न्यायालय में बाकायदा हलफनामा देकर राम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के 'जनेऊधारी दत्तात्रेय गोत्र वाले 51 वर्षीय युवा' युवराज और उनकी दादी जैसी नाक वाली असाधारण योग्यताधारी बहन भी पीछे नहीं

थीं। हिन्दू हृदय सम्राट कहे जाने वाले और बाबरी मस्जिद गिराने का श्रेय स्वयं लेने वाले बाला साहब ठाकरे की सत्ता मोह में फंसी शिवसेना भी इनके सुर में सुर मिलाती दिखायी दी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूरे दस्ताबेजों के साथ स्थिति स्पष्ट कर दी तो ये बनावटी राम भक्त मुंह छिपाने की जगह ढूंढ रहे हैं। मामला केवल इतना था कि कई वर्ष पूर्व दो लोगों ने 1.20 हेक्टेयर भूमि को करीब दो करोड़ रुपए में खरीदने का अनुबंध किया था। उसके बाद रामजन्मभूमि मामले पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आ गया और सरकार ने अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर का नगर बनाने की घोषणा कर दी। इसके बाद यहां की जमीनों के भाव आसमान छूने लगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपनी आवश्यकतानुसार एक लाख 29 हजार 981 वर्गफुट की इस भूमि को 1,423 रुपए वर्ग फुट की दर से 18.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया। जबकि इस क्षेत्र में भूमि का बाजार मूल्य करीब तीन हजार रुपए प्रति वर्ग फुट बताया जा रहा है। विक्रेता का भी कहना है कि उन्होंने यह भूमि कम दर पर ट्रस्ट को इसलिए दी क्योंकि यह रामभक्तों के उपयोग में आएगी। यानी जो भूमि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बाजार भाव से कहीं कम मूल्य पर खरीदी उसे रामद्रोहियों ने घोटाला बता दिया।

दरअसल यह पहली बार नहीं है जब राममंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों को बदनाम करने का प्रयास किया गया हो। देखा जाए तो देश के तथाकथित सेकुलर दल जिनमें कांग्रेस और वाम दल अग्रणी हैं, हिन्दू विरोधी राजनीति को ही अपना एजेंडा बनाए हुए हैं। जवाहर लाल नेहरू तो 1949 में विवादित स्थल में प्रकट हुई मूर्तियों को बाहर फिकवा देना चाहते थे। वह तो तत्कालीन जिलाधिकारी केके नायर थे जिन्होंने हिन्दू भावनाओं के भड़ने की बात कह कर ऐसा करने से मना कर दिया था। इसके बाद नायर हिन्दुत्व के बड़े प्रतीक बन कर उभरे। नायर ने 1952 में स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। चौथी लोकसभा के लिए वो उत्तर प्रदेश की बहराइच सीट से जनसंघ के टिकट पर लोकसभा पहुंचे। इस क्षेत्र में नायर हिंदुत्व के इतने बड़े प्रतीक बन गए कि उनकी पत्नी शकुंतला नायर भी कैसरगंज से तीन बार जनसंघ के टिकट पर लोकसभा पहुंचीं। बाद में उनका ड्राइवर भी उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य बना।

वास्तव में यह राम मंदिर आंदोलन ही है जिसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी है। आज जितने भी राम विरोधी दल हैं, उनमें अधिकांश हाशिए पर हैं। उनके पनपने की भी निकट भविष्य में संभावना नहीं है। इसलिए इन दलों के नेता कालनेमि बन कर राम काज को बाधित करने का प्रयास करने में लगे हैं। लेकिन ऐसे लोगों को श्रीरामचरित मानस में मंदोदरी द्वारा रावण को दी गई वह सीख याद रखनी चाहिए-राम बिमुख अस हाल तुम्हारा, रहा न कोउ कुल रोवनिहारा। रावण को तो बुद्धि नहीं आयी थी। इसीलिए उसके कुल का विनाश हो गया था। राम से बिमुख राजनीतिज्ञों को यह समझ लेना चाहिए कि उन्हें अपना अस्तित्व बचाए रखना है तो कालिनेमि बनने से बचना होगा। राम का काम न तो त्रेता युग में रुका था और न ही इस कलियुग में रुकेगा। हां जो रोकने का प्रयास करेगा, वह कालनेमि की ही गति को प्राप्त होगा।

आप की बात

पश्चिम बंगाल में भूचाल

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इतना भयावह भूचाल और कोहराम मच रहा है कि राजनीति शब्द की अस्मिता ही खतरे में पड़ गई। विगत समय से नेताओँ की हत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम ही नही ले रहा। दलगत राजनीति के क्रूर चेहरे से देश दुनिया मे क्या संदेश जाता है। यह भी सोचने का व आत्म चिंतन मनन का विषय होना चाहिए। हिंसा की आग की लपटों के बीच विकास , कितना होगा कैसे होगा ,विचारणीय है। किसी भी राज्य की जनता अमन शांति व भाईचारे का वातावरण चाहती है। व साथ ही उनकी मुलभुत सुविधाओं को पसंद करती है। इनका क्या होगा? क्यों नही जनता जनार्दन की भावनाओं का ख्याल इन राजनीति के सफेदपोश नेताओं को नहीं है.. ? मन मुटाव , मतभेद ,मनभेद यह सभी राजनीति के हिस्से है। परन्तु इसका मतलब यह नही की नेताओं को असामयिक मौत की नींद में सोना पड़े। पश्चिम बंगाल में समय रहते शांति के लिए कारगर कदम उठाना चाहिए। नेताओ की मौत की रफ्तार को रोकने की जरूरत है। कोई सा भी दल हो कोई भी नेता हो ,गलती किसी की भी हो , सब जांच , अनुसधान व कानून के दायरे के पहलू है। पर जीवन सबके लिए अहम है।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

यूपी की सियासत

पिछले कई दिनों से सूबे के मुख्यमंत्री योगी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के बीच कुछ अनबन सी दिखाई दे रहीं थी। चाहे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर कोई ट्वीट न करना हो या फिर पूर्व आईएएस अधिकारी को उत्तर प्रदेश सरकार में सम्मिलित करना। वही दूसरी ओर यह भी कयास लगाए जा रहे कि उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल व अन्य राज्य में बांटा जाएगा। कई तरह की ऊहापोह का माहौल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में नित नए बातों और विचारो को जन्म दे रहीं। आगमी 2022, में उत्तर प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में योगी आदित्यनाथ को दिल्ली में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की। गौरतलब है कि अमित शाह इस बात से परिचित हो गए हैं कि यूपी में ब्राह्मण समेत छोटे दल, योगी से दुखी हैं। जिससे उम्मीद लगायी जा रहीं कि आगमी चुनाव में भाजपा को नुकसान हो सकता है। दिल्ली, बंगाल हारने के बाद बीजेपी, अब कोई दांव छोड़ना नहीं चाहती। यूपी में आने वाले दिन में एमएलसी को लेकर भी हवाएं तेज़ हैं। कांग्रेस के जतिन प्रसाद भी भाजपा में शामिल हो गए।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

पेट्रोल-डीजल 100 पार

देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आसमान छूती पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने शतक पार कर लिया है, डीजल की कीमतों ने भी राजस्थान में शतक का आंकड़ा पार कर लिया है। इससे अन्य चीजों के भी दाम बढ़ गए हैं। प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों से देश की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही विपक्ष की पार्टियों को विरोध करने के लिए एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्षी दलों यह का कहना है कि जिस मुद्दे पर वह वोट मांगकर सत्ता में आए थे वे आज उसी मुद्दे पर बात तक नहीं करना चाहते। कांग्रेस सरकार के समय भाजपा ही थी जिसने पेट्रोल-डीजल के महंगे दामों का विरोध करने के लिए सदन से वॉक-आउट किया था और देश के अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किया था। डीज़ल और घरेलू गैस के बढ़ते दाम आज बड़ा मुद्दा बन गये हैं, विश कोरोना महामारी के कारण देश के लाखों लोगों पर जहां रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे है वहीं इन सब की बढ़ती कीमतें देश के लोगों पर दोहरी मार है।

- **अजय धांगर**, दिल्ली विवि

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

आपने इस्राइल राज्य के प्रधानमंत्री के तौर पर सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा किया है, मैं आपके नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पीएमएल-एन ने कुलभूषण जाधव मामले पर ठीक तरह से काम नहीं किया। हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की सिफारिशों को क्रियान्वित कर रहे हैं।

- **शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री

चिराग पासवान ने कई भारी गलतियां की हैं, जिनके परिणाम अब पार्टी में विभाजन के रूप में सामने आ रहे हैं।

- **आरसीपी सिंह**
जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

सपा मुखिया से मिलने के बाद अटकलो का दौर तेज

अखिलेश से मिले बसपा से निष्कासित विधायक हरगोविन्द भार्गव

● मंगलवार को बसपा से निष्कासित विधायकों के सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने की जैसे ही खबर आई वैसे ही सपाइयों में बेचैनी छा गई

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर में बसपा के इकलौते विधायक रहे डा. हरगोविंद भार्गव हाथी से उतारे जाने के बाद साइकिल की सवारी करने को बेताब हैं। अपने अन्य साथी विधायकों के साथ सपा में जाने की हर जतन कर रहे हैं। पार्टी में लेने को सपा भी लालायित दिख रही है लेकिन दल-बदल कानून आड़े आ रहा है। करीब आठ माह पूर्व बसपा के सात विधायक सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने जैसे ही उनके आवास पहुंचे थे वैसे ही बसपा की मुखिया मायावती ने सभी को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। तब से डा. हरगोविंद भार्गव सपा में जाने और विधानसभा का टिकट पाने को लेकर छटपटा रहे हैं। पहली बार पिछले साल 28 अक्टूबर को वह सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे थे दूसरी बार 15 जून को फिर पहुंचे और इस बार उन्हें पीछे गेट से निकलना पड़ा। आपको बता दें, कि इस बार बसपा से निष्कासित नौ विधायक सपा मुखिया से मिले हैं। इनमें सीतापुर सिधौली से हरगोविंद भार्गव के अलावा भिनगा से असलम राइन, ढोलाना से असलम अली चौधरी, प्रतापपुर से मुज्तबा सिद्दीकी, टांडिया से हाकिम अली बिंद, मगरा से सुषमा पटेल, सादाबाद में रामवीर उपाध्याय, उन्नाव से अनिल सिंह के अलावा सगड़ी से वंदना सिंह भी शामिल हैं। इन विधायकों को अब एक-एक दिन भारू लग रहा है खाली रहना क्योंकि अगले साल फरवरी माह में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। सपा मुखिया से मिलने गए विधायकों ने कहा है कि वह अलग दल बनाएंगे, अलग दल बनाने के लिए इन्हें कम से कम 12 विधायकों की जरूरत रहेगी। इनके साथ बसपा से हॉल ही में निष्कासित किए गए वरिष्ठ नेता रामअचल राजभर और लालजी वर्मा दो विधायकों के रूप में और जुड़ जाते हैं तब भी एक की संख्या कम पड़ रही है। अगर यह सपा में जाते हैं तो दल-बदल के तहत पहले इनके नामों की सूची विधानसभा अध्यक्ष को देनी अनिवार्य रहेगी लिहाजा इन पर दल-बदल की कार्रवाई हो सकती है ऐसे में समाजवादी पार्टी बहुत जल्दबाजी में नहीं हैं, क्योंकि वह इन विधायकों के मत से विधान परिषद की सीटें जीत सकती हैं। सपा में जाने को आतुर डा. हरगोविंद भार्गव को लेकर अब बसपा में जरा भी बेचैनी नहीं है। लेकिन सपा में कइयों का चैन छिनने लगा है। कि दो बार के विधायक हरगोविंद भार्गव को आखिर समाजवादी पार्टी कहां से चुनाव लड़ाएगी। क्योंकि जिस सिधौली विधानसभा क्षेत्र से वह चुनाव जीते हैं वहां से समाजवादी पार्टी के हारे पूर्व विधायक मनीष रावत भी लगातार सक्रिय हैं। मनीष रावत 2017 में महज 2 हजार 510 मतों से ही चुनाव हारे थे ऐसे में यदि हरगोविंद भार्गव को सपा हरगांव भेजती है तो वहां से पूर्व विधायक रमेश राही का क्या होगा। जो फिर से एक बार समाजवादी पार्टी में वापस आकर अपने ही सगे छोटे भाई भाजपा से विधायक सुरेश राही के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटे हैं। मंगलवार को बसपा से निष्कासित इन विधायकों के सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने की जैसे ही खबर आई वैसे ही सपाइयों में बेचैनी छा गई। और वह पल-पल की गतिविधियों और भविष्य को लेकर गुणा-भाग लगाने लगे, फिलहाल यह समय बताएगा कि मंगलवार किसके लिए मंगलकारी साबित होगा और किसके लिए अमंगलकारी।

नाराज बेटे ने नदी में लगाई छलांग

● बालजती गांव के पास पुल पर रखे मिले कपड़े, अटरिया थाना के गढी मजरा जजौर का मामला

संवाददाता। अटरिया सीतापुर

मामूली कहासुनी से नाराज एक युवक ने बालजती पुल से सरायन नदी में छलांग लगा दी। बेटे की तलाष में निकले परिजनों को पुल के समीप उसके कपड़े रखे मिले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी में उसकी तलाष कराई मगर उसका कहीं पता नहीं चल सका, हालांकि बुलाए गए गोताखोर नदी में उसे खोजने में जुटे है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला अटरिया थाना इलाके का है। अटरिया थाना इलाके के गढ़ी मजरा जजौर निवासी राम नरेष रावत ने सोमवार की शाम को अपने बीस वर्षीय पुत्र शक्ति रावत को किसी बात को लेकर डांट दिया था। इससे वह नाराज होकर घर से चला गया था। उसके घर से निकलते ही परिजन भी पीछे से उसकी तलाष में निकले। घर से दो किलोमीटर दूरी बालजती गांव के पास बह रही सरायन नदी के पुल पर उसके कपड़े रखे मिले। आसपास के लोगो ने बताया कि कुछ देर पहले एक युवक पुल से नदी में कूद गया है। इस पर परिजनों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरायन नदी में डूबे युवक शक्ति रावत की तलाश की मगर उसका कहीं पता नहीं चला। अटरिया थाना प्रभारी अवधेश यादव ने बताया कि सूचना पर पुलिस भेजी गई थी, गोताखोरों द्वारा नदी में उसे ढूढा जा रहा है लेकिन अभी तक सफ्लता नहीं मिली है, हालांकि नदी में तलाष जारी है।

चोरों ने पार किया लाखों का माल

महोली सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के नौगवां मे अज्ञात चोरों ने 5 घरों को निशाना बनाते हुए 72 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। क्षेत्र के नौगवां निवासी श्रवण कुमार वर्मा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह सोमवार रात अपने घर के टीन सेट के नीचे सपरिवार लेटे थे। सुबह जागने पर देखा घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अज्ञात चोर मकान के पीछे बने शौचालय से छत पर पहुंचकर जीने के रास्ते घर में दाखिल होकर 4700 रुपया नगद 20 कारतूस 12 बोर,तकरीबन 80हजार के सोने चांदी जेवरातों पार कर दिए। गांव में चोरी हो जाने की सूचना सुनकर लोगों ने अपने घरों में देखा। गांव के ही सतीश वर्मा के घर से अज्ञात चोरों ने 50,000 नगद व अवधेश के घर से 7500 रूपए नगद व जेवरात, परमेश्वर के घर से 5,000 नगद एक सोने की चौन व मंगलसूत्र, महेश के घर से ष्5000 नगद एक जोड़ी पायल चोरी हुई। ग्रामीण एक ही रात में हुई ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत जदा है।पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कह रही है। इससे पहले भी लाखों रुपए की हुई कई चोरियों का खुलासा करने में पुलिस अभी तक नाकाम रही है, इस वजह से इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं।

जितिन के समर्थन में कांग्रेस में मची भगदड़

हरगांव-कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद मौजूद कार्यकर्ता

संवाददाता। सीतापुर

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के करीबी पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के भाजपा में शामिल होने के बाद अब सीतापुर में कांग्रेस पार्टी में भगदड़ मच गयी है। जितिन के समर्थन में बरसो पुराने कांग्रेसी अब पंजे को बॉय-बॉय कर भगवामय होने को उतावले है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी सदस्य समेत सीतापुर जिले में दर्जनों कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा ज्वाइन कर जितिन का साथ देने को कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े है। आपको बता दें कि अभी हाल ही में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़ कर दिल्ली में भाजपा का दामन

● हरगांव में कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

थमा लिया है। जबकि जितिन कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी के बेहद करीबी थे और उनकी युवा टीम में भी शामिल थे, लेकिन यूपी में प्रियंका के हाथों में पार्टी की बागडोर आने के बाद से वह खुद को अरजेंड नहीं कर पा रहे थे, हालांकि उन्हें पश्चिम बंगाल और का प्रभारी बनाया था। भाजपा में जितिन के शामिल होने के बाद अब सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का त्याग पत्र देने का सिलसिला शुरू हो गया। मंगलवार को सीतापुर के हरगांव में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महासचिव अरुणेश त्रिपाठी की अगुवाई में सैकड़ों साथियों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। जिन लोगों ने इस्तीफा दिया, उनमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी सदस्य राजू सिंह व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरूणेश त्रिपाठी, कमल किशोर वर्मा, हरगांव ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा राम सेवक भार्गव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, शंभू दयाल कनौजिया, ओंकार कश्यप, ओमप्रकाश मिश्रा, कन्हैया लाल यादव, श्रवण सिंह, उदयवीर सिंह, राधेश्याम कश्यप, अनुराग तिवारी, राजीव शर्मा, इंद्र पाल भार्गव आदि शामिल है।

अपर निदेशक ने परखी जिला अस्पताल की सेहत व्यवस्थाएं

सीतापुर-सीएमएस से जानकारी लेते एडी

● सीतापुर दौरे में एडी ने जाना तैयारियों का हाल

संवाददाता। सीतापुर

कोरोना की तीसरी लहर के दस्तक देने से पहले स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी करने को कमर कस ली है। मंगलवार को दौरे पर आए स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक ने सीतापुर जिले का तूफानी भ्रमण किया। सीएचसी सिधौली और मछरेहटा के मुआयने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को लखनऊ से आए स्वास्थ्य विभाग के एडी मेजर जी.एस. बाजपेयी सबसे पहले सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। यहां पर उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इसके अलावा सीएचसी मछरेहटा के निरीक्षण में कोविड व्यवस्थाएं देखीं। बाद में अपर निदेशक बाजपेयी सीतापुर जिला अस्पताल पहुंचे। इमरजेन्सी वार्ड में तीमारदारों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, फिर चिल्डेऊन वार्ड में सीएमएस एके अग्रवाल से जानकारी ली व कुपोषण वार्ड में भी बच्चों के साथ आए उनके परिजनों से बातचीत की। उपचार के बारे में भी पूछा। इसके अलावा अपर निदेशक ने कोविड-2 बने हॉल का जायजा लिया व यहीं पर कोविड आईसीयू सेंटर का भी निरीक्षण किया। एडी ने बन रहे ऑक्सीजन प्लांट के बारे में भी पूछा कि कब तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। जिस पर सीएमएस ने जल्दी ही कार्य पूरा होने की बात कही। आई इंडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य विभाग के एडी ने बताया।

पांच दिन से बिजली गुल फुंके पड़े ट्रान्सफार्मर

संवाददाता। रामकोट सीतापुर

विकास खण्ड मिश्रिख के टेडवा व गाजीपुर के गांव में 5 दिन से विजली गुल पड़ी हुई है। विजली की सप्लाई रामकोट विद्युत उप केंद्र से की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया गाजीपुर व टेडवा गांव में दोनों ट्रान्सफार्मर फूंके पड़े हुए है । ग्रामीणों को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैलाश कुमार ने बताया कि 5 दिन से ट्रान्सफार्मर फुके पड़े हुए है। टोल फ्री नंम्बर 1912 पर 3 बार जिसकी शिकायत की जा चुकी है, जेई अमित यादव को भी सूचित कर दिया गया है। लेकिन अभी तक ट्रान्सफार्मर बदले नही गए हैं। बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं । बिजली न आने से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान है। ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस सम्बंध जब विद्युत विभाग के जेई अमित यादव से बात की गई तो बताया कि वर्कसाप पर तेल की कमी होने के कारण ट्रान्सफार्मर नही मिल पा रहे है। जल्द ही बदलावा कर विद्युत लाइन चालू करा दी जाएगी।

डीएम ने की प्रशासनिक व हेल्थ महकमे के अफसरों से वर्चुअल बैठक

लखीमपुर खीरी। डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने जिले के प्रशासनिक व हेल्थ महकमे के अफसरों के साथ वर्चुअल बैठक कर बिंदुवार समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने सैंपलिंग्ए कांटेक्ट ट्रेसिंगए सक्रिय कैस वाले ग्रामों की संख्याए ऑक्सीजन व मेडिकल किट की उपलब्धता ब्लॉकवॉर आइसोलेशन सेंटर्स की संख्या निगरानी समितियों की सक्रियताए मोबाइल टेस्टिंग टीम व वैक्सीनेशन अभियान में एमओआईसी वार प्रतिदिन की प्रगति ऑक्सीजन प्लांट के स्थापना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिले में वैक्सीन की प्रचुर उपलब्धता है। जिन ब्लॉकों में वैक्सीनेशन के सत्र बढ़ाने की आवश्यकता समझें वहां सत्र बढ़ाकर टीकाकरण कराएं। सभी एसडीएम बाढ़ प्रभावित ग्रामों में शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। फिसड्डी ब्लॉकों के एमओआईसी से टीकाकरण कम होने का कारण जाना एवं टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ बलबीर सिंह ने वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने को कहा। बैठक में सीडीओ अरविंद सिंह एडीएम अरुण कुमार सिंह सभी एसीएमओ. एसडीएम बीडीओ डीपीआरओ डीएसओ सभी ईओ नगर निकाय एमओआईसी वर्चुअल जुड़े।

घर में घुस किशोरी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिलाओं की पिटाई

सीतापुर। महोली कोतवाली इलाके में एक दबंग ने घर में घुसकर किशोरी संग छेडखानी की, विरोध करने पर उसकी व सास की पिटाई कर दी। बाद में जानमाल की धमकी देकर आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने आरोपी का शांति भंग की आशंका में चालान कर इतिश्री कर ली। महोली कोतवाली के एक गांव में बीते 13 जून की रात नौ बजे महिला घर में सो रही थी, तभी गांव के ही सरोज और जसवंत आदि लोग घर में घुस आए और किशोरी संग छेड़छाड करने लगे विरोध करने पर दोनों ने महिला व उसकी सास की पिटाई कर दी। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो वो जान माल की धमकी देते हुए भाग निकले। आरोप है कि इससे पहले भी उसकी तीन वर्षीय मासूम की दुराचार कर इन्हीं विपक्षियों ने साजिश कर गांव के ही लोगों द्वारा हत्या कर दी थी, यह उनके मददगार है। जिस कारण यह लोग सुलह समझौता कराने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाए हुए है।

बारिश में ढहा कच्चा मकान

मैलानी खीरी। बारिश के चलते मैलानी निकटवर्ती गांव में रहने वाले राकेश के घर की कच्ची दीवार अचानक आधी रात मे गिर गयी। अचानक दीवार व छप्पर गिरने से राकेश की पीठ में तथा शरीर में चोटें आई हैं। बड़ी मुश्किल से घर मे बंधी बकरियों को बचा पाया। दीवार गिरने से घर में रखा घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पीडित काफी गरीब है तथा मेहनत मजदूरी करके घर का भरण पोषण करता है। पीडित राकेश का आरोप है कि उसने कई बार अपने ग्राम प्रधान से प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवास की मांग तथा आवेदन करने के बावजूद भी उसे आवास नहीं मिल सका। इसीलिए वह मिट्टी की दीवारों पर छप्पर डालकर गुजर बसर कर रहा है।

112 चालक को मिली कोरोना वैक्सीन की पहली डोज

सीतापुर। कोरोना की तीसरी लहर से खुद को बचाने को अब लोग वैक्सीनेशन को आगे आने लगे है। मंगलवार को खैराबाद स्थित एआरटीओ कार्यालय में लगाए गए वैक्सीनेशन कैंप में 112 चालक-परिचालकों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। आपको बता दें कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए परिवहन विभाग की ओर से चालक और परिचालकों के लिए एआरटीओ दफ्तर में टीकाकरण काअ आयोजन किया गया। इस कैम्प में 112 चालक और पपरिचालकों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोस लगाई गई। एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन बेहद प्रभावी है। गाड़ियों को चलाने वाले चालक नियमित रूप से लोगों के सम्पर्क में आते हैं, जिससे संक्रमण होने की सम्भावना बढ़ जाती है, जिसके बचाव के लिए शासन द्वारा चालक-परिचालकों को फ्रन्ट लाइन वर्कर की श्रेणीं में शामिल किया गया है। कैम्प में तबरेज आलम, पीयूष सक्सेना, महेन्द्र कुमार, अमन, विनय, अधीश मेहरोत्रा, सुधीर, शैलेंद्र दीक्षित, विनय कुमार, संजय कुमार, संतोष समेत 112 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। एआरटीओ ने बताया कि सुबह 10 बजे से लेकर 2 बजे के मध्य किसी भी कार्यदिवस में आकर ड्राईविंग लाइसेंस व आधार कार्ड दिखाकर वैक्सीन लगवा सकते हैं। कैम्प में स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर संदीप गोयल, एकता निगम, नीलम, रचना, प्रतीक्षा, एलटी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

एसडीएम ने किया खाद की दुकानों का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। खाद की दुकान पर ओवर रेट या नकली मिलावटी खाद की बिक्री को रोकने के उद्देश्य से एसडीएम सदर ने पेस्टीसाइड दुकानों का औचक निरीक्षण किया। वितरण रजिस्टर खाद की बोरी आदि चेक किए। उन्होंने किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही खाद देनेए किसी अन्य उत्पाद को खरीदने पर मजबूर ना करने व उत्तम व्यवहार के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ नायाब तहसीलदार अतुल सिंह उप कृषि निदेशक लखीमपुर व लेखपाल राजेश कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

चार वर्षों से वेतन ना मिलने से मदरसा शिक्षक भुखमरी की कगार पर पहुंचे

संडीला(हरदोई)। उत्तर प्रदेश मदरसा आदमीकीकरण योजना के अंतर्गत मदरसों के शिक्षकों का वेतन विगत चार वर्षों से ना मिलने के कारण उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं। मदरसा आधुनीकी करण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 8554 मदरसों में पढ़ाने वाले 25550 शिक्षकों को पिछले चार साल से वेतन से विक्षित हैं। वेतन ना मिलने के कारण भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। इस संबंध में शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें जिलाध्यक्ष हाजी नफीस अहमद एवं सुमैरा सिद्दीकी ने कहा कि लाखों छात्रों का भविष्य सुधारने वाले शिक्षकों को वेतन से वंचित करके सरकार ने भूखों मरने के लिए छोड़ दिया है। शिक्षकों ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों से मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सरकार की अपेक्षा से शिक्षकों के परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं।

ज्ञापन सौंप साप्ताहिक बंदी समाप्त करने की मांग

संडीला(हरदोई)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कंछल गुट ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप साप्ताहिक बंदी समाप्त करने की मांग की है। व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री एवं नगर प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गयी है कि संडीला में बुद्धवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी को समाप्त कर दिया जाए क्योंकि सप्ताह में पांच दिन दुकानें खुलने के आदेश हैं। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि कोरोना महामारी के कारण व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह चौपट हो गया है। व्यापार को पटरी पर लाने के लिए बंदी समाप्त करना आवश्यक है। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी अतुल जायसवाल, संजय गुप्ता, रितेश महरोत्रा, प्रभात तिवारी, मोनी गुप्ता, श्यामधर तिवारी, संकल्प गुप्ता, शाह कन्हैया लाल आदि भी मौजूद रहे।

आइपीएल ने सौंपे ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

संडीला(हरदोई)। इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड ने कोरोना से बचाव के लिए दो ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सीएचसी को सौंपे। आइपीएल के प्रबंधक डॉ0 अजय भटनागर के नेतृत्व में बीटीएच रेड्डी, जुबैर आलम, एचआर नीरज, विवेक मिश्रा आदि ने सीएचसी अधीक्षक डॉ0 मसूद आलम को एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में दस लीटर क्षमता वाले दो ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सीएचसी को सौंपे।

तीस लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

मोहम्मदी खीरी। स्थानीय एक मैरिज लान में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य अतिथि अकीरा लम सचिव व विशिष्ट अतिथि कुमुद गंगवार महासचिव प्रदेश कमेटीए अभिषेक सिंह पटेल प्रदेश सचिवए जिला प्रभारी खीरी रियाज अहमद मोनूए सचिव उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस अशफाक उल्ला खांए एआईसीसी विशाल अहमद प्रभारी कांग्रेस शाहजहांपुर मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल व संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्य बंधु ने किया। सभा को हरी नाथ उपाध्याय कुमुद गंगवार विशाल अहमद अमित गुप्ता अशफाक उल्ला खान प्रहलाद पटेल अभिषेक सिंह पटेल प्रद्युम्न मिश्रा तथा मुख्य अतिथि राम जी ने संबोधित। बैठक में मोहम्मद कमर नत्थू खान डॉ आशीष डॉक्टर राशिद डॉक्टर बाबू भाई प्रद्युम्न मिश्रा बलराम वरुण अनिल गुप्ता मुन्ना शुक्ला सईद कुरैशी आदि ने योगदान दिया। इस दौरान 30 लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की।

मृतक कर्मचारियों को अनुग्रह राशि प्रदान किए जाने पर हुई बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 में चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों को कोविड.19 से संक्रमित होने के कारण हुई मृत्यु की दशा में एवं कोविड के उपचार व उससे बचाव के लिए कार्यरत कर्मियों की संक्रमण से हुई मृत्यु की दशा में उनके आश्रितों को अनुग्रह राशि का भुगतान के संबंध में एक आवश्यक बैठक की।

बैठक में नोडल अधिकारीए अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध अरुण कुमार सिंह व सहायक नोडल अधिकारीए डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने अनुग्रह राशि प्रदान किए जाने हेतु जारी शासनादेशों में नियत मापदंडों के अनुसार विभाग के कर्मियों के आवेदन निश्चित तिथि व समय तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड कराकर साक्ष्य सहित हार्डकॉपी प्रेषित करने शासनादेशों में उल्लिखित प्रक्रियानुसार कार्यवाही कर प्रमाण पत्रों सहित सूची भिजवाने की जानकारी दी।बैठक के उद्देश्य व प्रासंगिकता पर डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से विभागवार जानकारी लेकर हुए आवेदनों की अद्यतन स्थिति जानी। निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाए। यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। चुनाव ड्यूटी में लगे किसी कर्मचारी की कोविड.19 के संक्रमण के कारण यदि मृत्यु हुई हो तो उसकी फीडिंग संबंधित विभागाध्यक्ष मंगलवार की शाम तक प्रत्येक दशा में ऑनलाइन फीड करा दें। वही फ्रंटलाइन वर्कर की कोविड.19 संक्रमण से हुई मृत्यु का डाटा 16 जून की शाम छह बजे तक ऑनलाइन फीड करा दें। यदि कोई भी पात्र व्यक्ति फीडिंग से वंचित रह गया तो संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी।डीएम ने निर्देश दिए कि सरकारी कर्मचारियों की एक फरवरी 2021 से अब तक हुई मृत्यु के मामलों में शीर्ष प्राथमिकता पर पेंशन ग्रेजुएटी एवं अन्य देयक व लाभों सहित मृतक आश्रित नियुक्ति को नियमानुसार यथाशीघ्र प्रदान किया जाए।

कलेक्ट्रेट में शुरू हुआ बाढ़ कंट्रोल रूम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● एडीएम ने तीन शिफ्टो में लगाई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

डीएम डा अरविंद कुमार चौरसिया के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह ने मानसून वर्ष 2021 में बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने उसके प्रभाव को कम करने तथा आपदा से संबंधित सूचनाओं के आदान.प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या 17 में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे के क्रियाशील रहेगा। कंट्रोल रूम के संचालन हेतु अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी 15 जून से 30 जून तक 03 शिफ्टों में लगाई है। इसी प्रकार आगे भी 15.15 दिन पर रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाएगी। पहली शिफ्ट प्रात: 6 से 2 बजे तकए दूसरी शिफ्ट अपराहन 2 बजे से रात्रि 10 बजे तकए तीसरी शिफ्ट रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लगाई जाएगी। ड्यूटी में कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर उनकी रिपोर्ट संबंधित विभागए उन्हें व जिलाधिकारी को करें। कंट्रोल रूम में लगे अधिकारी व कर्मचारियों से मुख्यता बाढ़ आगजनी कोविड 19 तथा अन्य प्राकृतिक आपदा से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उसे कंट्रोल रूम में रखे रजिस्टर पर अंकित करेंगे व दूरभाष पर संबंधित तहसील व क्षेत्राधिकारी संबंधित अधिकारी को सूचित करना। नदियों की गेज की सूचना दूरभाष पर प्राप्त कर रजिस्टर एवं व्हाइट बोर्ड पर अंकित करेंगे। कंट्रोल रूम में लगे कर्मचारी किसी अपरिहार्य कारणों से ड्यूटी आने में असमर्थ हैए तो वह अपने विभाग के अधिकारी को अवगत कराएं। विभाग द्वारा स्थापन्य भेजे जाने पर ही कंट्रोल रूम छोड़ेंगे।

स्वरोजगार से युवा संवार रहे कॅरियर

पीएम मोदी के आत्मनिर्भरता के संदेश ने बदल दी चित्रकूट के युवाओं की सोच

● पान की दुकान से कर रहे आमदनी

रतन पटेल। चित्रकूट

विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेताओं में सुमार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्म निर्भर बनाने को संकल्पित है। पीएम मोदी के आत्मनिर्भरता के संदेश ने युवाओं में नया जोश और उत्साह जगाने का काम किया है। युवा सरकारी नौकारी की आस छोड़ स्वरोजगार की ओर रूख करते नजर आ रहे है। पीएम से प्रभावित चित्रकूट के आधा दर्जन से अधिक युवाओं ने पान के कारोबार को अपना कैरियर बना अपने पैरों पर खड़े होकर अपने परिवार को बाखूबी भरण-पोषण कर रहे है। पचास से साठ रूपये में बिकने वाले 'फ ायर पान' को खाने के लिए दूर-दूर से शौकीन इनकी दुकानों पर आते है।प्रतिदिन एक से दो हजार रूपये कमा सारे युवा खुशहाली का जीवन बिता रहे है। बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले का नाम आते ही बदहाली, बेरोजगारी और पिछड़ेपन एवं चार दशकों तक आतंक का पर्याय रहे दुंर्दात डकैतों की तस्वीरें लोगों के जेहन में नांचने लगती है। इलाके का औद्योगिक विकास न होने के कारण जिले के पचास हजार से अधिक युवा परिवार का भरण -पोषण करने के लिए काम की तलाश में दिल्ली, मुम्बई, सूरत, गुजरात, लुधियाना आदि महानगरों की ओर पलायन को आज भी मजबूर है। वहीं वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के चलते महानगरों से पलायन कर वापस आये युवा अपने घर और गांव में रोजगार के अवसर तलाशने में जुट गये है। इसी बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प पर संदेश ने चित्रकूट क युवाओं को नई प्ररेणा देने का काम किया है। देश के सुप्रसिद्ध तीर्थ कामदगिरि परिक्रमा स्थित खोही गांव निवासी धीरज तिवारी आदि आधा दर्जन युवाओं ने स्नातक तक शिक्षा हासिल करने के बावजूद सरकारी नौकरी की आस छोड स्वरोजगार अपना कर आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। परिक्रमा मार्ग में श्रद्धा पान पैलेस नाम से दुकान खोल देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट पान खिला उनका दिल जीतने के साथ-साथ प्रतिदिन एक से दो हजार रूपये कमा अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे है। युवा धीरज तिवारी को फायर पान खासा पसंद किया जाता है। पचास रूपये में बिकने वाले पान में आग लगाकर शौकीनों को सीधे मुंह में खिलाया जाता है। पान खिलाने का तरीका शौकीनों को खासा प्रभावित करता है। धीरज बताते हैं कि उनके पिटारे में फायर पान के अलावा आइसक्रीम पान, चॉकलेट पान जैसे 27 आइटम हैं। शादी विवाह के मौके पर भी फ ायर पान के खूब ऑर्डर मिलते है। कामदगिरि परिक्रमा में मिलने वाले फायर पान की तारीफ सुन मंगलवार को खाने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,समाजसेवी रामबाबू गुप्ता,शंकर यादव,महेश जायसवाल ,व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी आदि ने बताया कि आमतौर पर पान को उसके स्वाद के लिए खाया है। पान की तासीर ठंडी होती है। इसलिए यह मुंह को ठंडक भी पहुंचाता है। लेकिन यहां सुलगता हुआ पान खाने को मिलता है। बताया कि 'फायर पान' के नाम से परोसा जा रहा पान काफी स्वादिष्ट होता है।वहीं दुकान के मालिक धीरज तिवारी बताते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश से प्रभावित होकर आत्मनिर्भर बनने के लिए उन्होने पान का कारोबार शुरू किया है। आज हर प्रकार से पान उनकी दुकान पर मिलते है। धीरज तिवारी ने फायर पान की विशेषता बताते हुए कहा कि पान लगाने के बाद उसके ऊपर लौंग रखकर उसमें आग लगा देते हैं। इसके बाद इस जलते हुए पान को ही खाने वाले के मुंह में रख दिया जाता है।

लुकतरा में तुलसीराम बने प्रधान

संवाददाता। बांदा

पंचायत के खाली पदों पर हुए चुनाव की मतगणना सोमवार को पूरी हो गई। बड़ोखर विकासखंड के ग्राम पंचायत लुकतरा में तुलसीराम प्रधान निर्वाचित हुए हैं। वहीं तीन क्षेत्र पंचायत सदस्य पद में वार्ड-66 से शालिनी 75 से कमला निषाद व नौ से शमा खातून विजयी रहीं। ग्राम पंचायत सदस्यों के नतीजे भी घोषित हो गए हैं। ब्लाकों में सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई थी। बड़ोखर विकासखंड में लुकतरा ग्राम पंचायत की प्रधान पद की मतगणना हुई। कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें तुलसीराम को सर्वाधिक 964 मत मिले। इन्होंने राजेश सिंह को 168 मतों से पराजित किया। राजेश को 796 व राजाबाबू को 745 वोट मिले हैं। निर्वाचन अधिकारी एमपी गौतम ने प्रधान पद पर निर्वाचित तुलसीराम को विजयी होने का प्रमाणपत्र सौंपा। ग्राम पंचायत पिपरहरी प्रथम से क्षेत्र पंचायत के वार्ड नंबर.66 से चुनाव में कु शालिनी वर्मा पुत्री चंद्रपाल वर्मा ,पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ ने 410 मत पाकर विजयी रही। शेष 32 ग्राम पंचायत सदस्य का परिणाम घोषित हुआ। मतगणना के दौरान खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार प्रभारी निरीक्षक सविता श्रीवास्तव सहित भारी फोर्स तैनात रहा। संवाद सूत्र बदौसा के अनुसार कस्बे के ही ग्राम पंचायत दुबरिया के दो सदस्यों के रिक्त पदों पर हुए चुनाव में वार्ड नंबर तीन पर सादिक खान ने 181 मत पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी फहीम खान को 35 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। महुराई में नवल किशोर पटेल ने 184 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी राजबलि पटेल को 38 मतों से हराया।

सास ने बहू को हराया

ब्लाक की ग्राम पंचायत बिल्हरका के अंश बिंदुवपुरवा वार्ड संख्या-12 सदस्य पद हेतु 2 प्रत्याशियों को बराबर मत मिले। आरओ डॉ. प्रमोद कुमार व खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार ने खाली बक्से में दोनों के नाम डलवाकर लाटरी सिस्टम से एक पर्ची निकलवाई फलस्वरुप रिश्ते में लगने वाली सास रामकली ने बहू लक्ष्मी देवी को पराजित कर दिया। मतगणना के दौरान दोनों को 81-81 मत मिले थे। दोनों प्रत्याशी पटेल बिरादरी के हैं। आरओ प्रमोद डा. प्रमोद कुमार ने विजयी प्रत्याशी रामकली को प्रमाण पत्र दिया।

अब पूरा होगा ग्राम पंचायतों का कोरम

ग्राम पंचायतों में कई वार्ड रिक्त रहने के चलते उनका कोरम पूरा नहीं हो पाया था। जिले की करीब 95 ऐसी ग्राम पंचायतें थी जिनका कोरम न पूरा होने के कारण प्रधान व सदस्यों की शपथ एवं पहली बैठक आयोजित नहीं हो पायी थी। खाली पदों के लिए हुए चुनाव बाद इन ग्राम पंचायतों का कोरम भी पूरा हो जाएगा।

क्विक न्यूज

पिपरी के जंगल से तीन गिरफ्तार

बांदा। देहात कोतवाली जमालपुर के पिपरी गांव से दो किमी दूर जंगल में लंबे समय से जुआ की फड़ सज रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की। मौके से 19 हजार 630 रुपये ताश की गड्डी एक स्कूटी व एक मोटरसाइकिल के साथ तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया। कई भागने में सफल रहे। पिपरी गांव से दो किमी दूर जंगल में जुआ खेलने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे। सटीक सूचना के बाद पुलिस ने छापेमारी की। भनक लगते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। मौके से 19 हजार 630 रुपये ताश की गड्डी एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरवां के पैगंबरपुर निवासी राज बहादुर सिंह अतर्रा चुंगी निवासी गजेंद्र और आवास विकास कालोनी निवासी योगेंद्र सिंह को मौके से गिरफ्तार किया गया।

हैसियत प्रमाण पत्रों का नहीं हो रहा निस्तारण

हमीरपुर। लोनिवि के अधिशासी अभियंता द्वारा संपत्ति का आकलन न करने के कारण हैसियत प्रमाण पत्र(सालवेंसी) तहसीलों में डंप पड़ी हुई है। इस मामले में एडीएम ने अधिशासी अभियंता डीएन यादव को कड़ा पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की है। जानकारी के अनुसार जिले में ठेकेदारी करने के लिये हरेक तहसील से सैकड़ो लोग ने सालवेंसी बनाने के लिये आवेदन किया है आवेदनकर्ता की संपत्ति का आकलन करने की जिम्मेदारी लोनिवि के अधिशासी अभियंता की होती है,हमीरपुर जिले का कार्यभार बांदा के अधिशासी अभियंता देख रहे है, मगर वह हमीरपुर कार्यालय करीब छह माह से नही आये है। जिससे न केवल विभाग के समस्त कार्य लंबित पड़े हुये है बल्कि हैसियत प्रमाण पत्रों का ढेर लगा है जिसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है यही नहीं यदि कोई भी आवेदनकर्ता अधिशासी अभियंता पर फोन से संपर्क करना चाहता है तो उसका फोन नही उठाते है,यही नहीं विभागीय कर्मी माह में दो बार बांदा अभिलेख जाकर वहां से हस्ताक्षर कराने जाता है जिससे वित्तीय कार्य नहीं हो पा रहे है।

महिला के बैग से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

हमीरपुर। शादी में शामिल होने जा रही महिला की बैग से रोडबेज वस से लाखों के जेवर व नगदी चोरी हो गये, महिला के रिश्तेदार ने एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौप दिया है। जानकारी के मुताबिक कानपुर के बिल्हौर निवासी ऊषा गुप्ता मध्य प्रदेश के देवरी गांव अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए रोडवेज बस से जा रही थी। उसकी भतीजी प्रीती की शादी 17 जून को होनी है। लड़की के घरवालों के पास रुपयों की व्यवस्था न होने के कारण वह चालीस हजार रुपए, सोने का हार, दो सोने की अंगूठी, दो कान के झाले, दो बिछुआ ट्राली बैग में रख लिये थे ऊषा ने पुलिस को बताया कि परिचालक के कहने पर उसने अपना बैग आगे रख दिया और पीछे सीट पर बैठ गई। उसके साथ एक रिश्तेदार भी था। बस जब यमुना पुल के ऊपर आ गई तो महिला की नजर बैग पर पड़ी तो देखा कि बैग की चौन खुली है।

चालकों से पुलिस करेगी पूछताछ

हमीरपुर। अलीगढ़ में जहरीली शराब कांड को देखते हुए पुलिस ने होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट, दुकानों, चौराहों समेत अन्य स्थानों में अवैध शराब बिक्री रोकने का फैसला किया है। मंगलवार से इस महा अभियान को चलाकर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री की सूचना बराबर पुलिस को मिल रही है। उधर अलीगढ़ में हुए जहरीली शराब कांड में हुए कई व्यक्तियों की मौत को लेकर शासन ने सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों को पहले से ही सख्त दिशा निर्देश दे चुके हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने सीओ व थानाध्यक्षों को लिखित आदेश दिया है कि हाईवे में बनें होटलों, ढाबों, में सघन जांच की जाए और वहां पर कई-कई घंटे खड़े ट्रकों व अन्य चौपहिया वाहनों से देर तक खड़े होने का कारण पूंछा जाए।

टीकाकरण होता जा रहा है फ्लाप

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे में कोविड वैक्सीन में लगे कर्मियों की लापरवाही के चलते वैक्सीन लगवाने वालो की संख्या दिनोदिन कम होती जा रही है। कुरारा नगर पंचायत के मीटिंग हाल में 1 मई से कोविड वेक्सीनेसन का काम शुरू हुआ था। शुरुआत में तो जागरूक लोगो ने बढ़चढ़ कर वेक्सीनेशन करवाया परंतु अब दिनोदिन वैक्सीन लगवाने वालो की संख्या में कमी आ रही है जिसमे ज्यादातर जिम्मेदार वेक्सीनेशन में लगे कर्मी ही है। जागरुक लोगो ने वेक्सीनेशन करवाया परंतु अब बहुत से ऐसे लोग है जिनके मन मे वैक्सीन को लेकर तमाम भ्रांतियां है उन भ्रमित लोगो को उनके जानने वाले जागरुक कर वैक्सीन लगवाने भेजते है।

हमीरपुर डीएम ने एसपी को लिखा पत्र

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र में पत्योरा देवगांव रोड पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अगुवाई में 29 ओवरलोड ट्रक पकड़ने के बाद पुलिस द्वारा छोड़ दिये जाने का मामला सुमेरपुर पुलिस के गले की फांस बन सकता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से सुमेरपुर थाने के दारोगा के खिलाफकड़ा कार्यवाही करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट संजय मीना(आईएएस) की अगुवाई में खनिज विभाग की टीम के साथ आठ जून को 29 ओवरलोड़ विना रायल्टी के ट्रक पकडे थे इन ट्रको को पकड़कर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुमेरपुर पुलिस के दारोगा रंजीत बहादुर को संभालने को कहा मगर दारोंगा ने ट्रको को लिखापढ़ी में लेने से साफइंकार कर दिया,यही नही जब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने नौ जून को जांच पड़ताल करने गये तो देखा कि पुलिस ने सभी ट्रको को छोड दिया है इस मामले मे पुलिस ने मजिस्ट्रेट को कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया,श्री मीना ने इस मामले की लिखित जानकारी जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी को दी,कहा कि संबंधित दारोगा से जबाव तलब किया जाये, यही नही मार्ग में जगह जगह मौरंग के ढेर मिले जो ट्रक जांच के दौरान वही डंप करके ट्रक छोडकर भाग गये थे इससे साबित होता है कि पुलिस जगह जगह डंप पड़े मौरंग पर कोई ध्यान नही दे रही

जालौन व महोबा के कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कृत

बांदा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया। कानपुर द्वारा 15 से 17 जून को 28वें वार्षिक जोनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कृषि वि.विद्यालय बांदा के संचालित दो कृषि विज्ञान केंद्र जालौन व महोबा को बीज उत्पादन व टीएसपी परियोजना में उत्तम कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। बांदा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र जालौन व महोबा को बीज उत्पादन व टीएसपी परियोजना में उत्तम कार्य के लिए पुरस्कार मिलने पर कुलपति डा. यूएस गौतम ने पूरी टीम को बधाई दी है। जनसंपर्क अधिकारी डा. बीके गुप्ता ने बताया कि सह निदेशक प्रसार डा. नरेंद्र सिंह आदि ने खुशी जताई। कृषि विज्ञान केंद्र जालौन द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अधिक बीज उत्पादन एवं वितरण करने हेतु पुरस्कृत किया ।

चौकी आने वालों की करें कोरोना जांच : एसपी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शिवरामपुर चौकी का औचक निरीक्षण कर चौकी प्रभारी को निर्देश दिये कि कोरोना हेल्पडेस्ट में नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को क्षेत्र से आने वाले फरियादियों का तापमान नापकर नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करने को कहें। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शिवरामपुर चौकी का निरीक्षण कर भोजनालय की मरम्मत के निर्देश दिये। चौकी परिसर में भ्रमण कर बारिश के मद्देनजर चौकी परिसर एवं भवन की छतों में जल भराव न हो, इसके लिए निर्देश दिये। इसी क्रम में बरगढ थानाध्यक्ष की टीम ने दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट के वांछित भारतेन्दु उर्फ मोनू यादव पुत्र फूलचन्द्र निवासी इटवां थाना रैपुरा को दबोचकर जेल भेजा। कोतवाली कर्वी के दरोगा शिवकुमार यादव व आबकारी निरीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त जांच में ब्यूर गांव के पवन कुमार पुत्र देशराज के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया। मऊ थाने के दरोगा अवधेश कुमार शुक्ला की टीम ने सखरौंहा नदी पुल से पंचमलाल पाल पुत्र शारदा पाल निवासी पाली उपरहार जिला कौशाम्बी को एक तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बाइकें भिड़ीं, तीन घायल

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के गल्हिया मोड़ के पास दो बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के गल्हिया गांव निवासी मोहन सिंह पुत्र रामसनेही व रामहेत पुत्र लक्ष्मी प्रसाद जो कि बाइक के द्वारा अपने गांव से राठ कस्बे में एक निमंत्रण में आ रहे थे। तभी उनकी बाइक रास्ते में राहुल निवासी पठानपुरा राठ की बाइक से भिड़ गई। जिससे हुए हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गये। सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दो लोगों की नाजुक हालत को देखकर उन्हें मेडिकल कॉलिज के लिए रिफर कर दिया।

चोरों ने जेवरात व लाखों की नगदी पार की

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर लाखों के जेवरात और हजारों की नकदी पार कर दी है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। स्यावरी गांव निवासी रामबाबू पुत्र रामकुमार कुशवाहा ने बताया कि रात में वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। तभी रात में लगभग 2 बजे चोरों ने उसके घर के पीछे वाले दरवाजे का कुंदा एवं ताला तोड़कर अंदर घुस आए तथा ग्रहस्थी वाले कमरे का ताला तोड़कर वहां पर रखा सोने चांदी के जेवरात के अलावा 45 हजार रुपये की नगदी एवं पेंट की जेब में पड़े हुए दो हजार रुपये निकाल कर भाग गए। बताया कि जब वह सुबह सो कर जागे तो घर का दरवाजा टूटा देखकर सभी लोग सन्न रह गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विरोधियों ने किया दुष्प्रचार

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के प्रमोद अग्रवाल पुत्र स्व.बाबूलाल ने बताया कि उनकी माता आशादेवी बगैर बताये 10 जून को घर से निकलकर बृन्दावन चली गई थी। जिसको उनके विपक्षियों ने मुद्दा बनाकर उनके विरोध में दुष्प्रचार कर दिया। उन्होंने बताया कि जब 12 जून को उन्हें माता जी वृन्दावन में होने की जानकारी प्राप्त हुई तो वह उन्हें तत्काल बृन्दावन पहुंचकर उन्हें अपने साथ में ले आये हैं। प्रमोद व उनकी मां आशादेवी ने बताया कि कस्बे के कुछ उनके विपक्षी गण पुत्रों के द्वारा मा को घर से निकाल देने की बात कहकर भ्रम फैला रहे हैं।

दबंगों ने बारात में शामिल होने आये लोगों को मारपीट कर किया घायल

मौदहा (हमीरपुर)। सिलोलर क्षेत्र के भुलसी गांव में दबंगो ने बारात की निकासी निकालने से मना करने को लेकर हुये विवाद में हुई मारपीट में करीब आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गये, पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक गांव की ज्ञानवती पत्नी बलबीर प्रजापति ने सिसोलर पुलिस को बताया कि आज परिवार के सभी लोग भतीजे की बारात निकासी की तैयारी कर रहे थे,गांव के विष्णु सिंह, सूरा सिंह,जय सिंह ने आकर गाली गलौज कर मारपीट शुरु कर दी है।

लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

कुरारा। कुरारा क्षेत्र के विलौटा गांव निवासी पिता ने लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। गांव के राम नरेश कोरी ने पुलिस को बताया है कि उसकी लड़की निशा उम्र 14 जून से लापता है काफी प्रयास के बाद भी उसका कोई पता नही चल रहा है। जिसके चलते थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

पालिका उरई ने वैक्सीन लगवाने को घर-घर पहुंच दी दस्तक

संवाददाता। उरई (जालौन)

मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिका उरई एवं भारत विकास परिषद के द्वारा 45 प्लस लोगों में वैक्सीन में जो शिथिलता थी, उसमें सक्रियता लाने के लिए सनातन धर्म इण्टर कालेज में झांसी रोड उरई में एक वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प में 45 प्लस लोगों को वैक्सीनेशन कैम्प में पहुंचाने के लिए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष के नैतृत्व में प्रातः 7:30 बजे झांसी रोड एवं ईदगाह की बस्ती में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष लखनलाल चंदइया, प्रान्तीय टीम से लक्ष्मणदास बबानी, जिलाध्यक्ष राजेश निगोतिया, रीतेश तरसौलिया, मैथलीशरण शाखा से बृजकिशोर गुप्ता सचिव, महावीर सरावगी ऑडीटर, अशुतोष शर्मा, गिरजा कुमार एकेडमी के प्रधानाचार्य मोहल्ले के सभासद जितेन्द्र अहिरवार, अनिल चतुर्वेदी सभासद ने टोली बनाकर घर सम्पर्क किया। लोगों के अंदर पनपी वैक्सीन से संबंधित अवधारणाओं को दूर करते हुए वैक्सीन लगाने के लिए तैयार किया। आज वैक्सीन कैम्प में 45 प्लस लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया। आज वैक्सीन लगवाने वाले लोगों में बहुत उत्साह था। वही भारत विकास परिषद की पूरी टीम ने बैक्सीन लगाने वाले लोगों को फल वितरित किये। मास्क वितरित किये। लोगों के मन में फैली भ्रांतियों को दूर किया। आज हम वैक्सीन लगाकर बहुत खुश है।

75 दिनों में खरीदा गया साढ़े 208 हजार एमटी गेहूं

संवाददाता। बांदा

गेहूं खरीद के 75 दिन पूरे हो गए। अब महज एक दिन का समय और बचा है। अब तक कुल 208 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद हो चुकी है। एक दिन बचने से अभी भी कई केंद्रों में ट्रैक्टरों की कतारें लगी हैं। बिक्री को लेकर कुछ केंद्रों में मारामारी भी रही। हालांकि विभागीय अधिकारियों का दावा हैं कि केंद्रों पर आ चुके किसानों का गेहूं खरीदने की कोशिश की जा रही है। अब देखना ये है कि अंतिम दिन कितने किसान लाभान्वित हो पाएंगे। जिले में गेहूं खरीद के लिए 65 क्रय केंद्र संचालित हैं। एक अप्रैल से केंद्र खोल लिए गए थे। लेकिन शुरुआती दौर में कई दिन तक ज्यादातर केंद्रों में सन्नाटा ही रहा। बाद में गेहूं की आवक शुरू हुई। 15 जून सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद की अंतिम तिथि है। यानी मंगलवार से खरीद पूरी हो जाएगी। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक अब तक बांदा में 62 हजार 517.8 मीट्रिक टन गेहूं 15 हजार 176 कृषकों से खरीदा गया है। जबकि चित्रकूट में 27 हजार महोबा में 34 हजार जालौन में 85 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। अंतिम तिथि से एक दिन पहले सोमवार को शहर के तिदवारी रोड स्थित मंडी परिसर के क्रय केंद्रों में काफी संख्या में गेहूं से लदे ट्रैक्टरों की लाइन लगी रही।

एनसीसी छात्रों ने रैली निकाल कर वैक्सीनेशन के लिए किया जागरूक

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के एनसीसी छात्रों के शहर में वैक्सीनेशन जागरूकता रैली को हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को जिलाधिकारी ने एनसीसी छात्रों की वैक्सीनेशन के प्रति जनजागरूकता रैली को हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। ये रैली चित्रकूट इंटर कालेज से पटेल तिराहा, ट्राफिक चौराहा होते हुए कालीदेवी मन्दिर पुरानी बाजार से लेकर शहीद चौक होते हुए कालेज में समाप्त की गई। छात्रों ने रैली में नारे लगाते हुए वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिलाधिकारी ने एनसीसी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 18 वर्ष के ऊपर के लोग आज ही वैक्सीनेशन करायें। एनसीसी कमांडर कुलदीप कुशवाहा ने जिलाधिकारी के सामने वैक्सीनेशन कराया। एनसीसी छात्र प्रेमराज, संदीप पाण्डेय, गोविन्द प्रसाद, रोहित पटेल आदि तमाम छात्रों ने वैक्सीनेशन कराई।

मौरंग के ओवरलोड, एनआर वाहनों के खिलाफ एसपी ने संभाला मोर्चा

संवाददाता। उरई (जालौन)

जनपद के मौरम घाटों से ओवरलोड व बगैर रायल्टी मौरम भरे वाहनों के फर्राटा रेस पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पूरी रात चले सघन चेकिंग अभियान में जहां लगभग तीन ट्रकों की चेकिंग की गयी इस दौरान अनेकों ट्रक ओवरलोड व बगैर रायल्टी के पकड़े गये जिनके खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करायी गयी।

पुलिस महकमे द्वारा चलाये गये अभियान की भनक मिलते ही अनेकों ट्रक चालकों ने भी बीच रास्ते में ही ओवरलोड मौरम को खाली कर अंडरलोड करने के बाद गंतव्य की ओर बढ़े। गौरतलब हो कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी कि जिले के मौरम घाटों से ओवरलोड व बगैर रायल्टी के ट्रकों की धमाचौकड़ी सड़कों पर खुलेआम देखी जा रही थी। तो अनेकों लोगों ने पुलिस से भी ऐसे वाहनों की सड़कों पर फर्राटा रेस पर रोक लगाये जाने की शिकायत की थी। इसके बाद ही पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्ष राकेश कुमार सिंह, सीओ सदर संतोष कुमार ने योजनाबद्ध तरीके से बीती रात सघन चेकिंग समूचे जनपद में चलाया जिसमें आधा दर्जन से अधिक एसएचओ शामिल रहे।

एएसपी बोले पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा

उरई। ओवरलोड मौरम भरे वाहनों व बगैर रायल्टी वाहनों की चेकिंग का पूरी रात धमाकेदार अंदाज में आगाज होते ही जहां ट्रक चालकों में हड़कंप मचा रहा तो वहीं लोकेशन सरगनाओं के चेहरे सफेद नजर आये। अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जो भी ट्रक ओवरलोड व बगैर रायल्टी लिए पकड़ा जायेगा उसे सीज करवाकर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी जायेगी।

सर्वर न आने से एसबीआई में कामकाज रहा ठप

जालौन (उरई)। सर्वर न आने के कारण 2 दिन से भारतीय स्टेट बैंक में काम ठप्प है। बैंक का काम ठप्प होने के कारण उपभोक्ता पैसा जमा व निकासी नहीं कर पाये। पैसा न निकलने के कारण उपभोक्ता परेशान हुए। रविवार को अवकाश के बाद सोमवार को बैंक खुली। सरकारी दूर संचार कम्पनी भारत संचार निगम के नेटवर्क 2 दिन से खराब चल रहा है। नेटवर्क न आने के कारण बैंक का सर्वर बंद रहा।

ससुराल से लौटे युवक की संदिग्ध मौत

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम अतरैया में ससुराल से घर लौटे युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है । जानकारी के मुताबिक अतरैया गांव का निवासी बाबू निषाद की ससुराल ग्राम गांव के पास माहौर गांव में है उसकी पत्नी केसकली करीब 15 वर्षो से मायके में ही रह रही है। बाबू निषाद 10 जून को बीवी बच्चों से मिलने ससुराल मौहर गया था, वहां से 11 जून को घायल अवस्था में लौट कर आया तो लोगों के पूंछने पर बताया कि साइकिल से गिरकर घायल हो गया है। 15 जून की प्रात: घर पर ही उसकी मौत हो गई।

गोद लिए अस्पताल में व्यवस्था सुधार को सांसद ने दिया एक माह का वेतन

● निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

संवाददाता। चित्रकूट

बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल ने गोद लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी का औचक निरीक्षण कर प्रभारी डॉक्टर को कमियां सुधारने के निर्देश दिये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ओपीडी, एक्स-रे, इमरजेंसी, मरीजों के भर्ती बार्ड, बीपीएम कार्यालय, प्रसूता महिला वार्ड का निरीक्षण किया। मंगलवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रभारी डॉ श्यामकिशोर सिंह को निर्देश दिये कि अस्पताल की सफाई चौकस रखी जाये। अन्दर-बाहर पुताई करायें। सभी कमियों को जल्द सुधारें। मौजूद मरीजों से स्वास्थ्य के हालचाल जानें। वार्ड में भर्ती विद्या निवासी भरकोर्रा के स्वास्थ्य के बारे में पूंछा। प्रभारी डॉक्टर से स्टाफ के बारे में जानकारी की। प्रभारी डॉक्टर ने बताया कि सात पीएचसी, 130 सबसेंटर व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी में 22 परमानेन्ट स्टाफ 34 संविदा कर्मी हैं। सभी गांव में 182 आशा वर्कर को लेकर 14 सीएचओ हैं। सांसद ने सभी कर्मचारियों से परिचय लेने के बाद पांच साल से अधिक समय से नदारद वार्ड ब्वाय पवन कुशवाहा की जानकारी मिलने पर उसके खिलाफ कडी कार्यवाही के निर्देश दिये। निरीक्षण में गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन रोकते हुए जवाब-तलब करने के निर्देश दिये। प्रभारी डॉक्टर ने कहा कि मीटिंग हाल में पेयजल व जनरेटर तथा चहारदीवारी की समस्या है।

चौकीदारने मांगा मजदूरी का पैसा, ठेकेदार ने की गाली गलौज

जालौन (उरई)। मजदूरी के पैसा मांगने पर ठेकेदार ने चौकीदार के साथ गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़ित चौकीदार ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुरा निवासी चौकीदार सोबरन सिंह ने बताया कि उनके पुत्र मंगल सिंह व कृपाल को गांव के अच्छे पुत्र बुद्ध सिंह अपने साथ धंधे पर लेकर गये थे। उनके घर में शादी है। जब उन्होंने अपने पुत्रों की मजदूरी के 22500 मांगे तो उन्होंने पैसा देने से मना कर दिया तथा गाली-गलौज कर अपमानित कर घर से भगा दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

जालौन (उरई)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मौके से निकल रहे सपा नेता ने युवक को सीएचसी पहुंचाया।

जहां हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हृदेशाह निवासी शहाबुद्दीन नवीन गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करते हैं। रात करीब 10 बजे उन्हें मंडी जाना था। जिसके लिए वह पुत्र अरमान (20) के साथ बाइक से मंडी गए थे।

अनुकरणीय और वंदनीय है समाजसेवी रामबाबू गुप्ता का बंदर और गौवंश सेवा कार्य : मदन गोपाल महाराज

संवाददाता। चित्रकूट

कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज के सानिध्य में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुवाई में सेवा ही संगठन अभियान के तहत जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता ने 45 दिनों तक कामदगिरि परिक्रमा में बन्दरों व गायों को भरपेट भोजन कराया। जिलाध्यक्ष श्री खरे ने कहा कि कोरोना लॉक डाउन के दौरान रामबाबू द्वारा किया गया बेजुबानो और गरीबो की सेवा का कार्य सराहनीय है। उनसे प्रेरणा लेकर समाज के अन्य सक्षम लोगो को आगे आने का संकल्प लेना चाहिए।

कोविड टीकाकरण पूर्णतया सुरक्षित

प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने अपने भ्रमण के दौरान कहा, वैक्सीनेशन से कोई साइड इफेक्ट नहीं

संवाददाता। अमेठी

राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश जनपद प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित विकास कार्यक्रमों तथा कोविड.19 टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक किया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने विकासखंड अमेठी तथा संग्रामपुर में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित विकास कार्यक्रमों एवं कोविड.19 टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा किया।इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कोविड.19 संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया तथा कोविड.19 में लगे सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विकासखंड में 18 वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों के टीकाकरण हेतु कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का शुभारंभ कर जनपद अमेठी के 18 वर्ष से ऊपर समस्त नागरिकों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोविड टीका पूर्णतया सुरक्षित हैए इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। मा0 प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से जन सामान्य में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों से टीकाकरण कराने को लेकर जागरूक करने की अपील किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जनपद अमेठी में कोविड.19 संक्रमण पूर्णतया नियंत्रण में है। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को समस्त योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ जरूरतमंदों को दिया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी विकास कार्यक्रमों को गति देने की अपील किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबए पिछड़े तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई योजनाएं संचालित की गई है जिनका सीधा लाभ उन तक पहुंचाया जाए। प्रभारी मंत्री ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को बधाई दी तथा शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने की अपील किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने विकास खंड परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 0 से 6 माह के बच्चों को पहली बार अन्नप्राशन कराया तथा जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के टिप्स दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आशुतोष दूबे जिला विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पांडे उप जिला अधिकारी अमेठी महात्मा सिंह खंड विकास अधिकारी अमेठी तथा संग्रामपुर सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सखी वन स्टॉप सेंटर का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज के परिसर में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सखी वन स्टॉप सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य बंद पाया गया साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी सही नहीं पाई गईए जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय.सीमा के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में 48.69 लाख की लागत से सखी वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कार्यदायी संस्था सी0एंड डी0एस0 यूनिट.44 अयोध्या द्वारा कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर वी0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर के निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत लागत 48.69 लाख में से अब तक 24.32 लाख की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य कराया गया वर्तमान में धनराशि ना होने के कारण कार्य बंद है। जिलाधिकारी ने बजट आवंटन के लिए आज ही कार्यदायी संस्था को शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में जो कमियां हैं उसे सुधारने तथा गुणवत्ता ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर वीके श्रीवास्तव जूनियर इंजीनियर अरबाब हसन संरक्षण अधिकारी अजय कुमार यादव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं

अमेठी। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें मास्क लगाएं तथा साफ़सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी व्यक्ति अपना कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवाद भूमि पर अवैध कब्जे वसीयत भूमि की पैमाइश शौचालय राशन आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पैथालॉजी की गलत रिपोर्ट के चलते युवती हुई दूसरी बीमारी की शिकार

लालगंज,रायबरेली(सं.)। बेहटाकला गांव की रहने वाली महिमा सिंह ने बताया कि उसे एक वर्ष पहले बुखार आया तो जून 2020 में उसने अस्पताल रोड पर स्थित एक पैथालाजी में चिकित्सक की सलाह पर जांच कराई तो उसे टाइफाइड बताया गया। इसी आधार पर उसने इलाज शुरू किया तो उसे दूसरी समस्या भी होने लगी।जब उसने लखनऊ स्थित विवेकानांद अस्पताल, फिर राममनोहर लोहिया अस्पताल और बाद में मेडिकल कालेज लखनऊ में इलाज कराना शुरू किया। सभी जगहो पर उसे यही बताया गया कि पहली गलत रिपोर्ट के चलते उसका जो इलाज हुआ है उसी से उसकी किड़नी पर खराब असर पड़ा है।

मानसून संबंधी तैयारियों के लिए आरेडिका प्रशासन ने जारी किये निर्देश

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में मानसून संबंधी तैयारियों कें लिए आरेडिका प्रशासन ने जारी किया दिशानिर्देश।यह दिशानिर्देश आरेडिका के सिविल विभाग के प्रधान मुख्य इंजीनियर ने जारी किया है। इस वर्ष मानसून की वर्षा प्रारम्भ होने वाली है अत: आरेडिका आवासीय एवं कारखाना परिसर में साफसफाई के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी संग्रह नालियों व मुख्य नालियोंए घास अथवा अन्य किसी प्रकार का अवरोध हो तो उसे साफकरवा लें जिससे कि जल निकासी अवरूद्ध न हो। सभी रेन वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित संरचनाओं का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाय कि वे प्रभावी रूप से कार्यरत है। रेन वाटर हारवेस्टिंग की जल भराव क्षमता की वृद्धि के लिए यदि उसे रिडेवलप करने की आवश्यकता हो तो यह कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर करा लिया जाय। सभी आवासों व सेवा भवनो तथा शेड इत्यादि की छतों का निरीक्षण कर छतों से जल निकासी हेतु लगाए गए रेन वाटर पाईप एवं नालियों मे यदि किसी प्रकार का अवरोध हो तो उसकी सफाई कर यथासंभव जाँच भी कर ली जाय कि वे प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे है। संपूर्ण परिसर में यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं भी अनावश्यक जल भराव की स्थिति मानसून सत्र में उत्पन्न नही हो और यदि कोई स्थल हो तो उन्हें चिन्हित कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कि जाय।ज्ञातव्य हो कि रेलमंत्री महोदय द्वारा भारतीय रेलवे एवं विशेषकर मुम्बई के लिए मानसून सम्बन्धी तैयारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे।

जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र में आयोजित हुए विशाल भंडारे

बछरावां रायबरेली। जेठ माह के तीसरे मंगलवार क्षेत्र के अंदर दर्जनों स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया ग्राम शेषपुर समोधा स्थित हनुमान मंदिर में कृपा शंकर शुक्ला के आयोजन में विशाल भंडारा व सुंदरकांड पाठ संपूर्ण प्रात: काल सबसे पहले सुंदरकांड पाठ प्रसाद वितरण व उसके बाद शुरू हुए भंडारे में जो सायंकाल तक चला सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस आयोजन में पूर्व प्रधान शिवा शंकर शुक्ला मौजूदा प्रधान गया प्रसाद राम कुमार शुक्ला विजय शंकर शुक्ला आलोक शुक्ला तथा सर्वेश मिश्रा की उपस्थिति एवं सहयोग संजय गुप्ता सरवन गुप्ता ललित मिश्रा मुन्ना मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा व हनुमान मंदिर चूरुआ में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं द्वारा मिष्ठान पूड़ी सब्जी व शर्बत का वितरण किया गया व क्षेत्रों में भी जगह-जगह हनुमत भक्तों द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया ज्ञात हो जेठ माह के प्रथम मंगलवार को सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन व महामारी के चलते प्रत्यक्ष रूप में भक्तों द्वारा बजरंगबली की आराधना की गई परंतु मौजूदा समय में महामारी का प्रकोप कम होने के कारण भंडारों में विशेष तेजी दिखाई पड़ी। सराहनीय रहा कस्बे के राजामऊ मार्ग पर सुजीत कुमार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया कस्बे के अंदर सतीश मिश्रा के संयोजन में भंडारा संपन्न हुआ बछरावां कस्बे के गल्ला मंडी में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ चेयरमैन राम जी द्वारा किया गया उसके बाद आयोजन में पप्पू गुप्ता शुभम गुप्ता

क्विक न्यूज

तीसरे मंगल पर भंडारे का हुआ आयोजन

जगदीशपुर अमेठी। ज्येष्ठ के तीसरे मंगल पर कस्बा व गावो में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया ।जगदीशपुर विकास खण्ड के कस्बा निहालगढ़ जाफ़रगंज रानीगंज वारिशगंज सहित विभिन्न स्थानों पर ज्येष्ठ के तीसरे मंगल पर जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के निकट अवनीश कौशल विपिन किशन गोविंद राजेश नवनीत सहित तमाम लोगों ने भंडारे का आयोजन कर दिन भर लोगो को प्रसाद वितरित किया कार्यक्रम से पूर्व भक्तो ने सुंदर कांड का आयोजन भी किया ।

गौशाला में आधा दर्जन मवेशी बीमार

जगदीशपुर अमेठी। गौशाला में आधा दर्जन मवेशी बीमार होने से लोगो मे हड़कम्प मच गया सूचना पर जिम्मेदार अधिकारियों ने पहुच कर जायजा लिया ।जगदीशपुर विकास खण्ड के बगाही ग्राम सभा मे लोशनपुर के निकट स्थित गौशाला में आधा दर्जन मवेशी बीमार हो जाने के चलते लोगो मे हड़कम्प मच गया आनन फानन में पहुचे जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को छिपाने की कोशिश की गई परन्तु ग्रामीणों ने ऐसा होने नही दिया प् ग्रामीणों की माने तो गौशाला में मौजूद कर्मचारी मवेशियों को समय पर भूसा चारा न देने की शिकायत सेकेट्री से की थी परन्तु उनकी निष्क्रियता के चलते मामला ज्यो का त्यों ही बना रहा जिसका परिणाम आज ऐसा हुआ । इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर प्रीति वर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है पशु चिकित्सक को मौके पर भेजकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

गुमटी से भिड़ी बाइक, सवार की मौत

गौरीगंज अमेठी। अनियंत्रित बाइक गोमती से टकरा गई जिसमें सवार युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । गौरीगंज कोतवाली अंतर्गत सकरावां निवासी मुन्ना पुत्र जान मोहम्मद 25 वर्ष मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहा था रास्ते मे गौरीगंज क्षेत्र के सुजानपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े गुमटी से टकरा गईएजिससे मुन्ना की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सर्प दंश से किसान की हालत गंभीर

ऊंचाहार। ऊंचाहार कोतवाली के गांव पुरवारा निवासी किसान रामसुमेर 52वर्ष पुत्र भवानीदीन अपने गांव के निकट खेत मे कृषि कार्य करते दौरान सर्प ने डस लिया जिसके बाद हालत गंभीर होने पर उसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बांस की कोठी मे उतरे करंट की चपेट मे आई युवती गंभीर

ऊंचाहार। ऊंचाहार कोतवाली के गंगा कटरी गांव गोकना निवासिनी चांदनी 18वर्ष पुत्री ननकऊ अपने गांव के निकट बांस की कोठी के निकट गई थी जहां पर बांस की कोठी मे सटकर निगले ग्यारह हजार की विद्युत लाइन बांस मे छूने पर उसमे करंट उतर रहा था उसी दौरान बांस को युवती के छूने पर करंट की चपेट मे आने से झुलस गई जिसके बाद उसको गंभीरावस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार मे भर्ती करवाया गया जहां से उसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हालत मे सुधार न होने के कारण रेफर कर दिया गया।

आशाबहू की हालत ड्यूटी के दौरान बिगड़ी भर्ती

ऊंचाहार।ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे गोसाई मजरे सरायसहिजन निवासिनी आशाबहू बिट्टू 45वर्ष अपने कोविड-19 की ड्यूटी के दौरान हालत बिगड़ने पर उनको परिजनो के द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती करवाया गया है।

12 जून से पुलिस हिरासत मे रहने वाले छेड़छाड़ के आरोपित को 15 जून को पुलिस ने भेजा जेल

ऊंचाहार। छेड़छाड़ के मामले मे 12 जून से पुलिस हिरासत मे चल रहे आरोपित दूसरे समुदाय के युवक को पुलिस ने 15 जून को गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज दिया है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव वैशनकानंदौरा निवासिनी 15वर्षी किशोरी दिनांक 11-06-2021 को दो बजे गांव के निकट खेत मे शौच हेतु गई थी जहां पर पहले से घात लगाए बैठे दूसरे समुदाय के युवक के द्वारा दलित किशोरी को अकेला पाकर बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा जिसमे किशोरी के चिल्लाने पर आरोपित फरार हो गया।जिस मामले मे पुलिस को दिनांक 12-06-2021 को किशोरी के पिता की तहरीर पर गांव वैशनकानंदौरा निवासी पप्पू उर्फइरशाद 19वर्ष पुत्र अत्तेखान के खिलाफमुकदमा संख्या 270/2021 धारा 354;7/8 पाक्सोएक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।जिसमे दिनांक 12-06-2021 को ही आरोपित को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया था।जिसके बाद पुलिस ने अपनी कस्टडी मे 12जून से रखने के बाद आरोपित युवक को 15-06-2021 को जेल भेज दिया है।

पूर्व प्रधान में मेठ पर हुआ हमला गंभीर घायल

ऊंचाहार। चुनावी रंजिस को लेकर पूर्व प्रधान के कार्यकाल मे मेठ रहने वाले युवक पर जानलेवा हमला लाठी डंडा से करके घायल कर दिया है।जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती किया गया है। ऊंचाहार कोतवाली के गांव छोटासरबहदा निवासी हिम्मतबहादुर 35वर्ष पुत्र रामसजीवन पर चुनावी रंजिस मे लाठी डंडो से गांव के कुछ लोगो ने हमला बोल दिया।जिसमे युवक लहूलुहान होने पर प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती किया गया है।घायल युवक पूर्व प्रधान कार्यकाल मे मेठ रहता था।कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

टीकाकरण में प्रधान दूर तो कैसे करेंगे प्रेरित

ऊंचाहार।ऊंचाहार ब्लाक मे कुल 54 ग्राम पंचायत है व ब्लाक रोहनिया ब्लाक के ग्राम पंचायत 26 है।जिसमे प्रधानो की बात किया जाए तो प्रधान अभी तक स्वयं कोविड-19 से बचाव का टीका नही लगवाए है।जिसमे वे कैसे अन्य लोगो को प्रेरित करेंगे ये एक पहेली बनकर गूंज रहा है।जिसको लेकर कई प्रधानो से जब बात किया गया तो उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही है जब गांव गांव नही आएगी टीम तो कैसे टीकाकरण सत्य प्रतिशत हो पाएगा जिससे स्वास्थ्य विभाग व ग्राम पंचायत का तालमेल नही बैठ पा रहा है जबकि ग्राम पंचायत मे स्वास्थ्य विभाग तक होता है जो सीधे स्वास्थ्य विभाग को सूचित व नियमो को पारित करने तक के लिए होता है।उधर बीडीओ ने बताया कि प्रधानो ने क्यो टीका नही लगवाया है उसको लेकर बातचीत किया जाएगा।वही सीएचसी अधीक्षक डा एमके शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधानो से एएनएमो के माध्यम से संपर्क करके टीकाकरण के लिए बातचीत होगी।

मिष्ठान विक्रेता पर कार सवार बदमाशों ने झोंका फायर

हमले में बाल-बाल बचा दुकानदार

संवाददाता। श्रावस्ती

इकौना - नगर पंचायत इकौना में स्थित प्रसिद्ध बेचू बाबा मंदिर परिसर मे एक मिष्ठान विक्रेता पर दिनदहाड़े कार सवार सशस्त्र बदमाशों ने फायर कर दिया लेकिन सतर्कता के चलते दुकानदार इस फायरिंग की घटना में बाल बाल बच गया। फायरिंग करके बदमाश स्विफ्ट डिजायर कार से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस इस दिनदहाड़े हुई घटना की जांच कर रही है क्षेत्राधिकारी इकौना ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये। थाना इकौना अंतर्गत इकौना नगर के शास्त्री नगर निवासी शिवकुमार मिश्रा पुत्र रमाकांत मिश्रा बेचूबाबा मंदिर के परिसर में पर ठेला लगाकर मिष्ठान की दुकान चलाते है घटना के समय उनका लड़का बुद्धि सागर मिश्रा दुकान पर बैठा हुआ था । तभी दोपहर में स्विफ्ट डिजायर कार से पहुंचे दो सशस्त्र युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी लेकिन सतर्कता के चलते दुकानदार फायरिंग में बाल-बाल बच गया। जिसके बाद कार सवार युवक भाग निकले । इस घटना के बाद मंदिर परिसर व आसपास के दुकानदारों मे अफरातफरी मच गयी। इस घटना की सूचना थाना इकौना पुलिस व डायल 112 को दी गयी। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध जानलेवा हमले से सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है साथ ही आरोपियों की जल्द गिरफ्तार के निर्देश दिये है।

अपात्रों को मिल गये आवास, नहीं हुई ठीक से जांच

मामला नगर पंचायत बछरावां का

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

देश के अंदर आने को घोटालों की चर्चा होती है परंतु वोट की राजनीति के चलते नगर पंचायतों व जिला पंचायतों में हो रहे करोड़ों रुपए की घोटालों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता घोटालों की बांनगी देखनी हो तो बछरावां नगर पंचायत में देखा जा सकता है योगी सरकार द्वारा वोट लेने के चक्कर में आंखें मूंदकर नगर पंचायतों को धन आवंटित किया गया और 280000 की लागत के आवास देने का प्लान बनाया गया ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सरकार द्वारा आवास लाभार्थियों जांच तीन स्तरों पर कराई गई और आपात्रों को बाहर कर दिया गया परंतु नगर पंचायत बछरावां के अंदर ऐसी किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया केवल एक जांच एजेंसी बनाई गई जिसके कर्मचारी द्वारा वार्ड मेंबर के साथ मिलकर कमीशन सेट करके लाभार्थियों की सूची बनाई गई और खुलेआम प्रति लाभार्थी 20000 की वसूली की गई आलम यह है यह है कि अगर ईमानदारी से जांच की जाए एक एक घर में तीन तीन चार चार आवास दे दिए गए जबकि उस परिवार के मुखिया के पास आलीशान मकान पहले से ही मौजूद हैं बहुत से लाभार्थी ऐसे भी हैं जिनके पास जमीन ही नहीं थी उनके आंगन को भूमि दिखाकर 280000 दे दिया गया वार्ड सदस्यों द्वारा अपने प्रिय बंधुओं को आवास आवंटित कर दिए गए आज की स्थिति में जांच की जाए चार मंजिल भवन के नीचे आवास का बोर्ड लगा मिलेगा इतना ही नहीं नगर पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों के नाम भी आवास दिए गए 10 बीघा जमीन के मालिक व चार पहिया वाहन वालों को आवास दिए गए लाभार्थियों द्वारा जिनके पास पहले से ही दो दो तीन तीन दुकानें किराए पर उठी थी उन्होंने और दो दुकानें और बना डाला तथा उन्हें भी उन्हें भी किराए पर उठा दिया अगर ईमानदारी के साथ मौजूदा सरकार बछरावां नगर पंचायत आवासों के जांच करा लें तो लाखों रुपए का घोटाला सामने आएगा परंतु करेगा कौन योगी सरकार को वोट की राजनीति नजर आ रही है जबकि वह यह नहीं जानते कि इसी नगर पंचायत के अंदर चेयरमैन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी की जमानत जप्त हो गई थी और तो और लगभग पौने दो सौ कॉलोनी बनवाने वाले पूर्व चेयरमैन पलटू दास को भी बुरी हार का सामना करना पड़ा था क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग की मांग है कि तत्काल प्रभाव से आवास के लाभार्थियों की जांच कराई जाए और अपात्र लोगों से धन की वसूली कराई जाए।

बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ कन्ट्रोल रूम किया स्थापित

संवाददाता। श्रावस्ती

जिलाधिकारी टी0के0 शिबु के निर्देश पर जनपद स्तर पर बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के प्रबन्धन एवं सूचनाओं के त्वरित सम्प्रेषण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष के पास कक्ष सं0 06 में स्थापित कर बाढ़ कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी चक्रानुकम में लगायी गई है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय ने बताया है कि बाढ़ कन्ट्रोलरूम में 24 घण्टे कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जो निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर प्राप्त सूचनाओं को पंजिका में दर्ज करके प्राप्त सूचनाओं से प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोम रूम को तत्काल अवगत करायेंगे। इस कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 9454417485 एवं 9454417486 है। यह कन्ट्रोल रूम अनवरत क्रियाशील रहेगा।

जनपद स्तर के नोडल अधिकारीध्डिप्टी कलेक्टर शिवध्यान पाण्डेय जो नियमित रूप से कन्ट्रोल रूम में लगे कर्मचारियों पर नियन्त्रण एवं पर्यवेक्षण रखेंगे। बाढ़ के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना तहसीलदार भिनगा 9454416092 व तहसीलदार इकौना 9454416093 एवं तहसीलदार जमुनहा 9454416095 के सी0 यू0 जी0 नम्बर पर प्राप्त कर सकते है।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। भिनगा . मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कोविड.19 से अनाथ या प्रभावित होने वाले बच्चों के संबंध में सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत जनपद के बच्चों को लाभान्वित किये जाने हेतु इस योजना के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान 0 से 18 वर्ष के ऐसे सभी बच्चे जिनके माताध्पिता अथवा दोनों की कोविड.19 महामारी से मृत्यु हो गयी है तथा इन बच्चों के कोई करीबी अभिभावक न हों अथवा होने के बाद भी वे उन्हें अपनाना न चाहें या अपनाने में सक्षम न हों के भरण पोषड शिक्षा चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि महामारी से प्रभावित अनाथ हुए बच्चों के अब तक 27 बच्चों की सूचना प्राप्त हुई है। मुख्य विकास अधिकारी ने पात्र सभी बच्चों के आवेदन फार्म को पूर्ण कराते हुए आवेदन पत्रों को संबंधित उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनपद में कोविड.19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को चिन्हित करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहन त्रिपाठी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेश मिश्रा जिला विद्यालय निरीक्षक चन्द्रपाल महिला कल्याण अधिकारी प्र0 वन स्टाप सेन्टर सरिता मिश्रा संरक्षण अधिकारी कु0 मिथलेश सिंह विधि सह परिवीक्षा अधिकारी रामचन्द्र मौर्या सहित सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल का बछरावां चौराहे पर किया गया स्वागत

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

बछरावां चौराहे पर स्नातक एमएलसी अवनीश सिंह पटेल का भव्य स्वागत किया गया। एमएलसी अवनीश सिंह पटेल ने बताया कि शीघ्र ही आम जन समस्याओं व स्नातक बेरोजगारों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पटेल जी प्रतापगढ़ में किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। स्नातक एमएलसी के काफ्लि के स्वागत में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डॉ मारुति मिश्रा, मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री मयंक रंजन द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, जिला मंत्री सचिन सोनी, रोहित सोनी, जिला मंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मुजीब अहमद (जिमी), इमरान अली भाजपा नेता राजकरन वह युवा युवा भाजपा नेता राज कुमार चौधरी के साथ लगभग दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

बाढ़ से निपटने के लिए अभी से पूरी रखें तैयारियां

● डीएम-एसपी ने की बैठक दिए निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर

डीएम दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भविष्य में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिला स्तरीय आपदा राहत समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान अधिकारियों द्वारा बरसात के दृष्टिगत बाढ़ संबंधी तैयारियों, संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त बंधों की मरम्मत, संपर्क मार्गों के निर्माण कार्य, बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों एवं परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व जनरेटर, लाइट, मेडिकल व्यवस्था आदि की समीक्षा की गई। बाढ़ के दौरान व बाढ़ के उपरांत प्रभावित क्षेत्रों में लोगों व जानवरों को यथाशीघ्र सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ-साथ उनके भोजन पानी, स्वास्थ्य सुविधायें व जानवरों के लिए चारा/भूसा आदि की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के टास्क फोर्स के समक्ष 22 केसेज प्रस्तुत किए गए। जिसमें एक बालक की आयु 18 वर्ष से अधिक होने के कारण पात्रता की श्रेणी में नहीं आया तथा एक बालिका आयु 18 वर्ष से अधिक की थी। जिसको शादी के लिए 1 लाख 1 हजार अनुदान दिया जाएगा। शेष 20 बच्चों को भरण पोषण एवं शिक्षा हेतु 4 हजार रूपये प्रतिमाह अनुदान हेतु अनुमोदन किया गया।

मार्ग दुर्घटना में दो की मौत, प्रधान न्यायाधीश सहित आठ घायल

● दो वाहनों की जबरदस्त भिड़न्त से हुई घटना

संवाददाता। संतकबीरनगर

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग चुरेब के निकट मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार दो वाहनो की टक्कर में बिहार प्रान्त के किशनगंज में तैनात प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के परिवार सहित 8 लोग घायल हो गये जबकि इस घटना में 2 लोगो की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा तथा राहत कार्य में जुट गये पुलिस ने घायलो को 108 एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजवाया तथा परिजनो को सूचना दिया। उक्त सम्बन्ध में सीओ सदर अंशुमान मिश्र ने बताया कि अम्बेडकर जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव के निवासी 58 वर्षीय राम सुरत पाण्डेय जो बिहार के किशनगंज में प्रधान न्यायाधीश है जो अपने सह परिवार के साथ क्रेटा कार से अपने पत्नी 55 वर्षीय गीता पाण्डेय साथ में दोनों बेटे 35 वर्षीय गौरव पाण्डेय, 25 वर्षीय सुभम पाण्डेय के साथ बिहार जा रहे थे। जैसे ही जिगिना व डारीडीहा गांव के बीच पहुंचे थे कि तभी दूसरी लेन से आ रही सफेद रंग की आर्टिगा कार डिवाईडर को पार करते हुए सामने से भीड़ गई। आर्टिगा कार में सवार बिहार के पूर्णिमा जिले के अमोल थाना क्षेत्र के बेलगछी गांव के निवासी 45 वर्षीय मो. कैंसर, 30 वर्षीय चालक मो. वाहिद, महिला 30 वर्षीय मुनीषा खातून, 6 वर्षीय रोहित, 8 वर्षीय साहिल, 15 वर्षीय नूरसहना, 10 वर्षीय मोहित पुरे परिवार से पानीपत जा रहे थे। इसमें से चालक व एक महिला की मौत हो गई।

अवैध हास्पिटल ही नहीं मेडिकल स्टोर तक हो रहे संचालित

संवाददाता। बस्ती

जिले में अवैध रूप से निजी हास्पिटल ही नहीं बल्कि मेडिकल स्टोर तक संचालित हो रहे है। षिकायत बाद जिम्मेदारों के जागने और जांच करने के दौरान इसका खुलासा हो रहा है। बिना सीएमओ के यहां पंजीकृत अनधिकृत कई अस्पतालों को सीज करने की कार्रवाई की गई है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों के आस पास गुमटीनुमा दुकानों में अनधिकृत रूप से मेडिकल स्टोर तक संचालित हो रहे है। अनधिकृत रूप् से बिना लाइसेंस चल रहे हास्पिटलों और दवा की दुकानों पर कार्रवाई तब होती है जब कहीं से षिकायत आती है। इसे लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि इन अनधिकृत हास्पिटलों और मेडिकल स्टोर संचालकों से सांठगांठ के चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

शहर से सटे मड़वानगर में षिवा हास्पिटल, पचपेड़िया रोड़ पर स्थित आस्था हास्पिटल बिना सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण के चलते पाए जाने पर उसे सीज करने की कार्रवाई की जा चुकी है। कार्रवाई भी तब हुई जब इन हास्पिटलों की षिकायत की गई। षिकायत बाद जागे जिम्मेदारों ने जांच की तो उनका फर्जीवाड़ा पकड़ में आया। यही नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर के पास गुमटी में अवैध रूप से संचालित एक दवा की दुकान को जांच बाद सीज किया दिया। यह दवा की दुकान बिना लाइसेंस के गुमटीनुमा दुकान में चल रही थी। इस दुकान पर भी कार्रवाई तब हुई जब ड्रग विभाग से शिकायत की गई। षिकायत बाद अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। बहादुरपुर निवासी रतिभान गुप्ता दुकान का संचालन करते मिले, लेकिन लाइसेंस नहीं दिखा पाए। दुकान में रखी लगभग तीस हजार रूपए की दवाएं कब्जे में लेते हुए सीज करने की कार्रवाई की गई। इनमें भी दो दवाओं को संदिग्ध पाए जाने पर उसका नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। यह कुछ मामले बानगी भर है। जानकारों की माने तो ग्रामीण क्षेत्रों तक में अवैध रूप से बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर, हास्पिटल, पैथालाजी और अल्ट्रा साउंड सेंटर तक संचालित हो रहे है। दावा किया जा रहा है कि इसकी जानकारी विभाग के लोगों को भी है, लेकिन अवैध कारोबारियों से मिलने वाले लाभ के चलते उन पर कार्रवाई नहीं की जाती। जिम्मेदार तब जागते हैं जब कहीं से कोई षिकायत मिलती है। इसके बाद कागजी कोरम पूरा करने के लिए सीज कार्रवाई कर दी जाती है।यदि अभियान चलाया जाय तो ऐसे अनेक अनधिकृत अवैध हास्पिटल, मेडिकल स्टोर, पैथालाजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालको का खुलासा हो सकता है।

पत्रकारों ने डीएम को सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र

● पत्रकारों ने की बैठक, शोकसभा कर दी सुलभ को श्रद्धांजलि

संवाददाता। संतकबीरनगर

डीएम को ज्ञापन देते पत्रकार पायनियर

वरिष्ठ पत्रकार पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को विभिन्न समाचार पत्रो, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों ने प्रतापगढ़ में पत्रकार के हत्या को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 4 सूत्रीय मांग पत्र भेजा। पत्रकारो ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर पत्रकारों से जुड़े समस्याओं पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ पत्रकारो ने अपने-अपने विचार को रखा। तदोपरान्त स्व0 सुलभ श्रीवास्तव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि दी गई। जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में पत्रकार पवन श्रीवास्तव, शोभित पाण्डेय, रमेश कुमार शर्मा, अजीत नाथ मिश्रा, शिवकुमार गुप्त, वीरेन्द्र यादव, मिथिलेश कुमार धुरिया, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, पंकज गुप्ता, दिवाकर शुक्ला, धनुषधर पाण्डेय, मोहन राजभर, आलमगीर, अमित पाण्डेय, कृष्णा अग्रहरि, सोहन श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश वर्मा, बीजेन्द्र जायसवाल, श्याम सिंह, सत्या राय ने कहा है कि प्रतापगढ़ के इलेक्ट्रानिक चैनल के पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की हत्या के मामले में संतकबीरनगर के पत्रकार सुभल श्रीवास्तव के परिजनो को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता व शासन द्वारा तत्काल न्यायपूर्ण कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पत्रकारो ने कहा है कि संतकबीरनगर जनपद के पत्रकार पवन कुमार श्रीवास्तव के कोविड पाजिटिव होने पर डाक्टरो द्वारा उचित इलाज न करने व फर्जी तहरीर देने के क्रम में जॉच कर उचित कार्यवाही की मांग की जाती है। पत्रकारो ने कहा है कि संतकबीरनगर के पत्रकार सोहन श्रीवास्तव के जमीन दबंगो द्वारा बार-बार जबरिया कब्जा करना व स्थानीय प्रशासन द्वारा सहयोग न करने की जॉच करना शामिल है। पत्रकारो ने कहा है कि संतकबीरनगर के पत्रकार कृष्ण अग्रहरि सहजनवा थाना पुलिस द्वारा सहयोग न करना तथा उनके माता जी को दबंगो द्वारा मारने पीटने व अपशब्दो का प्रयोग के बाद भी पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर रोष प्रकट किया गया।

प्रतापगढ़ की घटना से पत्रकारों में रोष, सौंपा ज्ञापन

● पत्रकार हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच, परिजनों को सुरक्षा, आर्थिक सहायता की मांग

संवाददाता। बस्ती

पत्रकारों पर हो रहे हमले और प्रतापगढ़ में टीवी पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की हत्या को लेकर पत्रकारों में रोष है। बस्ती प्रेस क्लब ने हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की सरकार से मांग किया है। कमिष्नर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित ज्ञापन में मृतक पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव के परिवार को उचित आर्थिक सहायता, परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने, परिवारजनों की सुरक्षा की मांग की गई है। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमले हो रहे हैं। पत्रकार मारे जा रहे और सरकार उन्हे न तो मुआवजा देती है और न ही उनके परिवार के लिए कोई कदम उठाती है। कहा कि पत्रकारों के हित में सरकार को ऐसा प्रस्ताव लाना चाहिए जिससे पत्रकारों की सुरक्षा हो सके, किसी भी पत्रकार की न्यूज कवरेज के दौरान हत्या या हादसा होता है तो उस पत्रकार के परिवार को लाभ मिल सके। ज्ञापन सौपने वालों में प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, कोषाध्यक्ष राकेष चन्द्र 'बिन्नू' महामंत्री रमेश मिश्र, लवकुश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, वसीम अहमद, संतोष सिंह व अन्य शामिल रहे।

डीएम ने तलब किया स्पष्टीकरण

बस्ती। कोविड-19 टीकाकरण का दैनिक लक्ष्य पूरा न करने पर सीएचसी मरवटिया, सल्टौआ, कप्तानगंज का डीएम सौम्या अग्रवाल ने दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। समीक्षा में पाया कि मरवटिया में 100 के सापेक्ष 62, सल्टौआ में 65 तथा कप्तानगंज में 69 लोगों का टीकाकरण 14 जून को कराया गया है। सभी सीएचसी एवं पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं स्थल पर जाकर सीरों-कन्वर्जन की सैम्पलिंग कराना सुनिश्चित करें, इस कार्य में शिथिलता अक्षम्य होगी।

वहीं सीएचसी मरवटिया में तैनात स्टाफ नर्स शिवराम सिंह गूजर, सीएचसी सॉऊघाट में तैनात सीएचओ संजय वर्मा, स्टाफ नर्स निमिता श्रीवास्तव, सीएचसी बहादुरपुर में तैनात सीएचओ सीमा को कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए वेतन बाधित करने की चेतावनी दी गई है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा रोड पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से जहां एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव निवासी संतोष का पुत्र सूरज अपने रिश्तेदारी की शादी समारोह में मलवां थाना क्षेत्र के ईसा भादबा गांव गया था। बताते हैं कि आज दोपहर सूरज गांव के ही शिव कुमार पुत्र पितांबर अट्ठारह वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से शादी समारोह से वापस आ रहे थे। जैसे ही बाइक जोनिहा रोड पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे सूरज की मौत हो गई। वही शिवकुमार बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा-लखनऊ रोड पर मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 30 वर्षीय अज्ञात बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। उधर पुलिस मृतक के बारे में पता करने में जुटी है।

हर नागरिक अभी रहे सजग, लापरवाही होगी नुकसान दायक: वीपी पाण्डेय

संवाददाता। संतकबीरनगर

● कार्यालयों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें

सीएचसी अधीक्षक डॉ. वीपी पाण्डेय

जनपद में कोविड के मामले काफी कम हो गए हैं। सक्रिय मामलों की संख्या 63 रह गई है। दूसरी ओर जनपद अनलॉक भी हो गया है और लोग अपने काम धंधों पर जाने लगे हैं। बेशक यह राहत की बात है, लेकिन यह भी याद रखें कि ऐसा लोगों के संयमित होकर घरों में रहने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने से संभव हुआ है। कोविड प्रोटोकॉल की फिर से अनदेखी भारी पड़ सकती है। खासकर कार्यालयों और बाजारों में विशेष तौर पर सावधान रहने की जरूरत है। हमेशा मॉस्क का प्रयोग करें, अपने हाथों को साबुन-पानी से धोते रहें और शारीरिक दूरी बनाए रखें। यह बातें कोविड हास्पिटल के प्रभारी व एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ. वी पी पाण्डेय ने कहीं। उन्होने आगे कहा कि कोविड के मामले कम हुए हैं लेकिन अभी खतरा खत्म नहीं हुआ है। काम धंधे शुरू होने से लोगों ने कार्यालयों और बाजार में जाना शुरू कर दिया है। ऐसे में लोगों के संपर्क में आने की संभावना बढ़ गई है। मानवीय आदत यह भी देखने में आई है कि जिन लोगों से हम रोजाना मिलते हैं, उनके साथ रहते हुए कोविड प्रोटोकॉल भूल जाते हैं। कार्यालयों में अक्सर ऐसा होता है। अपने सहकर्मी के साथ बैठकर लोग मॉस्क भी उतार देते हैं और उससे दो गज की सुरक्षित शारीरिक दूरी का भी पालन करना भी भूल जाते हैं, बस यही आदत खतरे में डालने के लिए काफी है। ऐसा कतई न करें, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखें कि सहकर्मियों के कार्यालय से निकल जाने के बाद भी मॉस्क लगाकर रखें, क्योंकि अब कोविड का खतरा ड्रॉपलेट से कम और ऐरोसोल से ज्यादा है। दरअसल कोरोना का नया म्यूटेंट काफी छोटा हो गया है और वह काफी देर तक हवा में रह सकता है। इसलिए ऑफिस, बाजार या अन्य सार्वजनिक जगह पर यदि आपके आसपास कोई न भी हो तो भी अच्छे से मॉस्क लगाकर ही रखें। नहीं करें कोई सामूहिक आयोजन डॉ. वी. पी. पाण्डेय ने कहा कि लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि लॉकडाउन के चलते ही कोरोना पर काबू पाया जा सका है।

कोविड प्रभावित बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा के लिए धर्म गुरु आये आगे

● महिला एवं बाल विकास विभाग व यूनिसेफके तत्वावधान में वर्चुअल धर्म गुरु सम्मेलन आयोजित

● कोरोना काल में बच्चों को विशेष देखभाल व स्नेह की आवश्यकता

● कोविड प्रभावित बच्चों के लिए सरकार ने शुरू की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना

संवाददाता। फतेहपुर

कोविड 19 से प्रभावित बच्चों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए विभिन्न धर्म गुरुओं ने जनता से अपील की है। महिला एवं बाल विकास विभाग उ0प्र0 एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित धर्म गुरु सम्मेलन में धर्म गुरुओं ने कहा कि कोविड प्रभावित बच्चों के बचपन को बचाने के लिए हर व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना होगा। धर्म गुरुओं ने बच्चों को बाल श्रम से बचाने पर भी जोर दिया।

यूनिसेफ उ0प्र0 की चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस रूथ लीयनो ने कहा, कोविड महामारी में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि सब कुछ प्रभावित हुआ है और जिन बच्चों ने महामारी के कारण अपने माता-पिता दोनों अथवा किसी एक को खोया है, उनके लिए यह समय और भी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे बच्चों को विशेष देखभाल एवं स्नेह की आवश्यकता है। उन्होंने धर्म गुरुओं से टीकाकरण को भी बढ़ावा देने का अनुरोध किया ताकि कोविड 19 से होने वाली मृत्यु कम हों और जल्द ही स्थितियाँ सामान्य हो सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग उ0प्र0 के निदेशक मनोज राय ने कहा कि कोविड प्रभावित बच्चों के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई है। हमारा उद्देश्य है कि योजना का लाभ प्रत्येक कोविड प्रभावित बच्चे तक पहुंचे। ऐसे किसी भी बच्चे की जानकारी 1098 अथवा 181 पर अवश्य साझा करें और बच्चों को गलत हाथों में पड़ने से रोकने में अपना सहयोग करें। बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 3000 कोविड प्रभावित बच्चों के विषय में पता चला है जिन्होंने माता-पिता में से किसी एक अथवा दोनों को खोया है।

तांबेश्वर मंदिर के पुजारी राघवेंद्र ने कहा कि महामारी के कारण भय का वातावरण हैं। बच्चों के साथ ही बड़े भी अपनों को खोने के बाद भयभीत हैं और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम मिल कर ऐसे लोगों की सहायता के लिए सामने आयें। हमें सुनिश्चित करना होगा कि माता पिता के देहांत के बाद कोई भी बच्चा गलत व्यक्ति अथवा संस्थान के पास न जाए और प्रत्येक प्रभावित बच्चा सरकार द्वारा चलाई जा रही सेवाओं से जुड़ कर लाभ ले सके।

शहरकाजी कारी फरीदउददीन कादरी ने कहा कि हर मजहब हमें जरूरतमंदों की मदद करने की सीख देता है। आज जब तमाम मासूम बच्चे अपने माता पिता को खोने के बाद अकेले हो गए हैं तो हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इस समय ऐसे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही असली इबादत है। उन्होंने बालश्रम निवारण के लिए भी कदम उठाने पर जोर दिया।

सम्मेलन में एक ओपेन सत्र का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन यूनिसेफ उ0प्र0 के प्रोग्राम मैनेजर अमित महरोत्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कोविड महामारी में भ्रांतियों को दूर करने एवं कोविड उपयुक्त व्यवहारों के लिए लोगों को प्रेरित करने में धर्म गुरुओं की भूमिका की सराहना की। सम्मेलन में प्रदेश के 75 जिलों से 800 धर्म गुरुओं ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया एवं अपने समुदाय में कोविड प्रभावित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए जनता से अपील की।

हादसों में महिला समेत दो घायल

संवाददाता। फतेहपुर

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के रजीपुर गांव निवासी सर्वर की 28 वर्षीय पत्नी सुधा अपने रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रही थी। जैसे ही बाइक मलवां थाने के चक्की पुल के समीप पहुंची सभी वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गए इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के बुदवन गांव निवासी लल्लू का 40 वर्ष पुत्र खेम सिंह मोटरसाइकिल द्वारा हरदो गांव से वापस आ रहा था जैसे ही बाइक बुदवन गांव मोड़ के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

रहस्यों के भंवर में उलझी गोलू की मौत...

संवाददाता। फतेहपुर

● विगत 06 मई को सदर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर मिली था प्रतीक का शव

● प्रतीक की मौत के साथ ही अरबपुर स्थित मकान में दबंगों ने किया कब्जा, निर्माण कार्य तेजी से जारी

● 08 वर्ष की बेटी के साथ इन्साफ के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही मृतक की विधवा

सदर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर निर्माणाधीन एक बिल्डिंग के नीचे से लावारिस शव पुलिस ने बरामद किया था। ज्ञातव्य रहे की यह वाक्या 06 मई 2021 का है, लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्त अरबपुर मोहल्ला वासियों ने प्रतीक यादव उर्फ गोलू पुत्र स्व0 बृजेश यादव के रूप में की थी। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने जानकारी एकत्र करने के बाद अपने मायके में करीब 03 वर्षो से रह रही प्रतीक की पत्नी विमलेश कुमारी को सूचना दी। जिस पर मृतक प्रतीक की पत्नी ने पहुंच कर अपने पति की शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद अपने साथ ले गयी और भृगुधाम भिटौरा में अंतिम संस्कार कराया। मृतक की पत्नी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पति की मौत का कारण स्पष्ट नहीं आया है। बताया कि पति के मरने के साथ ही उसके ससुराली मकान मोहल्ला अरबपुर में मोहल्ले के ही जयराम यादव व सूरज यादव ने कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसके मकान पर कब्जा करने वाले लोग दबंग किस्म के हैं और मना करने के बावजूद उसके मकान पर अवैध निर्माण भी शुरू कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि जब निर्माण कार्य कराने से उसने जयराम यादव व सूरज यादव को मना किया तो उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी एक 08 वर्ष की पुत्री भी है जिसके जीवन यापन की पूरी जिम्मेदारी उसके ऊपर है। पीड़िता ने बताया कि यही मकान एकमात्र उसका सहारा है, अगर उसका यह सहारा भी छीन लिया गया तो वह दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर होगी। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगो को कई बार समझाया-बुझाया, रोया-गिड़गिड़ाया पर उन लोगो का दिल नहीं पसीज रहा और उसे आये दिन धमकाते रहते है। पीड़िता ने कहा कि अब वह इंसाफ से लिए संघर्ष करेंगी और अधिकारियो की चौखट पर माथा टेक कर न्याय की गुहार लगाएगी। उसने यह भी बताया कि उसका ससुराल का मकान उसके ससुर के पिता शिव सिंह यादव के नाम से नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में दर्ज है। उसने यह भी आशंका जाहिर की कि कहीं ऐसा न हो कि कागजों में हेरफेर कर उक्त लोग उसके मकान को अपने नाम पर दर्ज न करा लें। पीड़िता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पति की मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने से उसके पति की मौत भी रहस्यो के भंवर में उलझी हुई है। जिसकी पुलिस को गहनता से जांच करनी चाहिए।

उधर उक्त मामले में जब जानकारी लेने के उद्देश्य से अरबपुर मोहल्ले में प्रतीक से सम्बंधित जानकारियां जुटाने का प्रयास किया गया तो कुछ लोगो ने दबी-जुबान बताया कि गोलू नशे का आदि था और मौत के करीब एक हफ्ते पूर्व दिल्ली से आया था और मकान में अवैध कब्जे को लेकर जयराम यादव, सूरज यादव से वाद-विवाद भी हुआ था, जिसके तीन-चार दिन बाद गोलू का शव मिलने की सूचना मिली।

सड़क हादसे में मजदूर की मौत

संवाददाता। फतेहपुर

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बच्चू मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय साइकिल सवार मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाने के चक काजी मौलवी मुकुरा निवासी राम सजीवन का पुत्र रामधनी मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था। बताते हैं कि सोमवार की शाम वह साइकिल से मजदूरी कर अपने घर वापस आ रहा था जैसा ही वह बच्चू मोड़ के समीप पहुंचा कभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सहित व्रत खंती में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद वाहन सवार मौके से भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन करें भेज दिया।

मेसी ने चिली को बराबरी पर रोका

●कोपा अमेरिका कप

एपी। रियो दि जिनेरियो

लियोनेल मेसी के फ्री किक पर शानदार गोल के बावजूद चिली ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में अर्जेंटीना को 1-1 गोल से ड्रा पर रोका। निल्टन सांतोस स्टेडियम पर खेले गए इस मैच से पहले अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई जिनका 60 वर्ष की उम्र में नवंबर में निधन हो गया था। इस महीने के आखिर में 34 वर्ष के हो रहे मेसी के पास शायद कोपा अमेरिका के रूप में अर्जेंटीना के लिए खिताब जीतने का आखिरी मौका है।

उन्होंने पहले मैच से पूर्व कहा था कि राष्ट्रीय टीम के लिए खिताब जीतना उनका सबसे बड़ा सपना है। बार्सीलोना के लिए वह कई क्लब खिताब जीत चुके हैं। मेसी ने 33वें मिनट में फ्री किक पर चिली के डिफेंस को छकाते हुए शानदार गोल किया। अर्जेंटीना ने चोटिल स्ट्राइकर एलेक्सिस सांचेज के बिना भी चिली पर दबाव बनाए रखा। दूसरे हाफ में हालांकि चिली की टीम ने शानदार वापसी की और वीडियो रिव्यू पर एक पेनल्टी हासिल की।

आर्टुरो विडाल का शॉट गोलकीपर ने रोक लिया लेकिन एडुआर्डो वर्गास के रिवर्स शॉट पर चिली ने 57वें मिनट में बराबरी का गोल किया। मेसी आखिर तक गोल करने के मौके बनाते रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिला। अर्जेंटीना को अब शुक्रवार को उरूग्वे से खेलना है जबकि चिली का सामना बोलिविया से होगा। पराग्वे की टीम सोमवार को अर्जेंटीना से खेलेगी।

चिली के खिलाफ खेले गए मैच में गोल करने का प्रयास करते लियोनेल मेसी

डिएगो माराडोना को दी गयी श्रृद्धांजलि

रियो दि जिनेरियो। चिली के खिलाफ अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका फुटबॉल मैच से पहले महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि दी गई। निल्टन सांतोस स्टेडियम पर कोई दर्शक मौजूद नहीं थे। दक्षिण अमेरिका फुटबॉल की शीर्ष ईकाई कोनमेबोल ने इस श्रृद्धांजलि का आयोजन किया था। माराडोना का 60 वर्ष की उम्र में नवंबर में निधन हो गया था। तीन मिनट का वीडियो लिव इज लाइफ गीत के साथ कोनमेबाल के सोशल मीडिया चैनलों पर साझा किया गया। यह वही गीत है जो 1989 में बायर्न म्युनिख के खिलाफ युएफा कप सेमीफाइनल से पहले नपोली के लिए अभ्यास करते माराडोना के मशहूर वीडियो के साथ बजता आया है। वीडियो में माराडोना को अर्जेंटीनोस जूनियर्स, बोका जूनियर्स, बार्सीलोना, नपोली, सेविला, न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज और अर्जेंटीना टीमों के लिए अलग अलग जर्सी में खेलते दिखाया गया।

यूरो कप में स्पेन और स्वीडन ने ड्रा खेला

सेविले। स्पेन और स्वीडन दोनों को यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में गोल करने के कई मौके मिले लेकिन कोई उन्हें भुना नहीं सका और मैच गोलरहित ड्रा पर छूटा। स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारकर दबाव बनाए रखा लेकिन स्वीडन ने उसे गोल करने का मौका नहीं दिया। स्वीडन ने भी कुछ मौके बनाए लेकिन गोल में नहीं बदल सके। स्पेन ने गेंद पर 75 प्रतिशत कब्जा रखा और 17 प्रयास किए जिनमें से पांच गोल पर थे लेकिन फिनिशिंग तक नहीं जा सके। स्वीडन ने चार प्रयास किए और सभी नाकाम रहे। स्पेन यूरो चैम्पियनशिप के आखिरी 14 ग्रुप मैच में से एक ही में गोल करने में नाकाम रहा है।वहीं स्वीडन ने पिछले 17 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक भी ड्रा नहीं खेला था। ग्रुप के अन्य मैचों में स्लोवाकिया ने पोलैंड को 2-1 से हराया।

एरिक्सन ने लोगों को कहा, शुक्रिया

कोपेनहेगन। फिनलैंड के खिलाफ यूरो 2020 के मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से शनिवार को मैदान में अचेत हुए डेनमार्क के खिलाड़ी क्रिश्चियन एरिक्सन ने मंगलवार को अस्पताल से भेजे अपने पहले सार्वजनिक संदेश में समर्थकों को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। एरिक्सन के संदेश को डेनमार्क के फुटबॉल संघ ने ट्विटर पर साझा किया जिसमें लिखा था, पूरी दुनिया से आई आपकी भावुक और शानदार शुभकामनाओं के लिए बहुत शुक्रिया।

भारत की 15 सदस्यीय टेस्ट टीम में उमेश की वापसी

●डब्ल्यूटीसी फाइनल

●शारदुल, मयंक और वाशिंगटन को भी जगह नहीं मिली

भाषा। साउथम्पटन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट में भारतीय जीत के नायकों में से एक शारदुल ठाकुर की जगह अनुभवी उमेश यादव को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उमेश, मोहम्मद शमी और हनुमा विहारी चोटिल हो गए थे। आईसीसी के टीम प्रोटोकॉल के अनुसार विराट कोहली की अगुवाई में घोषित टीम में इन तीनों ने वापसी की है। यह मैच 18 जून से यहां खेला जाएगा।

शारदुल के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अंतिम 11 में शामिल रहे मयंक अग्रवाल और वाशिंगटन सुंदर को भी 15 सदस्ईय टीम से बाहर रखा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के नायक अक्षर पटेल भी इसमें जगह बनाने से चूक गए। अंतिम टीम में जगह बनाने से चूकने वाले अन्य बड़े खिलाड़ी अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल हैं। राहुल अभ्यास मैच के दौरान विराट कोहली की विरोधी टीम के कप्तान थे। राहुल उस मैच में अच्छी लय में दिखे थे लेकिन उनकी नजरअंदाजगी से यह पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के शुरूआत के समय जो पहली पसंद के

खिलाड़ी थे वे फिर से टीम में आ गए है। कोहली के पदभार संभालने के बाद से भारतीय टीम प्रबंधन की यह नीति रही है कि रिजर्व खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के बाद भी टीम में पहली पसंद के खिलाड़ियों को मौका मिले। दूसरे खिलाड़ियों को मौका तभी मिलता है जब कोई वरिष्ठ खिलाड़ी चोटिल हो जाता है।

इस वजह से ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट में अर्धशतक लगाने और सात विकेट चटकाने के बाद भी शारदुल की जगह उमेश को तरजीह दी गई। रविचंद्रन अश्विन टीम में इकलौते विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा की वापसी का मतलब है कि अक्षर पटेल के लिए कोई जगह नहीं थी। राहुल और मयंक को तभी मौका मिलेगा जब टीम प्रबंधन रोहित और गिल को पर्याप्त मौके दे देगा। रिद्धिमान साहा को आईसीसी के स्थानापन्न खिलाड़ी के नियम के कारण टीम में जगह मिली है क्योंकि विकेटकीपर के चोटिल होने पर उसकी जगह दूसरा विकेटकीपर ही उतर सकता है।

टीम: विराट कोहली (कप्तान) शुभमन गिल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), उमेश यादव, हनुमा विहारी।

लक्ष्मण ने शुभमन से पारी का आगाज कराने का समर्थन किया

●डब्ल्यूटीसी फाइनल

भाषा। मुंबई

भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने मंगलवार को कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अच्छी लय में दिख रहे हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में रोहित शर्मा के साथ उन्हें पारी की शुरुआत करनी चाहिए। विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ साउथम्पटन में डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलेगी। लक्ष्मण ने कहा कि मैं निरंतरता चाहता हूं।

मुझे लगता है कि शुभमन गिल एक शनदार प्रतिभा है, उन्होंने दिखाया है कि वह दबाव में क्या करने में सक्षम है। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इसलिए मैं शुभमन गिल का समर्थन करूंगा। उन्होंने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के खिलाड़ियों के बीच आपस में मैच) मैच में भी 80 से अधिक रन बनाए। इसका मतलब है कि वह अच्छी लय में है, उनकी लय इंग्लैंड में प्रभावित नहीं हुई है। इसलिए मैं अब भी शुभमन गिल के रोहित शर्मा के साथ

पारी के आगाज करने का समर्थन करूंगा। भारत के लिए 134 टेस्ट खेलने वाले इस 46 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि भारत इस मामले में भाग्यशाली है कि मयंक अग्रवाल भी टीम में है। जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। फिलहाल, मैं इस टेस्ट मैच में रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल से पारी का आगाज कराने का समर्थन करूंगा।

लक्ष्मण ने कहा कि अनुभव और युवा खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण से भारतीय टीम इस मैच में जीत की दावेदार होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय टीम चैम्पियन बनने की दावेदार के रूप में मैच को शुरू करेगी। इसके पीछे का कारण यह है भारत ऐसी टीम है जिसने इस डब्ल्यूटीसी के दो साल के चक्र में देश और विदेशों में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले टेस्ट में अपमानजनक हार के बाद कप्तान विराट कोहली और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद भी टीम उसे हराने में सफल रही। इस भारतीय टीम में बहुत गहराई, प्रतिभा और अनुभव है, चाहे वह बल्लेबाजी विभाग हो या गेंदबाजी विभाग। लक्ष्मण के साथ यहां वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड भी मौजूद थे।

इन दोनों पूर्व खिलाड़ियों ने भी माना कि मौजूदा भारतीय टीम अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से पार पाने में सक्षम है। टेस्ट क्रिकेट में 8,781 रन बनाने वाले लक्ष्मण ने कहा, यह बराबरी का मुकाबला होगा लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड को पहले से ही इन परिस्थितियों में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का फायदा मिलेगा।

मुझे हालांकि लगता है कि न्यूजीलैंड ने जो किया है उससे भारत सबक ले सकता है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड ने बिना किसी अभ्यास मैच के इंग्लैंड को उनकी सरजमीं पर हराया। मुझे लगता है कि इस भारतीय टीम के पास न्यूजीलैंड को हराने के लिए अनुभव और प्रतिभा है।

इंग्लैंड पर मिली जीत मायने नहीं रखतीः बोल्ट

भाषा। साउथम्पटन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में इंग्लैंड पर मिली जीत मायने नहीं रखेगी। न्यूजीलैंड की टीम 18 जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए मंगलवार को यहां पहुंच गई। इससे पहले उसने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर श्रृंखला 1-0 से जीती। दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने वाले बोल्ट ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह बहुत मायने रखता है। अच्छी तैयारी हर किसी के लिए अच्छी होती है। बोल्ट पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। उन्होंने कहा कि मुझे इस सप्ताह खेलने का बेताबी से इंतजार है। उम्मीद है कि हम लय कायम रख सकेंगे। न्यूजीलैंड के लिए 73 टेस्ट खेल चुके बोल्ट ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के कारण सभी खिलाड़ी एक दूसरे को जानते हैं तो थोड़ी बहुत छींटाकशी देखने को मिलेगी।

बोल्ट आईपीएल में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ आईपीएल खिलाड़ियों को हम जानते हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच महिला टेस्ट आज से

भाषा। ब्रिस्टल

तैयारी के लिए अधिक समय नहीं मिल पाने के बावजूद इंग्लैंड में अच्छे रिकार्ड और सकारात्मक मानसिकता के साथ भारतीय महिला टीम बुधवार से मेजबान के खिलाफ टेस्ट खेलने उतरेगी जो पारंपरिक प्रारूप में सात साल बाद उसकी वापसी होगी। भारत और ब्रिटेन में पृथकवास के बाद मिताली राज की कप्तानी वाली टीम को अभ्यास के लिए बमुश्किल एक सप्ताह मिला जबकि टीम नवंबर 2014 के बाद पहला टेस्ट खेल रही है। मिताली उन सात मौजूदा खिलाड़ियों में से है जिसने मैसुरू में दक्षिण अफ्रीका को उस मैच में हराया था। मिताली, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और झूलन गोस्वामी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने भी हाल ही में टेस्ट मैच नहीं खेला है लिहाजा युवा खिलाड़ियों के लिए तो चुनौती और कठिन होगी जिन्हें घरेलू क्रिकेट में प्रथम श्रेणी मैच खेलने का मौका नहीं मिलता। पुरुष टीम ने साउथम्पटन पहुंचने के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की तैयारी के लिए आपस में ही अभ्यास मैच खेले लेकिन महिला टीम नेट्स पर ही अभ्यास कर सकी जिससे चार दिवसीय मैच के लिए उनकी तैयारी पुख्ता नहीं कही जाएगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि खिलाड़ी फॉर्म में हैं और फिट हैं लेकिन मैच अभ्यास का कोई विकल्प नहीं है। एक दिवसीय मैच हो या चार दिवसीय, नेट्स पर अभ्यास समान ही होता है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह चार दिवसीय मैच है तो समय ही बताएगा कि वे लंबे समय तक मैदान पर रहने या लंबे स्पैल फेंकने में सक्षम हैं या नहीं। अभ्यास मैच खेलते हैं तो दबाव रहता है लेकिन नेट्स पर वह दबाव नहीं रहते। हरमनप्रीत पहले ही कह चुकी है कि अभ्यास के लिए समय नहीं मिल सका लेकिन उन्होंने कहा कि टीम मानसिक रूप से तैयार है। भारतीय खिलाड़ियों को पुरुष टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे से उपयोगी सलाह भी मिली है। पूरी संभावना है कि 17 वर्ष की शेफाली वर्मा इस मैच में मंधाना के साथ पारी की शुरूआत करेगी। अनुभवी मिताली, हरमनप्रीत और पूनम राउत पर रन बनाने का दारोमदार होगा। राहत की बात यह है कि इंग्लैंड ने ड्यूक की बजाय कूकाबूरा गेंद चुनी है। **टीमें:** भारत- मिताली राज (कप्तान), स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, पूनम राउत, प्रिया पूनिया, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रौद्रिगेज, शेफाली वर्मा, स्नेह राणा, तानिया भाटिया, इंद्राणी रॉय, झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे, पूजा वस्त्रकार, अरूंधति रेड्डी, पूनम यादव, एकता बिष्ट, राधा यादव। इंग्लैंड- हीथर नाइट (कप्तान), एमिली अर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, कैथरीन ब्रंट, केट क्रॉस, फ्रेया डेविस, सोफिया डंकली, सोफी एक्सेलेटन, जॉर्जिया एल्विस, टैश फरांट, सारा ग्लेन, एमी जोंस, नेट स्किवेर, आन्या श्रुबसोले, मैडी विलियर्स, फ्रान विल्सन, लौरेन विनफील्ड हिल।

भारत के खिलाफ खेलेंगे केनः स्टीड

साउथम्पटन। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने भारत के खिलाफ 18 जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की और चोट से उबरे केन विलियमसन टीम की कप्तानी करेंगे। विलियमसन कोहनी की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। टॉम लाथम ने उनकी जगह कप्तानी की थी और न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट आठ विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम की। कमर की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहे बीजे वाटलिंग भी टीम में हैं। स्टीड ने 18 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए टीम के यहां पहुंचने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केन और बीजे को एक सप्ताह के आराम से फायदा मिला है और हमें उम्मीद है कि फाइनल के लिए वे फिट और उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व चैम्पियनशिप फाइनल खेलना खास मौका है और मुझे पता है कि ए खेलने को बेताब होंगे। स्टीड ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत के बावजूद भारत का सामना करना कठिन चुनौती होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम विश्व स्तरीय है और उसके पास कई मैच विनर है। हम किसी मुगालते में नहीं है क्योंकि उनके हराना काफी कठिन होगा।

एआईएफएफ के पूर्व उपाध्यक्ष का निधन

चेन्नई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व उपाध्यक्ष और अनुभवी प्रशासक सीआर विश्वनाथन का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वह 85 बरस के थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और एक बेटा है। सीआरवी के नाम से लोकप्रिय विश्वनाथन का दिल का दौरा पड़ने से यहां के एक अस्पताल में सुबह तीन बजे निधन हुआ। तमिलनाडु फुटबॉल संघ के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एआईएफएफ के उपाध्यक्ष (2004-08) रहने के अलावा विश्वनाथन लंबे समय तक तमिलनाडु फुटबॉल संघ (टीएफए) के पदाधिकारी रहे जिसमें अध्यक्ष और सचिव पद पर भी वह काबिज रहे। वह 2008 से 2012 तक एफआईएफफ की कार्यकारी समिति के सदस्य रहे जबकि 2009 से 2012 तक उन्होंने एआईएफएफ की तकनीकी समिति के अध्यक्ष की भूमिका निभाई। कुछ मौकों पर वह भारतीय फुटबॉल टीम के मैनेजर भी रहे।

भारत की सफलता में पुजारा का योगदान अहमः तेंदुलकर

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व कप्तान और क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में से एक सचिन तेंदुलकर का मानना है कि चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी शैली भारतीय टीम की सफलता का अभिन्न अंग है और ऐसे लोग उनकी आलोचना करते है जिन्होंने उनके समान देश के लिए उपलब्धियां अर्जित नहीं की हैं। ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रयास के बावजूद पुजारा को अक्सर इस आलोचना का सामना करना पड़ता है कि वह स्कोर बोर्ड को चलायमान रखने के लिए वह जज्बा नहीं दिखाते है। तेंदुलकर ने कहा कि पुजारा को लेकर यह दृष्टिकोण गलत है। उन्होने इसके साथ ही साउथम्पटन में 18 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले कई मुददों पर बात की। तेंदुलकर ने कहा कि मुझे लगता है कि चेतश्वर पुजारा ने भारत के लिए जो हासिल किया है, उसकी हमें सराहना करनी चाहिए। यह हमेशा स्ट्राइक-रेट के बारे में नहीं होता है। टेस्ट क्रिकेट में आपको अपनी टीम में फिट होने के लिए अलग तरह की योजना और विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि यह आपके हाथों में पांच ऊंगलियों की तरह है। प्रत्येक ऊंगली की एक अलग भूमिका होती है और पुजारा हमारी टीम का अभिन्न अंग हैं। पुजारा ने भारत के लिए जो किया वह मुझे

बहुत पसंद है। उसकी हर पारी को परखने की जगह, उसने भारत के लिए जो किया है हमें उसकी सराहना करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का शतक लगाने वाले इस पूर्व दिग्गज ने कहा, जो लोग उसकी तकनीक और रन बनाने की क्षमता पर सवाल उठाते है, मुझे नहीं लगता कि उन लोगों ने पुजारा जितना शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेला है। तेंदुलकर को लगता है कि टी-20 के कारण लोगों का नजरिया बदल गया है, जहां केवल एक ही कौशल की सराहना की जाती है और वह है गेंद को मैदान से बाहर मारने की।

विम्बलडन फाइनल्स में पूरी संख्या में दर्शकों को प्रवेश की अनुमति

भाषा। लंदन

अगले महीने होने वाले विम्बलडन में महिला और पुरुष फाइनल्स में शत प्रतिशत यानी 15000 दर्शकों को सेंटर कोर्ट पर प्रवेश की अनुमति रहेगी। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण यह ग्रैंडस्लैम रद्द हो गया था। ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम विम्बलडन 28 जून से शुरू होगा जिसमें शुरूआज में 50 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति रहेगी। बाद में 10 और 11 जुलाई को महिला और पुरुष एकल फाइनल में शत प्रतिशत दर्शक आ सकेंगे। ब्रिटिश सरकार ने यह घोषणा की। इसके साथ ही यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप और अन्य खेल आयोजनों में भी दर्शकों की संख्या बढा दी गई है।

संस्कृति मंत्री ओलिवर डोडेन ने एक बयान में कहा कि हम यह साबित करना चाहते हैं कि किस तरह बड़े आयोजन सुरक्षित तरीके से संपन्न करा सकते हैं। अब अधिक संख्या में दर्शक यूरो और विम्बलडन का मजा ले सकेंगे।

इंग्लैंड में लार के बिना भी स्विंग लेगी गेंदः ईशांत

●इंग्लैंड में रिवर्स स्विंग कराना आसान नहीः शर्मा

भाषा। साउथम्पटन

भारत के सीनियर तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में गेंद लार के बिना भी स्विंग लेगी और टीम में से किसी को इसे मैच के आखिर तक बरकरार रखना होगा। भारत के लिए 101 टेस्ट खेल चुके ईशांत 18 जून से शुरू हो रहे मैच में भारतीय गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लार के बिना भी गेंद स्विंग लेगी और किसी को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि आखिर तक स्विंग बनी रहे। उन्होंने कहा कि इन हालात में गेंद की हालत अच्छी बनी रही तो गेंदबाजों के लिए विकेट लेना

आसान हो जाएगा। कोरोना महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। अब तक 303 टेस्ट विकेट ले चुके ईशांत ने कहा कि आपको अलग तरीके से अभ्यास करके बदलाव के अनुरूप ढलना होता है। भारत में कुछ समय बाद रिवर्स स्विंग मिलती है लेकिन इंग्लैंड में स्विंग के कारण लैंग्थ फुल होती है। उन्होंने कहा कि आपको लैंग्थ के अनुसार बदलाव करने होते हैं। यह इतना आसान नहीं, क्योंकि यहां के ठंडे मौसम के अनुरूप ढलने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि पृथकवास से और मुश्किल हो जाता है। जिम पर अभ्यास करने और मैदान पर अभ्यास करने में बहुत फर्क है। आपको उसके अनुसार सामंजस्य बिठाना होता है और इसमें समय लगता है।

इस बीच भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड में विकेट बचाने के लिए बल्लेबाजों को ढीली गेंदें छोड़नी होगी। उन्होंने कहा कि जब मैने भारत ए और अंडर-19 टीमों के साथ इंग्लैंड का दौरा किया तो हर किसी ने मुझसे कहा कि रन बनाने के लिए इतनी गेंदें खेलनी होगी। लेकिन मेरा मानना है कि रन बनाने का जज्बा हमेशा रहना चाहिए और आपको विकेट बचाने के तरीके ढूंढने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब आप रन बनाने के लिए खेलते हैं तो गेंदबाज दबाव में आ जाता है। इंग्लैंड में विकेट बचाने के लिए ढीली गेंदों को छोड़ना होगा।

कपड़े, रंग और पैटर्न से आगे है फैशन उद्योग

रोजी गुलाटी बता रही हैं कि कैसे प्रौद्योगिकी में नवाचार और नए व्यवसाय मॉडल भारत में फैशन उद्योग को बढ़ावा दे सकते हैं

21वीं सदी का भारतीय फैशन उद्योग कपड़े, रंग और पैटर्न से बहुत आगे है। यह अब कई अन्य लगातार विकसित होने वाले कारकों जैसे कि प्रौद्योगिकी में बदलाव, जीवन शैली, कृत्रिम मेधा का महत्व, अनुकूलन और ग्राहक आधार का विस्तार करने के लिए मूल्य वर्धित सेवाओं के करीब पहुंच रहा है। प्रौद्योगिकी ने उद्योग को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। डिजिटल विकास का महत्व, वास्तव में, फैशन उद्योग में पर्याप्त गति से बढ़ रहा है और इसके विकास को पहले की तरह बढ़ा रहा है।

अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन करने व ढालने के लिए रचनात्मकता व प्रौद्योगिकी दोनों में निवेश क्यों करना चाहिए?

इसे उद्योग में प्रतिस्पर्धा करने व टिके रहने तथा फैशन उद्योग में अनेक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने के लिए ग्राहकों को मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करने के तरीके के रूप में देखा जाता है। मूलत:, इस उद्योग में नवाचार उन विचारों का लाभदायक कार्यान्वयन है जो ग्राहकों को गुणवत्ता व मूल्य प्रदान करते हैं। नवाचार, आराम, अनुकूलन, लचीली रणनीतिां और स्थिरता के कई अन्य प्रमुख मंत्रों में सर्वाधिक मायने रखता है। ये कारक बाजार में ब्रांडों के बारे में बहुत कुछ बताते हैं और व्यवसाय को आकर्षित करने में भी मदद करते हैं।

निर्विवादित तथ्य यह है कि रचनात्मक उद्योग - विशेष रूप से फैशन - ग्राहक आधार को आकर्षित करने वाले विचारों को उत्पन्न करने की क्षमता पर चलते हैं, प्रतिस्पर्धा करते हैं, जीवित रहते हैं और छलांग लगाते हैं। फैशन उद्योग में डिजाइन क्षमताएं उत्तरोत्तर ज्यादा महत्वपूर्ण बनकर उभरी हैं। डिजाइन-केंद्रित उत्पाद व सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध शैलियाँ प्रमुख कारक हैं जिन्हें व्यवसाय, रुझान और बाजार अनदेखा नहीं कर सकते। भारतीय फैशन ब्रांड अब वर्तमान फैशन परिदृश्य से निपटने के डिजाइन-केंद्रित तरीके पर अधिक ध्यानकेंद्रित कर रहे हैं। अनोखापन, प्रभावी विपणन, आरामदायक रुझान व ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार सेवा प्रदाता ब्रांड, अंतरराष्ट्रीय रनवे रुझानों को व्यवहारिक वाणिज्यिक अवधारणा में बदलने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं जो उस ब्रांड की एक प्रमुख ताकत है जो लंबे समय तक जीवित रहना चाहता है और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय ब्रांडों ने उत्पाद विकास की अत्यधिक जटिल व द्विपक्षीय प्रक्रिया की दिशा में काम करने हेतु पेशेवर डिजाइन टीमों में निवेश करने का महत्व महसूस किया है। फैशन ब्रांड समूची उत्पादन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। भारतीय फैशन ब्रांड सेंसरयुक्त स्मार्ट कपड़ों के मंच-निर्माण की दिशा में काम करके उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं जो उन्हें स्वास्थ्य फिटनेस, तंदुरूस्ती आद के क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने हेतु स्पर्श, हावभाव, मुद्रा पहचान, नेविगेशन जैसी सुविधाओं के साथ पुनरावृति करने में मदद कर सकते हैं।

- उपभोक्ता व्यवहार में परिवर्तन व अनुकूलन का उदय : नवाचार की भूमिका

अनुकूलित परिधान की अच्छी मांग है और ग्राहक अब अपने परिधान को अपनी पसंद के अनुसार अनुकूलित करने के लिए तत्पर हैं। आज, उत्पाद अनुकूलन सॉफ्टवेयर में कम पैसे खर्च होते हैं और यह आसानी से उपलब्ध है। डिजिटल उपकरणों व प्रौद्योगिकियों में प्रगति से प्रेरित अनेक फैशन रुझान फैशन उद्योग के परिदृश्य को बदल रहे हैं। ग्राहक विभाजन, संचार, मूल्य प्रस्ताव और वितरण चैनल जैसे प्रमुख व नए फैशन मॉडल उन कुछ ऐसे मॉडलों में से हैं, जिनके आसपास फैशन उद्योग घूमता है। इसके अलावा, रुझानों में तेज फैशन का लगातार बढ़ता प्रभाव, छूट की पेशकश, सामाजिक प्रभावक, बढ़ते ई-कॉमर्स, वैश्विक विस्तार, उपभोक्ता दृष्टिकोण और बहुत कुछ शामिल हैं। उपभोक्ता की बदलती जरूरतों को पूरा करना, खरीदार की जरूरतों के अनुसार खुद को अपग्रेड करना भारत में फैशन उद्योग की जरूरत है।

-कृत्रिम मेधा की मांग लाभ एवं उपयोग

बदलते समय के साथ, फैशन उद्योग ने परिधान उद्योग में एआई की भारी मांग, उपयोग और लाभों को देखा है। डिजाइनर खरीदारी के अनुभव को अत्यंत वैयक्तिक करने और अपडेट रहने के लिए एआई एनालिटिक्स का उपयोग कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी ग्राहकों की मांगों के विभिन्न खंडों को पूरा करती है, जैसे सिलाई पैटर्न, फिटिंग, पैटर्न, जिससे ग्राहकों के लिए तुलना करना और चुनना आसान हो जाता है, ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुसार कीमतों व शैली को रेखांकित करती है।

पिछली शैलियों व रुझानों का विश्लेषण करने के लिए एल्गोरिदम का उपयोग करना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने के प्रमुख लाभों में से एक है और ब्रांडों को भविष्य के निर्णय लेने में मदद कर रहा है। वे अब एआई का उपयोग ग्राहकों की जरूरतें पहचानने और खरीदारी के अपने इतिहास, पसंदीदा रंग, कपड़े आदि के आधार पर अपने खरीदारी अनुभव को बढ़ाने के लिए करते हैं।

अंत में

नवाचार, प्रौद्योगिकी वनए व्यापार मॉडल भारतीय फैशन उद्योग को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली कारक हैं। प्रौद्योगिकी व नवाचार वास्तव में देश में फैशन उद्योग के अधिकांश पहलुओं को बदल रहे हैं। आज की शैली व प्रचलन की दुनिया में, कंपनियां और खुदरा विक्रेता दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करने के लिए व्यापार मॉडल, नवाचार और नेटवर्किंग जैसे अमूर्त नवाचारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और बाजार में उत्तरोत्तर विकास की दिशा में अग्रसर दिखते है, इसके लिए पूरा श्रेय अत्याधुनिक तकनीकी समाधान को अपनाने को जाता है।

(लेखक एक फैशन ब्रांड-ड्रेसबायो के संस्थापक हैं)

समझदारी वाली सुबह की दिनचर्या

देविना कौर कहती हैं, इन तेज गतिमान दौर में, हमें यह नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि हम कैसा महसूस करते हैं या उन चीजों के बारे में सोचते हैं जो हमारी भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

महामारी के दौरान जीवन जीने ने हमें सिखाया है कि हम अपने आप से भाग ही नहीं सकते। हमारा जीवन बहुत बदल गया है, हम अपनी अगली छुट्टी पर नहीं जा सकते, हम अपनी चिंताओं को सलाखों में नहीं डाल सकते या उच्च वेतन वाली नौकरियों में अपना सिर नहीं डुबो सकते। चीजें बदल गई हैं लेकिन हम अपने साथ एक प्रेमपूर्ण और पोषणकारी संबंध रखने का फैसला कर सकते हैं। हम यह याद करके शुरूआत कर सकते हैं कि हम कौन हैं और कुछ सरल अभ्यासों से खुद को सम्मानित कर सकते हैं।

एक चीज जो अक्सर लोगों को समझदारी के संबंध में आश्चर्यचकित करती है, वो यह है कि इसे अपने दिन की दिनचर्या में लाना कितना आसान है। समझदारी से प्रेरित सुबह की दिनचर्या से जुड़कर, हम हर पल, हर पल में मौजूद रहना सीख सकते हैं। हमारे जीवन का प्रत्येक क्षण नए सिरे से शुरुआत करने व खुद का बेहतर संस्करण बनने का अवसर होता है। पक्षियों के सामंजस्यपूर्ण चहक और शुरुआती घंटों में फूलों की ताजा गंध के बारे में कुछ ऐसा है जो हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के साथ एकाकार हैं।

सुबह के घंटे हमें अतीत की चिंताओं को भूलकर दिन हेतु अपनी क्षमता की कल्पना करने का अवसर प्रदान करते हैं। समझदारीपूर्ण सुबह आपके अंतर्मन पर चिंतन करने का एक शानदार तरीका है और आगे बढ़ने वाले अन्य व्यक्तियों के साथ कैसा व्यवहार या प्रतिक्रिया करने की योजना बना रहे हैं। यहां तीन सशक्त युक्तियां बताई गयी हैं जिन्हें आप अपनी सुबह को पोषण देने हेतु अपना सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप अपने दिन का सबसे अच्छा लाभ उठाएंगे :

सोने के समय से शुरू करें

समझदारीपूर्ण सुबह की शुरुआत बीती रात से होती है। एक नए दिन की सहज तैयारी के लिए, आराम करना और रात की अच्छी नींद लेना आवश्यक है। सोने से पहले टीवी देखने वाले टाइम से खुद को डिटॉक्स करने के लिए कुछ घंटे निकालें। पढ़ना, चाय की चुस्की लेना और रात के समय योग करना, ये सभी कुछ बेहतरीन उपकरण हैं जो आपको अच्छी नींद लेने में मदद करेंगे।

शांति, मौन और सुकून

क्या अराजकता आपकी सुबह पर भारी पड़ती है? क्या आप बच्चों को स्कूल लाने की जल्दी में हैं? क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिन भर में सब कुछ सुचारू रूप से चलता है, क्या आप अनेक कार्यों से घिरे हुए हैं? क्या यह अपना अपना सा लगता है? जैसे ही हम जागते हैं, हमारी सबसे पहली आदत अपने फोन को चैक करने की होती है। और यह समझ में आता है, हम में से अधिकांश व्यस्त जीवन जीते हैं। हालांकि, हमें यह समझना होगा कि यह इंतजार कर सकता है, आभारी होने के लिए और भी अनेक महत्वपूर्ण चीजें हैं। इसके स्थान पर, हमें बैठने की कोशिश करनी चाहिए और अपनी इंद्रियों के प्रति सचेत होना चाहिए क्योंकि हमारा दिमाग धीरे-धीरे एक नए दिन के साथ जुड़ जाता है और ध्यान देता है कि यह उसे कैसा लगता है। कुछ समय के लिए धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें, अपने शरीर में अपनी सांसों की अनुभूति पर ध्यान दें। हम जीवन की भागदौड़ के इतने आदी हैं कि हम में से अधिकांश लोग चुप्पी साध लेते हैं। सुबह मौन के साथ अपने शरीर का अभिवादन करें और अपने आस-पास तकनीक के प्रलोभन से बचें। स्वस्थ सीमाओं का अभ्यास करें जैसे कि अपने गैजेट्स को लंबी अवधि के लिए बंद करना और उन्हें अपनी पहुंच से बाहर रखना।



खुद को ध्यान में लीन करें

ध्यान आपकी सुबह की दिनचर्या को शुरू करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि यह आपको अपने दिन की शुरुआत करने, आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित करेगा, और इसका अभ्यास कहीं भी किया जा सकता है। चाहे आपका आराम क्षेत्र बिस्तर, कालीन या घास पर हो, मन की सच्ची शांति स्वयं के लिए एक उपहार है। आम धारणा के विपरीत, लगभग हर कार्य ध्यानपूर्ण जागरूकता में निहित हो सकता है। उदाहरण के लिए, जब आप अपने दांतों को ब्रश करते हैं तो स्वाद, गंध, आवाज और बनावट को देखकर सुबह में अपने दिमाग को व्यवस्थित करने का एक शानदार तरीका है।

(लेखक, प्रेरक वक्ता, रेडियो होस्ट और निर्माता हैं।)

समलैंगिकों को वैधानिकता : कहां तक लागू हो सकेंगे बदलाव

अदालत द्वारा धारा 377 का निर्वचन, वर्ष 2018 में सहमति से वयस्क समान-सेक्स संबंधों को वैध बनाने का निर्णय, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 का निर्धारण और 2020 में अर्धसैनिक बलों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शामिल करना, निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण मील के पत्थर रहे हैं। एलजीबीटीक्यू (पुरुष एवं महिला समलैंगिक, ट्रांसजेंडर, द्विलैंगिक) समुदाय के लिए समान और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का होना आवश्यक है। इन कानूनों और पहलों ने आधार स्थापित कर दिया है, लेकिन इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए पर्याप्त रास्ते बनाने के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र में संगठनों के साथ एक बड़ा हिस्सा है। आज, जब एलजीबीटीक्यू के व्यक्तियों की बात आती है, तो हम निगमों के बीच समावेशी होने के लिए एक वास्तविक रुचि देखते हैं। यह कई संगठनों के लिए प्राथमिकता बन गया है। उन्होंने एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं, लेकिन कई संगठन अभी भी अपनी यात्रा के शुरुआती चरण में हैं।

अपने कार्यस्थलों को सही मायने में समावेशी बनने में मदद करने के लिए संगठनों को क्या करना चाहिए?

सांस्कृतिक प्रतीकों से परे समावेशन सुनिश्चित करना

एलजीबीटीक्यू व्यक्तियों के लिए एक स्थायी और समावेशी वातावरण बनाने के लिए प्रतीकात्मक प्रयासों से परे जाकर यथार्थ रूप देने की आवश्यकता है। यहां हम हर जगह इंद्रधनुषी रंग देखते हैं, संगठन एलजीबीटीक्यू समुदाय को अपने विपणन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समर्थन का संकेत देते हैं। सोशल मीडिया और विज्ञापन में समाज में दृष्टिकोण और राय को प्रभावित करने की क्षमता है। प्रतीक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे विषय के बारे में जागरूकता पैदा करने वाली समावेशन यात्रा के लिए दृश्यमान प्रतिबद्धता दिखाते हैं, लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि क्या इस तरह की ब्रांडिंग और विज्ञापनों के साथ कुछ यथार्थपरक कदम भी उठाए जाएं।

जागरूकता लाएं

सही संस्कृति के निर्माण की दिशा में पहला कदम कार्यबल को शिक्षित करके उनमें जागरूकता पैदा करना है। समावेशिता बढ़ाने की अधिकांश पहलें कुटिलता के कारण नहीं बल्कि जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाती हैं। कर्मचारियों को एलजीबीटीक्यू समुदाय की जमीनी हकीकत, वे कौन हैं, उनकी चुनौतियों और उनकी आकांक्षाओं के बारे में जानने की जरूरत है। यह अचेतन पूर्वाग्रह को फ़िल्टर करने और उनके एलजीबीटीक्यू सहयोगियों के बारे में मिथकों को दूर करने में मदद करेगा ताकि संगठन की समावेशी प्रतिबद्धता में सहायता मिल सके। इसके अलावा, समावेशी भाषा का उपयोग करने और अनुचित व्यवहार का आह्वान करने पर प्रशिक्षित होने से न केवल उनके ज्ञान में सुधार होगा बल्कि कर्मचारियों को एलजीबीटीक्यू समुदाय के सहयोगियों के साथ खुलकर बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उन्हें संगठन में अधिक शामिल होने का एहसास होगा।

अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करें

इस विषय पर जागरूकता पैदा करने के बाद, अपनी नीतियों की एक समावेशी दृष्टि से समीक्षा करके उन्हें मजबूत बनाने की कुंजी है। एलजीबीटीक्यू कर्मचारियों के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन चक्र में टचप्वाइंट को प्रभावित करने वाली नीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। नीतियों को न केवल समान लाभ प्रदान करना चाहिए बल्कि साथ ही उन्हें सीखने और बढ़ने के समान अवसरों के साथ सशक्त बनाना चाहिए। आज हम कई संगठनों में कुछ बदलाव देख रहे हैं- एक समावेशी भर्ती नीति, घरेलू भागीदारों के लिए स्वास्थ्य बीमा लाभ प्रदान करना, लिंग-तटस्थ यौन उत्पीड़न नीति, हार्मोन थेरेपी को कवर करने वाले स्वास्थ्य बीमा लाभ और संक्रमण की मांग करने वाले कर्मचारियों के लिए लिंग पुष्टिकरण सर्जरी, माता-पिता की नीतियां, मानव संसाधन सिस्टम और दस्तावेज जिसमें लिंग और व्यक्तिगत सर्वनाम शामिल हैं, लिंग-तटस्थ शौचालय हैं और ड्रेस कोड को संशोधित करना है ताकि यह लिंग-समावेशी और अन्य हो।

मेल-जोल बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करें

यह समझते हुए कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में एलजीबीटीक्यू समुदाय का समावेश अभी प्रारंभिक चरण में है, इस समुदाय के व्यक्ति अभी भी संगठन में स्वीकृति की तलाश में हैं। इसलिए, यह आवश्यक हो जाता है कि समुदाय के कर्मचारियों को समान विचारधारा वाले लोगों के साथ जोड़ने के लिए गौरव कार्यक्रम शुरू करें, ईआरजी (कर्मचारी संसाधन समूह) बनाकर, गैर-पारंपरिक परिवारों को स्पष्ट रूप से शामिल करने के लिए समावेशी गतिविधियां एवं कार्य-पारिवारिक पहल करें। इन पहलों से कर्मचारियों के अनुभव को बढ़ाने और संगठन के भीतर सहयोगी बनाने में मदद मिलेगी।

चुनौतियां

एलजीबीटीक्यू समावेशन से संबंधित चिंताओं का समाधान करते समय, भेदभाव-विरोधी नीतियों और कर्मचारी संसाधन समूहों को अधिक समावेशी वातावरण स्थापित करने के पहले कदम के रूप में देखा जाता है। ये जितने महत्वपूर्ण हैं, कभी-कभी इनका अपेक्षित प्रभाव नहीं हो सकता है। यहां एक कारण कार्यस्थल में अपनी पहचान के साथ बाहर आने की चुनौती है। यह उनके लिए कार्यस्थल में सहकर्मियों के साथ संबंध बनाने का पहला कदम हो सकता है, जिससे उन्हें स्वतंत्रता और उत्पादक रूप से काम करने में आसानी हो।

हालांकि, एलजीबीटीक्यू समुदाय के कर्मचारी अपने सहकर्मियों के साथ दिन-प्रतिदिन आकस्मिक बातचीत के माध्यम से अपनी पहचान प्रकट करने में असहज महसूस कर सकते हैं। लगातार सामाजिक दबाव है जो उन्हें खुलने से रोकता है। विभिन्न दबावों को दूर करना एलजीबीटीक्यू के कर्मचारियों को उनकी पहचान छिपाना डराने वाला लग सकता है, लेकिन रोजमर्रा की बातचीत, आकस्मिक बातचीत, अपने अनुभवों से लगातार सुनना और सीखना केवल नीतियों और प्रक्रियाओं से अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है। यह ऐसे छोटे-छोटे इशारे, दैनिक वार्तालाप हैं जो वास्तव में फर्क कर सकते हैं।

एक और चुनौती कॉर्पोरेट जगत में उनका कम प्रतिनिधित्व है। केवल एक या कुछ में से एक होने के कारण बहुत अधिक चिंता और अलगाव होता है। इसका समाधान केवल समुदाय से अधिक लोगों को काम पर रखने और उन्हें विकसित होने और खुलने का वातावरण देने के माध्यम से है। यह सही उदाहरण स्थापित करेगा और भविष्य के कर्मचारियों को संगठन के भीतर देखने के लिए रोल मॉडल प्रदान करेगा।

इन चुनौतियों और सामाजिक बाधाओं को पार करना आसान नहीं होगा। लेकिन संगठनों में बढ़ती जागरूकता और इस दिशा में कानूनी सुधारों द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से आदर्श इंद्रधनुष कार्यक्षेत्र बनाने में काफी मदद मिलेगी जो एलजीबीटीक्यू समुदाय को सम्मान और प्यार से गले लगाता है।